रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 127] नई दिल्ली, मंगलवार, मार्च 11, 2014/फाल्गुन 20, 1935
No. 127] NEW DELHI, TUESDAY, MARCH 11, 2014/PHALGUNA 20, 1935

वित्त मंत्रालय
(राजस्व विभाग)

(रक्षोपाय महानिदेशक का कार्यालय)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 11 मार्च 2014

(सीमाशुल्क एवं उत्पाद कर)

विषय:- लोहा, अलाय या गैर-अलाय स्टील (ढलवां लोहा और स्टेनलेस स्टील को छोड़कर) के ट्यूब्स, पाइप्स और हालो प्रोफाइल सीमलेस का भारत में आयातों से संबंधित रक्षोपाय जांच

अंतिम जांच परिणाम

सा.का.नि.180 (अ).— सीमाशुल्क प्रशुल्क अधिनियम,1975 और उसकी सीमाशुल्क प्रशुल्क (रक्षोपाय शुल्क की पहचान एवं आकलन) नियमावली, 1997 को ध्यान में रखते हुए।

प्रक्रिया

1. सीमाशुल्क प्रशुल्क (रक्षोपाय शुल्क की पहचान एवं आकलन) नियमावली 1997 (जिसे एतद्पश्चात 'रक्षोपाय नियमावली' कहा गया है) के नियम अंतर्गत मैसर्स जिंदल सा लिमिटेड जिंदल सेंटर, 12 भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली-110066 और मैसर्स आईएसएमटी लिमिटेड, लुंकाड टावर्स, विमान नगर, पुणे 411014 ने यह दावा करते हुए कि लौह, अलाय या गैर अलाय स्टील (ढलवां लोहा और स्टेनलेस स्टील को छोड़कर) के बने ट्यूब्स, पाइप्स और हालो प्रोफाइल्स, सीमलेस के संबर्धित आयात भारत में लौह अलाय या गैर अलाय स्टील (ढलवा लोहा और स्टेनलेस स्टील को छोड़कर) के बने ट्यूब्स, पाइप्स औ हालो प्रोफाइल, सीमलेस के घरेलू उत्पादकों को क्षति कारित कर रहे है और/या गंभीर क्षति कारित करने की चुनौती उत्पन कर रहे हैं और लोहा, अलाय या गैर अलाय स्टील (ढलवां लोका एवं स्टेनलेस स्टील को छोड़कर) के ट्यूब्स, पाइप्स और हालो प्रोफाइल्स, सीमलेस के आयातों पर रक्षोपाय शुल्क का अधिरोपण करने की मांग करते हुए एक आवेदन

दायर किया है। इस याचिका का मैसर्स महाराष्ट्र सीमलेस लिमिटेड (एमएसएल), जिंदल कारपोरेट सेंटर, प्लांट सं.30, इंस्टीट्यूशनल सेक्टर-44 गुड़गांव-5122001 द्वारा भी समर्थन किया गया है

2. उक्त रक्षोपाय नियमावली के नियम 5 के अंतर्गत अपेक्षाओं को पूरा करने के उद्देश्य से आवेदनकर्ता से प्रदान कराई गई सूचना का घरेलू उत्पादकों के संयंत्र का आवश्यक समझी गई सीमा तक स्थल सत्यापन किया गया। सत्यापन रिपोर्ट के अगोपनीय पाठको सार्वजनिक फाइल में रखा गया। इस तथ्य से संतुष्ट होते हुए कि नियम 5 के संबंध में रक्षोपाय जांच शुरु करने का नोटिस लोहा, अलाय या गैर अलाय स्टील (ढलवां लोका एवं स्टेनलेस स्टील को छोड़कर) के ट्यूब्स, पाइप्स और हालो प्रोफाइल्स, सीमलेस के भारत में आयात के संबंध में रक्षोपाय जांच शुरु करने का नोटिस सीमाशुल्क प्रशुल्क (रक्षोपाय शुल्क की पहचान एवं आकलन) नियमावली, 1997 के नियम 6 के अंतर्गत दिनांक 22 अप्रैल, 2013 को जारी किया गया तथा उसे उसी दिन भारत के राजपत्र असाधारण में प्रकाशित किया गया।

3. 22 अप्रैल,2013 के जांच शुरुआत नोटिस की प्रति तथा घरेलू उद्योग द्वारा दायर आवेदन पत्र के अगोपनीय पाठ की प्रति सीमाशुल्क प्रशुल्क (रक्षोपाय शुल्क की पहचान एवं आकलन) नियमावली, 1997 के नियम 6(2) और 6(3) के अनुसार देशों की सरकारों को भारत स्थित उनके राजदूतावासों के जरिए और निम्नलिखित सूचीबद्ध अन्य हितबद्ध पक्षकारों को प्रेषित की गई:

क. घरेलू उत्पादक

(i) मैसर्स आईएसएमटी लिमिटेड, लुन्काड टावर्स, विमान नगर, पुणे 411014 (आवेदक)

(ii) मैसर्स जिंदल सा लिमिटेड, जिंदल सेण्टर, 12 भीकाजी कामा प्लेस, नई दिलली-110066 (आवेदक)

(iii) मैसर्स महाराष्ट्र सीमलेस लिमिटेड, जिंदल कापोरेट सेंटर,प्लाट संख्या 30,इंस्टीटयूशनल सेक्टर-44 गुड़गांव-122001 (समर्थनकर्ता)

(iv) मैसर्स इंडियन सुगर एंड जनरल इंजीनियरिंग कारपोरेशन (आईएसजीईसी) राडौर रोड, यमुनानगर

(v) मैसर्स रतनदीप मेटल एंड ट्यूब्स लिमिटेड, सर्वे संख्या 1015/2, गांव राजपुर, मेहसाणा हाईवे, तल कढ़ी, पिन-382715

(vi) मैसर्स पीटीसी आलियन्स प्रिसीजन प्रोडक्अ्स (एशिया) प्राइवेट लिमिटेड, 77 चैमियर्स रोड राजा अन्नामलाईपुरम, चेन्नै

(vii) मैसर्स तमिलाडु बायलर्स एंड कमेनेन्ट्स मैन्यूफैक्चरर्स एंड यूजर्स एसोसिएशन, डी-99, विकसित प्लाट एस्टेट, थुवाकुडी त्रिचिरापल्ली, तमिलनाडु-620015

(vii) मैसर्स रेमी मेटल्स गुजरात लिमिटेड, वेलस्पन हाउस, चौथा तल, कमला मिल्स कमउंड सेनापति बापर मार्गलोअर परेल, (पश्चिम) मुम्बई

(ix) मैसर्स आयल कंट्री टयूबलर लिमिटेड, कामिनेनी, तृतीय तल, किंग कोठी, हैदराबाद

ख. आयातकर्ता/उपभोक्ता उद्योग

(i) मैसर्स मारुति कोट्सु सिलिन्डर्स लिमिटेड, 307, स्वास्तिक चैमबर, तृतीय तल, चैम्बूर, सीएसटी रोड चैम्बूर, मुम्बई-400071

(ii) मैसर्स भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, भेल हाउस, सिरी फोर्ट, नई दिल्ली

(iii) मैसर्स ओएनजीसी, तेल भवन, देहरादून उत्तराखंड

(iv) मैसर्स मेटल एंड स्टेनलेस स्टील मर्चेन्ट्स एसोसिएशन,63 जमनदास बिल्डिंग , 10वीं खेतवाडी लेन, मुम्बई-400004

(v) मैसर्स नेशनल इंजीनियरिंग इंडस्ट्रीज लिमिटेड 9/1, आरएन मुखर्जी रोड, कोलकाता

(vi) मैसर्स एवरग्रीन सीमलेस पाइप्स एंड ट्यूब्स, एवरग्रीन हाउस, सं.77/78 II मुख्य चिक्कालक्ष्मैय्या लेआउट, डीआरसी पोस्ट, होसुर रोड, बंगलौर

(vii) मैसर्स वालचन्द्रनगर इंडस्ट्रीज लिमिटेड, 3 वालचंद टैरेसेस, ताड़देव रोड, मुम्बई-400034

ग. निर्यातकर्ता

(i) मैसर्स पेन्गांग ग्रुप चेन्डु स्टील एंड वैनेडियम कंपनी लिमिटेड, संख्या 268, तौन्जी साउथ रोड, विवंगबैजियांग जिला, आईएसटी 610303 चेन्डु, चीन

(ii) मैसर्स झिगैन्ग सीमलेस स्टील पाइप कंपनी लिमिटेड, 124 तंगनान रोड, वुक्सी सिटी, जियांग्सु प्रान्त, चीन

(iii) मैसर्स यान्टेलुबाओ स्टील पाइप कंपनी सं.185 जिंग्फ मिडल रोड, यन्ताई, चीन, चीन

(iv) मैसर्स टुबोस, बैरियो डिस गारी बाई 201470 अमुरिओ (अल्वा) स्पेन, स्पेन

(v) मैसर्स मर्सिगागिला, वाया ब्रेस्सियानी-16, जैगोल्डोडि गिलप्पोलिटिमान्टोवा, इटली

(vi) आर्सिलोरमित्तल, 20 वेलिकाझिटोमिर्सका स्ट्रीट, कीव, 01025 उक्रैन

(vii) मैसर्स टेनारिस, 29 एवेन्यू डि ला पोर्ट न्यूव, तृतीय तल, एल-2227, लक्जमबर्ग

(viii) मैसर्स टिमकेन, 1835, डुइबेर एवेन्यू, एस डब्ल्यू कैन्टन, ओहियों

(ix) मैसर्स ओवाको एबी, एसई-19405 उप्पलैण्ड्स कस्बी, स्वीडन

(x) मैसर्स बेन्टिलर 2650 बीएन, ओप्डाइके रोड-48326, औबर्न हिल्स, मिशिगन, यूएसए

(xi) डेलीगेशन आफ दि यूरोपियन यूनियन आफ इंडिया, 65 गोल्फ लिन्क्स, नई दिल्ली

(xii) मैसर्स टेनारिस सिल्कोटब 93 मिहाई विटीजुल बीएलवीडी, 450131 जलाऊ (सलज काउंटी) रोमानिया।

(xiii) मैसर्स आर्किलोर मिटाल, स्टीफेन सेल मारी, 15ए11, रोकन 611038 एनटी, रोकमानिया

(xiv) मैसर्स टेनारिस, पेसाजिमा, डेल्टा पाओलिरा299, पिसो 18 सीपी 1001 ब्यूनस आयर्स अजेन्टीना

(xv) मिस्र अरब गणराज्य, उद्योग एवं विदेश व्यापार मंत्रालय, अल-मालेया टावर्स-6, फ्लोर-9 रामसिस स्ट्रीट, एक्सटेशन, नासर सिटी

(xvi) मैसर्स वैलोरेक एंड मन्नेसमान सीडेक्स, 27 एवेन्यू डी जनरल लेक्लेर्क, 92660 बूगोग् बिलानकोर्ट सीडेक्स, फ्रांस, फ्रांस

(xvii) मैसर्स ओवाको एबी, एसई-19405 उप्पलैंण्डस वास्बी स्वीडन

(xviii) मैसर्स मर्टेक्स यू के लिमिटेड

(xix) यूरोपियन स्टील ट्यूब एसोसिएशन, 79 बिस रियु मार्शल डसाल्ट एफ-92 100 बो लोग्-बिलानकोर्ट फ्रान्स

(xx) मैसर्स ओएओ टीमके 40 बिल्डिंग 2ए पोकरोव्का स्ट्रीट मास्को

(xxi) मैसर्स डालमिन एसपीए पिआजा काडुटी 6 लुगिलो 1944, एन1 24044 डालमिन (बीजी) इटली

(xxii) चीन आयरन एंड स्टील एसोसिएशन,लक्ष्मी कुमारन एंड श्रीधरन,5, जंगपुरा एक्सटेंशन, लिंक रोड, नई दिल्ली - 110014 द्वारा प्रतिनिधित्व किया गया।

(xxiii) जापान आयरन एंड स्टील फेडरेशन, 3-2-10 निहानबाशी-कायाबाचो, चुओ-कु-टोकयो 103-0025 जापान

(xxiv) मैसर्स बाओ स्टील ग्रुप कार्प चीन, कक्ष सं.2005, बाओस्टील टावर, 370 पुडैन रोड, शंधाई, पीआरसी

(xxv) मैसर्स जेएफई स्टील कारपोरेशन जापान जिसका प्रतिनिधित्व लूथरा एंड लूथरा 9वां तल एवं 103 अशोका एस्टेट, बाराखंभा रोड, नई दिल्ली-110001 द्वारा किया गया।

(xxvi) मैसर्स निप्पन स्टील एंड सुमिन्टोलो मेटल कार्प जापान जिसका प्रतिनिधित्व लूथरा एंड लूथरा 9वां तल एंड 103 अशोका एस्टेट बाराखंभा रोड, नई दिल्ली द्वारा किया गया।

(xxvii) मैसर्स सैन्यो स्पेशनल स्टील कंपनी लिमिटेड जिसका प्रतिनिधित्व लूथरा एंड लूथरा, 9वां एवं 103 अशोका एस्टेट बाराखम्भा रोड, नई दिल्ली-110001

(xxviii) मैसर्स स्लैजगिटर मानेस्मान प्रिसीजन, जर्मनी

घ. निर्यातक राष्ट्रों की सरकार

(i) चीन जनवादी गणराज्य का राजदूतावास

(ii) इटली राजदूतावास

(iii) मिस्र का राजदूतावास

(iv) जर्मन राजदूतावास

(v) संयुक्त अरब अमीरात का राजदूतावास

(vi) इंडोनेशिया राजदूतावास

(vii) यूएस राजदूतावास

(viii) बिटिश उच्चायुक्त

(ix) जापान का राजदूतावास

(x) व्यापार उपायुक्त, रुसी परिसंघ का व्यापार प्रतिनिधिमंडल

(xi) मिस्र अरब गणराज्य, उद्योग एवं विदेश व्यापार मंत्रालय

(xii) यूरोपियन यूनियन आफ इंडिया का प्रतिनिधिमंडल

4. उसी दिन सभी ज्ञात घरेलू उत्पादकों और आयातकों एवं निर्यातकों को भी प्रश्नावलियां भेजी गई और उनसे कहा गया कि वे अपने उत्तर 30 दिनों के अंदर प्रस्तुत करें।

5. निम्नलिखित पक्षकारों से उन्हें हितबद्ध पक्षकार के रुप में विचार करने का अनुरोध प्राप्त हुआ।

(i) मैसर्स ओएओ टीएम के मास्कों

(ii) मैसर्स मर्टेक्स यूके लिमिटेड, जिसका प्रतिनिधित्व अमर चंद मंगलदास, नई दिल्ली द्वारा किया गया।

(iii) मैसर्स डालमाइन एसपीए, इटली

(iv) यूरोपियन स्टील ट्यूब एसोसिएशन, फ्रांस

(v) मैसर्स टेनारिश अर्जेन्टीना

(vi) चीन आयरन एंड स्टील एसोसिएशन जिसका प्रतिनिधित्व लक्ष्मी कुमारन एवं श्रीधरन द्वारा किया गया।

(vii) (क) मैसर्स साल्जगिटर मनेसमान प्रिसीजन जीएमबीएच (ख) मैसर्स साल्जगियर मनेसमान प्रिसीजन इटिरागे एसएएस द्वारा डा. अल्राइक होपिंग, विधि विभागाध्यक्ष, मल्हीम, जर्मनी

(viii) जापान आयरन एंड स्ट्रील फेडरेशन, जापान

(ix) डायरेक्टर आफ ट्रेड डिफेन्स, जकार्ता

(x) बाओ स्टील ग्रुप कार्फ चीन शंघाई

(xi) व्यापार उपायुक्त, ट्रेड रिप्रजेन्टेशन आफ दि रिशयन फेडरेशन, नई दिल्ली

(xii) मैसर्स वैलोरेक एवं मानेषमान

(xiii) जेएफई स्टील कारपोरेशन, जापान जिसका प्रतिनिधित्व लूथरा एंड लूथरा द्वारा किया गया।

(xiv) निप्पन स्टील एंड सुमिन्टोमों मेटल कार्प जापान जिसका प्रतिनिधित्व लूथरा एंड लूथरा द्वारा किया गया।

(xv) सैनयो स्पेशल स्टील कंपनी लिमिटेड जिसका प्रतिनिधित्व लूथरा एंड लूथरा द्वारा किया गया

(xvi) नेशनल इंजीनियरिंग इंडस्ट्रीज लिमिटेड कोलकाता

सभी अनुरोध स्वीकार कर लिए गए।

6. हितबद्ध पक्षकार के रुप में विचार करने का अनुरोध निम्निलखित पक्षकारों से भी प्राप्त हुआ परंतु यह अनुरोध जांच शुरुआत का नोटिस प्राप्त होने के निर्धारित 21 दिनों के पश्चात प्राप्त हुआ।

(i) मैसर्स एसकेएफ इंडिया लिमिटेड, महात्मा गांधी रोड, पुणे

(ii) मैसर्स रिलायन्स इंडस्ट्रीज, थाणे-बेलापुर रोड, नवी मुम्बई

(iii) कीर्तिनलाल इंटरनेशनल पीएमसीसी, दुबई

(iv) बाल एंड रोलर वियरिंग मैन्यूफैक्चरर्स एसोसिएशन आफ इंडिया, कनाट प्लेस, नई दिल्ली

(v) मैसर्स यांगझाऊ लोन्ट्रिन स्ट्रीट ट्यूब कंपनी लिमिटेड, जियांग्सु प्राविन्स, चीन जन.गण

चूंकि यह आवेदनपत्र निर्धारित समय सीमा के अंदर नहीं प्राप्त हुए थे इसलिए यह सभी अनुरोध नामंजूर कर दिए गए।

7. इनके अतिरिक्त, हितबद्ध पक्षकार बनने के लिए बिना किसी विशिष्ट अनुरोध के निम्नलिखित से भी अभ्यावेदन प्राप्त हुए:

(i) मैसर्स आनंद ट्यूब्स प्राइवेट लिमिटेड लिमिटेड मिठाखली सिक्स रोड्स, अहमदाबाद

(ii) मैसर्स एलायड टयूब्स, हौजकाजी, दिल्ली

(iii) मैसर्स पंजाब डिस्ट्रीब्यूशन प्रा. लिमिटेड, हौज काजी दिल्ली

(iv) मैसर्स अनिराज डिस्ट्रीब्यूटर्स प्रा. लिमिटेड, हौज काजी दिल्ली

(v) बाली स्टील ट्यूबज, कार्नक बंदर मुम्बई

(vi) टयूब्ज इंडिया, कुम्भरवाड़ा, 5वीं गली, मुम्बई

(vii) आल इंडिया ट्रांसपोर्टर्स वेल्फेयर एसोसिएशन झंडेवालान, नई दिल्ली

(viii) पटले एयरफ्लो लिमिटेड, वत्वा अहमदाबाद

(ix) मैसर्स एस.एन. ट्यूब्स प्राइवेट लिमिटेड मेहषाणा गुजरात

(x) मैसर्स जेट रोड लाइन्स कार्प, पहाड़गंज, नई दिल्ली

(xi) मैसर्स विनायक ट्यूब्स बोट क्लब रोड, पुणे

(xii) मैसर्स विजय सेल्स कारपोरेशन हौज काजी दिल्ली

(xiii) मैसर्स स्टेण्डर्ड ट्यूब्स, हौज काजी दिल्ली

(xiv) मैसर्स शिवदास एंड सन्स हौज काजी दिल्ली

(xv) मैसर्स रासी ट्रेडर्स सेलम

(xvi) मैसर्स पाइप्स हाउस, प्रताप नगर रोड, वडोदरा

(xvii) मैसर्स ट्यूब प्रोडक्ट इन्कारपोरेट, वड़ोदरा

(xviii) मैसर्स निमित्ता ट्रेडिंग, वासी, नवी मुम्बई

(xix) मैसर्स हैवी मेरल्स एंड ट्यूब्स लिमिटेड मेहसाणा गुजरात

(xx) मैसर्स रायगढ़ पलास्टिक प्राइवेट लिमिटेड, खारघर, नवीं मुम्बई

(xxi) मैसर्स विभोर स्टील टयूब्स प्राइवेट लिमिटेड रायगढ़ महाराष्ट्र

(xxii) मैसर्स बाम्बे हार्डवेयर प्राइवेट लिमिटेड, मुम्बई

(xxiii) मैसर्स आरआर रोडवेज प्राइवेट लिमिटेड, कल्याण स्ट्रीट मुम्बई

(xxiv) मैसर्स स्टील ट्यूब्स कंपनी, शंभू दास स्ट्रीट, चेन्नै

(xxv) मैसर्स श्री महावीर कंपनी, शंभू दास स्ट्रीट, चेन्नै

(xxvi) मैसर्स सालासार इंडस्ट्रीज इंडिया लिमिटेड, रानीगंज, सिकन्दराबाद

(xxvii) मैसर्स भूषण ट्यूब्स प्राइवेट लिमिटेड, मांजिद बंदर (पूर्व) मुम्बई

(xxviii)मैसर्स गजानन ट्यूब्स, कारनिक बंदर, मुम्बई

(xxix) मैसर्स ग्रतिक ट्यूब्स, अहमदाबाद, गुजरात

(xxx) मैसर्स महालक्ष्मी सीमलेस्स, गोरेगों,मुम्बई

(xxxi) मैसर्स एवरेस्ट कान्तो सिलिण्डर लिमिटेड, नरीमन प्वाइंट, मुम्बई

(xxxii) मैसर्स सर्विका टयूबुलर कंसेप्ट्स प्राइवेट लिमिटेड अल्वर पेट, चेन्नै

8. उनके द्वारा उठाए गए अधिकांश मुद्दे अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा उठाए गए प्रस्तुतिकरणों के समान ही थे। उन पर उपयुक्त स्थानों पर तदनुसार विचार किया गया है।

9. जांच शुरुआत पश्चात निम्नलिखित प्रस्तुतिकरण सार्वजनिक सुनवाई से पहले प्राप्त हुए:

क. चीन आयरन एंड स्टील कारपोरेशन (सीआईएसए)

i. विचाराधीन उत्पाद का दायरा बहुत व्यापक है। सीमलेस पाइप्स ट्यूब्स और लोहा या गैर अलाय स्टील (एसपीटीएच) के हालो प्रोफाइल्स एक एकल समान उत्पाद समूह नही है।

ii. याचिकाकर्ता कतिपय उत्पाद बनाने में अक्षम हैं या वे विचाराधीन उत्पाद के कतिपय ग्रेड बनाने के लिए भी सक्षम नहीं है।

iii. याचिकाकर्ताओं ने ओएनजीसी का (जो भारत में सीमलेस पाइप्स का सबसे बड़ा ग्राहक है) न तो कोई परीक्षण और विकास आर्डर लिया है और न ही ओएनजीसी द्वारा निकाली गई किसी निविदा पर बोली ही लगाई है।

iv. उच्च दाव सीमलेस स्टील सिलिन्डर्स बनाने के लिए प्रयोग किए जाने वाले टयूब्ज एवं पाइप्स का उत्पादन भारत में किया ही नहीं जाता है और यह कि भारत के प्रयोगकर्ता, अन्य के साथ-साथ, चीन से आयातों पर भरोसा करते है।

v. कोई भी भारतीय सीमलेस पाइपमिल मुख्य विस्फोटक नियंत्रक (सीसीओई) या पेट्रोलियम विस्फोटक एवं सुरक्षा संगठन (पीईएसओ) से अनुमोदन प्राप्त करने में अभी तक सक्षम नहीं हुआ है जिससे यह संकेत मिलता है कि कोई भी भारतीय सीमलेस पाइप विनिर्माता हाई प्रेसर गैस सिलिण्डर के लिए उपयुक्त एसपीटी की आपूर्ति करने में सक्षम नहीं है।

vi. आवेदक क्राइटेरिया के अधिकांश अनुपात को पूरा नहीं करते हैं और इसके परिणामस्वरुप, जांच की यह शुरुआत एओएस के अनुच्छेद 4.1 (ग) का और सीमाशुल्क अधिनियम की धारा 8ख (6) (ख) का उल्लंघन है।

vii. यह जांच शुरुआत नोटिस और घरेलू उद्योग द्वारा दायर की गई याचिका इस तथ्य के संबंध में बिल्कुल शांत है कि कुछ ''अप्रत्याशित परिस्थितियां'' मौजूद है।

viii. सीआईएसए ने डीएस 178 यूएल-लैम्ब से संबंधित डब्ल्यूटीओ विवाद पर भरोसा किया है जिसमें अपीलीय निकाय ने पाया कि 'अप्रत्याशित विकास' की मौजूदगी रक्षोपाय करारों के अनुच्छेद 3.1 के अंतर्गत तथ्य एवं विधि का एक संगत मुद्दा है।

ix. आयातों में कोई वृद्धि नहीं हुई है। वर्ष 2009-10 की तुलना में वर्ष 2012-13 में वृद्धि को आयातों में उद्रेक के रुप में नही माना जा सकता है।

x. ऐसा लगता है कि घरेलू उद्योग ने प्राधिकारी को समायोजन योजना का गोपनीय रुपान्तर प्रदान करा दिया है तथापि उसने समायोजन योजना का अगोपनीय पाठ इस संदर्भ के अंतर्गत उपलब्ध नहीं कराया है कि इसमें कारेबार के संवदनशील आंकड़े है।

xi. जब आयात जो वर्ष 2010-11 में 3,44,829 मी.टन में थे में वृद्धि होकर वर्ष 2011-12 में 425194 एमटी हो गए तो घरेलू उद्योग की लाभप्रदायकता में 76 अनुक्रमित बिन्दुओं से वृद्धि होकर 102 अनुक्रमित बिन्दु हो गई जबकि जब आयात, जो वर्ष 2011-12 में 425194 एमटी थे घटकर वर्ष 2012-13 (दिसम्बर) में 280333 एमटी रह गए तो घरेलू उद्योग की लाभप्रदायता 102 से घटकर 23 रह गयी। आयातों एवं घरेलू उद्योग की लाभप्रदायकता में कोई कारणात्मक संबंध नहीं है।

xii. घरेलू उद्योग के उत्पादन, आयात और बिक्री में नकारात्मक सह संबंध दृष्टिगोची है। आयात जो वर्ष 2010-11 में 344829 एमटी थे बढ़कर वर्ष 2011-12 में 425194 एमटी हो गए तो घरेलू उद्योग के उत्पादन और बिक्री में 126 अनुक्रमित बिन्दुओं से सुधार होकर 142 अनुक्रमित बिन्दु हो गया और 118 अनुक्रमित बिन्दु से 120 अनुक्रमित बिन्दु हो गया। इसके अतिरिक्त जब आयातों में वर्ष 2011-12 के 425194 एमटी से घटकर 2012-13 (दिसम्बर) में 280333 एमटी हो गया तो भी घरेलू उद्योग के उत्पादन और बिक्री में 126 अनुक्रमित बिन्दुओं से कम होकर 71 अनुक्रमित बिन्दु हो गया। स्पष्टत: कारणात्मक संबंध मौजूद नहीं है।

xiii. मैसर्स आई एसएमटी की वर्ष 2011-12 की वार्षिक रिपोर्ट में सीआईएसए ने उल्लेख किया है कि इसके ट्यूब प्रभाग की क्षमता वित्त वर्ष 2009-2010 की (158000 टन की) क्षमता से बढ़कर अगले वर्ष 2010-11 में (465000 टन) हो गई। जबकि कंपनी के ट्यूब का उत्पादन लगभग स्थिर बना रहा। इससे इसका क्षमता उपयोग 85.9 प्रतिशत से घटकर 38.5 प्रतिशत हो गया।

ख. मैसर्स वेल्लोर्स एंड मन्नेसमान ट्यूब्स, फ्रांस

i. अपतटीय अनुप्रयोग (प्रोजेक्ट लाइन पाइप) के लिए प्रयोग किए जाने वाले स्टील पाइप का जांच के दायरे से अपवर्जन कर दिया जाना चाहिए क्योंकि भारत में इन पाइप्स का आयात केवल अस्थायी रुप से किया जा रहा है और इसका प्रयोग व्यापार रक्षा साधन के रुप में नहीं किया जाना चाहिए।

ii. भारतीय ग्राहक के विदेशी अर्हता प्राप्त प्रदायकों को आर्डर दे रहे हैं।

iii. वेल्लोर्स ने भारतीय उद्योग की न तो कीमतों में और न ही मात्रा में कोई कमी की है और यह कि रक्षोपाय का प्रयोग चीन की बेशी क्षमताओं और आयात को नियंत्रित करने का समुचित साधन नहीं है।

iv. वेल्लोर्स यूरोपियन स्टील ट्यूब एसोसिएशन द्वारा की गई टिप्पणियां पर भरोसा करता है।

ग. मैसर्स टयूबोस रियूनिडास इंडस्ट्रियल एसएलयू, स्पेन

i. स्पैनिश बाजार से आयातों का कुल हिस्सा 0.13 प्रतिशत से 1.14 प्रतिशत है और इसका पिछले चार वर्षों का औसत 0.53 प्रतिशत है। तथापि, स्पैनिश आपूर्ति के लिए भारतीय सीमाशुल्क के आंकड़ों में 3 अलग-अलग मिलों अर्थात टयूबोस रियूनिडास, प्रोडक्टर्स ट्यूब लाटेस, टयूआसेस और दायरे से बाहर (स्क्वेआर, प्रोफाइल) के आंकड़े शामिल हैं अत: प्यूबोस का उपर्युक्त स्तर से कम है।

ii. इस याचिका में विभिन्न प्रकार के ट्यूब्स एंड पाइप्स ओसीटीजी ट्यूब उत्पादन ट्यूबिंग तथा कई अन्य ओसीटीजी उत्पादों को शामिल किया गया है जो हमारे उतपादन कार्यक्रम के अंतर्गत नहीं आते है।

iii. भारतीय पाइप एवं ट्यूब उद्योग की गंभीर क्षति की वास्तविक न्यायसंगतता ग्रेडवार आकारवार, उत्पादवार स्पष्टीकरण और पहचान उपलब्ध न होने तक नहीं की जा सकती है।

iv. वित्त वर्ष 2008 जून से सितम्बर आर्थिक रुप से पीक अवधि थी और संपूर्ण विश्व की गई अर्थव्यवस्थाएं उस समय अपनी क्षमता एवं बिक्री की चरम पर थी। वर्ष 2008 के मध्य में अर्थव्यवस्था की चरम स्थिति के कारण कई भारतीय

पाइप और ट्यूब उत्पादकों ने बाजार मांग के गलत आकलन के कारण अपनी क्षमता का पर्याप्त विस्तार कर लिया, जिसके कारण अंततोगत्वा सीमित मांग और अत्यधिक क्षमता की स्थिति उत्पन्न हो गई।

v. मांग कम होने से उनकी क्षमता का कम उपयोग हुआ। इसलिए स्पैनिस ट्यूब्ज एवं पाइप इंडस्ट्री ने भारतीय उत्पादकों को कोई गंभीर क्षति कारित नहीं की है।

vi. ट्यूबोस रियूनीडोस एक आधारभूत नीति के रुप में अपने उत्पाद की बिक्री घाटे पर या लागत कीमत से कम पर नहीं करता है क्योंकि टयूबोस रियूनिडोस को स्पैनिस सरकार या यूरोपियन यूनियन से कोई सहायता प्राप्त नहीं है।

vii. यदि समुद्रपारीय प्रदायकों ने लागत कीमत से कम कीमत उद्घृत की है और इससे उद्योग को गंभीर क्षति कारित हुई हो इससे अंतत: संपूर्ण उद्योग को गंभीर क्षति या अशेध्य ऋण की समस्या होती है जिससे उन्हें या तो अपना संयंत्र बंद करना पड़ता है या बिक्री बंद कर देनी पड़ती है या उत्पादन कम कर देना होता है या उन्हें प्रचलित बाजार कीमतों पर बिक्री करके घाटा उठाना पड़ता है परंतु ऐसा है नहीं

viii. मैसर्स आईएसएमटी लिमिटेड के 4 वर्षों में बिक्री कारोबार में वृद्धि हुई है। उन्होंने 4 वर्षों में अपनी ट्यूब्स डिवीजन की मात्रा में वृद्धि की है। वे उक्त 4 वर्षों की अवधि में लाभ के आंकड़े प्रदर्शित कर रहे है। यही हाल एमएसएल तथा अन्यों का है। यह सभी तथ्य और आंकड़ों भारत में पाइप्स एवं ट्यूब्स उद्योग को गंभीर क्षति के सिद्धांत के विरुद्ध है।

ix. टयूबोस रियूनिडोस स्पेन द्वारा स्पैनिश मूल की सामग्री की नगण्य प्रतिशत प्रदाय द्वारा भारतीय ट्यूब एवं पाइप उद्योग को किसी गंभीर क्षति का मामला नहीं है।

घ. मैसर्स मर्टेक्स यू.के. लिमिटेड, यू.के

i. रक्षोपाय साधन विशेष और आपवादिक परिस्थितियों में आपातकालीन कार्रवाई के रुप में अधिरोपित किया जाता है। याचिका या जांच शुरुआत करने का नोटिस ऐसे किसी आधार का प्रकटन नहीं कर पाया है जिससे विचाराधीन उत्पाद पर रक्षोपाय शुल्क अधिरोपित करना जरुरी हो गया हो।

ii. याचिकाकर्ताओं द्वारा प्रदान कराए गए आयात आंकड़ों के अनुसार विगत वर्ष की तुलना में प्रतिवर्ष प्रतिशत वृद्धि 7.65 प्रतिशत, 20.14 प्रतिशत और 3.365 प्रतिशत है। वर्ष 2011-12 की तुलना में वर्ष 2012-13 के आयातों में केवल 3.65 प्रतिशत की वृद्धि रजिस्टर हुई है। इसी तरह वित्त वर्ष 2010-11 के लिए आयात में वृद्धि वर्ष 2009-10 की तुलना में केवल 7.65 प्रतिशत थी।

iii. इस विचाराधीन उत्पादन के लिए वर्ष 2005-06 (140032 एमटी) 2006-07 (147638 एमटी), 2007-08 (132696 एमटी) और 2008-09 (262432एमटी), उसी समयावधि के साथ संयोजन के रुप में आयात आंकड़ों दर्शाते हैं कि इस विचाराधीन उत्पाद के आयात में उत्तरोत्तर वृद्धि हुई है और यह नहीं कहा जा सकता है कि यह वृद्धि अचानक और अनपेक्षित है।

iv. इन्ही याचिकाकर्ताओं ने इस विचाराधीन उत्पाद पर पाटनरोधी शुल्क का अधिरोपण करने की मांग करते हुए दायर की गई याचिका में वित्त वर्ष 2005-06, 2006-07, 2007-08 के लिए अपनी याचिका में यह उल्लेख किया है कि चीन के अलावा अन्य देशों से आयात या तो न्यूनतम या उच्चतर कीमतों पर हैं। इसके परिणमस्वरुप पाटनरोधी महानिदेशालय, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने यह याचिका खारिज कर दी। इन्हीं याचिकाकर्ताओं द्वारा डीजीएडी के समक्ष की गई स्वीकृति/निवेदन के आलोक में यह समझ से बाहर है कि याचिकाकर्तागण इसके उत्तरवर्ती रुप से इस विचाराधी उत्पादन के आयातों पर रक्षोपाय शुल्क अधिरोपित करने की मांग क्यों कर रहे हैं।

v. इस विचाराधीन उत्पाद की व्यापक परिभाषा की गई है जिससे कि इसमें वे उत्पाद भी शामिल हो सके जिनका विनिर्माण याचिकाकर्ताओं द्वारा नहीं किया जाता है।

vi. यह प्रस्तुत किया जाता है कि याचिकाकर्ताओं ने कुछ ग्रेडों का प्रस्ताव नहीं किया है क्योंकि वे उनका उत्पादन नहीं करते हैं और यदि उन्होंने प्रस्ताव किया भी हो तो वह भी प्रदाय के लिए कतिपय वास्तविक प्रस्तावों के आलवा केवल विकास आदेश के लिए प्रतीत होते है।

vii. ओएनजीसी द्वारा निकाली गई निविदाओं के लिए बोली करते समय भी याचिकाकर्ता निविदाकर्ताओं द्वारा यथानिर्धारित जरुरतों को पूरा नहीं कर पाया है।

viii. ओएनजीसी की अपेक्षाओं के अनुरुप ग्रेड प्रस्तुत करने में या याचिकाकर्ताओं की अक्षमता की स्थिति को रक्षोपाय शुल्क अधिरोपित करने के आधार के रुप में नहीं लिया जा सकता है जिसका बाजार में उचित प्रतिस्पर्धा को समाप्त करने के रुप में घातक प्रभाव पड़ेगा।

ix. सकारात्मक समायोजन योजना प्रदान नहीं कराई गई है और उसका गोपनीय के रुप में दावा किया गया है। सार्थक अगोपनीय सारांश प्रस्तुत करने का प्रयोजन अन्य हितबद्ध पक्षकारों को सूचना और/या आंकड़ों उपलब्ध कराना/सूचित करना होता है जिससे कि वे याचिका में लगाए गए आरोपों और उसके समर्थन में प्रस्तुत किए गए आंकड़ों की बेहतर समझ बना सके ताकि उनका सार्थक तर्क प्रस्तुत कर सके।

x. याचिकाकर्ताओं ने ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों की सूची को बहुत कम कर दिया है।

xi. घरेलू बिक्री में वित्त वर्ष 2009-10, 2010-11, 2011-12 और 2012-13 के लिए 100-106-112-96 तक वृद्धि हुई है। वित्त वर्ष 2012-13 में बिक्री में गिरावट उक्त वित्त वर्ष में आयातों में गिरावट के अनुरुप है।

xii. याचिकाकर्ताओं के लिए मांग में बाजार हिस्सा वित्त वर्ष 2009-10, 2010-11, 2011-12 और 2012-13 में 47-46-43-38 के रुप में कमोबेश एक जैसा ही बना रहा।

xiii. बाजार हिस्से में हल्की सी गिरावट इस तथ्य के कारण आई कि विकासात्मक आदेश स्थापित किए जा रहे है और यह कि याचिकाकर्ता उप-स्टैण्डर्ड माल बना रहे हैं जो ओएनजीसी तथा अन्य जैसे निविदाकर्ताओं की जरुरतों को पूरा नहीं कर पा रहा है। याचिकाकर्ता पीयूसी के कतिपय ग्रेडों की मांग को पूरा करने में असमर्थ है और प्राकृतिक है कि आयात इस अंतराल को पूरा कर रहे है।

xiv. मालसूची का संग्रह इस तथ्य के कारण है कि विकासात्मक आदेश स्थापित किए जा रहे है और यह कि याचिकाकर्ता उप-स्टैण्डर्ड माल बना रहे हैं जो ओएनजीसी तथा अन्य जैसे निविदाकर्ताओं की जरुरतों को पूरा नहीं कर पा रहा है।

xv. याचिकाकर्ताओं ने घरेलू बाजार में मांग से अधिक क्षमता संस्थापित कर ली है और इस तरह उनके द्वारा किए जा रहे निर्यात का विखंडन किया जा रहा है, इस तरह मालसूची संग्रह होना प्राकृतिक ही है।

xvi. याचिकाकर्ताओं का रोजगार वित्त वर्ष 2009-10, 2010-11, 2011-12 और 2012-13 के लिए (3588-410-4380-4884) के अनुक्रम में बढ़ा है। नए कर्मचारियों की नियुक्ति करना इस तथ्य का संकेतक है कि याचिकाकर्ता का काम अच्छा चल रहा है।

xvii. महाराष्ट्र सीमा लेस लिमिटेड की वार्षिक रिपोर्ट का अध्ययन स्पष्ट करता है कि कंपनी को 341.66 करोड़ रुपये क फायदा हुआ है।

xviii. भारत को न्यून निर्यात कीमत के संबंध में निर्यात बिक्रियां भारत में अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मक बोली से की गई। समुद्रपारीय प्रदायक और घरेलू उत्पादक अपनी प्रक्रिया मुक्त प्रतिस्पर्धात्मक प्रणाली में निर्धारित करने के लिए स्वविवेक का प्रयोग नहीं करते हैं परतु प्रदायकों द्वारा मुक्त बाजार में अपनाई जा रही कीमत निर्धारण नीति का अनुपालन करते हैं।

xix. याचिका को पढ़ने से यह स्पष्ट होता है कि यह मामला रक्षोपाय शुल्क लगाने के बजाय पाटन के लिए किया जा रहा है।

xx. आईएसटीएम और एसएसएल की वार्षिक रिर्पोटे सुझाती है कि चीन से पाटन घरेलू उद्योग को क्षति पहुंचा रहा है जिसके लिए याचिकाकर्ताओं के पास उपचार है।

xxi. याचिकाकर्ता की बिक्री में गिरावट का एक बड़ा कारण वैश्विक मंदी भी है जिसे आईएसटीएम ने अपनी 2009-10 की वार्षिक रिर्पोट में स्वीकार किया है।

xxii. यह कारण कि घरेलू उद्योग के दावे कथित क्षति के लिए उत्तरदायी है जो पाटनरोधी जांच के दायरे के अंतर्गत आते है।

xxiii. वर्ष 2000 से 2004 तक सीमलेस पाइप्स और ट्यूब्स पर पाटनरोधी शुल्क लगाया। घरेलू उद्योग ने उस अवधि के लिए कृत्रिम संरक्षण अपनाया और वे अपनी उत्पाद श्रृंखला का विस्तार करने में अक्षम रहे क्योंकि उन्हें प्रतिस्पर्धा होने के कारण आदेश आसानी से मिल रहे थे।

xxiv. याचिकाकर्ताओं को हुई क्षति घरेलू उद्योग की खुद की कीमत प्रतिस्पर्धा के कारण हुई है।

xxv. यह आरोप कि याचिकाकर्ता विदेशी विनिर्माताओं/निर्यातकों द्वारा प्रस्तुत की जा रही कीमतों को पूरा करने में सक्षम नहीं है सही नही है क्योंकि यह एक परम्परा रही है कि जिंदल रुप ने एमएसएल या आईएसएमटी द्वारा उद्धृत कीमतों से कम करके ही कीमतें प्रस्तुत की है।

xxvi. हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय द्वारा ओएनजीसी जैसी तेल एवं गैस कंपनियों को सीमलेस पाइप्स एवं टयूब्स आयात करने की अनुमति है जिस पर विशिष्ट क्षेत्र में आयात करने पर 'शून्य' सीमा शुल्क लगता है।

xxvii. यदि ओएनजीसी तथा अन्य तेल एवं गैस अन्वेषण कंपनियों द्वारा आयातित टयूब्स एवं पाइप्स पर रक्षोपाय शुल्क अधिरोपित किया जाता है तो इसका प्रभाव यह होगा कि अंतिम प्रयोक्ता की लागत पर प्रभाव पड़ेगा और इन उत्पादों की कमी हो जाएगी।

xxviii. चूंकि गैस और तेल अन्वेषन कंपनियाँ लोगों की जरूरतों को व्यापक रूप से पूरा कर रहीं हैं, अतः रक्षोपाय शुल्क का आरोपण जनहित के विरुद्ध होगा।

ड. मैसर्स नेशनल इंजीनियरिंग इंडस्ट्रीज लिमिटेड कोलकाता

i. कंपनी बियरिंग्स की एक घरेलू विनिर्माता तथा सीमलेस ट्यूब्स की (114.03 एमएम ब्यास तक) आयातक है।

ii. कंपनी एसएई 52100, एसएई 8720 और एसयूजे3 बियरिंग ग्रेड अलाय स्टील टयूब्स का आायत करती है या बाल एवं रेालर बाल वियरिंग का विनिर्माण करती है।

iii. जांच की शुरु इस उत्पाद की व्यापक परिभाषा पर है और जांच का दायरा केवल उन उत्पादों तक सीमित होना चाहिए जो आवेदनकर्ताओं से संबंधित है।

iv. एसएई 52100, एसएई 8720 और एसयूजे 3 बियरिंग ग्रेड एसपीटी, जिनका इस समय एनईआइएल द्वारा आयात किया जा रहा है नानएपीआई ग्रेड के है और वे वर्तमान जांच के दायरे से अलग है और इसलिए नान एपीआई होने के कारण यदि उसे वर्तमान जांच से बाहर निकाल दिया जाता है तो यह कंपनी वर्तमान जांच में एक हितबद्ध पक्षकार नहीं रहेगा।

v. आवेदन में सभी तरह के एसपीटी को एक इकलौती मद के रुप में समूहबद्ध किया गया है। बियरिंग टयूब्स अन्य अनुप्रयोगों के लिए एसपीटी के समान वस्तु नहीं है। ओसीटीजी ट्यूब्स का प्रयोग बियरिंग ट्यूब्स के रुप में नहीं किया जा सकता है।

vi. बियरिंग ट्यूब्स अधिक महंगे हैं। यदि यह मानइ भी लिया जाए कि बियरिंग टयूब्स और ओसीटीजी/बायलर ट्यूब्स की एक समान रासायनिक एवं भौतिक गुणधर्म् होते हैं तो भी बियरिंग टयूब्स की लागत जांचाधीन ट्यूब्स की औसत लागत से काफी अधिक होगी और इसलिए यह ट्यूब ओसीटीजी/बायलर ट्यूब्स के साथ प्रतिस्थापनीय नहीं है।

vii. मैसर्स जिंदल सा केवल ओसीटीजी के लिए एक हितबद्ध पक्षकार है। यह बियरिंग ट्यूब्स के लिए घरेलू विनिर्माता नहीं है।

viii. मैसर्स आईएसएमटी कई ग्रेडों में सीमलेस ट्यूब का विनिर्माण करती है एपीआई 5 एल ग्रेड वी/x42/ x46/ x52/ x65/ x70, एनएसीई एमआर 01-75, एसएलआर/ डीआरएल/ ईएल, एएसटीएमए106 ग्रेड/ए/बी/सी आदि।

ix. यद्यपि मैसर्स एमएलएल एसएईग्रेड 52100 का उत्पादन करता है, तथापि यह बियरिंग ट्यूब्स का ज्ञात प्रदायक नहीं है।

x. मैसर्स जिंदल सा और मैसर्स एमएसएल के ग्राहक आयल एवं गैस ढांचे, सिविल कन्स्ट्रक्शन, जल उपयोगिता और इंजीनियरिंग सेक्टर से हैं और बियरिंग इंडस्ट्री से उनका कोई ग्राहक नहीं है।

xi. एमएसएमई विकास संस्थान द्वारा बियरिंग उद्योग के संबंध में तैयार की गई प्रौद्योगिकी अध्ययन रिपोर्ट के अनुसार भारत में बियरिंग का कोई बड़ा विनिर्माता मैसर्स जिंदल सा के ग्राहकों की सूची में नहीं है उसी रिपोर्ट में यह कहा गया है कि बियरिंग ट्यूब्स का घरेलू प्रदायक केवल आई एसएमटी है।

xii. दो आवेदकों एवं एक समर्थनकर्ता में से केवल एक आवेदक ही बियरिंग ट्यूब्स का विनिर्माण करता है इसलिए यह नहीं कहा जा सकता है कि यह आवेदनपत्र बियरिंग ट्यूब्स के घरेलू उद्योग द्वारा दायर की गई है।

xiii. कंपनी ने प्राधिकारियों को संस्थापित क्षमता के संबंध में भ्रामक आंकड़े प्रस्तुत किए हैं।

xiv. नोटिस के अनुसार वर्ष 2011-12 के दौरान एसपीटी का घरेलू उत्पादन 318968 एमटी था एसपीटी के रिपोर्ट किए उत्पादन आंकड़ों, जिनका निर्धारण (घरेलू और निर्यात दोनो) बिक्रियों के आधार पर किया गया है।

xv. नोटिस की सूचना व्यक्त करती है कि आयातों की मात्रा में समग्र रुप से वर्ष 2012-13 में कमी आई।

xvi. मैसर्स आईएसएमटी एसएई 52100 बियरिंग ग्रेड एसपीटी का एक मात्र घरेलू विनिर्माता है।

xvii. बियरिंग ग्रेड एसएई 52100 के आयात की मात्रा उस मात्रा से नगण्य है जिस पर आवेदकों ने रक्षोपाय शुल्क लगाने का अनुरोध किया है।

xviii. आईएसएमटी का एसपीटी सेगमेट वर्ष 2011-12 सहित पिछले तीन वर्षों से फायदे में रहा है। संस्थापित क्षमता में भारी वृद्धि से कंपनी की लागभ प्रदायकता घटी नही है।

xix. कुल बिक्रियों के प्रतिशत के रुप में निर्यात में वृद्धि हुई है। यह विनिर्माता उन विदेशी बाजारों से आयात करने में सक्षम रहे जहां से भारतीय निर्यात किए जा रहे थे, वही अब घरेलू बाजार में संरक्षण की मांग कर रहे हैं।

xx. दोनों ही आवेदक अपतटीय बिक्रेताओं भारी मात्रा में कच्चे माल का आयात किया है। जांच अवधि के दौरान वोलैटाइल फोरेक्स माहौल के कारण दोनों आवेदकों की कीमतों में वृद्धि का नुकसान हुआ है।

xxi. चूंकि पाइप एवं सीमलेस ट्यूब्स इंडस्ट्री ऊर्जा उन्मुखी उद्योग है इससे ऊर्जा लगात में वृद्धि ने भी इस पर प्रभाव डाला है।

xxii. लागत में वृद्धि की तुलना बिक्री में वृद्धि से करने पर यह स्पष्ट करेगी कि निवल बिक्री में वित्त वर्ष 2010-11 और वित्त वर्ष 2011-12 में 16.45 प्रतिशत वृद्धि हुई वही ऊर्जा लागत में 22.29 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

xxiii. दोनों आवेदकों ने अपनी वित्त वर्ष 2011-12 की वार्षिक रिपोर्ट में इंगित किया है कि उन्होंने पूंजी आस्तियों में भारी धन निवेश किया है। इसका वित्तीय लागत पर पर्याप्त प्रभाव पड़ा है।

xxiv. शिकायतकर्ताओं की लाभप्रदायकता में गिरावट का संबंध आयात की बढ़ती प्रमात्रा से नहीं है परंतु क्षमता में भारी वृद्धि के कारण हुआ है जिसके कारण उच्चतर अवक्षयण और वित्तीय प्रभार एवं ईधन लागत में वृद्धि हुई है।

च. डालमाइन एसपीए, इटली

i. सीमलेस ट्यूब की भारतीय बाजार में उच्च गुणवत्तायोग्य उत्पादों के कारण कई वर्षों से मौजूद है।

ii. बाजार में मुख्य समस्या चीन के सीमलेस ट्यूब निर्यातकों से उत्पन्न हुई जिन्होंने कम कीमतों में बिक्री में भारी वृद्धि की है।

iii. चीन के सीमलेस ट्यूब्स के निर्यातक अनन्य रुप से भारत में स्टाक होल्डरों को बेंचते है जिससे कीमत का सामान्य स्तर काफी प्रभावित हुआ है।

iv. पिछले तीन वर्षों में डालामाइन एसपीए ने अपने उत्पाद की भारत में बिक्री 7000 टन से घटाकर 2900 टन कर दील जिससे इसमें 59 प्रतिशत कमी आई।

v. भारतीय सीमलेस ट्यूब्स उत्पादक उनके द्वारा प्रदत्त उच्च क्वालिटी के हाइड्रोलिक सिलिन्डर्स का अपेक्षित गुणवत्ता स्तर की गारंटी देने में अभी भी सक्षम नहीं हैं

vi. बिक्री की प्रवृत्ति बाजार की स्थिति से जुड़ी होती है और पिछले वर्ष बिक्री में आई गिरावट मांग में कमी के कारण आई है।

vii. बायलर सेक्टर में डालमिन एसपीए ने भारतीय सीमलेस ट्यूब्स इंडस्ट्री को कोई क्षति नहीं पहुचाई परंतु उसे तो चीन के आयतातों से प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ा।

viii. सभी निर्यातक देशों पर रक्षोपाय शुल्क लगाने के बजाय चीन के आयतों पर भारी पाटनरोधी कार्रवाई करके प्रतिबंध लगाना चाहिए।

छ. निप्पन स्टील एंड सुमिटोमो मेटल कार्प, जापान (ख) जेएफई स्टील कार्प, जापान (ग) सैन्यो स्पेशल स्टील कंपनी, जापान

i. जांच शुरुआत अधिसूचना या घरेलू उद्योग की याचिका किसी में भी उन अनपेक्षित परिस्थितियों के संबंध में कोई सूचना नहीं दी है जिनके कारण आयातों में इतनी अधिक मात्रा में वृद्धि हुई हो जो घरेलू उद्योग को क्षति कारित कर सके या क्षतिकारित करने की चुनौती उत्पन्न कर सके।

ii. ऐसी समायोजन योजना का अगोपनीय पाठ अन्य हितबद्ध पक्षकारों को टिप्पणी हेतु उपलब्ध नहीं कराया गया है।

iii. कुछ विचाराधीन उत्पाद जैसे क्रेन ट्यूब, यांत्रिक ट्यूब, नीलल रोलर बियरिंग के लिए, और यांत्रिक ट्यूब (बीयरिंग ट्यूब के लिए) का विनिर्माण घरेलू उद्योग द्वारा नहीं किया जाता है। यदि किसी उत्पादन का उत्पादन घरेलू उद्योग द्वारा नहीं किया जा रहा है तो वह विचाराधीन उत्पाद का हिस्सा नहीं हो सकता है क्योंकि घरेलू उद्योग उस उत्पाद पर क्षति का दावा नहीं कर सकता है जिसका वह उत्पादन नहीं करता है।

iv. इनमें से कुछ उत्पाद जिनका प्रयोग अत्यधिक प्रौद्योगिकीय सेक्टर में किया जाता है जैसे आटोमोटिव उद्योग में प्रयोग किए जाने वाले एनआरबी ट्यूब, विद्युत संयंत्रों में प्रयोग किए जाने वाले बायलर ट्यूब्स और तेल एवं गैस का परिवहन करने के लिए लाइन पाइप ने इन उत्पादों की खरीद भारतीय विनिर्माताओं से करने का अनुमोदन नहीं दिया है और जापान से निर्यात सहित केवल विदेशी विनिर्माताओं को ही अनुमोदन दिया है।

v. आयातों में कोई अचानक तीव्र एवं भारी वृद्धि नहीं हुई है।

vi. आवेदकों की बिक्री वर्ष 2009-10 की तुलना में वर्ष 2012-13 में बढ़ी है जबकि समर्थनकर्ता कंपनी की बिक्री में कुछ गिरावट आई है।

vii. आवेदनकर्ता की बिक्री में वृद्धि तथा समर्थनकर्ता की बिक्री में कमी स्पष्टत: दर्शाती है कि बिक्री में किसी भी कमी के लिए आयातों में वद्धि को उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता है क्योंकि आवेदक एवं समर्थक दोनो ही एक ही बाजार में प्रतिस्पर्धा कर रहे है।

viii. आयात कीमतों में वृद्धि हुई है। इस प्रकार पीओआई में आयात कीमतों में 11 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई।

ix. आवेदको के बाजार हिस्से में वर्ष 2011-12 की तुलना में वर्ष 2012-13 में 0.87 प्रतिशत की मामूली सी गिरावट आई है जिसे आवेदक को गंभीर क्षति नहीं कहा जा सकता है।

x. आयातों में समग्र रुप से गिरावट आई है और संगत रुप से इसमें केवल 1 प्रतिशत मामूली सी वृद्धि हुई है। इसके अतिरिक्त, आवेदकों की घरेलू बिक्री में वर्ष 2009-10 की तुलना में वर्ष 2012-13 में घरेलू बिक्री में वृद्धि हुई है। आवेदको के बाजार हिस्से में वर्ष 2011-12 की तुलना में वर्ष 2012-13 में 0.87 प्रतिशत की मामूली सी गिरावट आई है जिसे आवेदक को गंभीर क्षति नहीं कहा जा सकता है।

xi. डीआई ने ऐसा कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराया है कि निविदाओं में घाटा संवर्धित आयातों के कारण हुआ। इसके अतिरिक्त डीआई ने विदेशी उत्पादकों की भारी क्षमता में संदर्भ में भी कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराया है।

ज. यूरोपियन कमीशन

i. आयोग ने आवेदन तथा जांच शुरुआत नोटिस में आयात, बिक्रियों उत्पादन और क्षमता के संदर्भ में कुछ विसंगतियां नोट की है।

ii. आयातो में वित्त वर्ष 2011-12 में कुछ वृद्धि परंतु उत्तरवर्ती अवधि में कमी आई।

iii. रक्षोपाय साधन केवल तभी अपनाया जा सकता है जब अन्य घटकों के साथ-साथ आयातों में यकायक, अभिनव एवं तीव्र वृद्धि हुई हो।

iv. आयातों में वृद्धि के लिए केवल एक देश अर्थात चीन को ही उत्तरदायी ठहराया जा सकता है। शिकायत का खंड-3 जो सम्वर्धित आयात कारित करने वाले कारकों से सम्बंधित है में भी अनन्यत: चीन से निर्यातों का ही उल्लेख किया गया है।

v. ऐसा कोई संकेत नहीं है कि घरेलू उद्योग को कोई ऐसी क्षति हो रही है जिसे गंभीर कहा जा सकता हो। विचार किए गए समग्र अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की बिक्री मात्रा में केवल 5 प्रतिशत की कमी आई जिसके कारण उसके बाजार हिस्से में नकारात्मक रुप से 3 प्रतिशत की क्षति हुई, उत्पादन में 16 प्रतिशत की वृद्धि हुई, रोजगार में 10 प्रतिशत की वृद्धि और उत्पादकता में 5 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

vi. भारत में रक्षोपाय जांच शुरु करने का निश्चय किया जिससे इस उपाय का उपयोग उद्गम के सभी देशों के विरुद्ध किया जा सकता है जबकि समस्या के स्रोत को केवल आयात के एक स्रोत के रुप में पहचाना गया है।

vii. क्षमता उपयोग में कमी इस कारण आई वर्ष 2010-11 में संस्थापित क्षमता 375000एमटी से लगभग दो गुनी बढ़कर 685000 एमटी हो गई।

viii. संस्थापित क्षमता वास्तव में भारतीय बाजार में कुल मांग के स्तर से अधिक है।

ix. भारी निवेश के बावजूद घरेलू उद्योग अपना लाभ वर्ष 2011-12 में 25 प्रतिशत तक बढ़ाने में सक्षम हो गया और यह तब घटित हुआ जब आयातों में वृद्धि हुई। उत्तरवर्ती अवधि में लाभप्रदायकता में भारी कमी आई। परंतु उसी अवधि के दौरान आयातों में कमी आई।

x. आंकड़ों से सुझाव मिलता है कि यदि घरेलू उद्योग को गंभीर क्षति हो रही थी तो वह आयातों के अलावा किसी अन्य कारण से हुई होगी।

xi. न्यून क्षमता उपयोग दर दो कारणों के संयोजन से हुई अर्थात क्षमता में अधिकता और मांग में गिरावट, न कि आयातों से।

xii. यदि उत्पादन क्षमता वर्ष 2009-10 के स्तर पर स्थिर बनी रहती (375000 एमटी) तो वर्ष 2012-13 में उपयोग दर 60 प्रतिशत से बढ़कर 70 प्रतिशत हो गई होती।

xiii. आयातों में अभिनव अवधि में गिरावट आई है। गंभीर क्षति का कोई संकेत नहीं है और यह स्पष्ट है कि घरेलू उद्योग स्वयं उद्योग द्वारा सृजित की गई भारी क्षमता से प्रभावित हुआ है और मांग में कमी आई है।

झ. मैसर्स रत्नदीप मैटल्स एंड ट्यूब्स लिमिटेड

(i) एसएमई सेक्टर में सीमलेस कोल्ड ड्रान कार्बन स्टील/अलाय स्टील ट्यूब्स का विनिर्माता

(ii) उनका उत्पाद आकार 6एमएम ओडी से 168 ओडी है।

(iii) उनके आकार के लिए याचिकाकर्ता से प्रदाय पूरी तरह से अनिश्चित है ।

(iv) यदि 42 एमएमओडी से कम के आयात पर रक्षोपाय शुल्क पर विचार किया जाता है तो उस प्रकार के उद्योगों के लिए कच्चे माल की आपूर्ति पूरी तरह से रुक जायेगी जिससे क्षति और उसकी चुनौती उत्पन्न होगी।

(v) यदि वे कच्चे माल के लिए भारतीय स्रोत (आईएसएमटी, जिंदल सा और एमएसएल) पर निर्भर होते है तो उच्च प्रदाय समय के कारण उनकी मालसूची में भारी वृद्धि होगी।

(vi) आवेदन में विहित सभी एचएस कोडों में 42एमएम ओडी से कम सभी आकार को जांच की परिधि से हटा दिया जाना चाहिए।

झ. यूरोपियन ट्यूब्स स्टील एसोसिएशन (ईएसटीए)

(i) ईयू में उद्भवित आयात को याचिका में उल्लिखित क्षति के लिए प्रासंगिक रुप से नहीं माना जा सकता है।

(ii) ईयू से आयातों में पिछले वर्ष वृद्धि हुई थी तथापि यह बढ़ोतरी अपतटीय पाइप लाइनों के लिए प्रदत्त स्टील पाइप, वह उत्पाद जिसका आदेश योग्य विदेशी आपूर्तिकर्ताओं को ही दिया जाता है, के कारण हुई।

(iii) जिस उत्पाद का आर्डर ओएनजी द्वारा योग्य विदेशी प्रदायकों को दिया जाता है उसको पीयूसी से हटा दिया जाना चाहिए।

(iv) ईयू से आयात घरेलू कीमतों का अधोरदन नहीं कर रहे है।

(v) चीन घरेलू कीमतों का अधोरदन कर रहा है। ईयू के आयात कीमतें बाजार में अन्य सभी निर्यातकों से ज्यादा है।

(vi) ईयू के निर्यात कीमतों की पहले से भविष्यवाणी नहीं कर सकते है क्योंकि अधोरदन मार्जिन बिल्कुल नहीं है। भारतीय उत्पादकों को अपनी लागत बचाने या कारोबार/परियोजना को हुए घाटे को दूर करने के लिए अपनी कीमतें बढ़ाने में दिक्कतों को ईयू आयातो के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है जो मुख्यत: बाजार में भारी कीमतो के कारण हो रही है।

(vii) याचिका के अनुबंध-12 में खोयी हुई निविदाओं में केवल चीन के प्रतिस्पधियों और आयातों का ही उल्लेख है।

(viii) सामान्यत: अभितटीय योग्य के लिए प्रदान की गई वस्तु व्यापार रक्षा यंत्र के अध्यधीन नहीं होती।

(ix) अभितटीय अनुप्रयोग पाइप जिनका आदेश ओएनजीसी द्वारा दिया जाता है केवल विदेशी योग्यता प्राप्त पाइप होते है।

ट. आईएसजीईसी हेवी इंजीनियरिंग लिमिटेड

(i) घरेलू उद्योग द्वारा प्रदत्त टयूब्स की गुणवत्ता की गंभीर समस्या है।

(ii) भारत के किसी भी विनिर्माता को उच्च अलाय स्टील जैसे एसए 213, टी 91/92, एसए 213 टी 92 और पी 92 एसए 213 टी 13 एसए 213 टी पी 347 एच का विनिर्माण करने का अनुभव नहीं है इसलिए अलाय स्टील टयूब्स को इस जांच से हटा दिया जाना चाहिए।

(iii) भारतीय विनिर्माता भारी बोर और मोटाई के पाइप बनाने में अक्षम है।

(iv) भारत में विनिर्मित टयूब्स और पाइप्स के आकार में भारी अंतर है जो उनके संघटकों का विनिर्माण करने में भारी समस्या सृजित करता है।

(v) संविदाकृत प्रदाय तारीख के बाद प्रदाय में विलम्ब हुआ है जो यदि घरेलू उद्योग के पास आर्डर की कमी होती तो नहीं हुआ होता।

ठ. ईईपीसी इंडिया (इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद)

उनके सदस्यों में एक मैसर्स एवरेस्ट कैटो सिलेण्डर लिमिटेड ने सूचित किया है कि वे ऐसे सीमलेस पाइप्स और टयूब्स का आयात करते है जो सामान्य स्टील टयूब्स से बिल्कुल अलग होता है। यह श्रेणी भारत में उपलब्ध नहीं होती है। इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद ने इस जांच में ऐसे ढंग से समुचित कार्रवाई करने का अनुरोध किया है जिससे उच्च दाव वाले सीमलेस गैस सिलेण्डरों के विनिर्माताओं के लिए उपयोक्ता उद्योग को बाधा न पहुंचे।

ड. मैसर्स टीएमके रुस

(i) इस याचिका में वर्ष 2009 से पहले की बाजार परिस्थितियों का विश्लेषण नहीं किया गया है और इसलिए डीजी रक्षोपाय भारतीय उद्योग के बढ़ते हुए आयातों के संबंध में आरोप की पर्याप्त एवं उद्देश्यपरक जांच नहीं कर सकते है।

(ii) याचिकाकर्ताओं ने यह दर्शाते हुए कोई साक्ष्य नहीं दिया है कि विचाराधीन उत्पाद का आयात अनपेक्षित विकास के कारण इतनी अधिक मात्रा में किया गया कि उससे घरेलू उद्योग को क्षति/गंभीर क्षति की चुनौती उत्पन्न हो गयी है।

(iii) वर्तमान कार्रवाई में याचिकाकर्ता गंभीर क्षति सहन नहीं कर रहे है और न ही कथित आयातों में वृद्धि से क्षति की कोई चुनौती उत्पन्न हो रही है।

(iv) याचिकाकर्ताओं की वर्ष 2009-13 की अवधि का विकल्प पक्षपात पूर्ण है और इसका चयन एक विशिष्ट परिणाम दर्शाने के लिए किया गया है। इस कारण जांच की प्रस्तावित अवधि के दौरान रक्षोपाय का अधिरोपण करने के लिए कारको एवं स्थितियों का विश्लेषण, जिसमें यह उल्लेख हो की आयातों में वृद्धि हुई या नहीं, कोई उद्देश्य नहीं हो

सकता क्योंकि इसमें उस अवधि और खास कर वर्ष 2008-09 के वैश्विक आर्थिक संकट की अवधि की नाजुक परिस्थितियों की अनदेखी की गई है।

(v) याचिकाकर्ताओं ने यह दर्शाते हुए कोई विश्वसनीय साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया है कि विचाराधीन उत्पाद का आयात समग्र रुप से इतनी अधिक मात्रा में किया गया कि उससे अचानक भारी एवं तीव्र वृद्धि हुई हो।

(vi) घरेलू उद्योग की उत्पादन मात्रा में संदर्भ अवधि के दौरान वृद्धि हुई है।

(vii) भारी सफल निर्यात निष्पादन करने वाला उद्योग ना कि गंभीर क्षति से पीड़ित उद्योग।

(viii) वर्ष 2009-10 और 2010-11 में क्षमता में भारी वृद्धि हुई । ऐसे परिवर्तन के लिए अर्थात एक ऐसा परिवर्तन जिसमें क्षमता लगभग दो गुनी बढ़ गई हो, लागत में भारी वृद्धि होना अनिवार्य है और उसका उद्योग के क्षति संकेतकों पर हमेशा भारी प्रभाव पड़ता है।

(ix) संदर्भ अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के बिक्री मात्रा में भारी वृद्धि हुई। बिक्री मात्रा में यह भारी वृद्धि नहीं हो सकती है जबकि तक की घरेलू उद्योग को गंभीर क्षति या गंभीर क्षति की चुनौती हो रही हो।

(x) संदर्भ अवधि के दौरान रोजगार और वेतन के स्तर में कोई भारी परिवर्तन नहीं आई।

(xi) संदर्भ अवधि के दौरान वर्ष दर वर्ष आधार पर कार्यबल संख्या और वेतन में भारी वृद्धि हुई है। अगर उद्योग को गंभीर क्षति अथवा क्षति की चुनौती हुई होती तो याचिकाकर्ता रोजगार में वृद्धि नहीं करती।

(xii) याचिकाकर्ता और घरेलू उद्योग दोनों ने अपनी संस्थापित क्षमता वर्ष 2010-11 में लगभग दोगुनी कर ली जिसके कारण स्टॉक का ढेर हो गया।

(xiii) लाभप्रदायकता में गिरावट के संबंध में उद्योग की लाभप्रदायकता का उद्देश्य परक आकलन उस उद्योग के व्यवसाय निर्णयों की अनदेखी नहीं कर सकता है विशेष रुप से तब जब उत्पादन क्षमता दुगुना करने से उद्योग की नियत लागत अनिवार्यत: प्रभावित होती हो।

(xiv) याचिकाकर्ता और गंभीर क्षति सहन कर रहा या गंभीर क्षति की चुनौती सहन कर रहा उद्योग संदर्भ अवधि के दौरान अपनी संस्थापित क्षमता में वृद्धि नहीं करते।

(xv) याचिकाकर्ताओं ने यह असत्य ही कहा है कि आयात की कीमतों में वृद्धि इनपुट की कीमतों में बढ़ोतरी के अनुपात नहीं हुई। इसके विपरीत इस विचाराधीन उत्पाद के सभी आयातों में वर्ष 2011-12 में वर्ष 2010-11 की तुलना में 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। याचिका में उत्पाद में आयातों के कारण कीमत निग्रहन/अवमंदन का कोई विश्वसनिय साक्ष्य नहीं है।

(xvi) यह स्पष्ट नहीं है कि उत्पादन क्षमता में अन्यत्र वृद्धि से भारतीय उद्योग को गंभीर क्षति उन परिस्थितियों में कैसे हुई जब भारतीय उद्योग स्वयं घरेलू बाजार में मांग में वृद्धि के कारण अपनी क्षमता में वृद्धि कर रहा हो । इन दोनों के बीच संबंध भारतीय बाजार में चीन की भारी उपस्थिति और भारत की चीन से भौगोलिक निकटता को ध्यान में रखते हुए संदेहास्पद हो जाती है।

(xvii) विश्व इस्पात बाजार में कतिपय स्तर की स्थिरिता रहती है। यदि बाजार की अस्थिरिता चिंता का मुद्दा होता तो भारतीय उद्योग अपनी लागत में वृद्धि करने, जैसे क्षमता में 50 प्रतिशत तक वृद्धि करने के बजाय अपना भंडार घटाने और उत्पादकों की समग्र क्षमता में सुधार करने का प्रयास करता।

(xviii) क्षमता में वृद्धि करने से भारतीय उद्योग की नियत लागत में अपने आप ही वृद्धि हो गयी और इससे लाभप्रदायकता में कमी आयी और निवेश पर अल्प अर्जन हुआ।

(xix) यदि भारतीय उद्योग ने संदर्भ अवधि के दौरान 100 के शुरुआती क्षमता स्तर पर अपनी क्षमता अनुरक्षित रखी होती तो उसे क्षति के किसी भी देशनांक से क्षति कारक ने उसपर विपरीत प्रभाव नहीं डाला होता जो इस समय बढ़ते हुए आयातो के लिए दोषी ठहराया जाता है।

(xx) विचाराधीन उत्पाद के सभी आयातों में वर्ष 2009-10 में चीन के आयातों का हिस्सा

51 प्रतिशत था जबकि वर्ष 2010-11 में यह हिस्सा बढ़कर 58 प्रतिशत हो गया। अगले वर्ष चीन के आयातों का हिस्सा बढ़कर 61 प्रतिशत हो गया। सभी आयातों की तुलना में चीन के आयातों की कीमतों में गिरावट आयी है और औसत रुप से चीन की कीमतें प्रति टन आधार पर 1000 अमरीकी डालर से कम है। याचिकाकर्ता के लिए समस्या का सबसे प्रमुख कारण भारतीय बाजार में चीन से सीमलेस पाइप्स और टयूब्स का आयात मौजूद होना है।

(xxi) अनुबंध-10 के क्षति विवरण में आकड़ों से यह स्पष्ट होता है कि भारतीय उद्योग को संदर्भ अवधि के दौरान आयातों से क्षति नहीं हुई है याचिकाकर्ता इस तथ्य को ध्यान में रखने में असमर्थ रहे कि घरेलू उद्योग ने संदर्भ अवधि की शुरुआत में ही अपने उत्पादन को दोगुना कर दिया जिससे उद्योग की उत्पादकता, बाजार हिस्सा, वेतन और पारिश्रमिक में वृद्धि हो गयी।

(xxii) संदर्भ अवधि के दौरान गिरावट का कोई पहलू उसी अवधि के दौरान समग्र स्थितियों से असंगत प्रतीत होता है जिससे यह संकेत मिलता है कि यह सब केवल क्षमता में वृद्धि और इस कारण नियत लागत में वृद्धि की बजह से हुआ है। अत: भारतीय घरेलू बाजार को गंभीर क्षति की कोई चुनौती नहीं है।

(xxiii) विचाराधीन उत्पाद पर रक्षोपाय शुल्क अधिरोपित करने से भारतीय प्रयोगकर्ता उद्योग, इन उत्पादों के अभारतीय उत्पादकों के लाभ के लिए अधोगामी उत्पादों के उत्पादक नाट्कीय रुप से प्रभावित होते जिससे परिशकृत उत्पादों के आयातिकरण से भारतीय उपयोगकर्ता उद्योग के बीच लागत प्रभावकारिता और प्रतिस्पर्धात्मकता का प्रशमन हुआ होता।

ढ. सिलकोटव एसए, रोमानियां

(i) सिलकोटव ने जांच की अवधि के दौरान भारी मात्रा (भारत में कुल आयातों का 3 प्रतिशत से कम) का निर्यात नहीं किया है।

(ii) भारतीय आयातों में रोमानियां का हिस्सा 3 प्रतिशत से कम है इसलिए एक विकासशील देश होने के नाते इसपर रक्षोपाय शुल्क नहीं लगाया जाना चाहिए।

ण. तमशा मैक्सिकों

(i) तमशा ने जांच की अवधि के दौरान भारी मात्रा (भारत में कुल आयातों का 3 प्रतिशत से कम) का निर्यात नहीं किया है।

(ii) भारतीय आयातों में मैक्सिकों का हिस्सा 3 प्रतिशत से कम है इसलिए एक विकासशील देश होने के नाते इसपर रक्षोपाय शुल्क नहीं लगाया जाना चाहिए।

त. सिडेरका (टेनारिस एस ए) अर्जेंटिना

(i) सिडेरका ने जांच की अवधि के दौरान भारी मात्रा (भारत में कुल आयातों का 3 प्रतिशत से कम) का निर्यात नहीं किया है।

(ii) भारतीय आयातों में अर्जेंटिना का हिस्सा 3 प्रतिशत से कम है इसलिए एक विकासशील देश होने के नाते इसपर रक्षोपाय शुल्क नहीं लगाया जाना चाहिए।

थ. टिमकेन, यूएसए

(i) बिक्रियां बियरिंग कंपनियों और ऑटोमोटिव और ट्रक, फोरजिंग, संनिर्माण उपकरण औद्योगिक उपकरण, एयर क्राफ्ट और तेल एवं गैस खुदाई उद्योग तथा स्टील सेवा केन्द्रों को की जाती है।

(ii) टिमकेन के पास भारत में सीमलेस टयूब्स के लिए इस समय कोई आर्डर नहीं है। तथापि वे बीईएमएल तथा भारत में अन्य ग्राहकों को, घरेलू स्टील उद्योग द्वारा उत्पादित न किये जाने वाले सीमलेस टयूबलर को अपनी सेवाएं जारी रखेगे।

द. मैसर्स ओएनजीसी लिमिटेड

(i) ओएनजीसी हाइड्रो कार्बन्स का अन्वेषण एवं खोज करने में लगा हुआ है। इसका उद्देश्य है कि देश की ऊर्जा आवश्यकता को सुरक्षित बनाया जाए।

(ii) अपनी प्रचालनात्मक जरुरतों को पूरा करने के लिए ओएनजीसी अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मक बोली प्रक्रिया के जरिए सीमलेस पाइप्स और टयूब्स का अधिप्रापण करता है क्योंकि घरेलू रुप से आपूर्ति के सीमित संसाधन उपलब्ध है।

(iii) यह सच नहीं है कि सीमलेस लाइन पाइप्स और टयूब्स के भारतीय विनिर्माता बोली लगाने के योग्य नहीं होते क्योंकि वे ओएनजीसी द्वारा निर्धारित जरुरतों को पूरा नहीं करते और यह कि ओएनजीसी केवल विदेशी उच्च कोटि के प्रदायकों से ही उच्च ग्रेड के सीमलेस पाइप्स और टयूब्स की खरीद करता है।

(iv) ओएनजीसी अपने सीमलेस लाइन पाइपों और टयूबों की खरीद अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मक बोली से करता है और घरेलू तथा विदेशी बोलीकर्ताओं पर प्रतिबंध नहीं है। ओएनजीसी द्वारा निकाले गये लगभग सभी निविदाओं में कुछ न कुछ घरेलू बोली दाता सफल अवश्य होते है। इन बोलीकर्ताओं को टीए/सीए के रुप में सूचीबद्ध किया जाता है अत: देय कीमत प्रतिस्पर्धात्मकता के कारण निविदा प्राप्त नहीं कर पाते है। अत: घरेलू उद्योग के दावे में कोई दम नहीं है।

(v) कई बार घरेलू बोली दाता किसी मद या ओएनजीसी की निविदा के किसी समूह की संपूर्ण मात्रा के लिए बोली नहीं लगाते है और उनका मूल्यांकन तथा उनपर विचार केवल कुछ विशिष्टि मदों/समूहों जिसके लिए उन्होंने बोली लगाई है, हेतु ही किया जाता है। ओएनजीसी की जरुरतों या सभी मदों/समूहों के लिए बोली ना लगाने का कारण तो घरेलू उद्योग ही बेहतर जानता होगा परंतु निश्चित रुप से यह ओएनजीसी द्वारा अधिरोपित किसी प्रतिबंध के कारण नहीं होता है।

(vi) पात्र पेट्रोलियम अनुवेषण लाइसेंस/खनन पट्टा (पीईएल/एमएल) क्षेत्रों के अंतर्गत प्रयोग के लिए आयातित वस्तु पर भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार शून्य सीमाशुल्क लगता है।

(vii) सीमलेस पाइप और टयूब्स पर रक्षोपाय शुल्क लगाने से उनकी निविदाओं पर वित्तीय प्रभाव पड़ेगा क्योंकि ओएनजीसी की निविदाओं में विदेशी बोलीदाताओं द्वारा प्रतिभागिता काफी कम हो जाएगी और कुछ मामलों में ओएनजीसी घरेलू बोलीदाताओं द्वारा उदधृत की गई कीमतों की तुलना विदेशी बोलीदाताओं की कीमत से करने में असमर्थ रहेगा।

(viii) सीमलेस पाइपों और टयूब पर रक्षोपाय शुल्क लगाने से ओएनजीसी पर अतिरिक्त वित्तीय प्रभाव पड़ेगा जिससे ओएनजीसी प्रचालनों पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा ।

ध. जापान का राजदूतावास, नई दिल्ली

यदि सीमलेस पाइपों और टयूब के आयात पर रक्षोपाय शुल्क लगाया जाता है तो भारतीय एवं जापानी विनिर्माता उद्योग जो अपनी प्रक्रियाओं में उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों का प्रयोग करते है, पर भारी मात्रा में विपरीत प्रभाव पड़ेगा।

न. मैक्सिको का राजदूतावास

यह अनुरोध किया गया था कि भारत को सीमलेस पाइपों और टयूबों तथा लोहा एवं गैर अलाय स्टील के हालो प्रोफाइल्स के मैक्सिकन निर्यातों पर रक्षोपाय का अनुप्रयोग अपवर्जित कर दिया जाए क्योंकि विचाराधीन उत्पाद के मैक्सिको से आयात विश्व व्यापार संगठन के रक्षोपाय करार के अनुच्छेद-9.1 के अनुसार भारत को कुल आयातों का 3 प्रतिशत से अधिक नहीं है।

प. अर्थव्यवस्था मंत्रालय, संयुक्त अरब अमीरात

इसने यह निर्धारित करने का अनुरोध किया है कि क्या संयुक्त अरब अमीरात से भारत को विचाराधीन उत्पाद के निर्यात रक्षोपाय करार के अनुच्छेद-9.1 निर्धारित स्तर से कम है या अधिक है।

फ. ताइपेई आर्थिक एवं संस्कृति केन्द्र नई दिल्ली

ताइवान (चीन ताइपेई) से आयातों की कुल मात्रा 3 प्रतिशत से कम है। इसलिए ताइवान (चीन ताइपेई) से आयातों का अपवर्जन कर देने का अनुरोध है।

ब. रोमानियां सरकार

न्यूनतम आयात

(i) सिल्कोटब एसए रोमानियां आधारित एक स्टील पाइप विनिर्माता है जो टेनारिस्ट ग्रुप के नियंत्रणाधीन है।

(ii) सिल्कोटब ऐसे भारत को सीमलेस पाइपों का निर्यात नियमित आधार पर नहीं करता है और न ही भारी मात्रा में करता है। इसका निर्यात कुल भारतीय आयातों का 3 प्रतिशत से कम है।

(iii) डब्ल्यूटीओ विनियम के रक्षोपाय करार के अनुच्छेद 9.1 के अनुसार इस उपाय का प्रयोग विकासशील देश सदस्य में उद्भवित उत्पाद के लिए नहीं किया जा सकता है जब तक कि आयात का हिस्सा 3 प्रतिशत से अधिक न हो ।

(iv) रोमानियां एक विकासशील देश है इसलिए रोमानियां की कंपनी से होने वाले आयातों को रक्षोपाय शुल्क से छूट दी जानी चाहिए।

भ. मिस्र का राजदूतावास

न्यूनतम आयात

मिस्र से निर्यात पीओआई के दौरान भारत को हुए कुल निर्यातों का 3 प्रतिशत से कम है। इसलिए मिस्र के निर्यातों को रक्षोपाय शुल्क का अधिरोपण करने से छूट दी जानी चाहिए।

10. दिनांक 2.9.2013 को एक सार्वजनिक सुनवाई का आयोजन किया गया जिसके लिए सभी हितबद्ध पक्षकारों को दिनांक 14.8.2013 को नोटिस भेजा गया। इस नोटिस के जवाब में हितबद्ध पक्षकारों ने सार्वजनिक सुनवाई में भाग लिया और लिखित प्रस्तुतिकरण किये जिन्हें अन्य सभी हितबद्ध पक्षकारों के बीच इस उद्देश्य से साथ परिचालित किया गया कि वे उसका प्रत्युत्तर यदि कोई हो, प्रस्तुत करें। तथापि याचिकाकर्ताओं ने 21.10.2013 को एक अन्य प्रस्तुतिकरण प्रस्तुत किया। इन अतिरिक्त प्रस्तुतिकरणों को सभी हितबद्ध पक्षकारों के बीच परिचालित किया गया और उनसे कहा गया कि वे 27.10.2013 तक अपनी टिप्पणियां प्रस्तुत करें। हितबद्ध पक्षकारों से प्राप्त टिप्पणियां घरेलू उद्योग को 4.11.2013 तक अपना प्रत्युत्तर प्रस्तुत करने के लिए भेजी गई इनमें से सभी को रिकार्ड पर ले लिया गया और उनका अगोपनीय पाठ सार्वजनिक फाइल के रुप में रखा गया।

तथापि निर्दिष्ट प्राधिकारी अर्थात महानिदेशक (रक्षोपाय) में परिवर्तन होने के कारण और प्राकृतिक न्याय की जरुरतों तथा विधिक औचित्य को पूरा करने के उद्देश्य से नये डीजी (रक्षोपाय) के समक्ष 12.।2.2013 को एक द्वितीय सार्वजनिक सुनवाई का आयोजन किया गया जिसके लिए सभी हितबद्ध पक्षकारों को 2.12.2013 को नोटिस भेजा गया। इस सार्वजनिक सुनवाई में प्रतिभागिता करने वाले सभी हितबद्ध पक्षकारों से यह अनुरोध किया गया कि वे मौखिक रुप से अभिव्यक्त अपने विचारों को सीमाशुल्क प्रशुल्क (रक्षोपाय शुल्क की पहचान एवं आकलन) नियमावली, 1997 के नियम 6 के उपनियम 6 में उल्लिखित शर्तों के अनुसार लिखित रुप से प्रस्तुत करें और घरेलू उद्योग द्वारा 20.12.2013 तक प्रस्तुत अद्यतन आंकड़ों के संबंध में अपने प्रस्तुतिकरण दायर करें। सभी हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दायर किये गये लिखित प्रस्तुतिकरणों की प्रतियां सभी अन्य हितबद्ध पक्षकारों को उपलब्ध करा दी गई । हितबद्ध पक्षकारों को अन्य हितबद्ध पक्षकारों के लिखित प्रस्तुतिकरणों के प्रत्युत्तर 31.12.2013 तक दायर करने का अवसर प्रदान किया गया।

घरेलू उद्योग तथा अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा पहली सावर्जनिक सुनवाई के पश्चात किये गये व्यक्तिगत प्रस्तुतिकरणों को समेकित रुप से रिकार्ड किया गया इसके साथ-साथ द्वितीय सुनवाई के के बाद अंतिम जांच परिणाम के संबंध में किये गये लिखित प्रस्तुतिकरणों को संक्षेप में अलग-अलग रखा गया। तथापि प्रथम और /या द्वितीय सार्वजनिक सुनवाई के दौरान लिखित प्रस्तुतिकरण दायर करने वाले हितबद्ध पक्षकारों के लिखित प्रस्तुतिकरणों को रिकार्ड में ले लिया गया और उनपर निम्नलिखित ढंग से निपटारा किया जा रहा है।

11. पहली सुनवाई के दौरान निर्यातकर्ता देश की सरकार के विचार

क. चीन सरकार

(i) उत्पाद का दायरा

विचाराधीन उत्पाद का दायरा बहुत व्यापक है याचिकाकर्ता कतिपय उत्पादों का विनिर्माण करने में अक्षम है अथवा उन्होंने विचाराधीन उत्पाद के कुछ ग्रेडों का विनिर्माण करने की योग्यता भी प्राप्त नहीं की है।

(ii) संवर्धित आयात

वर्ष 2011-12 और 2012-13 के बीच कुल आयातों के अनुसार अभिनव सांख्यिकी आयातों में समग्र रुप से घटने की प्रवृत्ति दर्शाती है।

(iii) अनपेक्षित विकास
याचिका अथवा जांच शुरुआत के नोटिस में कोई ऐसा साक्ष्य स्पष्टीकरण नहीं किया गया है जिससे यह अभिव्यक्त होता हो कि कुछ अनपेक्षित विकास के कारण विचाराधीन उत्पाद के आयातों में बढ़ोत्तरी हुई।

(iv) उपयोगकर्ता उद्योग के हित

रक्षोपाय साधन भारतीय अधोगामी प्रयोगकर्ताओं पर अतिरिक्त बोझ डालेंगे।

ख यूरोपियन आयोग

आंकड़ों में विसंगति

(i) शिकायत के आंकड़ों और जांच शुरुआत नोटिस के आंकड़ों में भारी अंतर है।

(ii) उत्पादन, संस्थापित क्षमता, लाभप्रदायकता, रोगजार या मालसूची आंकड़ों के संबंध में जांच शुरुआत नोटिस में केवल दो आवेदनकर्ता कंपनियों के आंकड़ों पर विचार किया गया है और समर्थनकर्ता कंपनी के आंकड़ों की अवहेलना की गई है।

संवर्धित आयात

(iii) वित्त वर्ष 2011-12 में आयातों में भारी वृद्धि हुई परंतु तदोपरांत तथा अत्यधिक अभिनव अवधि में उसमें गिरावट आई। अत: आयातों में वृद्धि न तो अभिनव है, और न अचानक हुई है और न ही इतने अधिक है कि वह सर्वाधिक अनिवार्य डब्ल्यू टी मानकों को पूरा करती है।

(iv) वर्ष 2011-12 तक आयातों में वृद्धि के लिए केवल एक ही देश उत्तरदायी है जिसका भारत में आयात का कुल हिस्सा 2011-12 में 73 प्रतिशत था।

(v) ऐसा कोई संकेत नहीं है कि जिससे यह निष्कर्ष निकाला जा सके कि घरेलू उद्योग की स्थिति में समग्र गिरावट आ रही थी।

क्षति एवं कारणात्मकता

(vi) विचार किये गये समग्र अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की बिक्री मात्रा में केवल 5 प्रतिशत गिरावट आयी है जबकि इसके बाजार हिस्से में मामूली सी गिरावट हुई है जो 3 प्रतिशत भी नहीं है, उत्पादन में 16 प्रतिशत वृद्धि हुई, रोजगार में 10 की वृद्धि हुई और उत्पादकता में 5 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

(vii) भारी निवेश, उत्पादन क्षमता का लगभग 2 गुना, करने के पश्चात घरेलू उद्योग विगत वर्ष की तुलना में वर्ष 2011-12 में लाभ प्रदायकता में 25 प्रतिशत की वृद्धि करने में सक्षम रहा ।

(viii) लाभप्रदायकता में यह भारी वृद्धि ठीक उस समय हुई आयातों में बढ़ोतरी हुई। लाभप्रदायकता में उसके पश्चातवर्ती अवधि में गिरावट आयी परंतु इसके साथ-साथ आयातों में गिरावट आयी।

(ix) ऐसा प्रतीत होता है कि घरेलू मांग (-25 प्रतिशत) में भारी कमी और अत्यधिक क्षमता निर्माण, जो घरेलू मांग से बहुत अधिक है ही वित्त वर्ष 2012-13 में घरेलू उद्योग को प्रभावित करने के लिए पर्याप्त थी।

(x) न्यून क्षमता उपयोग दर बेसी क्षमता संयोग से आती है जब आयातों में बढ़ोतरी के बजाय मांग में कमी होने लगती है।

(xi) यदि उत्पादन क्षमता वर्ष 2009-10 में स्थिर बनी रहती तो उपयोगिता दर में वर्ष 2012-13 में 60 प्रतिशत से वृद्धि होकर 70 प्रतिशत हो जाती।

ग. इटली का राजदूतावास

उन्होंने कहा कि वे अपना प्रस्तुतिकरण 6.9.2013 तक प्रस्तुत कर देंगे परंतु वे कोई प्रस्तुतिकरण नहीं कर सके।

घ. व्यापार रक्षा निदेशक इंडोनेशिया

न्यूनतम आयात

इंडोनेशिया, डब्ल्यू टी ओ के विकासशील देशों का सदस्य होने के नाते, को रक्षोपाय शुल्क का अधिरोपण करने से अपवर्जन करने का विशेषाअधिकार है यदि निर्यात हिस्सा 3 प्रतिशत से अधिक नहीं होता है।

ड. विदेशी अर्थव्यवस्था क्रियाकलाप का समन्वय विकास एवं विनियम, मास्को

आयात मात्रा

(i) डब्ल्यू टी ओ रक्षोपाय करार के अनुच्छेद 2.1 के अंतर्गत विशेष रक्षोपाय साधनों का क्रियान्वयन केवल इस शर्त के अंतर्गत किया जा सकता है जब किसी भू-भाग में किसी उत्पाद का आयात इतनी अधिक मात्रा में किया जा रहा हो कि उससे घरेलू उद्योग को, जो समान उत्पाद या प्रत्यक्षत: प्रतिस्पर्धात्मक उत्पाद का उत्पादन करती हो, गंभीर क्षति हो रही हो या गंभीर क्षति की चुनौती उत्पन्न हो रही हो।

(ii) अधिसूचना में आयात मात्रा में गिरावट दर्शायी गई है। अर्जेंटिना फूटवियर तर्क (ईसी) में अपीलीय निकाय का निर्णय कहता है कि जांच के अंतर्गत वर्ष के दौरान आयातों में गिरावट, न कि बढ़ोतरी, होने पर भी यदि अनिवार्यत: प्राथमिक वृद्धि के बावजूद आयातों में गिरावट आयी हो।

मुख्यत: चीन से आयात

(iii) सीमलेस ट्यूब, पाइप हालो का देशवार आयात यह दर्शाता है कि इस वस्तु के आयातों का बहुत बड़ा और भारी हिस्सा चीन का है। यह स्पष्ट है कि विनिर्दिष्ट अवधि में जांचाधीन वस्तु के आयातों में भारी वृद्धि हुई है और यह वृद्धि केवल चीन के आयातकों के मामले में ही हुई है। यत:, अन्य देशों से आयात को अचानक हुई वृद्धि या वृद्धि के रुप में नहीं कहा जा सकता है। इसके अतिरिक्त यह नोट किये जाने की जरुरत है कि आयात मात्रा में उत्तरोत्तर वृद्धि को अचानक या तीव्र वृद्धि के रुप में नहीं माना जा सकता है।

(iv) भारतीय राष्ट्रीय विनिर्माताओं द्वारा बाजार पर अपनी पहुंच खोने को चीन से भारी आयात मात्रा द्वारा स्पष्ट किया जा सकता है जिसने ना केवल राष्ट्रीय विनिर्माताओं के बाजार हिस्से पर अपना आधिपत्य कर लिया बल्कि इसने उस बाजार को अपने नियंत्रण में कर लिया जो पहले अन्य देशों के आयातकों के नियंत्रण में थी ।

गंभीर क्षति का कोई प्रमाण नहीं

(v) विशिष्ट रक्षोपाय जांच के दौरान राष्ट्रीय उद्योग की इस शाखा को होने वाली गंभीर क्षति को सिद्ध करने की जरुरत है जबकि पाटनरोधी जांच में वित्तीय क्षति को सिद्ध करने की जरुरत होती है। रुस के पक्ष ने राष्ट्रीय उद्योग की इस शाखा को गंभीर क्षति के पर्याप्त प्रमाण नहीं देखे है।

(vi) रुस ने भारत ने सीमलेस टयूब्स, पाइप और हालो के विनिर्माताओं का भारी सकारात्मक विकास देखा है। यह बिक्री मात्रा में वृद्धि (वर्ष 2010-11 में 18 प्रतिशत तक, 2011-12 में 1.2 प्रतिशत), रोजगार (वर्ष 2009-10 की तुलना में वर्ष 2012-13 में इसमें 10 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई) और लाभ (विगत वर्ष की तुलना में वर्ष 2011-12 में इसमें 25 प्रतिशत तक वृद्धि हुई) के रुप में देखा जा सकता है।

(vii) राष्ट्रीय शाखा के कुछ वित्तीय संकेतक और वर्ष 2012-13 में उत्पादन स्तर में गिरावट की स्थिति में आयात मात्रा (जांच के अधीन) में भी वर्ष 2012-13 में 12 प्रतिशत तक कमी आई। अत: यह निष्कर्ष की संवर्धित आयातों ने राष्ट्रीय उद्योग को क्षति पहुंचाई है पूर्णतया सही नहीं है।

भारी क्षमता के कारण क्षति

(viii) रुसी पक्ष का विचार है भारतीय राष्ट्रीय उद्योग द्वारा सहन की गई क्षति बढ़ते हुए आयातों द्वारा कारित न की जा कर भारी क्षमता के कारण हुई है। यही कारण है कि राष्ट्रीय विनिर्माताओं की उत्पादन क्षमता का पूरा उपयोग नहीं किया जा सका।

12. निम्नलिखित हितबद्ध पक्षकारों ने द्वितीय सुनवाई के दौरान निम्नलिखित प्रस्तुतिकरण किये जिनपर निम्नलिखित चर्चा की जा रही है:

घरेलू उद्योग

क. मैसर्स आईएसएमटी लिमिटेड और मैसर्स जिंदल सा (घरेलू उद्योग) और मैसर्स महाराष्ट्र सीमलेस लिमिटेड (समर्थनकर्ता) (जिसका प्रतिनिधित्व मैसर्स ईएलपी द्वारा किया गया)

आयात आंकड़े क्रियापद्धति

(i) याचिका में विचार की गई आयात मात्रा और मूल्य कोलकाता स्थित वाणिज्यिक आसूचना एवं सांख्यिकीय महानिदेशालय से संग्रहित लेनदेनवार आयात आंकड़ों के आधार पर किया गया था। इन आंकड़ों को पहले आईटीसी-एचएस वर्गीकरण, विवरण और बाह्य व्यास (ओडी) आकार पैरामीटरों के आधार पर अभिज्ञात किया गया। आयात आंकड़ों से निम्नलिखित विवरणों को हटा दिया गया और विचाराधीन उत्पाद के शेष संव्यवहारों को उपपादित किया गया।

क. 273.1 एमएम से अधिक ओडी व्यास आकार (आईटीसी-एचएस सहित)

ख. स्टेनलेस स्टील, एएसटीएम ए213/एएसएमई एसए213 और एएसटीएम ए335/एएसएमई, एसए 335 (या समरुप पीआईएस/डीआईएन/बीएस/ईएन या कोई अनय समकक्ष वर्गीकरण।

ग. ड्रिल कालर्स

घ. 13 क्रोमियम ग्रेड और प्रीमियम केसिग्स और टूयबिंग

(ii) यूनिट जैसे संख्या, टुकड़े, बैग्स के अंतर्गत किये गये आयातों को संगत आयात आंकड़ों के अंतर्गत विचार किये जाने के लिए अपवर्जन कर दिया गया। उन प्रविष्टियों के लिए जहां ओडी आकार मद विवरण में प्रदान किया गया, एमटी में मात्रा निर्धारण के लिए निम्नलिखित क्रियापद्धति अपनाई गई: [(ओडी-टीएचके)* टीएचके*0.02467)] मात्रा मीटर में/1000=एमटी

(iii) याचिकाकर्ताओं ने अपने आवेदन के अनुबंध-5 में विचाराधीन उत्पाद के आयात आंकड़ों के भाग के रुप में संव्यवहारों के विचारार्थ प्रक्रिया को स्पष्ट करने के लिए क्रियापद्धति तथा प्रतिरुप संव्यवहारों का पूर्ण प्रकटन किया है।

(iv) मैसर्स एनईआई और सीआईएसए ने सार्वजनिक सुनवाई में दावा किया कि घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत आयात आंकड़ों में अध्याय शीर्षक 73.04, 73.06 और 98.01 में त्रुटिपूर्ण आंकड़ें प्रस्तुत किये है। यह प्रस्तुत किया जाता है कि संवद्ध वस्तुओं के आयातों की प्रविष्टियों को त्रुटिपूर्ण अध्यायों के अंतर्गत देखा गया और उनका डीजीसीआईएस आंकड़ों से निर्धारित ढंग से समामेलन किय गया। इसका प्रावधान याचिका के अनुबंध-6 में किया गया है।
विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु

(v) विरोधकर्ता हितबद्ध पक्षकारों ने दावा किया है कि विचाराधीन उत्पाद का दायता बहुत व्यापक है। डोमनिक रिपब्लिक-बैग एंड फैबरिक सैफगार्ड (डब्ल्यू टी/डीएस 415/आर, डब्ल्यू टी/डीएस416, डब्ल्यू टी/डीएस417/दिनांक 31 जनवरी, 2012) में डब्ल्यू टी ओ पैनल ने यह धारित किया कि रक्षोपाय करार में ऐसा कोई उपबंध नहीं है जो विचाराधीन उत्पाद का चयन, वर्णन, विश्लेषण या निर्धारण करने का अधिदेश देता हो या शासित करता हो।

(vi) संयुक्त राज्य अंतर्राष्ट्रीय व्यापार आयोग द्वारा कतिपय तेल देशों से टूयबलर समान का आयात करने के संबंध में शुरु की गई जांच में (जांच संख्या 701-टीए-499-500 और 731-टीए-1215-1223) विचाराधीन उत्पाद को निम्नवत परिभाषित किया है।

जांच द्वारा कवर की गई वस्तु कतिपय आयल कंट्री टूयबलर गुड्स है जो वृत्तीय क्रास-सेक्शन का हालो स्टील उत्पाद होता है जिसमें तेल कूप केसिंग और ढलवा लोहे के अलावा लोहे की टयूबिंग, या स्टील (कार्बन और अलाय दोनों), चाहे सिमलेस हो या बेलडेड, एंड फिनिश पर ध्यान दिये बिना (उदाहरणार्थ प्लेन, थ्रेडेड या थ्रेडेड कपल्ड) अमेरिकन पेट्रोलियम इंस्ट्रीटयूट से संतुष्ट हो या नहीं अथवा गैर एपीआई विनिर्देशन युक्त फिनिश्ड या अन फिनिश्ड उसमें थ्रेड प्रोटेक्टर संलग्न हो या नहीं इस जांच के दायरे में ओसीटीजी कंपलिंग स्टाक भी शामिल है। जांच के दायरे से अपवर्जित वस्तुएं है क्रोमियम के बजन की 10.5 प्रतिशत या उससे अधिक की केसिंग या टयूबिंग, ड्रिल पाइप, असंबद्ध कपलिंग और असंबद्ध थ्रेड प्रोटेकटर।

एचटीएसयूएस उपशीर्षकों को केवल सुविधा और सीमाशुल्क प्रयोजनार्थ ही उपबंधित किया गया है जांच के दायरे का लिखित विवरण डिशपोजेटिव है।

विचाराधीन उत्पाद को '' ऑयल कंट्री टयूबलर गुडस" के रुप परिभाषित किया गया हैं जिन्हें एकल विशिष्ट एचएस वर्गीकरण के अंतर्गत वर्गीकृत नहीं किया जाता ।

(vii) विचाराधीन उत्पाद का दायरा विशिष्ट रुप से उन उत्पादों और समान वस्तुओं को शामिल करने के लिए परिभाषित किया गया है जो याचिकाकर्ताओं द्वारा विनिर्मित है और यह अप्रचलित नहीं है तथा यह जांच में शामिल किये जाने वाले उत्पादकों की श्रृंखल को कवर करता है।

(viii) जांच शुरुआत नोटिस और याचिका में विचाराधीन उत्पाद के दायरे को स्पष्टत: परिभाषित किया है और जांच शुरुआत के नोटिस में प्रदान कराये गये विभिन्न अध्याय शीर्षक विभिन्न शीर्षकों के संकेतक है जिसके अंतर्गत वस्तुओं का आयात किया जा सकता है।

(ix) अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने कोई ऐसा साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया है जो यह सिद्ध करता हो कि संबद्ध वस्तु आयात किये जाने योग्य नहीं है।

व्यापक दायरा परिभाषा का आरोप जिससे उत्पाद की गलत परिभाषा मिलती है

(x) घरेलू उद्योग इस विचाराधीन उत्पाद की व्यापक श्रृंखला का विनिर्माण करने और बिक्री करने में सक्षम नहीं है कि बल्कि इसने वास्तव में सभी वस्तुओं का विनिर्माण एवं बिक्री की है जिनके लिए हितबद्ध पक्षकारों ने अनुचित रुप से विचाराधीन उत्पाद के दायरे से अपवर्जन करने की मांग की है। याचिकाकर्ता ने समान या प्रत्यक्षत: प्रतिस्पर्धी वस्तु के मुद्दे पर निम्नलिखित पर भरोसा किया है।

(क) संयुक्त राज्य- पाकिस्तान से काम्ब्ड सूती धागे संबंधि परिवर्ती रक्षोपाय साधन (डब्लयूटी/डीएस192/एबी/आर)

(ख) यूएस-लैम्ड रक्षोपाय (डब्लयूटी/डीएस 177/एबी/आर और डब्लयूटी/डीएस/178/एबी/आर)

(ग) चीन जनवादी गणराज्य से भारत को इलैक्टिकल इंसुलेटर के आयातों से संबंधित रक्षोपाय जांच- अंतिम जांच परिणाम दिनांक 27 सितम्बर, 2012 ।

(xi) क्षमता, उत्पादन, बिक्री के विवरण का सत्यापन रक्षोपाय महानिदेशक द्वारा किया गया है और विभिन्न प्रकारों तथा ग्रेडों का विनिर्माण करने के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया का सत्यापन किया गया है और संबंद्ध वस्तु का विनिर्माण एक ही संयंत्र में किया जाता है।

(xii) घरेलू उत्पादकों द्वारा उत्पादित उत्पाद तथा आयातित उत्पाद सभी अनिवार्य तथ्यों के रुप में समान उत्पाद है। आयातों के लिए निर्धारित मानक तथा घरेलू उद्योग द्वारा विनिर्मित संबद्ध वस्तु दोनों समान है।

(xiii) याचिकाकर्ताओं ने घरेलू उद्योग की विनिर्माण प्रक्रिया का प्रावधान किया है और यह दावा किया है कि यह समान है। घरेलू उद्योग के एपीआई लाइसेंस भी यह सिद्ध करने के लिए प्रदान किये गये कि निर्यातकों द्वारा विनिर्मित सभी ग्रेडों का विनिर्माण घरेलू उद्योगों द्वारा भी किया जाता है।

(xiv) घरेलू उद्योग तथा अन्य देशों के विदेशी निर्यातक भारत आधारित सामान्य ग्राहक जैसे ओएजीसी, भेल, एनईआई के लिए प्रतिस्पर्धा करते है। घरेलू उद्योग द्वारा प्रयोग की जाने वाली प्रौद्योगिकी और उपकरण अत्याधुनिक किस्म के होते है तथा उन्हें उच्च वैश्विक मानकों के समान माना जाता है। घरेलू उद्योग भारतीय उपयोगकर्ता उद्योग के लिए उच्च गुणवत्ता और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी प्रदान करके अग्रणी रहा है और उसने भारतीय उपयोग कर्ता उद्योग को उच्च क्वालिटी का आउटपुट दिया है। इसलिए हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किये गये निकृष्ठ क्वालिटी का दावा निराधार है और उसके पक्ष में कोई प्रमाण नहीं दिया गया है इसलिए उसकी अवहेलना की जा सकती है।

(xv) आयातों को तकनीकी रुप से और वाणिज्यिक रुप से घरेलू उद्योग द्वारा विनिर्मित वस्तु से प्रतिस्थापित किया जा सकता है तथा वे घरेलू उद्योग द्वारा विनिर्मित संवद्ध वस्तु के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहे है।

कुछ ग्रेडों का जांच के दायरे से अपवर्जन करने का दावा

(xvi) घरेलू उद्योग ने कुछ ग्रेडों का अपवर्जन करने के लिए किये गये दावे का निषेध कर दिया है और प्रस्तुत किया है कि घरेलू उद्योग सभी ग्रेडों का उत्पादन करने में लगा हुआ है और हितबद्ध पक्षकारों द्वारा बनाये गये सभी ग्रेडों का विनिर्माण कर सकता है।

(xvii) घरेलू उद्योग ने अधोलिखित ग्रेडों का उत्पादन और बिक्री करने से संबंधित जानकारी प्ररुप बिक्री के लिए वीजक के फार्म में संगत साक्ष्य के साथ उपलब्ध कराई है जिससे की घरेलू उद्योग की उत्पादन और बिक्री क्षमता की जांच की जा सके।

- 34सीआरमोड
- एसएई52100
- एसएई8720
- एसयूजे3
- सी-95
- जे-55/के-55
- एल-80
- एन-80
- पी-110
- क्यू-125
- 9-5/8''ओडी कैसिंग
- 9-5/8'' केसिंग पाइपों के उच्चतर ग्रेड
- अपतटीय एवं अभितटीय अनुप्रयोग
- नीडल रोलर बेरिंग (एनआरबी टयूब) 42एमएमओडी वाले ग्रेड जेआईएसजी-3441, एससीएम415टीके के यांत्रिक ट्यूब
- 42एमएमओडी
- ओसीटीजी ट्यूब
- 4-1/2 टयूबिंग
- 9-5/8 ओडी या 7 इंच के एन80क्यू और एलएटी युक्त ओसीटीजी ग्रेड
- 273.1एमएम के ब्यालर ट्यूब
- क्रेन के लिए यांत्रिक ट्यूब
- नीडल रोलर बियरिंग के लिए यांत्रिक ट्यूब
- बेरिंग ट्यूब के लिए यांत्रिक ट्यूब
- राइफल ट्यूब
- हाई प्रेसर सलेण्डर ट्यूब

हाई प्रेसर सिलेण्डरों के विनिर्माता

(xviii) घरेलू उद्योग ने प्रस्तुत किया है कि भारतीय उद्योग उच्च दाव स्टील गैस सिलेण्डर पाइप और ट्यूब बनाने की क्षमता रखता है। हाई प्रेसर गैसर सिलेण्डरों का विनिर्माण करने के लिए प्रयोग किये जाने वाले सीमलेस ट्यूब का मानक आकार (ओडीटीएचके): 1083.2, 139.84.2, 165.14.4, 2325.4, 2676/7.5, 273.76

(xix) घरेलू उद्योग ने भारतीय उद्योग की उच्च दाव सिलेण्डरों का विनिर्माण करने की उत्पादन क्षमता को सिद्ध करने के लिए हाई प्रेसर सिलेण्डर ट्यूब की आपूर्ति के लिए भारतीय उद्योग के एक संघटक द्वारा क्रय आदेश का साक्ष्य दिया है।

(xx) घरेलू उद्योग ने कहा है कि उच्च दाव सीमलेस स्टील गैस सिलेण्डर पाइप और ट्यूब की आयात कीमत भारतीय उद्योग की प्रत्याशित बिक्री कीमत से बहुत कम है और उद्योग कम आयात कीमतों के दवाब के कारण अपनी लागत वसूल करने में भी सक्षम नहीं है।

(xxi) घरेलू उद्योग ने प्रस्तुत किया है कि हाई प्रेसर सीमलेस गैस सिलेण्डर पाइप और ट्यूब की भारत में कम कीमत के आयातों के कारण कीमत अधोरदन हुआ है, आयातित कीमतों ने याचिकाकर्ताओं को हाई प्रेसर सीमलेस स्टील गैस सिलेण्डर पाइप और ट्यूब का गैस सिलेण्डर के विनिर्माताओं को वाणिज्यिक बिक्री करने से निषेध कर दिया है।

(xxii) घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत किया है कि हाई प्रेसर सीमलेस स्टील गैस सिलेण्डर पाइप और ट्यूब का उत्पादन करना वाणिज्यिक रुप से अर्थक्षम नहीं रहा इसलिए याचिकाकर्ता को मुख्य विस्फोटक नियंत्रक और पेट्रोलियम एवं विस्फोटक सुरक्षा संगठन से अपेक्षित अनुमोदनों की मांग करना उचित नहीं लगा। एक बार रक्षोपाय शुल्क लगा दिये जाने के बाद याचिकाकर्ता गैस सिलेण्डर विनिर्माताओं को लाभदायक कीमतों पर बिक्री करने और आवश्यक अनुमोदन प्राप्त करने में सक्षम होगा।

राइफल्ड ट्यूबों का अपवर्जन

(xxiii) घरेलू उद्योग ने मना किया है कि मैसर्स आईएसएमटी लिमिटेड राइफल्ड टयूबों का विनिर्माण नहीं करता है।

(xxiv) घरेलू उद्योग ने प्रस्तुत किया है कि राइफल्ड ट्यूब एक प्रकार ब्यालर ट्यूब होते है जिनका निर्माण और बिक्री घरेलू उद्योग द्वारा स्वयं की जाती है। बीएचईएल ने मैसर्स आईएसएमटी द्वारा विनिर्मित और बेचे गये राइफल्ड टयूब का 2010-11 में 1200 टन के आसपास न केवल खरीद की है बल्कि उसका प्रयोग भी किया है और वर्ष 2009-10 से 2013-14 की पहली तिमाही तक संपूर्ण क्षति अवधि में 2741 टन का प्रयोग किया है। इसने अभी अस्थाई रुप से कुछ प्रौद्योगिकी –वाणिज्यिक कारणों से अधिप्रापण रोक दिया है। घरेलू उद्योग ने प्रस्तुत किया है कि मैसर्स भेल द्वारा मैसर्स आईएसएमटी लिमिटेड से राइफल्ड ट्यूबों के खरीद के बीजक प्रस्तुत किये जा सकते है।

(xxv) घरेलू उद्योग ने प्रस्तुत किया है कि देश के ब्यालर विनिर्माता घरेलू उद्योग से राइफल्ड ट्यूबों की खरीद करते रहे है। मैसर्स आईएसएमटी ने 2009-10 से 2013-14 की प्रथम तिमाही की संपूर्ण क्षति अवधि में लगभग 3354 टन राइफल्स टयूबों की बिक्री की है।

(xxvi) घरेलू उद्योग ने अन्य ब्यालर विनिर्माताओं को की गई बिक्री के अभिनव वीजक प्रस्तुत किये है।

एनईआई लिमिटेड को आपूर्ति

(xxvii) मैसर्स एनईआई लिमिटेड को कथित आपूर्ति और गुणवत्ता अवरोधों के संबंध में घरेलू उद्योग ने मना किया है कि घरेलू उद्योग द्वारा प्रदत्त संबद्ध वस्तु की नियमित सप्लाई या गुणवत्ता में कोई अवरोध है।

(xxviii) मैसर्स एनईआई लिमिटेड घरेलू उद्योग से संबद्ध वस्तु की नियमित खरीद कर रहा है और वर्ष 2012- 13 में 190 लाख रुपये मूल्य के 219 एमटी का अधिप्रापण किया है तथा 2013-14 की पहली तिमाही में 144 लाख रुपये मूल्य के 175 एमटी का प्रापण किया है।

(xxix) बेरिंग के कई अन्य घरेलू विनिर्माता है जिनका मैसर्स एनईआई से अधिक घरेलू हिस्सा है और मैसर्स एनईआई संपूर्ण भारतीय बेरिंग उद्योग का प्रतिनिधित्व करने का दावा नहीं कर सकती है। घरेलू उद्योग ने अन्य बेरिंग विनिर्माताओं द्वारा हाल में की गई बिक्री के बीजक प्रस्तुत किये है।

(xxx) संबद्ध वस्तु के प्रदाय के गुणवत्ता मुद्दे के संबंध में मैसर्स एनईआई ने घरेलू उद्योग द्वारा प्रदत्त की गई संबद्ध वस्तु की गुणवत्ता से संबंधित टेस्ट रिपोर्ट के रुप में साक्ष्यों का पुलंदा प्रस्तुत नहीं किया है। मैसर्स एनईआई ने

घरेलू उद्योग द्वारा डिफेकटिव सप्लाई का कोई रिकार्ड नहीं किया है। घरेलू उद्योग ने दावा किया है कि सभी आरोपों के बावजूद मैसर्स एनईआई लिमिटेड ने घरेलू उद्योग से खरीद जारी रखी है जो यह सिद्ध करता है कि मैसर्स एनईआई द्वारा किया दावा काल्पनिक है।

जापान के निर्यातकों की ओर से किया गया प्रस्तुतिकरण

(xxxi) जापान के निर्यातकों ने भी प्रस्तुत किया है कि उनके द्वारा भारत से आयात की जा रही संबद्ध वस्तु समान वस्तु नहीं है और इसलिए उसका अपवर्जन किया जा सकता है। घरेलू उद्योग ने प्रस्तुत किया है कि यह सिद्ध करने के लिए कोई रिकार्ड नहीं है कि जापान के निर्यातकों द्वारा भारत को निर्यात किये गये संबद्ध वस्तु बेहतर गुणवत्ता वाले या घरेलू उद्योग द्वारा विनिर्मित वस्तु से बेमेल है।

(xxxii) निर्यातकों द्वारा प्रिसाइज मानक या विनिर्माण प्रक्रिया का कोई प्रकटन नहीं किया है और इसका प्रकटन ना करना यह सिद्ध करता है कि कोई विशेष अंतर नहीं है और जापान के निर्यातकों द्वारा किया गया दावा गलत है।

(xxxiii) घरेलू उद्योग ने दावा किया है कि वर्तमान मामला रक्षोपाय जांच का है न कि पाटनरोधी जांच का जिसके द्वारा सभी उत्पादों के आयातों पर शुल्क लगाया जाता है। जापान से निर्यातों का गुणवत्ता के आधारों का अपवर्जन रक्षोपाय संबंधी डब्ल्यूटीओ में उल्लिखित गैर विभेदकारी सिद्धांतों के विपरीत है।

(xxxiv) जापान के निर्यातकों ने 'कटिंग ऐज प्रौद्योगिकी' के संबंध में दावा किया है। कार्बन प्लेट के आयातों से संबंधित रक्षोपाय जांच के मामले में 21 जुलाई, 2012 के अंतिम जांच परिणाम में जो कोलतार आयल से भिन्न था और भारतीय उद्योग की उत्पादन प्रक्रिया की तुलना में कम महंगा था, महानिदेशक रक्षोपाय ने कार्बन ब्लैक फीड स्टॉक को समान उत्पाद माना और रक्षोपाय शुल्क अधिरोपित किया।

(xxxv) घरेलू उद्योग ने प्रस्तुत किया है कि केवल उच्च दर कीमत का तथ्य मद का अपवर्जन करने का निरधारक कारक नहीं हो सकता है और कथित उच्चतर कीमतें कई कारणों से हो सकती है जिसमें परिवहन की बढ़ी हुई लागत भी शामिल है।

(xxxvi) घरेलू उद्योग विचाराधीन उत्पाद के दायरे में संपूर्ण उत्पादों का विनिर्माण करता है और जापान से किये जाने वाले आयात तकनीकी और वाणिज्यिक रुप से घरेलू उद्योग द्वारा विनिर्मित संबद्ध वस्तु से प्रतिस्थापनीय हैं और वे घरेलू उद्योग के ग्राहकों के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहे है।

(xxxvii) जहां तक इस तथ्य का संबंध है कि कीमत क्षति का समाधान पाटनरोधी जांच द्वारा ही किया जा सकता है। घरेलू उद्योग ने उल्लेख किया है कि यह दावा निराधार है और उस आधारभूत सिद्धांत के विपरीत है कि पाटनरोधी और रक्षोपाय शुल्क बिना किसी पूर्वाग्रह के अधिरोपित किये जा सकते है और रक्षोपाय शुल्क तथा पाटनरोधी शुल्क एक साथ अनुप्रयोग करने पर भी कोई प्रतिबंध नहीं है।

(xxxviii) जापान के निर्यातकों ने यह दावा किया है कि संबंध वस्तु के संबंधित आंकड़े अंतिम प्रयोक्ता या ग्रेड के आधार पर अलग-अलग किया जा सकता है और इसलिए उस ढंग पर प्रश्न खड़ा किया है जिस ढंग से घरेलू उद्योग ने आंकड़े प्रस्तुत किये है। स्पष्टत: निर्यातकों ने निर्यातक प्रश्नावली में ग्रेड या प्रयोग के अनुसार भारत को अपने निर्यात से संबंधित अलग आंकड़े प्रस्तुत नहीं किये।

गैर सीमलेस पाइपों और ट्यूबों का अपवर्जन

(xxxix) इलैक्टिकल अवरोध वेल्डिंग का प्रयोग करके वेलडेड पाइप और टयूबों का समावेशन किये जाने से संबंधित विरोधी हितबद्ध पक्षकारों के दावे के संबंध में घरेलू उद्योग ने प्रस्तुत किया है कि इन हितबद्ध पक्षकारों ने स्वयं ही यह उल्लेख किया है कि उत्पाद का दायरा बहुत ज्यादा है और इसलिए कि ईआरडब्ल्यू पाइपों का समावेशन विचाराधीन उत्पाद के दायरे को बढ़ा देगा और यह विरोधकर्ता हितबद्ध पक्षकारों के प्रस्तुतिकरणों के विरुद्ध होगा।

(xl) घरेलू उद्योग ने प्रस्तुत किया है कि विरोधकर्ता हितबद्ध पक्षकारों का दावा ऑयल कंट्री ट्यूबलर वस्तु से संबंधित यूएसआईटीसी जांच परिणाम पर आधारित है जिसमें उत्पाद के दायरे में ईआरडब्ल्यू पाइपों और ट्यूब को ऑयल कंट्री टयूबलर गुडस के रुप में शामिल किया गया था। इसके अतिरिक्त यूएसआईटी ने निर्धारित

किया है कि बेलडेड और सीमलेस उत्पाद तेल अन्वेषण अनुप्रयोग के लिए प्रतिस्थापनीय है। विरोधकर्ता हितबद्ध पक्षकारों ने ईआरडब्ल्यू और सीमलेस पाइपों का एक दूसरे के स्थान पर प्रयोग किये जाने की बात माना है। ईआरडब्ल्यू पाइपों और सीमलेस पाइपों से संबंधित यूएसआईटीसी जांच परिणाम में समान वस्तु के रुप में की गई जांच इस आधार पर है कि इस वस्तु को विचाराधीन उत्पाद के दायरे में शामिल किया गया। तथा विरोधकर्ता हितबद्ध पक्षकारों द्वारा इतने विलंब से विस्तारन को औचित्यपूर्ण नहीं माना गया। इसके लिए (क) यूनाइटेड स्टेट्स –कनांडा से साफ्टवेयर लूम्बर से संबंधित अंतिम जांच परिणाम निर्धारण (ख) कोरिया-अल्कोहलिक पेयो पर कर के मामलों पर भरोसा किया गया है।

(xli) घरेलू उद्योग द्वारा यह प्रस्तुत किया गया है कि भारतीय उपयोग कर्ताओं द्वारा की गई सभी निविदाएं सीमलेस पाइपों या ईआरडब्ल्यू पाइपों का स्पष्ट रुप से अलग-अलग विनिर्देशन करती है। अखिल भारतीय प्रयोगकर्ताओं जैसे ओएनजीसी, गेल आईओसीएल, वीपीसीएल द्वारा निकाले गये निविदाएं और बोलियां या ईआरडब्ल्यू के स्थान पर सीमलेस पाइपों की आपूर्ति का विकल्प नहीं देती है और भारत में केवल सीमलेस या केवल ईआरडब्ल्यू के रुप में स्पष्ट परिभाषा की गई है जिसका क्षेत्राधिकार एक दूसरे से अलग है।

(xlii) घरेलू उद्योग द्वारा ओएनजीसी द्वारा निकाली गई निविदा की एक प्रति प्रस्तुत की गई है जो यह दर्शाती है कि निविदा विनिर्देशन बिल्कुल स्पष्ट है और केवल सीमलेस पाइपों का अधिप्रापण करने के लिए है और वैकल्पिक रुप से बेलडेड या ईआरडब्ल्यू पाइपों की आपूर्ति करने का कोई विकल्प नहीं है।

(xliii) भारतीय उपयोगकर्ता उद्योग सीमलेस पाइपों और ईआरडब्ल्यू पाइपों का एक दूसरे के स्थान पर प्रयोग करने की अनुमति नहीं देता है और वह समान वस्तुएं नहीं है। अत: ईआरडब्ल्यू पाइपों का जांच के दायरे के अंतर्गत शामिल किया जाना त्रुटिपूर्ण है।

गोपनीयता तथा प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन

(xliv) याचिकाकर्ताओं ने इस बात की मनाही की है कि घरेलू उद्योग ने समायोजन योजना तथा प्रश्नावली प्रत्युत्तर सार्वजनिक सुनवाई के बाद तक दायर नहीं किया गया है। घरेलू उद्योग ने दिनांक 29 अगस्त, 2013 के पत्राचार के जरिए सार्वजनिक सुनवाई के पहले से ही प्रत्येक कंपनी के लिए समायोजन योजना दायर कर दी है।

(xlv) ऐसा प्रतीत होता है कि यह हितबद्ध पक्षकार माननीय उच्चतम न्यायालय के आटोमोटिव टायर विनिर्माता एसोसिएशन बनाम निर्दिष्ट प्राधिकारी मामले में दिये गये निर्णय ईएलटी 481 (एससी) पर भरोसा किया है जो पाटनरोधी एवं संबद्ध शुल्क महानिदेशालय के निर्दिष्ट प्राधिकारी के संबंध में है और इसका संबंध पाटनरोधी शुल्क का अधिरोपण करने से है और उसका संबंध महानिदेशक रक्षोपाय से नहीं है।

(xlvi) गोपनीयता के प्रावधानों के अनुरुप गोपनीय आधार पर सूचना प्रदान कराने वाले पक्षकारों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे उसकी अगोपनीय सारांश प्रस्तुत करें और ऐसी सूचना प्रदान करने वाले पक्षकार की राय में यदि उस सूचना का सारांश प्रस्तुत नहीं किया जा सकता है तो वह पक्षकार उसके कारणों का विवरण प्रस्तुत करेगा कि उस सूचना का सार प्रस्तुत क्यों नहीं किया जा सकता है। याचिकाकर्ताओं ने प्रस्तुत किया है कि घरेलू उद्योग ने महानिदेशक रक्षोपाय को सभी जानकारी देती है और अनुरोध किया है जो जानकारी सार्वजनिक रुप से उपलब्ध नहीं है उसका प्रकटन करना कंपनी के हित में नहीं होगा। घरेलू उद्योग ने सभी अधिदेशित अतिरिक्त सूचना संगत अगोपनीय सार सहित महानिदेशक रक्षोपाय को उपलब्ध करा दी है।

समर्थनकर्ता के आकड़ों का प्रावधान न होना

(xlvii) महाराष्ट्र सीमलेस लिमिटेड जो संबद्ध वस्तु का उत्पादक है ने इस याचिका का समर्थन किया है। याचिका के अनुबंध-10 में स्पष्टता प्रावधान है कि समर्थनकर्ता के क्षति आंकड़ों की जांच शुरुआत के समय प्रस्तुत किये जाने पर स्वीकार किया जायेगा।

(xlviii) मैसर्स आईएसएमटी लिमिटेड, मैसर्स जिंदल सा लिमिटेड घरेलू उद्योग की परिभाषा के अंतर्गत बहुलता में आते है और इसलिए वे अधिनियम की धारा 8ख (6)(ख) को पूरा करते है।

(xlix) मैसर्स महाराष्ट्र सीमलेस लिमिटेड ने समर्थनकर्ता होने का चयन किया है और इसलिए महानिदेशक रक्षोपाय के कार्यालय की परंपरा के अनुसार उन्होंने ने भी अपेक्षित आंकड़े प्रस्तुत किये है जो उन्हें प्रदान कराने चाहिए।

(l) मैसर्स महाराष्ट्र सीमलेस लिमिटेड ने महानिदेशक रक्षोपाय के साथ पूर्ण सहयोग किया है और जांच शुरुआत पक्षपात घरेलू उत्पादक प्रश्नावली प्रत्युत्तर महानिदेशक रक्षोपाय को निर्धारित समय सीमा के अंदर दायर कर दी। घरेलू उद्योग द्वारा दायर की गई याचिका, लिखित प्रस्तुतिकरण और प्रत्युत्तर में भी उद्योग के आंकड़ों का समग्र विश्लेषण करने का प्रावधान है।

(li) हितबद्ध पक्षकारों के इस प्रस्तुतिकरण के संबंध में की यदि मैसर्स महाराष्ट्र सीमलेस लिमिटेड के लागत आंकड़ों पर विचार किया जाता है तो कोई क्षति नहीं होगी, गलत और गैर प्रमाणित है । घरेलू उद्योग ने पुन: उल्लेख किया है कि संवर्धित आयातों का क्षतिकारी प्रभाव घरेलू उद्योग के साथ-साथ विचाराधीन उत्पाद के अन्य बड़े उत्पादकों द्वारा भी महसूस किया जाता है।

भारत में संबद्ध वस्तु का बढ़ता आयात

(lii) आयातों में क्षति अवधि के दौरान उत्पादन बिक्री और मांग के संबंध में समग्र रुप से वृद्धि हुई है

(क) अंतिम बिंदु से अंतिम बिंदु आधार पर आयातों में वर्ष 2009-10 की तुलना में अप्रैल, 2012 से जून, 2013 में 19 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि सर्वाधिक वृद्धि 2011-12 में 38 प्रतिशत हुई थी।

(ख) इसके अतिरिक्त आयातों में घरेलू उद्योग के उत्पादन और बिक्री में देश में मांग के अनुपात में भी वृद्धि हुई।

(ग) घरेलू उद्योग के उत्पादन की तुलना में आयातों में अप्रैल, 2012 से जून, 2013 में माह 8 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

(liii) आयातों में 2009-10 से 2011-12 में बढ़ने की प्रवृत्ति प्रदर्शित होती है जो 38 प्रतिशत बढ़ गई और रक्षोपाय जांच की शुरुआत के समय इसमें मामूली सी गिरावट आई घरेलू उद्योग ने निम्नलिखित मामलों पर भरोसा किया है। (क) अर्जेंटिना-फूटवियर (डब्ल्यूटी/डीएस121/एबी/आर दिनांक 14 दिसम्बर,1999) (ख) यूएस-लाइन पाइप (डब्ल्यूटी/डीएस 202/आर दिनांक 29 अक्तूबर, 2001 (ग) अर्जेंटिना फूटवियर (ईसी) (डब्लयूटी/डीएस121/आर दिनांक 25 जून, 1999 इसमें उन्होंने यह सिद्ध किया है कि आयातों में अचानक एकाएक अभी हाल की अवधि में तीव्र वृद्धि हुई जिससे घरेलू उद्योग को न केवल क्षति हुई बल्कि गंभीर क्षति चुनौती भी उत्पन्न हो गई।

(liv) घरेलू उद्योग ने नवम्बर, 2012 में आवेदन दायर किया था जो ऐसे अवधि थी जिसमें आयातों में सर्वाधिक बढ़ोतरी हुई। घरेलू उद्योग द्वारा यह प्रस्तुत किया गया है कि घरेलू उद्योग द्वारा आवेदन पत्र दायर किये जाने के पश्चात ही आयातों में मामूली सी गिरावट आई परंतु वे उत्पादन बिक्री और मांग के संबंध में अभी भी समग्र एवं संगत रुप से अधिक ही बने रहे। घरेलू उद्योग ने प्रस्तुत किया है कि यह स्पष्ट है कि निर्यातक जांच को गलत सूचना प्रदान कराने के उद्देश्य से पोत लदान में विलंब करते रहे है ।

अन्य स्रोतों से आयात

(lv) अप्रैल, 2012 से जून, 2013 (वार्षिकीकृत) में यूरोपियन यूनियन से आयातों में चीन से आयातों की तुलना में अधिक तेजी से दर्शायी गई है और यूरोपियन यूनियन से आयात निरंतर बढ़ते रहे है जो वर्ष 2009-10 की तुलना में अप्रैल, 2012-जून,2013 में 51 प्रतिशत तक बढ़ गये जब कि चीन जन.गण से आयातों में वर्ष 2009-10 की तुलना में अप्रैल, 2012-13 में केवल 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

(lvi) पूरे विश्व में प्रमुख प्रयोगकर्ता देशों द्वारा विभिन्न उपचारी कार्रवाई करने के आलोक में भारतीय बाजार में विभिन्न अन्य स्रोतों से आयात भी बढ़े जैसे ईयू यूएस इंडोनेशिया और मेक्सिकों।

अनपेक्षित विकास

(lvii) घरेलू उद्योग ने विभिनन देशों द्वारा किये गये व्यापार उपचारी कार्यो की सूची

उपलब्ध की है जो या तो जांच के अधीन है या जिनपर उपाय प्रभावी है।

व्यापार उपचारी साधन	अधिरोपणकर्ता देश	प्रभावित देश	शुल्क की रेंज
पाटनरोधी	यूएस	चीन	48.99% – 98.74%
सब्सिडी	यूएस	चीन	13.66% – 53.65%
पाटनरोधी	कनाडा	चीन	39.00% – 166.9%
		यूएसए	13.85%
सब्सिडी	कनाडा	चीन	91.26 – 4,070.00 आरएमबी/मी.टन
पाटनरोधी	ईयू	चीन (अब समाप्त)	48.3% – 71.9%
पाटनरोधी	चीन	ईयू और जपान	9.2% – 14.4%
रक्षोपाय (4 वर्ष)	इंडोनेशिया	वैश्विक साधन (विकासशील देशों के अपवाद को छोड़कर)	आरपी 28,429 प्रति कि.ग्रा – आरपी 27,126 प्रति किग्रा (वर्षदर वर्ष घटे हुए पैमाने पर)
पाटनरोधी	यूएस	भारत कोरिया, फिलिपिंस, सऊदी अरबिया, ताइवान, थाईलैंड, तुर्की उक्रेन और वियेतनाम	सतत जांच
सब्सिडी	यूएस	भारत और तुर्की	सतत जांच

(lviii) यूएस और ईयू जैसे बढ़े उपभोगकर्ता स्रोतों द्वारा आयातों पर अनपेक्षित व्यापार उपचारी कार्रवाई के कारण यह आयात भारत की ओर विपथित हो गये जिससे भारत में आयातों में बढ़ोतरी हुई।

(क) यूएसए के होने वाले चीन के निर्यात 65 प्रतिशत कम हो गये और उसी समय भारत को चीन के निर्यातों में 60 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई । इसका प्रमुख कारण चीन जन.गण से निर्यातों पर उपचारी उपाय थे।

(ख) चीन के विरुद्ध ईयू द्वारा किये गये उपचारी कार्य से भारत के निर्यातों में 46 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

यूएसए को चीन के निर्यात

तालिका

अवधि	निवल भार(एमटी)	अनुक्रमिक मात्रा	वृद्धि/कमी (एमटी में)
2009	4,06,502	100.00	
2010	1,09,362	26.90	(2,97,140)
2011	1,52,576	37.53	(2,53,927)
2012	1,41,026	34.69	(2,65,477)

भारत को चीन के निर्यात

अवधि	निवल भार(एमटी)	अनुक्रमिक मात्रा	वृद्धि/कमी (एमटी में)
2009	2,73,612	100.00	
2010	4,48,586	163.95	1,74,974
2011	5,35,140	195.58	2,61,528
2012	4,32,113	157.93	1,58,501

ईयू से चीन को निर्यात

अवधि	निवल भार(एमटी)	अनुक्रमिक मात्रा	वृद्धि/कमी (एमटी में)
2009	1,20,301	100.00	
2010	86,411	71.83	(33,890)
2011	1,03,499	86.03	(16,802)
2012	78,159	64.97	(42,142)

भारत को ईयू के निर्यात

अवधि	निवल भार(एमटी)	अनुक्रमिक मात्रा	वृद्धि/कमी (एमटी में)
2009	49,230	100.00	
2010	60,005	121.89	10,775

2011	63,153	128.28	13,923
2012	71,988	146.23	22,758

(lix) घरेलू उद्योग ने प्रस्तुत किया है कि विभिन्न बाजारों में किये गये उपचारी उपायों को इंडोनेशिया के रक्षोपाय प्राधिकारी द्वारा अनपेक्षित विकास के रुप में माना गया। एक समान उत्पाद पर रक्षोपाय करार के अनुच्छेद 12.1 (ख) के अंतर्गत शुल्क अधिरोपित करने के प्रस्ताव की अधिसूचना का संगत सार (जी/एसजी/एन 8/आईडीएन/14, जी/एसजी/एन/10/आईडीएन/14), जो 19 मार्च, 2013 को संवर्धित आयातों के कारण गंभीर क्षति अथवा गंभीर क्षति की चुनौती के लिए दिया गया था, निम्नलिखित है।

"विश्व स्टील एसोसिएशन-सांख्यिकीय वार्षिकी 2011 के अनुसार संबद्ध वस्तु के वैश्विक उत्पादन में मांग के अनुरुप वृद्धि हुई है। तथापि विभिन्न बाजारों में किये गये व्यापार उपायो से जो अनपेक्षित थे, व्यापार में परिवर्तन आया जिसके परिणामस्वरुप इंडोनेशिया को होने वाले आयातों में भारी वृद्धि हुई। "

यूरोपिय बाजारों में खपत में अप्रत्याशित कमी

(lx) यूरोपिय बाजार में विदेशों में संबद्ध वस्तु की भारी क्षमता के परिणाम स्वरुप मांग में अप्रत्याशित गिरावट और भारत को बढ़ते निर्यात की सूचना दी है ।
उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार पाया गया कि यूनियन खपत वर्ष 2008 तथा आरआईपी (अप्रैल, 2010 से मार्च, 2011) के बीच 34 प्रतिशत की कमी 2597 110 टन से घटकर 1724 743 टन हुई।

(lxi) घरेलू उद्योग ने 16 दिसम्बर, 2013 की पीआर वेबसाइट रिपोर्ट और मेटल बुलेटिन अनुसंधान रिपोर्ट जनवरी, 2012 को ईयू बाजारों में कमी दर्शाने के लिए कोट किया है ।

(lxii) यूरोजोन वर्ष 2012 और वर्ष 2013 की पहली तिमाही में मंदी की स्थिति रही।

यूरोजोन जीडीपी (स्रोत यूरोस्टेट)



(lxiii) घरेलू उद्योग ने प्रस्तुत किया है कि ईयू बाजार में अप्रत्याशित मंदी के कारण ईयू में खपत में कमी आयी और ईयू के उत्पादक निर्यातक केन्द्रीत हो गये और भारत तथा चीन जैसे बढ़ती बाजारों में भारी मात्रा में निर्यात करने लगे।

चीन जन.गण में अतिरिक्त क्षमताएं संयुक्त राज्य में नियोजित नई क्षमताएं

(lxiv) घरेलू उद्योग द्वारा यह प्रस्तुत किया गया है कि विभिन्न बाजारों से प्रतिबंधों के बावजूद चीन अपनी क्षमता में वृद्धि कर रहा है जिसके कारण भारत को आयातों में वृद्धि हो रही है। मैसर्स एसएमएस मिर जर्मनी ने 20 तक के व्यास वाले सीमलेस ट्यूब्स के विश्व के सबसे बड़े पीक्यूएफ संयंत्र की आपूर्ति चीन के एक संघ मैसर्स टियान जिंग पाइप कारपोरेशन और मैसर्स जियांगशु संगैग ग्रुप, मैसर्स हुआईगैंग स्पेशल स्टील कंपनी को प्रेषित किया है और इसमें 2012 की शुरुआत में उत्पादन प्रारंभ होना था। चीन के इस नये पीक्यूएफ संयंत्र की क्षमता

प्रतिवर्ष 5 लाख टन सीमलेस ट्यूब्स की है और ऐसा कहा जाता है कि यह परियोजना सीमलेस ट्यूब्स की चीन की सबसे बड़ी उत्पादन परियोजना है।

(lxv) मैसर्स वैलोरेक द्वारा संयुक्त राष्ट्र में एक नया प्लांट स्थापित किया जा रहा है जिसकी शुरुआती क्षमता 3 लाख 50 हजार एमटी होगी (जिसके 5 लाख एमटी तक बढ़ने की संभावना है) इसमें नवम्बर, 2012 में उत्पादन शुरु कर दिया ।

(lxvi) सऊदी अरब में मैसर्स वैलोरेक ने मैसर्स जामिल पाइप का अधिग्रहण कर लिया जिसमें रेडी टू रन ताप उपचार क्षमता और प्रतिवर्ष 100 केटी तक थैडिंग सुविधा हैं।

(lxvii) जर्मन कंपनी मैसर्स वेंटीलर स्टील ट्यूब ने संयुक्त राज्य में एक नया प्लांट स्थापित करने के लिए 900 मिलियन अमेरिकी डालर का निवेश किया है यह संयंत्र 2015 में चालू हो जाएगा।

कच्चे माल की कीमतों में बढ़ोत्तरी होने के बावजूद आयात की अनपेक्षित रुप से कम कीमत निर्धारण

(lxviii) यह प्रस्तुत किया गया कि संपूर्ण जांच अवधि के दौरान कच्चे माल की कीमतों में सब जगह बढ़ोतरी हो रही थी तथापि कच्चे माल की कीमतों में वैश्विक वृद्धि के बावजूद आयात कीमतों में वृद्धि के अनुरुप बढ़ोतरी नहीं हुई।

	2009-10	**2010-11**	**2011-12**	**21012-13**	अप्रैल **12-**जून**13(**वार्षिकीकृत**)**
बिक्री की अनुक्रमित लागत	100.0	107.2	116.8	122.5	124.0
अनुक्रमित आयात कीमत	100.0	90.0	99.1	104.4	104.5

गंभीर क्षति और गंभीर क्षति की चुनौती

उत्पादन

(lxix) बढ़ते आयातों के कारण घरेलू के उत्पादन पर संबद्ध वस्तु के आयातों द्वारा विपरीत प्रभाव डाला गया। वर्ष 2009-10 में घरेलू उद्योग का उत्पादन 224216 एमटी था जो बढ़कर 2011-12 में 318968 एमटी हो गया। तथापि वर्ष 2012-13 में इसमें गिरावट आयी और यह 254316 एमटी हो गया और अप्रैल 2012-जून,13 में (वार्षिकीकृत) इसमें 2011-12 की तुलना में 20 प्रतिशत की कमी हुई और यह 247827 एमटी रह गया।

क्षमता उपयोग

(lxx) बढ़ते आयातों के कारण क्षमता उपयोग में भारी गिरावट आई। घरेलूउद्योग का क्षमता उपयोग वर्ष 2009-10 में 60 प्रतिशत था जो वर्ष 2012-13 में घटकर 37 प्रतिशत रह गया। घरेलू उद्योग की निरर्थक क्षमता में यह वृद्धि मांग में वृद्धि के बावजूद आई है।

घरेलू बिक्री

(lxxi) भारत में आयातों के कारण घरेलू उद्योग की घरेलू बिक्री पर सकल रुप से प्रभाव पड़ा है। वर्ष2009-10 में घरेलू उद्योग की बिक्री 143017 एमटी थी जो वर्ष 2011-12 में बढ़कर 170826 एमटी हो गई तथापि इसमें वर्ष 2012-13 में गिरावट आईऔर यह 141588 एमटी हो गई और अप्रैल, 12-जून, 13 (वार्षिकीकृत) में यह और भी कम होकर 138726 एमटी हो गई।

मांग में बाजार हिस्सा

(lxxii) जांच की अवधि के दौरान सम्बद्ध वस्तु की मांग में 24 प्रतिशत तक बढ़ोतरी हुई। तथापि, घरेलू उद्योग की बिक्री में केवल 16 प्रतिशत तक गिरावट आई जबकि आयातों में 28 प्रतिशत तक वृद्धि हुई। अत: आयातों में यह वृद्धि मांग में वृद्धि की तुलना में अधिक है। वर्ष दर वर्ष आधार पर वर्ष 2012-13 में मांग में 13 प्रतिशत तक वृद्धि हुई तथापि घरेलू उद्योग की बिक्री में 24 प्रतिशत तक गिरावट आई और आयातों में 42 प्रतिशत वृद्धि हुई।

समर्थनकर्ता सहित घरेलू उद्योग को क्षति

(lxxiii) समर्थनकर्ता सहित घरेलू उद्योग के सभी बड़े पैरामीटर जिसमें उत्पादन क्षमता उपयोग और बिक्रियां शामिल है, किए गए वे घरेलू उद्योग की तरह ही समान प्रवृत्तियां प्रदर्शित करते हैं।

लाभ एवं हानि

(lxxiv) भारत में अत्यधिक कम कीमत पर संवर्धित आयात से घरेलू उद्योग के लाभ में गिरवाट आई, कि यह लगाई गई पूंजी पर तर्कसंगत मार्जिन प्राप्त नहीं कर पाया। यद्यपि घरेलू उद्योग की बिक्री लागत में वर्ष 2012-13 में 22 प्रतिशत की वृद्धि हुई वहीं घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत में केवल 17 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह स्थिति वर्ष 2013-14 में और भी अधिक खराब होने वाली है क्योंकि अभी हाल ही में विदेशी प्रदायकों को दी गई निविदाएं बहुत ही कम कीमत पर प्रदान की गई हैं। जो घरेलू उद्योग की लागत से भी कम है।

विवरण	**2009-10**	**2010-11**	**2011-12**	**2012-13**	अप्रैल **12** – जून**13(**वार्षिकीकृत**)**
आवेदक की बिक्री कीमत (रुपये/एमटी)	****	****	****	****	****
आवेदक की बिक्री कीमत की प्रवृत्ति	100	106	114	118	117
बिक्री लागत (रुपये/एमटी)	****	****	****	****	****
बिक्री लागत की प्रवृत्तियां (रुपये/एमटी)	100	107	117	123	124
आयातों की अवसारित कीमत (रुपये/एमटी)	66,580	59,934	65,964	69,503	69,632
अवसारित कीमत की सूची	100	90	99	104	105
आयातों की अवसारित कीमत (अमरीकी डालर/एमटी)	1378	1297	1369	1271	1262
अवसारित कीमत की प्रवृत्ति	100	94	99	92	92
लाभ/हानि(रुपये/एमटी)	****	****	****	****	****
लाभ/हानि की प्रवृत्ति (रुपये/एमटी)	100	86	64	43	51
अधोबिक्रयण %					25-35%

कीमत प्रभाव

(lxxv) कच्चे माल की कीमतों में वृद्धि के अनुरुप जांच की अवधि में बिक्री लागत में 24 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है। आयातों की निग्रहित अवसारित कीमत के साथ प्रतिस्पर्धा करने के उद्देश्य से घरेलू उद्योग अपनी बिक्री कीमत केवल 17 प्रतिशत तक बढ़ा सकती है। अमरिकी डालर के रुप में अवसारित मूल्य का विश्लेषण स्पष्टत: दर्शाता है कि लागत में 24 प्रतिशत वृद्धि होने के बावजूद आयात कीमत में 10 प्रतिशत की भारी कमी आई है।

(lxxvi) यद्यपि नाममात्र का अधोरदन हुआ है परंतु अधोबिक्रयण भारी हुआ है और घरेलू उद्योग को अपना माल कम कीमत पर बेचने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

घरेलू उद्योग की वार्षिक रिपोर्ट

(lxxvii) आईएसएमटी लिमिटेड और महाराष्ट्र सीमलेस लिमिटेड की वित्तवर्ष 2012-13 के लिए वार्षिक रिपोर्टों से यह संकेत मिलता है कि चीन और अन्य देशों से होने वाले कम कीमत पर भारी आयातों के कारण उनके प्रचालनों पर विपरीत प्रभाव पड़ा है।

गंभीर क्षति की चुनौती

बड़े उपयोगकर्ता बाजारो में व्यापार उपचारी उपाय

(lxxviii) घरेलू उद्योग द्वारा यह प्रस्तुत किया गया कि चीन, ईयू, मैक्सिको, यूएस और इंडोनेशिया सहित संपूर्ण विश्व की बड़ी बाजारों में व्यापार उपचारी उपाय किये गये जिससे कि उनके घरेलू उद्योग की रक्षा की जा सके। इस कारण निर्यातक राष्ट्रों जैसे चीन ईयू, यूएस और रुस के लिए बाजार बंद हो गयी जबकि भारत एक आकर्षक बाजार बना रहा। इसलिए भारत में संवद्ध वस्तु के आयातों की स्पष्ट और आसन्न चुनौती बनी हुई है।

(lxxix) घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से में संबद्ध वस्तु के बढ़ते आयातों द्वारा पहले ही कमी आ गई है। संबद्ध वस्तु के अवाधित आयात के आलोक में बहुत कुछ संभव है कि घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से में और अधिक गिरावट आ जाए।

यूएसआईटीसी द्वारा पार्टनरोधी और प्रतिबलनकारी शुल्क जांच की शुरुआत

(lxxx) यूएसआईटीसी ने कतिपय ऑयल कंट्री टयूब्लर्स गुडस (जिसमें कुछ संबद्ध वस्तु भी शामिल है) के आयातों के संबंध में पाटनरोधी जांच प्रारंभ की है और यूएसआईटीसी की जांच में संबद्ध देश हैं भारत, कोरिया, फिलिपिंस, सऊदी अरेबिया, ताइवान, थाइलैंड, तुर्की और उक्रेन तथा वियतनाम। घरेलू उद्योग द्वारा यह प्रस्तुत किया गया कि घरेलू उद्योग की रक्षा करने के लिए किसी रक्षोपाय शुल्क के अभाव में यह निश्चित है कि इन देशों से आयात भारत की ओर होने लगे और बाद में उसको क्षति होने लगे।

अभी हाल ही की निविदाएं प्राप्त न होना

(lxxxi) घरेलू उद्योग ने अभी हाल ही में ओएनजीसी और ऑयल इंडिया द्वारा निकाली गई निविदाओं में भारी मात्रा में विदेशी प्रदायकों की तुलना में भारी मात्रा होने के कारण निविदाएं प्राप्त करने में असफल रहे। विदेशी प्रदायकों को ओएनजीसी की निविदाओं में से 80 प्रतिशत से अधिक निविदाएं तथा ऑयल इंडिया की निविदाओं में से 57 प्रतिशत से अधिक निविदाएं प्राप्त हुई। संबद्ध वस्तु का यह आवाधिक आयात घरेलू उद्योग और भारतीय उद्योग को समग्र रुप से क्षति कारित कर रहा है।

नई क्षमताओं में वृद्धि

(lxxxii) चीन जन.गण तथा यूएस और ब्राजील में नई क्षमताएं संस्थापित की गई। इसके अलावा ईयू में भारी अप्रयुक्त क्षमता है। अत: घरेलू उद्योग को किसी रक्षोपाय शुल्क के अभाव में इन स्रोतों से निर्यातों में और अधिक वृद्धि होने की स्पष्ट चुनौती है जिससे घरेलू उद्योग को सतत क्षति होगी।

कारणात्मक संबंध

(lxxxiii) संवर्धित आयात तथा घरेलू उद्योग को गंभीर क्षति के बीच प्रत्यक्ष कारणात्मक संबंध है। आयातों का अवसारित मूल्य तर्कसंगत लागत से बहुत कम है और घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत का निर्धारण आयात कीमतों द्वारा किया

जाता है। परिणामत: उत्पादन, क्षमता उपयोग, बिक्री, लाभ, निवेश पर अर्जन तथा नकदी प्रवाह में कम कीमत के आयातों की उपस्थिति के कारण भारी कमी आ रही है।

(lxxxiv) विदेशी उत्पादकों द्वारा प्रस्तुत कम कीमतों को ध्यान में रखते हुए घरेलू उद्योग द्वारा पेशकश की जा रही कम कीमतों के बावजूद आयातों में वृद्धि हो रही है। घरेलू उद्योग को अपनी कीमतें बिक्री लागत से भी कम करने को मजबूर किया गया। संवर्धित आयातों के कारण आयातों के बाजार हिस्से में भारी वृद्धि हुई और घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से में गिरावट आई।

(lxxxv) घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से में गिरावट ने घरेलू उद्योग के उत्पादन और क्षमता उपयोग पर विपरीत प्रभाव डाला है। अत: यह स्पष्ट है कि घरेलू उद्योग को क्षति बढ़ते आयातों के कारण ही हुई है।

(lxxxvi) घरेलू उद्योग ने अर्जेनटिना –फुअवियर (ईसी) में डब्ल्यूटीओ पैनल और ग्लूटेन (डब्ल्यूटी)/डीएस 166/एबी/आर दिनांक 22 दिसम्बर, 2000) में डब्ल्यूटीओ अपीलीय निकाय की रिपोर्ट पर भरोसा किया है।

समायोजन योजना

(lxxxvii) घरेलू उद्योग ने याचिका के साथ एक समायोजन योजना प्रस्तुत की जिसमें आयात प्रतिस्पर्धा का सकारात्मक समायोजन करने के लिए किए जाने वाले प्रयासों, जिन्हें घरेलू उद्योग 2-3 वर्षों की अवधि में करना चाहता है, का विस्तृत वर्णन है। घरेलू उद्योग ने सकारात्मक समायोजन को सुलभ बनाए जाने के लिए किए जाने वाले विशिष्ट लागत कटौती प्रस्तावों के संबंध में विशिष्ट प्रयासों का उल्लेख किया है और उसने अधिनियम और रक्षोपाय नियमावली के अंतर्गत सभी अपेक्षाओं का विधिवत अनुपालन किया है।

जनहित

(lxxxviii) घरेलू उद्योग ने घरेलू प्रयोक्ता सेक्टर को सहायता देने की क्षमता विकसित कर ली है और यह तकनीकी उन्नयन में भारी निवेश एवं मानव संसाधन विकास में भारी निवेश से संभव हुआ है। घरेलू उद्योग इस समय संवेदनशील स्तर पर है और विदेशी उत्पादकों द्वारा कम कीमतों के आयात एवं आक्रामक विपणन के कारण पतन से बचने के लिए तत्काल राहत की आवश्यकता है।

(lxxxix) कम कीमत के आयातों में वद्धि से घरेलू उद्योग को निम्नलिखित अपूरणीय क्षति होगी।

(क) रोजगार में नुकसान: घरेलू उउत्पादक, निर्यातों की तुलना में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों तरह का रोजगार प्रदान कराते हैं। यदि घरेलू उद्योग को रक्षोपाय शुल्क का संरक्षण प्रदान नहीं कराया जाता है तो घरेलू उद्योग के पास बड़े पैमाने पर छटनी करने के अलावा और कोई विकल्प ही शेष नहीं रह जाएगा।

(ख) करो के कारण सरकार को राजस्व का घाटा: घरेलू उद्योग की लाभप्रदायकता में गिरावट और कम वित्तीय निष्पादन, जो सम्बद्ध वस्तु के बढ़ते आयातों के कारण हुआ, के कारण कंपनियों द्वारा संदत्त करों में कमी आई है जिसके परिणामस्वरुप सरकारी राजस्व में कमी आई।

(ग) बहुमूल्य विदेशी विनिमय का संवर्धित बर्हिप्रवाह: सरकार को राजस्व का घाटा और विदेशी मुद्रा का बर्हिप्रवाह जिसका अन्ततोगत्वा भारत के जनहित पर प्रभाव पड़ेगा।

(xc) घरेलू उद्योग विद्युत एवं तेल अन्वेषण में भारत के कार्यनीतिक विकास के लिए एक बड़ा स्तम्भ है।

ओएनजीसी पर प्रभाव

(ci) सीमलेस उत्पादों का वार्षिक आधार पर आयात ओएनजीसी के कुल आयातों का केवल 2.3 प्रतिशत है और इसका इसके प्रचालनों पर समग्र प्रभाव नगण्य रहेगा खासकर इसकी लाभप्रदायकता पर जो 209 बिलियन है।

विवरण	मूल्य मिलियन रुपयों में	स्रोत
नियमित केसिंग	4890.08	आरटीआई उत्तर
ईयूई टयूबिंग	1789.51	आरटीआई उत्तर
18 माह के लिए अधिप्रापण (अप्रैल11-सितम्बर, 12)	6679.59	आरटीआई उत्तर
सीमलेस उत्पादों का वार्षिकीकृत आयात	4453.06	संगणित
ओएनजीसी का कुल आयात (वर्ष 2012-13 की वार्षिक रिपोर्ट)	193863.19	वार्षिक रिपोर्ट का पेज 104
	%	
ओएनजीसी द्वारा समग्र आयातों में सीमलेस उत्पादों का प्रतिशत	2.30	संगणित

बेयरिंग उद्योग पर प्रभाव

(xcii) बेयरिंग उद्योग पर कम से कम प्रभाव पर है-प्रतिदर्श के रुप में एस के एफ को लिया जा सकता है जो भारत में एक सबसे बड़ी कंपनी है। यह नोट किया जाना चाहिए कि बेयरिंग उद्योग लाभप्रदायक (एसकेएफ की टैकस पूर्व निवल लाभप्रदायकता वर्ष 2012 में 13 प्रतिशत थी) है और रक्षोपाय शुल्क के कारण सम्वर्धनात्मक लागत ग्रहण कर सकता है जो इसके उत्पादों को प्रभावित नहीं करेगा-इसके ग्राहकों पर प्रभाव डाले बिना।

बेयरिंग सिम्बल	रिंग टाइप	इनपुट बजन	चालू टयूब कीमत	रिंग टाइप	बेयरिंग कीमत*	35% रक्षोपाय शुल्क पर बेयरिंग कीमत के % के रुप में अंतर (वर्ष 1)	25% रक्षोपाय शुल्क पर बेयरिंग कीमत के रुप में % अंतर (वर्ष 2)	15% रक्षोपाय शुल्क की दर से बेयरिंग कीमत के % के रुप में अंतर (वर्ष 3)
		किग्रा.	रु./ग्रा.	रु./सं.	रु./सं.	%	%	%
6205	बाह्य	0.103	91.85	9.46				
	आंत-रिक	0.074	91.85	6.80				
	कुल			16.26	294.00	1.94	1.38	0.83
6206	बाह्य	0.17	91.85	15.71				
	आंत-रिक	0.11	91.85	9.92				

	कुल			25.63	441.00	2.03	1.45	0.87
6304	बाह्य	0.13	91.85	11.48				
	आंत-रिक	0.07	100.67	6.85				
	कुल			18.33	295.00	2.17	1.55	0.93
6305	बाह्य	0.18	91.85	16.81				
	आंत-रिक	0.10	91.85	9.37				
	कुल			26.18	336.00	2.73	1.95	1.17

(xciii) भारत में सम्बद्ध वस्तु के आयातों पर रक्षोपाय शुल्क अधिरोपित करना जनहित में होगा और यह नवजा घरेलू उद्योग को तत्काल संरक्षण प्रदान करेगा और यह रक्षोपय घरेलू उद्योग द्वारा सृजित प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार अवसरों में वृद्धि करेगा।

ख. मैसर्स वैलोरेक ट्यूब्स, मैसर्स टयूबोस रियूनिडास औद्योगिक एसएलयू, स्पेन और मै. मर्टेक्स यू.के लिमिटेड (जिसका प्रतिनिधित्व अमरचन्द एवं मंगलदास एवं सुरेश ए.श्राफ एंड कंपनी द्वारा किया जाता है)

याचिकाकर्ता रक्षोपय साधनों के उपबंधों का दुरुपयोग करने का प्रयास कर रहे हैं।

i. यह प्रस्तुत किया जाता है रक्षोपाय अधिरोपण का आश्रय केवल आयातकाल स्थिति विशेष एवं आपवादिक परिस्थितियों में ही लिया जा सकता है क्योंकि इसका उद्देश्य घरेलू उद्योग को आयातों से अस्थायी एवं अल्पावधिक संरक्षण प्रदान करना है क्योंकि यह अपने को संवर्धित आयातों के अनुरुप ढाल सके। प्रतिवादियों ने पदत्राण आयातों पर अजेन्टीना रक्षोपाय साधनों के मामले में अपीलीय निकाय के निर्णय पर भरोसा किया है।

ii. सीमलेस पाइप्स, ट्यूब्स और लौह एवं गैर अलाय के हालो प्रोकाइल का भारत को संवर्धित आयात ऐसी परिस्थितियों में होता है कि इसका घरेलू उद्योग पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा अर्थात यह घरेलू उद्योग की स्थिति को समग्र रुप से क्षति पहुंचाएगा और गंभीर क्षति अर्थात आयातों द्वारा किए जा रहे स्पष्ट एवं आसन्न खतारों की चुनौती उत्पन्न करेगा।

iii. यह प्रस्तुत किया जाता है कि पाटनरोधी शुल्क के विपरीत, जिसका अधिरोपण पाटन की व्यापार प्रतिबंधात्मक प्रक्रियाओं को रोकने तथा मुक्त व्यापार की स्थिति पुन सृजित करने के लिए किया जाता है, रक्षोपाय साधन उचित व्यापार पर प्रतिबंध लगाता है और इसलिए इसका प्रयोग दुर्लभ एवं असामान्य परिस्थितियों में किया जाना चाहिए।

iv. याचिकाकर्ताओं द्वारा याचिका में उपलब्ध कराए गए आयात आंकड़ों तथा सार्वजनिक सुनवाई के पश्चात डीजीएस के अनुदेशों के अनुरुप जून, 2013 तक की अद्यतन सांख्यिकी के अनुसार विगत वर्ष की तुलना में प्रति वर्ष प्रतिशत वृद्धि या घटौती निम्नवत है: 7.65 प्रतिशत, 20.14 प्रतिशत और (-20.23 प्रतिशत) अत:, उपर्युक्त विश्लेषण का अध्ययन यह व्यक्त करेगा कि यद्यपि वित्त वर्ष 2010-11 की तुलना में वित्त वर्ष 2011-12 में तथा वित्त वर्ष 2009-10 की तुलना में वित्त वर्ष 2010-11 में केवल 20.14 प्रतिशत और 7.65 प्रतिशत वृद्धि हुई तथापि वित्त वर्ष 2012-13 में वित्त वर्ष 2011-12 की तुलना में 20.23 प्रतिशत की कमी हुई। आंकड़ों का विश्लेषण यह व्यक्त करता है कि चालू वर्ष आयातों में कमी की प्रवृत्ति हुई परंतु आयातों में वृद्धि या भारी या गंभीर वृद्धि हुई।

v. यह पुन: प्रस्तुत किय जाता है कि वित्त वर्ष 2005-06, 2006-07 और 2007-08 के लिए इन्हीं याचिकाकर्ताओं ने पीयूसी पर पाटनरोधी शुल्क का अधिरोपण करने की मांग करते हुए एक याचिका यह उल्लेख करते हुए दायर की कि चीन जन.गण के अलावा अन्य देशों से पीयूसी का आयात या तो न्यूनतम से अधिक या उच्चतर कीमतों पर है। डीजीएडी ने उक्त जांच निरस्त कर दी।

vi. यह प्रस्तुत किया जाता है कि यदि याचिकाकर्ता आयातों के क्रमिक विकास के प्रति जागरुक नहीं होते तो उन्होंने रक्षोपाय शुल्क का अधिरोपण करने की मांग करते हुए एक याचिका पहले ही दायर कर दी होती, नकि पाटनरोधी शुल्क का अधिरोपण करने की मांग की होती। अत: यह स्पष्ट है कि आयात न तो अचानक हुए और न ही अनपेक्षित थे।

vii. घरेलू उद्योग का स्वयं का अभिकथन दर्शाता है कि अधिकांश देशों में जहां यह विचाराधीन उत्पाद पाटनरोधी कार्रवाई जैसी व्यापार उपचारी कार्रवाई या इम्दाद कार्रवाई जो स्रोत विशिष्ट है और न कि रक्षोपाय जांच की तरह विश्व के विपरीत है।

viii. याचिकाकर्ता द्वारा 21.10.2013 के पत्र में अनपेक्षित व्यापार उपचारी उपायों के संबंध में यह प्रस्तुत किया जाता है कि याचिकाकर्ता द्वारा प्रस्तुत आंकड़े तथ्यों का बिल्कुल भिन्न प्रस्तुतिकरण करता है क्योंकि यह नोट किया जा सकता है कि अधिकांश मामलों में वेल्डेड या सीमलेस ओसीटीसी का बहुत ही संकुचित दायरा लिया जाता है और यह कि अधिकांश सब्सिडी मामले एडी जांच से जुड़े होते हैं और उन्हें प्रथक से नहीं देखा जाना चाहिए। यह भी उल्लेख किया जाता है कि दो मामलों को छोड़कर यह केवल एडी और चीन के विरुद्ध सीवीडी जांच से संबंधित है।

ix. निम्नलिखित जांच में अंतर्ग्रस्त उत्पादों का डीजीएस के समक्ष लम्बित मौजूदा जांच पर कम प्रभाव है:

व्यापार उपचारी साधन	अधिरोपणकर्ता देश	प्रभावित देश	शुल्क की रेंज	उत्पाद दायरा	टिप्पणियां
पाटनरोधी	संयुक्त राष्ट्र	चीन	48.99% – 98.74%	वर्ष 2009 से स्टैंडर्ड लाइन और प्रेसर पाइप का मामला	पुराना मामला इसका इस जांच से अधिक समान दायरा है
सब्सिडी	यूएस	चीन	13.66% – 53.65%		
पाटनरोधी	कनाडा	चीन	39.00% – 166.9%	वर्ष 2009 से वेल्डेड और सीमलेस कार्बन तथा अलाय ओसीटीजी माला	पुराना मामला इसका इस जांच से अधिक समान दायरा है
सब्सिडी	कनाडा	चीन	91.26 – 4,070.00 आरएमबी/मीटन		
पाटनरोधी	यूरोपियन यूनियन (ईयू)	चीन	48.3% – 71.9%	स्टेनलेस स्टील सीमलेस पाइप 2011 से मामला	दायरा जांच से बिल्कुल भिन्न है
पाटनरोधी	ईयू	रुस उक्रेन	12.3% – 35.8%	वर्ष 2006 से मामला 4064एमएम तक की ओडी का रिव्यू मामला	बहुत पुराना मामला दायर बिल्कुल भिन्न
पाटनरोधी	चीन	ईयू और जपान	9.2% – 14.4%	उच्च निष्पादन स्टेनलेस स्टील	दायरा इस जांच से पूर्णतया भिन्न

रक्षोपाय (4 वर्ष)	इंडोनेशिया	विकासशील देश के अपवाद को छोड़कर (वैश्विक मामला)	आरपी 28,429 प्रति किग्रा. –आरपी 27,126 प्रति किग्रा. (वर्ष दर वर्ष घटती दर पर)	मामला वर्ष 2012 से ओसीटीजी 14" तक जिसकी उत्पादन क्षमता 750000पीएसआई के समान या उससे अधिक होगी	इस जांच के रुप में बहुत सीमित आइडेन्टिकल दायरा
पाटनरोधी	यूएस	भारत, कोरिया, फिलीपीन्स, सऊदी अरेबिया, ताइवान, थाईलैंड, तुर्की, उक्रेन और वियतनाम	सतत जांच	वेल्डेड और सीमलेस ओटीजी वर्ष 2013 से नया मामला	यह मामला वर्तमान जांच प्रारंभ होने के पश्चात शुरु किया गया और इस जांच के रुप में बहुत सीमित आइडेल्न्टिकल दायरे है
सब्सिडी	यूएस	भारत और तुर्की	सतत जांच		

x. याचिकाकर्ता का "अनपेक्षित व्यापार उपचारी कार्रवाई" संबंधी तर्क ही भ्रामक है क्योंकि अधिकांश उपाय वर्ष 2008-09 से प्रभावी है। पुन: यह प्रस्तुत किया जाता है कि केवल इंडोनेशिया रक्षोपाय मामले नए हैं और नौ देशों (भारत कोरिया फिलिपीन्स, सऊदी अरेबिया, ताईवान, थाईलैंड, तुर्की, उक्रैन और वियतनाम) के विरुद्ध यूएस पाटनरोधी जांच तथा दो देशों (भारत और तुर्की) के विरुद्ध प्रतिवलनकारी जांच वर्तमान जांच प्रारंभ होने के पश्चात अगस्त, 2013 में प्रारंभ की गई थी।

xi. ईयू से भारत को आंकड़े सकल रुप से त्रुटिपूर्ण हैं।

मात्रा में त्रुटि: याचिकाकर्ता द्वारा प्रदान कराए गए 'आयात आंकड़े-जनवरी से मार्च, 2013 (डीजीसीआई एंड एस) अनुबंध के अनुसार आयात मात्रा का 30 प्रतिशत टैव पीयूसी कैट लाइन से 73041910 ट्यूब्स स्पेन के मल से (27315 केटी,(93.51 केटी) है। परंतु यूरोपियन सीमाशुल्क डाटाबेस के अनुसार वर्ष 2012 की चौथी तिमाही और 2013 की पहली तिमाही में कैट 73041910 के भारत को कुल निर्यात 109 टी के ही थे।

कीमत में त्रुटि: इस 27.3 केटी कपलिंग की यूनिट कीमत रुपये 655 होगी (जो~ 10 $ टी के समरुप होगी)। यूरोपियन यूनियन के मूल के कैट 873041990 ट्यूब्स के आयातों के लिए 900 से 1300$ टी के बीच की कीमत पर 4.3 केटी मात्रा रिपोर्ट की गई। परंतु यूरोपियन सीमा शुल्क डाटाबेस के अनुसार कैट 73041990 के भारत को निर्यात वर्ष 2012 की चौथी तिमाही+2013 की पहली तिमाही में 500$टी की औसत कीमत पर हुए।

वर्गीकरण के संबंध में त्रुटि: याचिकाकर्ता ने पीयूसी के अंतर्गत कुछ शीर्षों का त्रुटिपूर्ण वर्गीकरण किया है। इस संबंध में वैलोरेक उल्लेख करता है कि श्रृंखला 7341910 और श्रृंखला 7341990 को केवल लाइन पाइप्स में शामिल करना चाहिए। परंतु घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत किए गए आंकड़ों के अनुसार उन श्रेणियों में से कुछ मदों का वर्णन लाइन पाइप से संबंधित बिल्कुल नहीं है। उदाहरण: ड्रिल ट्यूब, अलाय स्टील, बेयरिंग के लिए ट्यूब्स)

xii. याचिकाकर्ता ने केवल वही जानकारी प्रस्तुत की है जो उसकी जरुरत के अनुकूल है और शुल्क का उद्ग्रहण करने के लिए विश्वास करने योग्य परिदृश्य प्रस्तुत किया है। याचिकाकर्ता द्वारा संदर्भित वस्तु 2009 वैश्विक मंदी का वर्ष था।

xiii. यदि संदर्भ वर्ष 2008 से 2010 को लिया जाता है तो यह स्पष्ट होगा कि ईयू से भारत को निर्यात में कोई वृद्धि हुई ही नहीं है। चीन द्वारा उद्ग्रहित पाटनरोधी उपाय केवल उच्च निष्पादन वाले स्टेनलेस स्टील उत्पादों से संबंधित हैं जो बहुत सीमित टनेज (क्रोम 16 प्रतिशत से अधिक) के है। यह प्रस्तुत किया जाता है कि चीन में शुल्क के अधीन उत्पादों को डीजीएस के समक्ष न केवल वर्तमान जांच के दायरे में शामिल किया गया है और इस प्रकार याचिकाकर्ता का यह कथन कि चीन की बाजार से भारत को आयात का पाटनरोधी शुल्क के कारण विपथन हुआ भी भ्रामक है।

xiv. यूरोस्टेट सांख्यिकी के अनुसार ईयू से कुल आयात में निरंतर कमी हुई है और वर्ष 2013 के पहले छह माह में यह बहुत न्यून स्तर पर पहुंच गया। यह प्रस्तुत किया जाता है कि पीएलपी के बिना (वेल्कोरेक दावा करता है कि पाइपलाइन अभितटीय को पीयूसी से हटा दिया जाए) ई यू से भारत को निर्यात, घरेलू उद्योग द्वारा इंगित किए जा रहे के विपरीत ''संकट के वर्षो'' के पश्चात, में लगातार कमी आई।


निर्यात ईयू-भारत

मीट्रिक टन में	2008	2009	2010	2011	2012	2013 (जनवरी से मई)	2013 वार्षिकीकृत
कुल निर्यात यूई-भारत	130132	86079	136665	120435	98510	21593	51823
पाइप लाइन के बिना	84286	53840	107598	96977	66812	15817	37961

स्रोत: यूरोस्टेट

xv. याचिकाकर्ता का यह निवेदन कि यूएसए में नियोजित नई क्षमताओं का वर्तमान जांच में बिना किसी गुणावगुण के कोई प्रभाव है क्योंकि यह निवेश शाले गैस का विकास करने के लिए केवल यूएस बाजार के लिए थे। यूएसए में विस्तार की योजना के संबंध में यह यूएस बाजार में मांग को पूरा करने के लिए है। चीन की बेशी क्षमता के संबंध में वैलोरेक ने उल्लेख किया कि घरेलू उद्योग की वही चिन्ता यह भी दर्शाती है कि चीन के विरुद्ध पाटन का मामला बनाया जा सकता है जिसके लिए डीजीएस एक उपयुक्त प्राधिकारी नहीं है। इसके अतिरिक्त, जमील पाइप्स वेल्लोरेक द्वारा इसके अधिग्रहण से पहले मौजूद था और इस प्रकार याचिकाकर्ता के लिए यह प्रस्तुत करना असत्य है कि इस संव्यवहार से अतिरिक्त द्वामता का सृजन किया गया क्योंकि संव्यवहार का प्रयोजन सऊदी अरब की कंपनियों को स्थानीय प्रस्ताव सुदृढ़ करने के लिए था।

xvi. जहां तक कच्चे माल की कीमतों में वृद्धि बावजूद आयात की न्यून कीमतों के आरोप के संबंध में वेलोरेक/ट्यूबोस ने प्रस्तुत किया है कि याचिकाकर्ता द्वारा अपने मूल प्रस्तुतिकरण में प्रदान कराए गए आंकड़ों और अपने दिनांक 21.10.2013 के पत्र में प्रदान कराए गए ग्राफिक प्रस्तुतिकरण को एक साथ रखकर देखने से निम्नलिखित स्थिति बनती है:



xvii. भारतीय उद्योग, यद्यपि इसकी लागत में बढ़ोत्तरी हो रही थी, ने वर्ष 2010-11 में अपनी कीमतों में आयात की कीमतों से भी कम कीमत निर्धारण किया था। याचिकाकर्ता ने आयातों की तुलना में अपनी कीमतों में वर्ष 2011-12 और 2012-13 में कम वृद्धि की है जो एक बार पुन: यह दर्शाता है कि घरेलू उद्योग को क्षति स्वयं द्वारा सृजित की गई है।

xviii. घरेलू उद्योग द्वारा प्रदर्शित आयातकों द्वारा कीमत में कमी वर्ष 2009 की तीसरी तिमाही तक पूरे विश्व में कच्चे माल की लागत में कमी के अनुरुप है जिसका वर्ष 2010-11 में उत्पादित पाइपो की लागत पर भी प्रभाव पण है। इसके परिणामस्वरुप ऐसा कोई कारण नहीं है जिससे भारतीय लागत में उसी अवधि में बढ़ोतरी हुई होती और इसके अतिरिक्त यह कि कच्चे माल की कीमतों में वृद्धि के कारण भी नहीं हुआ।

विचाराधीन उत्पाद की बहुत व्यापक परिभाषा दी गई है जिससे कि इसमें उन उत्पादों को भी शामिल किया जा सके जिनका विनिर्माण याचिकाकर्ता द्वारा नहीं किया जाता है।

xix. यह प्रस्तुत किया जाता है कि वर्तमान जांच के प्रयोजनार्थ पीयूसी को बहुत व्यापक रुप से परिभाषित किया गया है और अधोलिखित कतिपय उत्पादों को जांच के दायरे से अलग कर दिया जाना चाहिए क्योंकि याचिकाकर्ता उनका विनिर्माण करने में सक्षम नहीं है और/ या विनिर्मित उत्पाद इस पीयूसी/निविदाकर्ताओं के भारतीय ग्राहकों के तकनीकी विनिर्देशनों को पूरा नहीं करते है:

- आयल कंट्री ट्यूबलर सामान जैसे लाइन पाइप्स, केसिंग पाइप्स उत्पादन ट्यूबिंग आदि क्योंकि घरेलू उद्योग ने उनकरा ओएनजीसी को आपूर्ति करने की निविदा प्राप्त कर ली है।
- हाई प्रेसर सिलिण्डर पाइप्स क्योंकि वे विस्फोटक निदेशक द्वारा अनुमोदित नहीं है।
- पीयूसी की वह मात्रा जिसका भेल द्वारा अपने विद्युत संयंत्रों के लिए आयात किया जाता है जहां भारतीय उत्पादकों ने या तो अर्हता ही प्राप्त नहीं की है या बायलर्स के लिए राइफल ट्यूब्स की गुणवत्ता की समस्या के कारण उन्हें होल्ड पर रखा गया है।

xx. वैलोरेक ट्यूबोस ने उल्लेख किया है कि अभितटीय अनुप्रयोग (परियोजना लाइन पाइप) के लिए प्रयोग किए जाने वाले सीमले स्टील पाइप को वर्तमान जांचद के दायरे से हटा दिया जाना चाहिए क्योंकि इस उत्पाद का उत्पादन या तो विनिर्माता द्वारा किया ही नहीं जाता है या वे निविदार्ताओं की अपेक्षाओं को पूरा नहीं करते है।

xxi. भारतीय ग्राहक इन पाइप्स का आर्डर केवल विदेशी क्वालीफाइड ग्राहकों को ही दे रहे हैं क्योंकि कोई भी स्थानीय प्रदायक इन उत्पादों के तकनीकी विनिर्देशनों को पूरा नहीं करता है और उनको ग्राहक वेण्डर सूची में सूचीबद्ध नहीं किया जाता है।

xxii. जिंदल एसएडब्ल्यू केवल एसएडब्ल्यू पाइप्स की ही आपूर्ति कर सकता है और मुख्य उद्योगों का सीमलेस पाइप्स का उत्पादन करने वाला को संयंत्र नहीं है।

''एसएडब्ल्यू का आशय सबमर्जड आर्क वेल्डेड से होता है और इसका आशय है कि लाइन पाइप के अनुमोदन प्राप्त उत्पादकों की सूची में केवल दो भारतीय उत्पादकों का नाम है (एनएसीई एवं गैर एनएसीई)-(एपीआई मोनोग्राम) जिंदल और मान इंडस्ट्री केवल वेल्डेड पाइप्स के लिए क्वालीफाइड है न कि सीमलेस पाइप्स के लिए।

भारतीय उत्पादक सीमलेस पाइपिंग कार्बन स्टील गैर एनएसीई (अप्रिय गैस के लिए गैर अवरोधक) के लिए क्वालीफाइड हैं देखें पेज 5 मद 13 और वे सीमलेस पाइपिंग कार्बन स्टील एनएसीई के लिए क्वालीफाइड नहीं है(पृष्ठ 3 मद सं.17 देखें)

xxiii. भारतीय उत्पादक प्रीमियम पाइप्स जैसे x52क्यू की आपूर्ति करने के पात्र नहीं है और वे उच्चतर ग्रेड जैसे एक्स 60क्यू का उत्पादन नहीं कर सकते हैं और यही ग्रेड अभितटीय लाइन पाइप कारोबार में सबसे ज्यादा अपेक्षित है और इसलिए उपर्युक्त उत्पादों को वर्तमान जांच के दायरे से हटा दिया जाना चाहिए।

xxiv. यह भी उल्लेख किया जाता है कि अभितटीय अनुप्रयोग के लिए लाइन पाइपों को भी हटा दिया जाना चाहिए क्योंकि उनकी सामान्यत: आपूर्ति भारतीय भूभागीय जल से बाहर होती है।

xxv. यदि भारतीय कंपनियों द्वारा आयातित ट्यूब्स एवं पाइप्स पर रक्षोपाय शुल्क व वसूल किया जाता है तो इसका इन उत्पादों के अंतिम प्रयोक्ता की लागत वृद्धि होने का प्रभाव पड़ेगा और इन उत्पादों की कमी हो जाएगी। अत: यह प्रस्तुत किया जाता है कि जब तेल एवं गैस कंपनियों जैसी कंपनियां जनता की सेवा कर रही हैं तो उस पर रक्षोपाय शुल्क लगाना जनहित में नहीं होगा।

xxvi. ट्यूबोस ने उल्लेख किय कि हीट एक्सचेंजर पाइपों और पैट्रोकैमिकल ट्यूब्स (कार्बन और अलाय सामग्री) के लिए कोल्ड ड्रान बायलर्स के आयात को वर्तमान जांच के दायरे से अलग कर दिया जाना चाहिए क्योंकि उक्त उत्पाद के आयातों का प्रभाव भारतीय विनिर्माताओं पर नहीं पड़ेगा क्योंकि यूरोपियन बाजार हिस्सा न्यूनतम का नगण्य है।

xxvii. मर्टेक्स ने प्रस्तुत किया है कि वर्तमान जांच के विचाराधीन उत्पाद के दायरे में शामिल उत्पाद में से याचिकाकर्ता निम्नलिखित का विनिर्माण करने में सक्षम नहीं है:

4-1/2 टयूबिंग: ट्यूबिंग केसिंग की तुलना में कम ब्यास का पाइप होता है जो 1.050 और 4.500 के बीच होता है। ट्यूबिंग को केसिंग के अंदर संस्थापित किया जाता है और इसका प्रयोग तल तक तेल या गैस ले जाने के लिए किया जाता है।

ड्रिल पाइप: आई एसएमटी सहित कोई भी याचिकाकर्ता/समर्थाकर्ता इस उत्पाद का विनिर्माण करने के लिए तकनीकी रुप से क्वालीफाइड नहीं है।

ग्रेड एन-80 और जे-55 के अलावा 9-5/8 ग्रेड के केसिंग पाइप: आईएसएमटी उच्चत ग्रेडों का निर्माण करने में सक्षम नहीं है इसके अतिरिक्त, आईएसएमटी एल-80, पी-10, सी-95, क्यू-125 ग्रेड का उत्पादन करने में सक्षम नहीं है।

ट्यूविंग्स: आईएसएमटी लिमिटेड ने विकास/परीक्षण आदेश के लिए अनुरोध किया है।

xxviii. पीयूसी के दायरे के अंतर्गत आने वाले और निम्नलिखित तालिका में दर्शाए गए को आईएसएमटी, निविदा सं. जेडएनसीआर सी 12004 दिनांक 18.12.2012, ओएनजीसी द्वारा दायर, द्वारा विकास आदेश के रुप में प्रकट हुआ है।

मद सं.	विवरण
09	9-5/8",एल-8047#,बीटीसी
10	9-5/8",पी-110, 47पीपीएफबीटीसी
11	9-5/8",क्यू-125, 53.5 पीपीएफबीटीसी
12	7",एल-80,26 पीपीएफबीटीसी
13	7" 29पीपीएफ एल-80 बीटीसी

14	7"पी-110,29पीपीएफ बीटीसी
17	5-1/2"20पीपीएफ पी-110 बीटीसी
18	5-1/2"17पीपीएफ एल-80 बीटीसी
24	9-5/8" एल-8047# बीटीसी
26	9-5/8" पी-110, 47 पीपीएफ बीटीसी
27	7" एल-80,26 पीपीएफ बीटीसी
28	7" 29पीपीएफ एल-80 बीटीसी
31	5-1/2" 20पीपीएफ पी-110 बीटीसी

xxix. मर्टेक्स ने प्रस्तुत किया है कि उक्त निविदा में आईएसएमटी ने 31248.56 एमटी का विकास/परीक्षण आदेश के लिए प्लेस किया था। जब याचिकाकर्ता इतने विलम्ब से आदेश प्रस्तुत करते हैं तो मर्टेक्स को क्षति के दावे के लिए दोषी किस तरह ठहरा सकते है।

xxx. यह प्रस्तुत किया गया कि याचिकाकर्ता ने कतिपय ग्रेडों का प्रस्ताव किया है क्योंकि वे उनका निर्माण नहीं करते हैं और यदि उन्होंने उसका प्रस्ताव किया है तो वह केवल विकास आदेश के रुप में प्रतीत होता है।

xxxi. याचिकाकर्ता ओएनजीसी द्वारा निकाले गए टेंडर में निर्धारित अपेक्षाओं को पूरा करने के कारण क्वालीफाई नहीं कर पाया। ओएनजीसी की जरुरतों के अनुरुप पीयूसी का उत्पादन करने में याचिकाकर्ता की अक्षमता से रक्षोपाय शुल्क लगाने की मांग नहीं की जा सकती है।

अपर्याप्त साक्ष्य, सूचना और याचिका के अगोपनीय सार से संबंधित प्रकार्यात्मक मुद्दों के संबंध में

xxxii. याचिकाकर्ता अपनी याचिका में घरेलू उद्योग द्वारा सकारात्मक समायोजन करने के संबंध में किए जा रहे प्रयासों संबंधी किसी सूचना का प्रकटन नहीं किया है।

xxxiii. आयात, घरेलू उत्पादन, घरेलू बिक्रियों और बाजार हिस्सा के संबंध में याचिका तथा जांच शुरुआत नोटिस में अंतर याचिकाकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत जानकारी की विश्वसनीयता और यथार्थता पर प्रश्न चिह्न लगा देता है।

xxxiv. उत्तरोतर उदारीकरण सहित सकारात्मक समायोजन करने के लिए घरेलू उद्योग द्वारा किए जा रहे प्रयासों और उपायों के संबंध में सूचना का प्रकटन न कर पाना रक्षोपाय शुल्क नियमावली के नियम 5(2) (ख) का उल्लंघन है:

''किए जा रहे या किए जाने के लिए योजना के प्रयासों या दोनों का विवरण आयात प्रतिस्पर्धा के साथ सकरात्मक समायोजन करने हेतु''

xxxv. ऐसी सूचना के प्रावधान के अभाव तथा डीजीएस के समक्ष सार्वजनिक सुनवाई के दौरान किए गए अभ्यावेदन पर डीजीएस ने याचिकाकर्ताओं को अनुदेश दिया कि वे सभी हितबद्ध पक्षकारों को 6.09.2013 तक अगोपनीय पाठ प्रदान कराएं। डीजीएस के उक्त आदेश के अनुसरण में याचिकाकर्ताओं ने अपनी-अपनी कंपनियों के लिए पुनर्गठन योजना का अगोपनीय पाठ उपलब्ध कराया।

xxxvi. वेल्लोरेक, ट्यूबोस और मर्टेक्स ने प्रस्तुत किया है कि सकारात्मक समायोजन के लिए उठाए जा रहे कदम में ऐसे किसी आंकड़ों का प्रकटन नहीं किया गया है जिसमें किसी 'व्यवसाय प्रापरीटरी सूचना, जिसका सार तैयार न किया जा सकता हो' का दावा नहीं किया गया। अत: यह प्रस्तुत किया जाता है कि याचिकाकर्ता सकारात्मक समायोजन के लिए किए जाने वाले प्रयासों से संबंधित सूचना का प्रभावी प्रकटन करने में अक्षम रहे।

xxxvii. वेल्लोरेक, टयूबोस और मर्टेक्स ने स्टरलाइट इंडस्ट्रीज इंयिा लिमिटेड बनाम निर्दिष्ट प्राधिकारी तथा अन्य के मामले में माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्णय पर भरोसा किया है। अधिनियम की धारा 9क तथा पाटनरोधी संबंधी नियमों का निपटान करते हुए माननीय उच्चतम न्यायालय ने निर्णय दिया कि गोपनीय सूचना के साथ-साथ उसका अगोपनीय पाठ अवश्य दिया जाए।

xxxviii. याचिकाकर्ताओं द्वारा आंकड़ों का किसी प्रभावी प्रकटन के अभाव में वेल्लोरेक ट्यूबोस और मर्टेक्स की अपने हितों की समुचित रक्षा करने की विधायी प्रक्रिया धीरे-धीरे कम हो गयी।

याचिकाकर्ताओं ने अर्थक्षम समायोजन योजना प्रकटन नहीं किया

xxxix. घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावित पुनर्गठन योजना सीमित प्रकटन विवरण यह दर्शाता है कि वह घरेलू उद्योग द्वारा संसाधनों जैसे कच्चे माल का बेहतर उपयोग, विद्युत और ऊर्जा तथा कार्मिकों एवं मालसूची प्रबंधन, उत्पादन एवं प्रसंस्करण लागत में कमी आदि के कार्यकुाश्ल प्रबंधन पर आधारित है।

xl. प्रस्तावित पुनर्गठन योजना उस तरीके का प्रकटन नहीं करती है जिसक प्रयोग करके याचिकाकर्ता अपने लक्ष्य प्राप्त करेगा। इस क्रियाप्रणाली का प्रकटन के अभाव में यह स्पष्ट नहीं है कि कार्यकुशलता बढ़ाने वाले इन योजनाओं को कार्यरुप में किस तरह परिणत किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, प्रस्तावित पुनसमायोजन के अनुरुप आंकड़ों का दावा करके और उपर्युक्त क्रियापद्धति का प्रकटन न करके याचिकाकर्ताओं ने वेल्लोरेक और ट्यूबोस वर्तमान याचिका में खुद को रक्षित रखने में असमर्थ रहा।

याचिकाकर्ताओं को कोई गंभीर क्षति नहीं हुई और क्षति (यदि कोई) अन्य कारकों के कारण हुई है।

xli. याचिकाकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत सूचना के अनुसर घरेलू बिक्रियों में वर्ष 2009-10, 2010-11, 2011-12 और 2012-13 में 100-106-12-96 की वृद्धि हुई। वित्त वर्ष 2012-13 में बिक्री में गिरावट उक्त वित्त वर्ष में आयातों में गिरावट के अनुरुप है।

xlii. मांग में याचिकाकर्ताओं के बाजार हिस्से के संबंध में वह वित्त वर्ष 2009-10, 2010-11, 2011-12 और 2012-13 में 47-46-43-38 के रुप में रहा।

xliii. बाजार हिस्से में थोड़ी सी गिरावट इस तथ्य के कारण आई कि याचिकाकर्ता पीयूसी के कतिपय ग्रेडों के लिए मांग को पूरा करने में अक्षम रहा और इस जरुरत के लिए आयातों ने रिक्त स्थान को भरा है। इन उत्पादों का अपवर्जन करने के लिए आयात आंकड़ों को अपनाया जाना चाहिए।

xliv. याचिकाकर्ताओं के रोजगार में वित्त वर्ष 2009-10, 2010-11, 2011-12 और 2012-13 में निम्नलिखित सीक्वेन्स (3588-4010-4380-4884) में वृद्धि हुई। नए कर्मचारियों की भर्ती यह दर्शाती है कि याचिकाकर्ता अच्छा व्यवसाय कर रहे है।

xlv. मर्टेक्स ने प्रस्तुत किया है कि मालसूची का संग्रह इस तथ्य के आधार पर है कि विकासात्मक आर्डर दिए जा रहे हैं और यह कि याचिकाकर्ता उप-स्टैण्डर्ड उत्पादों का विनिर्माण करते हैं जो ओएनजीसी जैसे निविदाकर्ताओं की जरुरतें पूरा करने में अक्षम हैं।

xlvi. याचिकाकर्ताओं ने घरेलू बाजार में मांग से अधिक क्षमता संस्थापित कर रखी है इसलिए मालसूची का संग्रह होना आवश्यक है।

xlvii. महाराष्ट्र सीमलेस लिमिटेड की वार्षिक रिपोर्ट 2010-11 में उल्लेख है कि कंपनी ने 341.66 करोड़ रुपये का निवल लाभ प्राप्त किया।

xlviii. भारत को कम निर्यात कीमत के संबंध में यह कहा जा सकता है कि भारतीय बाजार में निर्यात संव्यवहार अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मक बोली द्वारा होता है। इसका आशय यह है सभी निविदा बोली दस्तावेजों में निर्धारित शर्तों के अनुरुप बोली लगाते हैं।

xlix. किसी उत्पाद जिसके लिए निविदाएं/प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं आपूर्तिकर्ताओं द्वारा सीलबद्ध निविदा में प्रतिस्पर्धात्मक बोली द्वारा डिक्टेट किया जाता है। सभी प्रदायक अपनी कीमत बोली अपनी कीमत निर्धारण और मार्जिन पर लगाते हैं ओर निविदा आमंत्रित करने वाले प्राधिकारी न्यूनतम कीमत को स्वीकार करता है।

l. आईसीबी प्रक्रिया क्रेताओं के हितों की रक्षा करता है और 'क्रेता बाजार' स्थापित करता है जिसमें क्रेतागण एकाधिकार क्रेता की स्थिति प्राप्त कर लेते हैं। इस प्रकार क्रेतागण आईसीवी प्रक्रिया का प्रयोग सर्वोत्तम कीमतें प्राप्त करने के लिए करते है और सफल बोलीदाता वह व्यक्ति होता है जो प्रतिस्पर्धात्मक कीमत बोलियों के बीच न्यूनतम बोली लगाता है।

li. याचिका का संहत पाठ यह सुझाता है कि रक्षोपाय साधन का अधिरोपण करने के बजाय पाटन के लिए एक मामला बनाया जा रहा है। इस संबंध में निम्नलिखित उद्धरण के प्रति याचिका में डीजीएस का ध्यान आकृष्ट किया जा रहा है:

- 'कच्चे माल की वैश्विक कीमतों में संपूर्ण क्षति अवधि के दौरान वृद्धि हो रही है जिसकी बजह से विचाराधीन उत्पाद की कीमतों में वैश्विक वृद्धि हुई। तथापि विदेशी उत्पादकों ने कच्चे माल की कीमतों में वृद्धि के अनुरुप वृद्धि नहीं की इसलिए सम्बद्ध वस्तु घरेलू उद्योग तथा अन्य देशों की तुलना में कम रही।'
- आयातों तथा घरेलू उद्योग की बिक्री के बीच कीमतों का अंतर बहुत अधिक है और इसके बढ़ने की संभावना है। अत: सम्बद्ध वस्तु का आयात बहुत आकर्षक बने रहने की संभावना है।''

lii. प्रतिवादियों ने आईएसएमटी की वार्षिक रिपोर्ट 2011-12 से निम्नलिखित उद्धरण प्रस्तुत किया।

'उपभोक्ता सेक्टर में किसी मंदी और चीन के विनिर्माताओं से पाटन के स्तर में वृद्धि आपकी कंपनी के मार्जिन को चुनौती उत्पन्न कर सकती है। आपकी कंपनी भारत सरकार से सतत लम्बी बनाए रखेगी जिससे चीन द्वारा पाटन से घरेलू बाजार की रक्षा की जा सके।'

liii. आई एसएमटी की वर्ष 2009-10 की वार्षिक रिपोर्ट में निम्नलिखित उल्लेख किया गया है

''.. विकसित राष्ट्रों की बाजारों में बढ़ते शुल्क का सामना करके चीन अब विश्व के शेष भागों जैसे मध्यपूर्व, उत्तर अफ्रीका, दक्षिण पूर्व भारत में सीमलेस ट्यूब्स का पाटन कर रहा है।''

liv. प्रतिवादियों ने एमएलएस की वर्ष 2009-10 और 2010-11 की वार्षिक रिपोर्ट का भी उल्लेख किाय है जिससे यह सुझाव मिलता है कि रक्षोपाय साधन के अलावा पाटनरोधी का मामला तैयार किया जा रहा है।

lv. सीमाशुल्क प्रशुल्क (रक्षोपाय शुल्क का आकलन एवं पहचान) नियमावली, 1997 ('रक्षोपाय नियम') के नियम 8 के अनुबंध के अनुसार जब सम्वर्धित आयातों के अलावा अन्य कारक घरेलू उद्योग को क्षति कारित हो रही हो तो (उदाहरार्थ पाटन) ऐसी क्षति के लिए बढ़ते आयातों को जिम्मेदार नहीं कहा जा सकता है तदनुसार महानिदेशक को यह मामला पाटनरोधी प्राधिकारी या प्रतिवलनकारी शुल्क प्राधिकारी को अंतरित कर देना चाहिए।

lvi. याचिकाकर्ता द्वारा याचिका के अंतर्गत दावाकृत, रक्षोपाय शुल्क के अधिरोपण की मांग करते हुए कथित क्षति निम्नवत है:

- घरेलू उद्योग के हिस्से में कमी आई है
- आयातित उत्पाद की कीमतें स्थानीय उद्योग की कीमतों से कम हैं
- घरेलू उद्योग के क्षमता उपयोग में कमी आती है।
- घरेलू उद्योग की लाभप्रदायकता में कमी आई है।
- घरेलू उद्योग की मालसूची में वृद्धि हुई है।

lvii. प्रतिवादियों ने प्रस्तुत किया है कि इन कारकों पर डीजीएडी द्वारा नियम 8 के अनुबंध में उल्लिखित पाटनरोधी जांच के दायरे में विचार करना चाहिए।

lviii. कथित पाटन द्वारा की गई क्षति, जैसा कि वार्षिक रिपोर्टों और याचिका में की गई स्वीकारोक्तियों से स्पष्ट है, को आयातों द्वारा कारित की जा रही क्षति से प्रथक करके नहीं देखा जा सकता है और इसलिए रक्षोपाय शुल्क के लिए यह आवेदन बनाए नहीं रखा जा सकता है।

lix. स्टायरीन ब्यूटाडाइन रबड़ से संबंधित रक्षेपाय जांच, जिसे 26.02.1998 को रोक दिया गया और अंतत: 1.05.1998 को, डीजीएडी द्वारा 7.04.98 को पाटनरोधी जांच प्रारंभ कर दिए जाने से कारण बंद कर देना पड़ा।

lx. प्रतिवादियों ने प्रस्तुत किया है कि याचिकाकर्ताओं को कारित क्षति स्वयं स्फूत है और यह कि कभी कभार हुई क्षति ओएनजीसी जैसी कंपनियों द्वारा निकाली गयी विभिन्न निविदाओं के लिए बोली के दौरान घरेलू उद्योग के संघटकों के बीच कीमत प्रतिस्पर्धा के कारण हुई है।

lxi. याचिकाकर्ता विदेशी विनिर्माताओं/निर्यातकों द्वारा प्रस्तुत कीमत को पूरा करने में सक्षम नहीं है यह तर्क सही नहीं है क्योंकि यह एक ऐसी प्रवृत्ति रही है जिसमें जिंदल एसएडब्यलू एमएसएल या आईएसएमटी द्वारा उदधृत कीमतों का मुकाबला करने के लिए अक्सर अपनी कीमतें कम कर देता है।

lxii. बोली प्रक्रिया के दौरान यह पाया गया कि याचिकाकर्ताओं तथा घरेलू उद्योग ने अधिकांश विदेशी उत्पादकों/निर्यातकों से कम कीमतें प्रस्तुत की है जो क्षति के दावे को नकार देता है। उदारहण के लिए ओएनजीसी द्वारा आमंत्रित दिनांक 1.2.2008 की निविदा संख्या एनओजेडएनसीजेसी07008 बीटीसी केसिंग के मामले में यह देखा गया कि मर्टेक्स यूके द्वारा प्रस्तुत कीमतें एल1 और एल2 द्वारा प्रस्तुत कीमतों से 276 रुपये अतिरिक्त थी जिसमें आईएसएमटी द्वितीय बोलीदाता था।

कारणत्व का कोई साक्ष्य नहीं

lxiii. जब तक इस तथ्य का कोई साक्ष्य न हो कि आयातों की बढ़ी हुई मात्रा घरेलू उद्योग जो समान या प्रत्यक्षत: प्रतिस्पर्धी उत्पादों का उत्पादन करता है, को गंभीर क्षति की गई हो या गंभीर क्षति करने की चुनौती दी गई हो, तब तक रक्षोपाय शुल्क अधिरोपित या उसमें वृद्धि नहीं की जा सकती है।

lxiv. प्रतिवादियों ने प्रस्तुत किया कि कथित वर्धित आयातों और घरेलू उद्योग को गंभीर क्षति के बीच कारणात्मक संबंध मौजूद होना चाहिए। वर्तमान जांच में कथित क्षति घरेलू उद्योग के हिस्से में कमी, स्थानीय उद्योग की कीमतों की तुलना में आयातित उत्पाद की कम कीमतें, घरेलू उद्योग के क्षमता उपयोग में कथित कमी, घरेलू उद्योग की लाभप्रदायकता में कथित गिरावट तथा घरेलू उद्योग की मालसूची में बढ़ोतरी के संकेतक मौजूद है। यह प्रस्तुत किया गया कि घरेलू उद्योग को क्षति और आयातों के बीच कारणात्मक संबंध टूट गया है क्योंकि कथित क्षति के लिए उपर्युक्त कारणों को पाटन के साथ जोड़ा जा सकता है जिसके लिए डीजीएडी द्वारा समुचित जांच की जानी चाहिए।

घरेलू उद्योग का आधार

lxv. याचिकाकर्ता घरेलू उद्योग के 'बड़े भाग' का प्रतिनिधित्व करने की अपेक्षा को पूरा नहीं करते है। किसी व्यापार उपचार जांच में केवल 50 प्रतिशत से अधिक उत्पादन होने पर कुल उत्पादन के बड़े भाग का दावा करने और तद्वारा घरेलू उद्योग के रुप में याचिका दायर करने का हम नहीं बन जाता है। वैलोरेक और ट्यूब्स ने पाटनरोधी डब्ल्यूटीओ करार के अनुच्छेद 4.1 का निर्वचन करने के लिए 397-ईसी स्टील फासेनर्स में अपीलीय निकाय के निर्णय पर भरोसा किया है।

ग. नेशनल इंजीनियरिंग इंडस्ट्रीज लिमिटेड, कोलकाता

i. नेशनल इंजीनियरिंग इंडस्ट्रीज लिमिटेड (एनबीसी) बाल एवं रोलर बेयरिंग का अग्रणी विनिर्माता और 1000 से अधिक आकार के प्रति वर्ष 100 मिलियन बेरिंग का उत्पादन करता है और 5 उपमहाद्वीपों के भारत तथा 21 अन्य देशों के ग्राहकों की सेवा करता है।

ii. बेरिंग उद्योग के लिए मुख्य कच्चा माल टैरिफ मद 73045110 (एसएई 52100, एसएई 8720 और एसयूजेड) की बेरिंग ग्रेड का सीमलेस स्टील ट्यूब और स्टील बाल्स है।

iii. कंपनी बेरिंग ग्रेड सीमलेस स्टील ट्यूब्स की लगभग संपूर्ण जरुरत का आयात करती है।

iv. आईएसएमटी दायरे विनिर्देशनों के अनुरुप (मोटाई) के ट्यूब्स की आपूर्ति करने में अक्षम है जिससे 7 प्रतिशत तक माल बेकार चला जाता है और इस मोटाई को कम करने के लिए अतिरिक्त प्रोसेसिंग लागत लगती है।

v. आईएसएमटी के गंभीर सुपुर्दगी मुद्दे भी है। निर्धारित समय के अंतर्गत आर्डर पूरे नहीं किए जाते हैं।

vi. अभी हाल ही में आईएसएमटी ने दिनांक 30 सितम्बर, 2013 के बीजक संख्या डीएएल-1304509 के तहत टीएमबी 6007 आउटर और टीएमवी 6306/25 इनर बेरिंग ट्यूब की आपूर्ति की है। यह ट्यूब कठोर गुणवत्ता

मानको को पूरा करने में असफल रहे और कंपनी ने अक्तूबर, 2013 को शिकायत सं. सीएमपीएल 001929 दर्ज की है।

vii. आईएसएमटी के उत्पाद अवमानक गुणवत्ता के हैं इसलिएहमें आयात का आश्रय लेना पड़ता है।

viii. सार्वजनिक सुनवाई के समय घरेलू उद्योग ने वाणिज्यिक विवाद के रुप में गुणवत्ता का मुद्दा उठाया था और इसलिए यह वर्तमान जांच के लिए अनादरयुक्त है। एनईआई द्वारा यह प्रस्तुत किया जाता है कि 'समान वस्तु या प्रत्यक्षत: प्रतिस्पर्धी वस्तु' का निर्धारण करने का सर्वाधिक मान्य मापदंड 'ग्राहक अववोधन' है और यदि ग्राहक अववोधन में घरेलू वस्तु की गुणवत्ता निर्धारित मानक के अनुरुप नहीं है तो उसे आयातित वस्तु के समान वस्तु या प्रत्यक्षत: प्रतिस्पर्धी वस्तु के रुप में नहीं माना जा सकता है।

ix. बेरिंग ग्रेड स्टील ट्यूब पर रक्षोपाय शुल्क की उगाही का बेरिंग उद्योग पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा।

x. शिकायकर्ताओं ने विचाराधीन उत्पाद की परिभाषा में सभी अनुप्रयोगों के लिए सभी ग्रेडों के सभी प्रकार के सीमलेस स्टील ट्यूब को शामिल कर लिया है।

xi. प्रथम दृष्टया बैरिंग ग्रेड के सीमलेस ट्यूब (एसएई 52100 एसएई 8720 और एसयूजे 3) को पीयूसी के दायरे में शामिल किया गया है।

xii. डीजीएस ने 'एल्युमिनियम फ्लैट रोल्ड प्रोडक्ट्स और एल्युमिनियम फ्वाइल-पीआरसी' में समान वस्तु या प्रतयक्षत: प्रतिस्पर्धी वस्तु का मूलयांकन करने के लिए निम्नलिखित पैरामीटर्स निर्धारित किए हैं-

- 'समान वस्तु' के मामले में क्या तुलना के अधीन दो मदें सभी तरह से बिल्कुल समान या सुदृश हैं
- तकनीक गुणधर्म
- अन्त:परिवर्तनीयता एवं प्रयोग
- संभावित प्रयोग
- विपणन सरणी
- कीमत आदि

xiii. डीजीएस ने उन मामलों में रक्षोपाय शुल्क अधिरोपित करने से मना कर दिया जहां 'समान या प्रत्यक्षत: प्रतिस्पर्धी' का दावा तथ्यों एवं विधि के अनुरुप विवादाधीन होता है। एनईआई ने महानिदेशक (रक्षोपाय) एवं डब्लयूटीओ अपीलीय जांच परिणाम में निम्नलिखित पाया है:-

- प्लेन पार्टिकल बोर्ड (पैरा 57-60)
- हाट रोल्ड क्वाइल्स/शीट्स/स्ट्रिप्स (पैरा 66-69)
- आक्सो अल्कोहल
- कारबन ब्लैक
- यूएसए लैम्ब
- यूएसए स्टील उत्पाद (पैरा 319)
- कोरिया-अल्कोहलिक पेय (पैरा 142-145)

xiv. सभी सीमलेस ट्यूब्स एक जैसे नहीं है। विभिन्न वर्गीकरणों के बीच भारी कीमत अंतर है जो स्पष्टत: यह सिद्ध करता है कि विभिन्न शीर्षकों के टयूब्स प्रतिस्थापनीय नही है। यही तर्क वित्त वर्ष 210314 के प्रथम पांच महीनों के लिए किए गए आयातों पर भी लागू होता है-

	एचएस 73045110 (अप्रैल –अगस्त,2013)		
वर्ष	आयात (एमटी)	आयातों का मूल्य (लाख	दर प्रति एमटी

		रुपयें में)	(रुपये)
चीन पीआरपी	3630.10	2547.2998	70172
फिनलैंड	5500	8.75982	159269
जर्मनी	9.949	15.75368	158344
इटली	4.14	19.55856	472429
जापान	3.862	16.52759	427954
स्पेन	34.269	82.39855	240446
स्वीडन	1.871	19.25848	1029315
ताइवान	5.440	13.78522	253405
थाइलैंड	6.116	25.05924	409733
यूएसए	0.520	0.55026	105819
कुल	3701.770	2748.9512	74260

xv शिकायकर्ताओं के अंतिम प्रयोक्ता मुख्यत: ओसीटीजी का प्रयोग करने वाले ऊर्जा सेक्टर, संनिर्माण एवं इंजीनियरिंग ग्राहक जोस्ट्रक्चरल एवं बायलर पाइपों का प्रयोग करते हैं। शिकायतकर्ता को जो निविदा प्राप्त नहीं हुई वह ओएनजीसी, ओआईएल और बीएचईएल की है जो ओसीटीजी एवं बायलर पाइप्स का प्रयोग करते है।

xvi बेरिंग ग्रेड ट्यूब्स केलाइन, बायलर और अन्य ट्यूबों की तुलना में भिन्न भौतिक एवं रासायनिक गुण होते हैं। इन टयूबों का प्रयोग कन्यूट आफ लिक्विड या गैस के रुप में नहीं किया जाता है और इसलिए उन्हें ओसीटीजी या बायलर पाइप्स के लिए प्रतिस्थापित नहीं किया जासकता है।

xvii डीआई बैरिंग ग्रेड स्टील ट्यूबों के आयात के कारण क्षति की कोई चुनौती सिद्ध करने में असमर्थ रहा है।

xviii सभी तीन शिकायकर्ता की ओसीटीजी एवं बायलर सेगमेंट में भारी उपस्थिति है। आईएसएमटी केवल एकमात्र और सुस्थापित घरेलू विनिर्माता है परंतु वह कुछ गंभीर मुद्दों से पीड़ित है।

xix अलग-अलग उत्पादों की जांच पर पूर्णतया विभिन्न परिणाम प्राप्त होंगे और इसलिए उत्पादों के त्रुटिपूर्ण समूहीकरण पर आधारित वर्तमान जांच के त्रुटिपूर्ण परिणाम होंगे जिससे बैयरिंग उद्योग को क्षति होगी।

xx. वर्ष 2009-10 और 2010-11 के आधार पर प्रवृत्तियों का विश्लेषण विपरीत परिणाम प्रदर्शित करेगा। सूचीकरण करने के लिए वर्ष 2010-11 को आधार वर्ष के रुप में लिया जाना चाहिए, न कि 2009-10 जिसे जांच शुरुआत नोटिस के समय लिया गया था।

कंपनी के उत्पाद अर्थात बैयरिंग को एचएस 73045110 में शामिल किया जाता है और इसलिए विवरण एचएस 73045110 के आधार पर अलग-अलग और एचएस 73.04 के कुल आधार पर प्रस्तुत किए जाते हैं।

वर्ष 2009-10 वार्षिकीकृत में आयातों के आधार पर वर्ष 2013-14 के दौरान चालू आयात केवल 77.31 प्रतिशत है जो 6.23 प्रतिशत की ऋणात्मक वार्षिक मिश्रित वृद्धि है।

वर्ष 2010-11 वार्षिकीकृत के आधार पर वर्ष 2013-14 के दौरान चालू आयात 64.15 प्रतिशत है जो 13.76 प्रतिशत की ऋणात्मक वार्षिक मिश्रित वृद्धि है। सभी वर्षों के आयात आधार वर्ष 2010-11 के आयातों से कम है।

	एचएस 7304		
वर्ष	आयात (एमटी)	अनुक्रमित आधार 2009-10	अनुक्रमित आधार 2010-11
2009-10	329606	100	
2010-11	354821	107.65	100
2011-12	426290	129.33	1201.14
2012-13	408324	123.88	115.08
2013-14			
अप्रैल-अगस्त,2013	107876.275		
वार्षिकीकृत	258903.06	78.55	72.97

वर्ष 2009-10 वार्षिकीकृत आयातों के आधार पर वर्ष 2013-14 के दौरान चालू आयात केवल 78.55 प्रतिशत है जो 5.86 प्रतिशत की ऋणात्मक वार्षिक मिश्रित वृद्धि है।

वर्ष 2010-11 वार्षिकीकृत आयातों के आधार पर वर्ष 2013-14 के दौरान चालू आयात केवल 72.97 प्रतिशत है, जो 9.97 प्रतिशत की ऋणात्मक वार्षिक मिश्रित वृद्धि है।

xxi. शिकायतकर्ता असदृश सीमलेस स्टील पाइप्स और वेल्डेड पाइप्स डक्टाइल पाइप्स, स्टील इन्गाट्स, बार्स और प्रोफाइल्स का विनिर्माण बिक्री करते है।

xxii. बैरिंग ग्रेड सीमलेस स्टील ट्यूब्स के लिए लेखापरीक्षित निष्पादन और वित्तीय आंकेड़ों उपलब्ध नही है और इसलिए आयात प्रवृत्ति और कारणात्मक क्षति का कोई विश्लेषण, बैरिंग ग्रेड सीमलेस स्टील टयूब के आयातों में उद्रेक के कारण उपलब्ध नहीं है।

xxiii. प्रत्येक उत्पाद की जांच करना आवश्यक है जैसाकि आन्ध्रा पैट्रोकैमिकल्स लिमिटेड बनाम निर्दिष्ट प्राधिकारी में माननीय अधिकरण ने उत्पादित किया है।

xxiv डीआई द्वारा प्रस्तुत आयातों के विवरण में वेल्डेड तथा सीमलेस ट्यूब के अलावा अन्य के आयात आंकड़े भी उपलब्ध है जो विश्वसनीय नहीं है।

xxv. सीमलेस ट्यूब्स और पाइप्स के आयातों में कोई उद्रेक नहीं है मात्रात्मक वृद्धि घरेलू उत्पादन में वृद्धि के अनुरुप है। यह वृद्धि धीरे-धीरे हुई है, न कि एकाएक, तीव्र औ बहुत अधिक जिस कारण रक्षोपाय शुल्क लगाना आवश्यक लगे।

xxvi बैरिंग ग्रेड ट्यूब्स के आयातों में अभी हाल में कोई भारी वृद्धि नहीं हुई है, बल्कि रुपये का अवमूल्यन होने के कारण उसमें तीव्र गिरावट आई है।

xxvii ऐसा कहा गया है कि अनपेक्षित विकास के परिणामस्वरुप आयात में वृद्धि के कारण पाटनरोधी शुल्क या रक्षोपाय शुल्क लगायाजाए। ईयू ने सीमलेस स्टील पाइप्स और टयूब्स के आयातों पर 1997 से पाटनरोधी शुल्क अधिरोपित कर रखा है और इसलिए इसे अनपेक्षित विकास नहीं कहा जा सकताहै।

xxviii विश्व का कोई भी देश बैयरिंग ट्यूब्स पर संरक्षात्मक शुल्क नहीं लगाता है।

xxix. फारेक्स क्षति के कारण भारी क्षति के लिए आयातों में काल्पनिक वृद्धि को उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता है।

xxx. रक्षोपाय शुल्क अवमानक वस्तु का विनिर्माण करने वाले घरेलू उद्योग को संरक्षा प्रदान करने के लिए एक साधन नही होना चाहिए।

xxxi. सार्वजनिक सुनवाई के दौरान घरेलू उद्योग ने कहा कि रक्षोपाय शुल्क का प्रथम वर्ष 35 प्रतिशत द्वितीय वर्ष 25 प्रतिशत और तीसरे वर्ष 15 प्रतिशत प्रभाव होगा जो बैयरिंग की कीमतों के लिए नगण्य होगा।

xxxii घरेलू उद्योग द्वारा अपनाई गई कीमतें उत्पाद की प्रचलित कीमतें नहीं हैं। इस कीमत के स्रोत का स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है और इसलिए आंकड़ों का सत्यापन करना संभव नहीं है।

xxxiii. कंपनी का 98 प्रतिशत उत्पाद मूल उपकरण विनिर्माताओं को बेचा जाता है और प्रतिस्थापन बाजार में बिक्री केवल 2 प्रतिशत है।

xxxiv. कंपनी द्वारा अपने ग्राहकों से कीमत ली लाती है और रक्षोपाय शुल्क लगाने का निम्नलिखित प्रभाव होगा।

बैंयरिंग सिम्बल	रिंग कीमत (रुपये./सं.)	ग्राहकों की वैयरिंग कीमत	रक्षोपय शुल्क का अंतर (वर्ष1)	रक्षोपय शुल्क का अंतर (वर्ष 2)	रक्षोपय शुल्क का अंतर (वर्ष 3)
		(रुपये./सं.)	35%	25%	15%
6205	14.28	67.00	7.46%	5.33%	3.20%
6206	22.22	94.00	8.27%	5.91%	3.55%
6304	15.47	41.53	13.04%	9.31%	5.59%
6305	25.41	69.00	12.89%	9.21%	5.52%

रक्षोपाय शुल्क का यह प्रभाव 7.5 प्रतिशत से 13.1 प्रतिशत के बीच है।

बैयरिंग की बिक्री कीमत के प्रतिशत के रुप में प्रभाव अंतर घरेलू उद्योग द्वारा वास्तविक कीमत की तुलना में उत्पाद की दर्शायी गई कीमतें अंतर होने के कारण आया है।

बैंयरिंग सिम्बल	डीआई के अनुसार ग्राहक की बैयरिंग कीमत	एनईआई की ग्राहक बैंयरिंग कीमत
	(रुपये./सं.)	(रुपये./सं.)
6205	294.00	67.00
6206	441.00	94.00
6304	295.00	41.53
6305	336.00	69.00

एनईआई ने अपनी कीमत के समर्थन में बीजक प्रस्तुत किए हैं और उल्लेख किया है कि घरेलू उद्योग की कीमतों के स्रोत की सूचना नहीं दी गई है और इसलिए उस पर चर्चा करना उनके लिए संभव नहीं है।

xxxv. बैरिंग ग्रेड टयूबस पर रक्षोपाय शुलक लगाना जनहित के विरुद्ध होगा। घरेलू यह कहकर बैयरिंग टयूब्स पर रक्षोपाय शुल्क लगाने को न्यायोचित ठहराया है कि रक्षोपाय शुल्क लगाने से भिन्नात्मक रुप से बैयरिंग की लागत में वृद्धि होगी। बैयरिंग की लागत वृद्धि कने से हमारे प्रचालन वाणिजियक रुप से अर्थक्षम नहीं रहेंगे और उससे हमें गंभीर क्षति होगी।

xxxvi ऐसे समय तक गुणवत्ता संबंधी मुद्दे जो उच्च प्रिसीजन उत्पादों के लिए आधारभूत है, पूर्णतया हल हो जाएंगे इसलिए अनुप्रयोक्त उत्पाद को रक्षोपाय साधन द्वारा संरक्षण प्रदान करने का प्रश्न ही नही उठता है।

(च) यूरोपिय यूनियन

(i) रक्षोपाय साधन का प्रयोग वास्तव में अपवादात्मक परिस्थितियों में ही लगाया जाना चाहिए क्योंकि यह उद्गम के देश पर ध्यान दिए बिना और इस तथ्य पर विचार किए बिना कि क्या वह घरेलू उद्योग की क्षति पहुंचाते हैं या नहीं आयात को प्रभावित करता है । इसी कारणसे डबलयूटीओ न्यायविज्ञान ने स्पष्टत: इस साधन का अनुप्रयोग करने के लिए बड़े ऊचे मानदंड निर्धारित किए हैं।

(ii) शिकायत और जांच शुरुआत नोटिस के आंकड़ों में भारी अंतर है। उदाहरणार्थ वर्ष2012-13 के आयात आंकड़ों में लगभग 20 प्रतिशत का अंतर है (शिकायत में 441 किलोटन तथाजांच शुरुआत नोटिस में 373 किलोटन)। इसके अतिरिक्त, जांच शुरुआत नोटिस में दर्शायी गई घरेलू उद्योग की बिक्री उद्योग द्वारादी गई बिक्री से मेल नहीं खाती है (वर्ष 2012-13 में 100 प्रतिशत से अधिक का अंतर है)। उत्पादन, संस्थापित क्षमता, लाभप्रदायकता, रोजगार या मालसूची आंकड़ों के संबंध में जांच शुरुआत नोटिस में केवल दो आवेदक कंपनियों के आंकड़ों (कुल उत्पादन के 53 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करने वाली) पर विचार किया गया है और इसमें आवेदन में संलग्न समर्थकनकर्ता कंपनी के आंकड़ों (जो कुल राष्ट्रीय उत्पादन के लगभग 87 प्रतिशत को कवर करती है) की बिना किसी स्पष्टीकरण के अवहेलना की गई है।

(iii) स्पष्ट न की गई विसंगतियों पर ध्यान देते हुए अधोलिखित विश्लेषण जांच शुरुआत नोटिस पर आधारित है।

सम्वर्धित आयात

(iv) जांच शुरुआत नोटिस के अनुसर आयातों में वित्त वर्ष 2011-12 में भारी वृद्धि हुई परंतु इसमें उत्तरवर्ती वर्षों में एवं अभी हाल की अवधि में कमी आई। इसके परिणामस्वरुप यह आयोग इस मामले में डब्ल्यूटीओ के अति अनिवार्य मानदंडों को पूरा करने पर प्रश्न चिन्ह लगाती है।

(v) वर्ष 2011-12 तक आयातों में वृद्धि के लिए केवल एक देश को ही उत्तरदायी ठहराया जा सकता है जिसका वर्ष 2011-12 में भारत में हुए आयातों में 73 प्रतिशत हिस्सा था। इसके अतिरिक्त, उद्योग के आवेदन में अन्य रुप से विशिष्ट देश से निर्यातों को एककारक के रुप में उल्लेख किया गया जिसके कारण आयातों में वृद्धि हुई और कुछ अन्य देशों के उदाहरण दिए गए है जिन्होंने इन आयातों के विरुद्ध पाटनरोधी शुल्क/प्रतिवलनकारी शुल्क लगा रखा है। इन परिस्थितियों के अंतर्गत पाटनरोधी जांच प्रारंभ करना अधिक उपयुक्त रहता।

क्षति एवं कारणात्मकता

(vi) यह आयोग जांच अधिकारी को यह बताना चाहेगी कि रक्षोपाय में गंभीर क्षति के संबंध में (या गंभीर क्षति की चुनौती) यह निरुपण करना अपेक्षित होता है, जैसा कि डब्लयूटीओ और न्यायविज्ञान द्वारा संपुष्ट होता (अपीलीय निकाय रिपोर्ट, यूएस-लैम्ब, पैरा 124) है, पाटनरोधी शुल्क अधिरोपित करने के लिए अपेक्षित ''वास्तविक क्षति'' से उच्चतर होना चाहिए। अत: विभिन्न क्षति कारकों द्वारा यह सिद्ध करने की आवश्यकता होती है कि घरेलू उद्योग आयातों की वृद्धि के कारण भारी समग्र नुकसान की स्थिति में है।

(vii) यह निष्कर्ष निकालने का कोई संकेत नहीं है कि घरेलू उद्योग ''भारी समग्र क्षति'' (न कि यह कि यह स्थिति आसन्न है),की स्थिति में है, न कि वह अपने को गंभीर क्षति या क्षति की चुनौती में प्राप्त कर रहा है। विचारे गए समग्र अवधि में घरेलू उद्योग को किक्री मात्रा में केवल 5 प्रतिशत की कमी हुई है जिसके अनुरुप बाजार हिस्से की क्षति बिल्कुल नगण्य अर्थात मात्र 3 प्रतिशत है, उत्पादन में 16 प्रतिशत की वृद्धि हुई रोजगार में 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई और उत्पादकता 5 प्रतिशत बढ़ गई। उत्पादन क्षमता से दो लगभग दो गुना निवेश करने के बाद भी घरेलू उद्योग पिछले वर्ष की तुलना में वर्ष 2011-12 में 25 प्रतिशत से अधिक लाभप्रदायकता में वृद्धि करने में सक्षम रहा।

(viii) लाभप्रदायकता में भारी वृद्धि तब हुई जब आयातों में वृद्धि हुई। उत्तरवर्ती वर्षों में लाभप्रदायकता में वास्तव में गिरावट आई, परंतु यह स्थिति तब उत्पन्न हुई जब आयातों में भी कमी आ गई। दूसरे शब्दों में सभी यह सुझाव देता हुआ प्रतीत होता है कि घरेलू उद्योग को गंभीर क्षति और आयातों में वृद्धि के बीच कोई कारणत्व नहीं है।

(ix) ऐसा प्रतीत होता है कि वित्त वर्ष 2012-13 में उद्योग की स्थिति को आयातों में वृद्धि के बजाय निम्नलिखित कारकों ने अधिक प्रभावित किया।

- घरेलू मांग में भारी कमी (-25 प्रतिशत) और

- अतिरिक्त क्षमता निर्माण, जो घरेलू मांग से भी अधिक है।

जहां तक दूसरे तत्व का संबंध है, याचिकाकर्ता यह दावा कर रहा है कि रक्षोपाय शुल्क की मांग करने का मुख्य उद्देश्य उद्योग को अपना क्षमता उपयोग सुधारना है। तथापि यह स्पष्ट है कि न्यून क्षमता उपयोग दर उस समय क्षमता में वृद्धि करने के कारण हुई जब कि आयातों में वृद्धि होने के बजाय (जो अभी हाल ही के वर्षों में वास्तव में कम हुए) मांग में कमी हो रही थी। यदि उत्पादन क्षमता वर्ष 2009-10 के स्त (अर्थत 375000 एमटी) पर स्थिर बनी रहती तो उपयोगिता दर वर्ष 2012-13 में 60 प्रतिशत से बढ़कर 70 प्रतिशत हो गई होती। इन परिस्थितियों में यह स्पष्ट है कि रक्षोपाय साधन न्यायोचित नहीं है।

(ड.) भारत में रुसी परिसंघ का व्यापार अभ्यावेदन

बाजार का संरक्षण करने के अनपेक्षित साधानों का अनुपयोग

(i) ईयू ने ट्यूब उतपादन से संबंधित पाटन रोधी उपाय 1979 से और यूएसए ने 1981 से लागू करना शुरु कर दिए थे। वर्तमान स्थिति में यह उपाय कई देशों पर लागू है इसलिए ''व्यापार संरक्षण के अनपेक्षित साधनों'' के बारे में तर्क प्रस्तुत करना ठीक नहीं है।

चीन में अनपेक्षित अतिरिक्त क्षमता तथा यूएसए में नियोजित क्षमता

(ii) भारतीय उत्पादको द्वारा संदर्भ के लिए प्रयेग की गई इंटरनेट साइट से सूचना मिलती है कि चीन में नया संयंत्र 508 एमएम के बाह्य ब्यास का उत्पादन करने के लिए लगाया गया है, यद्यपि विशेष रक्षोपाय जांच का विषय 273.1 एमएम से अनधिक ब्यास के बाह्य डाई मीटर वाले ट्यूब है यह संयंत्र उस उत्पादन के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं कर सकता है जो रक्षोपाय जांच का विषय है क्योंकि इन ट्यूबों का ब्यास अलग है।

(iii) अमेरिकन संयंत्र के संबंध में भारतीय उत्पादकों ने कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया है कि अमेरिकन संयंत्र ने नवम्बर, 2012 में ट्यूब का उत्पादन शुरु कर दिया है और वे इस उत्पाद का भारत को निर्यात करने जा रहे है।

(iv) भारतीय राष्ट्रीय उत्पादकों (खंड 4.घ) की याचिका में आयात में वृद्धि के लिए चीन तथा ईयू में उत्पादन क्षमताओं में बढ़ोतरी को एक कारक बताया है न कि यूएसए

आयात सांख्यिकी के स्रोत का परिवर्तन

(v) आयात सांख्यिकी प्रस्तुत करते समय भारतीय राष्ट्रीय विनिर्माता विभिन्न सांख्यिकी एजेंसियों से प्राप्त आंकड़ों का प्रयोग करते है। याचिका में डीजीसीआईएस के आंकड़ों का प्रयोग किया गया जब कि अतिरिक्त टिप्पणियों में अनकामट्रेड आंकड़ों का प्रयोग किया गया है।

(vi) दोनों सांख्यिकी संसाधनों के निर्यात आंकड़े चीन और भारत दोनों के लिए भिन्न है। एक सांख्यिकी के अनुसार चीन से भारत को सीमलेस पाइपों की प्रदायगी बढ़ रही है वहीं दूसरी सांख्यिकी के अनुसार यह घट रही है।

(vii) अतिरिक्त टिप्पणियों में प्रस्तुत आंकड़े के अनुसार वर्ष 2012 में चीन से भारत को किये गये निर्यात वर्ष 2011 की तुलना में 19.3 प्रतिशत कम हुए और वर्ष 2010 के स्तर से नीचे थे। यूरोपियन उत्पादन के आयातों के संबंध में इसमें वर्ष 2011 में 5.2 प्रतिशत और 2012 में 14 प्रतिशत की वृद्धि हुई। दोनों देशों से यह प्रदाय के लिए यह नहीं कहा जा सकता है कि वे भारतीय राष्ट्रीय ट्यूब उद्योग को क्षति पहुंचाने की चुनौती उत्पन्न कर रही है।

(viii) रशियन परिसंघ ने वर्तमान आयातों की जांच करने के लिए डब्ल्यू टी ओ के विशेष संरक्षात्मक साधन करार के अनुच्छेद 2.1 के निर्वचन संबंधी अर्जेंटिना फूटवियर के मामले में अपीलीय निकाय के निर्णय को उदधृत किया है।

(ix) चीन, यूरोपीय, भारत को कुल आयात अपीलीय निकाय द्वारा विनिर्दिष्ट मापदंडों को पूरा नहीं करते है। डब्लयूटीओ के विशेष संरक्षात्मक साधन करार के अनुच्छेद 2.1, जो विशेष संरक्षात्मक उपाय करने के लिए आवश्यक है, की अपेक्षाओं को पूरा नहीं किया गया है।

आयातों की अनपेक्षित कम कीमत

(x) भारतीय उत्पादन की न्यून कीमत प्रतिस्पर्धात्मकता नयी प्रौद्योगिकी और कार्मिक प्रबंधन के विकास में किये गये निवेश के कारण हुई है। ऐसे निर्णय उत्पादन की बिक्री लागत की वृद्धि को प्रभावित करते है और उसके परिणाम स्वरुप राष्ट्रीय उत्पादन कीमत मापदंड के बिंदु से कम आकर्षक हो जाता है।

(xi) यदि भारतीय उद्योग आयातकों द्वारा कीमतों की समझ के तथ्यों पर बल देता है तो उस मामले पर पाटनरोधी या क्षतिपूर्ति जांच के दायरे में विचार करना चाहिए।

च. जेएफई स्टील कारपोशन; निप्पन स्टील और सुमीटोमो मेटल कारपोशन; तथा सैन्यो स्पेशल स्टील कंपनी लिमिटेड (जिसका प्रतिनिधित्व लूथरा एंड लूथरा द्वारा किया गया)

यह याचिका अनुरक्षणीय नहीं है

i. सीमाशुल्क प्रशुल्क अधिनियम, 1975 (अधिनियम) के खंड-8ख में प्रावधान है कि एसजी शुल्क का अधिरोपण तभी किया जा सकता है जब किसी जांच से केन्द्रीय सरकार संतुष्ट हो कि किसी वस्तु का इतनी अधिक मात्रा में आयात किया जा रहा है जो घरेलू उद्योग को गंभीर क्षति कारित कर रहा है या गंभीर क्षति की चुनौती उत्पन्न कर रहा है। तथापि जांच शुरुआत अधिसूचना और घरेलू उद्योग की याचिका दोनों स्पष्ट प्रावधान करते है कि वर्ष 2012-13 में आयातों में कमी आई है।

ii. सार्वजनिक सुनवाई में यह उल्लेख किया गया कि कीमत अधोरदन भी एक मुद्दा है जिस पर एसजी जांच में विचार किया जाता है। यद्यपि कीमत अधोरदन के मुद्दे का विश्लेषण घरेलू उद्योग को गंभीर क्षति के व्यापक संदर्भ में किया जाता है। तथापि कीमत अधोरदन का मुद्दा एक ऐसा मुद्दा नहीं है जिसके आधार पर रक्षोपाय जांच प्रारंभ की जा सके।

iii. घरेलू उद्योग द्वारा दिया गया तर्क पाटनरोधी जांच में संगत है जहां मुख्य मुद्दा कम कीमत वाले आयात होता है न कि आयात की मात्रा।

iv. यह जांच रक्षोपाय जांच के लिए निर्धारित प्रक्रिया को पूरा नहीं करती है और इसे समाप्त कर दिया जाना चाहिए।

घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत मामला कम कीमतों के आयात पर आधारित न कि आयात मात्रा पर

v. घरेलू उद्योग ने आज तक और सार्वजनिक सुनवाई में स्पष्टत: यह उल्लेख किया कि कम कीमत के आयातों में वृद्धि ही चिंता का मुख्य विषय है। यह उनके इस अभिकथन से स्पष्ट हो जाता है जिसमें उन्होंने तर्क दिया कि कई निविदाए जो भारत में अंतिम प्रयोगकर्ता द्वारा कम कीमत के कारण विदेशी विनिर्माताओं को दी गई है और घरेलू उद्योग उनका मुकाबला नहीं कर सकता है।

vi. माननीय डीजीएस के समक्ष कम कीमत के आयातों का मुद्दा है न कि आयात की मात्रा में बढ़ोतरी का। तथापि निर्यातकों का प्रस्तुतिकरण है कि ऐसी परिदृश्य में उचित मंच डीजीएडी है न कि डीजीएस।

vii. घरेलू उद्योग ने सतत यह तर्क दिया है कि कम कीमत वाले आयात, खासकर चीन जन.गण और ईयू से, उनकी चिंता का विषय है। तथापि उन्होंने सभी देशों से सीमलेस पाइपों और ट्यूब के आयात का लक्ष्य करके रक्षोपाय जांच दायर की है जबकि कम कीमत के आयातों का मुद्दा केवल चीन जन.गण और ईयू से है।

viii. यह तथ्य कि घरेलू उद्योग में समान पीयूसी के लिए चीन जन.गण से आयातों के विरुद्ध पाटनरोधी जांच शुरु करने के लिए डीजीएडी के समक्ष याचिका दायर की है जो 2010 में शुरु हुई। तथापि डीजीएडी ने इस जांच को बाद में आवेदकों द्वारा आंकड़े प्रस्तुत न करने के कारण समाप्त कर दिया। अत: डीजीएडी से अपने पक्ष में आदेश न मिलने पर उसी डीआई ने अब डीजीएस के समक्ष याचिका दायर की है यद्यपि आधार कम कीमत के आयात ही है।

जापान से आयात समग्र आयातों का एक छोटा सा हिस्सा है और इसलिए उसे वर्तमान जांच के दायरे से हटा दिया जाना चाहिए

ix. निर्यातकों ने प्रस्तुत किया कि उत्पादों के आयात जो जापान से पीयूसी के भाग है भारत को इस पीयूसी के कुल आयातों का केवल 1.19 प्रतिशत है और इसलिए भारत को इन उत्पादों के समग्र आयात का एक छोटा सा हिस्सा

है और वह कीमत जिसपर जापान से यह आयात किये जा रहे है घरेलू उद्योग की कीमतों से बहुत अधिक है और यह मामला वर्ष 2011 से है।

x. माननीय डीजीएस एसजी जांच के दायरे से किसी देश से आयातित उत्पाद को हटा देने के लिए प्राधिकृत है। धारा 8ख (1) में निम्नलिखित प्रावधान है।

परंतु यह और कि केन्द्रीय सरकार शासकीय राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, भारत में किसी देश या भू-भाग से आयातित किसी मद की ऐसी मात्रा को उस पर लगे रक्षोपाय शुल्क के किसी एक भाग अथवा संपूर्ण का भुगतान करने से छूट प्रदान कर सकती है जैसा अधिसूचना में निर्दिष्ट हो।

xi. निर्यातक यह विश्वास करते है कि जापान से इस उत्पाद का आयात घरेलू उद्योग के उत्पादों से ना तो प्रतिस्पर्धा करता है और न ही यह घरेलू उद्योग को क्षति कारित कर रहा है। इसके अतिरिक्त यह उत्पाद संपूर्ण आयात आंकड़ों का छोटा सा भाग है और इनकी कीमतें घरेलू उद्योग की कीमतों से अधिक है और इसलिए उन्हें वर्तमान जांच के दायरे से निकाल दिया जाना चाहिए।

xii. घरेलू उद्योग द्वारा दूसरी सार्वजनिक सुनवाई में किया गया यह अभिकथन कि आयात मात्रा में कमी आई है और याचिका दायर करने के पश्चात आयात कीमत में वृद्धि हुई है, केवल तथ्यों का गलत प्रस्तुतिकरण है।

xiii. घरेलू उद्योग ने यह आवेदन नवम्बर, 2012 में दायर किया। यह नोट किया जाना चाहिए कि हितबद्ध पक्षकार इस याचिका को दायर किये जाने के संबंध में जांच शुरुआत तक परिचित नहीं थे। अगर यह मान लिया जाए कि हितबद्ध पक्षकारों को याचिका दायर करने की जानकारी नवम्बर, 2012 में थी तथापि माननीय डीजीएस को यह नोट करना चाहिए कि घरेलू उद्योग की याचिका के अनुबंध-4 के अनुसार आयात मात्रा में कमी और आयात कीमत में बढ़ोतरी अप्रैल, 2012 से प्रारंभ होना शुरु हुई थी।

xiv. अनुबंध-4 स्पष्टत: स्थापित करता है कि आयात मात्रा में गिरावट अप्रैल, 2012 से प्रारंभ हुई जो घरेलू उद्योग द्वारा दायर की गई याचिका से सात माह पहले है। इसके अतिरिक्त निर्यातकों द्वारा किये गये प्रस्तुतिकरण की तालिका-2 में स्पष्टत स्थापित होता है कि जापान से आयात कीमतें वर्ष 2011 से ही बढ़ रही थी यह बात घरेलू उद्योग द्वारा दायर की गई याचिका से 2 वर्ष पहले की है। इसलिए आयात मात्रा में कमी होने और आयात कीमत में वृद्धि होने का प्रश्न घरेलू उद्योग द्वारा दायर की गई याचिका से उठता ही नही है।

प्रत्येक श्रेणी के उत्पाद के लिए क्षति विश्लेषण किया जाए

xv. विचाराधीन उत्पाद में कई प्रकार के सीमलेस पाइप और ट्यूब शामिल है जिनका कार्य एवं प्रयोग एक दूसरे से अलग-अलग है और एक उत्पाद के लिए दूसरे को प्रतिस्थापित नहीं किया जा सकता है। चूंकि पीयूसी में शामिल प्रत्येक उत्पाद का भिन्न प्रयोग होता है और उसे प्रतिस्थापित नहीं किया जा सकता है इसलिए विचाराधीन उत्पाद के दायरे में शामिल प्रत्येक उत्पाद के लिए गंभीर क्षति स्थापित करने का अनुरोध सिद्ध नहीं होता है।

xvi. निर्यातकों ने चीन जन.गण, जापान, कोरिया, यूरोपियन यूनियन, दक्षिण अफ्रीका, ताईवान (चीनी ताइपेई), थाईलैंड और यूएसए से स्टेनलेस स्टील के कोल्ड रोल्ड फ्लैट उत्पादों के आयात से संबंधित पाटनरोधी जांच पर भरोसा किया है जिसमें वास्तविक क्षति स्थापित करने के लिए कोल्ड रोल्ड स्टील की प्रत्येक श्रेणी का पृथक विश्लेषण किया गया था।

xvii. चीन जन.गण से आयातित कतिपय रबड़ रसायनों अर्थात एमबीटी, सीबीएस, टीडीक्यू, पीवीआई और टीएमटी तथा चीन जन.गण और कोरिया गणराज्य से आयातित पीएक्स 13 (6पीपीडी) के आयात के विरुद्ध निर्णायक समीक्षा जांच की शुरुआत में डीजीएडी सभी उत्पादों के लिए पृथक सामग्री क्षति विश्लेषण कर रहा है। इसलिए मात्रा एवं मूल्य की जरुरत का प्रभाव एडी नियमावली के अनुसार सभी उत्पादों के लिए किया जा रहा है।

घरेलू उद्योग के पास कतिपय उत्पादों का विनिर्माण करने की क्षमता नहीं है

xviii. निर्यातकों ने प्रस्तुत किया है कि घरेलू उद्योग कई उत्पाद ग्रेडों और आकारों तथा विचाराधी उत्पाद के दायरे के अंतर्गत शामिल कई उत्पादों का विनिर्माण करने में सक्षम नहीं है इसलिए डीआई को अंतिम प्रयोगकर्ता द्वारा वेंडर के रुप में नहीं माना गया है।

xix. निर्यातकों ने एनबीसी बेरिंग और भेल द्वारा किये गये प्रस्तुतिकरण को दर्शाया है जो इस पीयूसी का उपयोगकर्ता उपयोग है। एनबीसी बेरिंग ने सार्वजनिक सुनवाई में स्पष्टत: यह उल्लेख किया है कि घरेलू उद्योग द्वारा प्रदत्त विचाराधीन उत्पाद में कई दोष थे और किसी भी भारतीय उत्पादक ने एनबीसी बेरिंग की मोटाई के अनुरुप वस्तु का विनिर्माण करने की क्षमता नहीं है। इसी तरह भेल ने भी उल्लेख किया है कि घरेलू विनिर्माताओं के पास विभिन्न उत्पादों का विनिर्माण करने की क्षमता नहीं है और इसलिए भेल अपनी जरुरत का लगभग 90प्रतिशत का विदेशी उत्पादकों से प्रापण करता है।

xx. घरेलू उद्योग द्वारा सार्वजनिक सुनवाई में किये गये इस दावे को ध्यान में रखते हुए कि उन्होंने कुछ ऐसे उत्पादों की बिक्री की है जिनका अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने विरोध किया है इसलिए निर्यातकों ने घरेलू उद्योग की उत्पादन सुविधा का स्थल सत्यापन करने का अनुरोध किया। यह सत्यापन महत्वपूर्ण है क्योंकि यह स्थापित करेगा कि क्या घरेलू उद्योग उन उत्पादों का विनिर्माण कर सकता है जिसका हितबद्ध पक्षकारों ने विरोध किया है और क्या यह भारतीय प्रयोगकर्ता उद्योग की उत्पाद विशिष्टि जरुरतों को पूरा कर सकता है। इस सत्यापन के आधार पर इन उत्पादों को विचाराधीन उत्पाद के दायरे से अलग किया जा सकता है जिनका विनिर्माण घरेलू उद्योग द्वारा नहीं किया जा सकता है परंतु जिन्हें भूलवश विचाराधीन उत्पाद के दायरे में शामिल कर लिया गया है।

xxi. उन उत्पादों की सूची इन्हें विचाराधीन उत्पाद से हटाया गया है अंतिम जांच परिणाम में स्पष्ट रुप से दिखाई देनी चाहिए। इस तथ्य पर विचार करते हुए विचाराधीन उत्पाद में कई अलग-अलग उत्पाद है जिनका समान प्रशुल्क वर्गीकरण के अंतर्गत आयात किया जाता है। यदि अंतिम जांच परिणाम में उन उत्पादों का स्पष्ट रुप से उल्लेख नहीं होता है जिन्हें विचाराधीन उत्पाद के दायरे से हटाया गया है तो इससे संभ्रम की स्थिति उत्पन्न होगी और सीमाशुल्क द्वारा गलत रक्षोपाय शुल्क अधिरोपित कर दिया जाएगा।

अनपेक्षित परिस्थितियों की जरुरतों को पूरा नहीं किया गया है

xxii. रक्षोपाय शुल्क जांच प्रारंभ करने के पहले जीएटीटी 1994 के अनुच्छेद-19 की जरुरतों को पूरा करना एक पूर्वापेक्षा है और उसे रक्षोपाय जांच शुरु करते समय पूरा नहीं किया गया है। इस संबंध में अपीलीय निकाय ने पाया है कि ''डब्ल्यू टीओ करार प्रभावी होने के पश्चात अधिरोपित किसी भी रक्षोपाय साधन द्वारा रक्षोपाय करार और जीएटीटी 1994 के अनुच्छेद-19 के प्रावधानों का अनुपालन करना चाहिए"।

xxiii. घरेलू उद्योग इस जरुरत को पूरा करने में सक्षम नहीं हुआ है न तो जांच शुरुआत अधिसूचना में न ही घरेलू उद्योग की याचिका में अनपेक्षित परिस्थितियों के संबंध में कोई जानकारी नहीं दी गई है। अत: घरेलू उद्योग द्वारा उस आधार का कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया जिसमें आयातों में वृद्धि का आरोप लगाया गया था। तथापि जब हितबद्ध पक्षकारों ने यह मुद्दा उठाया तो घरेलू उद्योग ने 2 सितम्बर, 2013 की सार्वजनिक सुनवाई में यह अभिकथन किया जिसका अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने विरोध किया।

xxiv. मिथाइल एसीटोएसीटेट के आयातों के संबंध में जारी अंतिम जांच परिणाम में महानिदेशक रक्षोपाय ने घरेलू उद्योग के अनपेक्षित विकास के संबंध में दिये गये तर्को को नकार दिया और इसलिए डीजीएस ने एसजी शुल्क यह जानते हुए कि आयात और गंभीर क्षति में वृद्धि हो रही है, नहीं लगाया।

xxv. नया प्रस्तुतिकरण घरेलू उद्योग की ओर से तथ्योपरांत दिये गये तर्क का यह अनुभव है कि उनकी याचिका अनपेक्षित विकास की जरुरत को पूरा नहीं करती है और यह घरेलू उद्योग द्वारा अपनी याचिका को औचित्य पूर्ण ठहराने का एक प्रयास है जिसकी अनुमति नहीं दी जा सकती है। इसके अतिरिक्त इस नये प्रस्तुतिकरण में घरेलू उद्योग द्वारा प्रदान कराये गये कारणों का कोई आधार नहीं है और उसका निर्यातकों द्वारा किये गये प्रस्तुतिकरण से प्रभावकारी ढंग से खंडन कर दिया गया है।

xxvi. घरेलू उद्योग ने विचाराधीन उत्पाद के दायरे में शामिल प्रत्येक उत्पाद के लिए अनपेक्षित विकास की जरुरत को पूरा करने के संबंध में कोई तर्क नहीं दिया है। यह तर्क यूएस स्टील उत्पाद के मामले में एबी की रुलिंग द्वारा

समर्थित है जिसमें एबी ने पाया कि प्रत्येक उत्पाद के लिए अनपेक्षित विकास रक्षोपाय साधन के अध्यधीन निष्पादित किया जाना चाहिए।

यह कारणात्मक संबंधों में एक विराम है

xxvii. विचाराधीन उत्पाद के आयात और गंभीर क्षति के दावे के बीच कारणात्मक संबंध निम्नलिखित कारकों से टूट गया है:-

क. घरेलू उद्योग द्वारा प्रदान कराये गये आंकड़ों के अनुसार घरेलू उद्योग ने लगभग सभी आर्थिक पैरामीटरों के संबंध में बिल्कुल सही निष्पादन किया जब आयातों में वृद्धि हो रही थी और उत्पादन में हल्की सी गिरावट आ रही थी, और घरेलू बिक्रियां वर्ष 2012-13 में तब हुई जब आयातों में गिरावट आ गई और आयात कीमत बढ़ गई। अत: वर्ष 2012-13 में उत्पादन और घरेलू बिक्रियों में गिरावट के लिए आयातों को उत्तरदायी नहीं कहा जा सकता है क्योंकि आयात कीमतों में बढ़ोतरी के साथ-साथ आयात मात्रा में भी कमी आई।

ख. आयात और घरेलू उद्योग को क्षति (यदि कोई) के बीच कारणात्मक संबंध इस कारण से टूट गया कि घरेलू उद्योग को चीन जन.गण से पाटन के कारण क्षति हो रही थी। इसको घरेलू उद्योग ने भी स्वीकार किया

xxviii. भारतीय रक्षोपाय नियमावली के अनुबंध के अनुसार जब संवर्धित आयातों के अलावा अन्य कारक घरेलू उद्योग को क्षति कारित कर रहे हो तो उस क्षति के लिए बढ़े हुए आयातों को उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता है। अत: घरेलू उद्योग को क्षति यदि पाटन के कारण हुई है तो घरेलू उद्योग का यह उत्तरदायी है कि वह पाटन के कारण हुई क्षति और क्षति के कारण हुई क्षति को अलग-अलग करें। तथापि घरेलू उद्योग ने इस दायित्व को पूरा नहीं किया है।

xxix. चीन से फ्रंट एक्सेल बीम के आयातों के संबंध में रक्षोपाय जांच के अंतिम जांच परिणाम दिनांक 23 सितम्बर, 2009 में डीजीएस ने एसजी शुल्क इस आधार पर अधिरोपित करने से मना कर दिया था कि घरेलू उद्योग द्वारा, पाटित आयातों के कारण हुई क्षति और बढ़ते आयातों के कारण हुई क्षति को अलग-अलग नहीं दर्शाया गया था। चूंकि क्षति को अलग-अलग न दर्शाने से बढ़े हुए आयातों और बाजार विकृति के बीच कारणात्मक संबंध टूट गया।

xxx. घरेलू उद्योग ने पाटित आयातों और आयातों में वृद्धि के कारण हुई क्षति के बीच कोई पृथककरण नहीं किया है। इस गैर पृथककरण को ध्यान में रखते हुए भारतीय रक्षोपाय नियमावली के अनुबंध के अंतर्गत अपेक्षित उत्तरदायित्व को पूरा नही किया है और इसलिए रक्षोपाय शुल्क अधिरोपित नहीं किया जा सकता है।

जनहित की जरुरत को पूरा नहीं किया गया है

xxxi. रक्षोपाय करार के अनुश्छेद-3 (1) में प्रावधान है कि रक्षोपाय शुल्क जनहित में होना चाहिए। इस संबंध में निर्यातकों का यह प्रस्तुतिकरण है कि वर्तमान जांच में जापान से उत्पादों के निर्यात पर रक्षोपाय शुल्क लगाना जनहित में नहीं होगा।

xxxii. मिथाइल एसीटोएसीटेट जांच में प्राधिकारी ने जनहित के मुद्दें पर विचार किया और यह नोट किया कि भेषज उद्योग संबद्ध उत्पाद का एक महत्वपूर्ण उपयोगकर्ता है। यह निष्कर्ष निकालते समय कि शुल्क अधिरोपित करना जनहित में नहीं होगा यह पाया गया कि घरेलू उद्योग यह साक्ष्य देने में समर्थ नहीं हो सका कि विचाराधीन उत्पाद पर रक्षोपाय शुल्क का अधिरोपण करने से उन उपभोक्ताओं पर प्रभाव कैसे नहीं पड़ेगा जिनमें से कुछ संवेदनशील फार्मा सेक्टर में है और यह कि यह प्रभाव इतना कम होगा कि यह जनहित में होगा।

xxxiii. इस जांच में विचाराधीन उत्पाद ऐसे कई सेक्टरों के लिए महत्वपूर्ण है जो भारत की ऊर्जा सुरक्षा के प्रयोजनार्थ संवेदनशील होते है। घरेलू उद्योग ने यह स्थापित नहीं किया है कि रक्षोपाय शुल्क का अधिरोपण करने का इन सेक्टरों पर न्यूनतम प्रभाव पड़ेगा और इससे परियोजना लागत में वृद्धि नहीं होगी।

xxxiv. निर्यातकों ने प्रस्तुत किया है कि रक्षोपाय शुल्क इस कारण से भी जनहित में नहीं होगा कि विचाराधीन उत्पाद के विशेषीकृत ग्रेडों का घरेलू उद्योग द्वारा विनिर्माण नहीं किया जाता है और यदि घरेलू उद्योग उनका विनिर्माण करता भी है तो गुणवत्ता से परिपूर्ण नहीं होते है जिसके कारण उपयोगकर्ता के पास उच्च किस्म में विशेषीकृत उत्पादों का विनिर्माण करने में कुशल देशों से आयात करने के अलावा अन्य कोई विकल्प नहीं रह जाता है।

छ. टीएमके ग्रुप रुस (जिसका प्रतिनिधित्व अधिवक्ता श्री एम एन झा ने किया)

i. यह याचिका जीएटीटी के अनुच्छेद-19 और रक्षोपाय संबंधी डब्ल्यू टी ओ करार द्वारा निर्धारित मानदंडों को पूरा नहीं करती है क्योंकि यह उनके अनुच्छेद-2,4 और 6 की अपेक्षाओं को पूरा नहीं कर पायी है

क. याचिकाकर्ता ने यह दर्शाते हुए कोई साक्ष्य नहीं दिया है कि अनपेक्षित विकास के कारण जांचाधीन उत्पाद का इतनी अधिक मात्रा में आयात हुआ जिससे भारतीय उद्योग को भारी क्षति होनी लगी या गंभीर क्षति की चुनौती उत्पन्न हो गयी ।

ख. इस मामले पर याचिकाकर्ताओं के अतिरिक्त प्रस्तुतिकरण में दिये गये साक्ष्य अनपेक्षित विकास दर्शाने में असंगत रहे है, तथ्यपरक रुप से अवास्तविक और भ्रामक रहे है।

ग. याचिकाकर्ता न तो गंभीर क्षति सहन कर रहे है और न ही उन्हें बढ़ते आयातों के कारण गंभीर क्षति की चुनौती मिल रही है। यदि याचिकाकर्ताओं को क्षति हो रही है तो उनको यह क्षति आयातों की मौजूदगी के अलावा अन्य कारणों से हो रही है।

घ. उपर्युक्त तथा अन्य कारणों से रक्षोपाय शुल्क लगाना और उसे अनुरक्षित करना व्यापक जनहित में नहीं होगा।

ii. देशों को उनकी प्रति वर्ष प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय (जीएनआई) के अनुसार विकसित और विकासशील देशों में विभाजित किया जाता है। वह देश जिनकी जीएनआई 11905 अमेरिकी डालर उससे कम होती है, जैसे रुसी परिसंघ, उसे विश्व बैंक द्वारा विकासशील राष्ट्र के रुप में परिभाषित किया जाता है।

iii. रक्षोपाय संबंधी डब्ल्यूटीओ करार के अनुच्छेद-9 के अनुरुप और आयातों की कम मात्रा को ध्यान में रखते हुए रुसी परिसंघ को, विकासशील देश होने के नाते, रक्षोपाय शुल्क के अनुप्रयोग के दायरे से अलग कर दिया जाना चाहिए क्योंकि रुस से आयात संबंधित उत्पाद के कुल आयातों का 3 प्रतिशत से अधिक आयात नहीं होता है और विकासशील देशों से सामूहिक आयात सभी आयातों का 9 प्रतिशत से अधिक नहीं होता है।

वर्धित आयातों का आकलन

iv. समग्र रुप में वर्धित आयात को दर्शाने वाला कोई ऐसा साक्ष्य नहीं है जो यह सिद्ध कर सके कि यह आयात अचानक, भारी और तीव्र मात्रा में हुए। आयातों में यह वृद्धि धीरे-धीरे हुई।

v. इसके अतिरिक्त चीन को ईयू व्यापार प्रवाह और दूसरी ओर भारत को होने वाले व्यापार प्रवाह के बीच कोई संबंध नहीं है। यद्यपि याचिकाकर्ताओं ने अपने अतिरिक्त प्रस्तुतिकरण में यह सुझाव दिया कि ''तालिका से यह स्पष्ट है कि ईयू से चीन को होने वाले आयात अब भारत की ओर मुड़ गये है परंतु आंकड़े इस निष्कर्ष का समर्थन नहीं करते है। इसके अतिरिक्त वर्ष 2012 में चीन को ईयू के निर्यातों में 25340 एमटी की कमी का भारत को ईयू के निर्यातों में 8835 एमटी वृद्धि का कोई संबंध नहीं है।

vi. याचिकाकर्ता यह स्पष्ट नहीं कर सके कि वर्ष 2009 और 2012 के बीच ईयू से चीन को प्रदाय में 25 प्रतिशत की गिरावट ने बिक्री मूल्य में 78 प्रतिशत की कमी कैसे कर दी। इन आंकड़ों के बीच कोई संबंध नहीं है जिनके स्रोत (प्रासंगिक रुप से) अज्ञात है। इसके अतिरिक्त ईयू से होने वाले आयातों पर चीन द्वारा लगाये गये पाटनरोधी शुल्क 9.2 प्रतिशत से 14.4 प्रतिशत के बीच है परंतु वे चीन के बाजार में 25340 एमटी उत्पादों को विस्थापित नहीं कर सके।

vii. जहां तक चीन से आयातों का संबंध है याचिकाकर्ताओं द्वारा प्रदान कराये गये आंकड़े आयातों में अचानक वृद्धि के समभिकथन को समर्थित नहीं करते है। वर्ष 2012 में चीन से भारत को निर्यातों में वस्तुत वर्ष 2011 की तुलना में 19.3 प्रतिशत की गिरावट आयी। इसके अतिरिक्त वर्ष 2012 के निर्यात वर्ष 2010 के निर्यातों से कम थे।

क्षति का आकलन

viii. भारतीय घरेलू उद्योग ने अपनी उत्पादन मात्रा में ठोस वृद्धि हासिल की है। घरेलू और निर्यात बाजारों में बिक्री मात्रा में संदर्भ अवधि के दौरान भी वृद्धि हुई है। इसके अतिरिक्त आंकड़े यह भी दर्शाते है कि संदर्भ अवधि के दौरान इस उत्पाद की घरेलू बाजार की मात्रा में भी वृद्धि हुई है।

ix. वर्ष 2009-10 और 2010-11 के बीच क्षमता में 42.8 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और इसका उद्योग के क्षति संकेतकों पर अनिवार्यत: कुछ न कुछ प्रभाव अवश्य ही पड़ेगा।

x. क्षति संकेतक के रुप में मालसूची का महत्वपूर्ण पहलू यह है कि इस पर अन्य क्षति कारकों खासकर संस्थापित क्षमता और उत्पादित आंकड़ों से अलग करके नहीं देखा जा सकता है।

xi. याचिकाकर्ताओं ने भारी स्टाक के कारण निर्यात बिक्रियों में वृद्धि की ओर ध्यान आकृष्ट करने का प्रयास किया है।

xii. संदर्भ अवधि के प्रारंभ में न्यू माल सूची अवसर नहीं रह सका क्योंकि याचिकाकर्ता तथा घरेलू उद्योग ने समग्र रुप से अपनी संस्थापित क्षमता में 2010-11 में लगभग दो गुने स्तर की वृद्धि कर ली जिसके कारण भंडार संचय हुआ।

xiii. रोजगार में कोई क्षति नहीं हुई और यह कि विचाराधीन उत्पाद के आयातों के कारण कीमत निग्रहण/अवमंदन का कोई भरोसे मंद साक्ष्य नहीं है।

xiv. याचिकाकर्ताओं ने निराधार साक्ष्य और तर्क जैसे भारत में सरकारी निविदाएं प्राप्त न होना, अन्यत्र पाटनरोधी और प्रतिबलन प्रभावी होना, विदेशों में संबद्ध वस्तु की भारी क्षमता, कीमत अंतर, कथित अधोरदन और लाभप्रदायकता में कमी, प्रस्तुत किये है जिनसे गंभीर क्षति की चुनौती दर्शायी गयी है। वास्तव में याचिकाकर्ताओं ने घरेलू प्रतिस्पर्धियों के बीच भी अपना बाजार हिस्सा खो दिया।

अनपेक्षित विकास

xv. अपीलीय निकाय रिपोर्ट, कोरिया-डेरी, पैरा 8, रक्षोपाय करार के साथ संचयी रुप से पठित जीएटीटी अनुच्छेद-19:1(क) के प्रावधानों में यह निर्वचन किया गया है कि जब तक घरेलू उद्योग को क्षति उन विकासों द्वारा कारित न की जाए जो अद्यतन व्यापार वार्ताओं के समय अनपेक्षित हो तब तक रक्षोपाय शुल्क का प्रयोग नहीं किया जा सकता है।

xvi. यूनाईटेड स्टेट्स-लैम्ब रक्षोपाय पैरा 72 में अपीलीय निकाय ने अनपेक्षित विकास को उन परिस्थितियों के रुप में दर्शाया जिनमें आयातों में तीव्र वृद्धि ऐसी हो रही हो जिससे घरेलू उद्योग को गंभीर क्षति कारित हुई हो। पुन: यह निष्कर्ष निकाला गया कि जांचकर्ता अधिकारी के लिए यह निष्कर्ष निकालना आवश्यक है कि क्या अनपेक्षित विकास मौजूद है और यह कि अनुच्छेद-19:1(क) में निर्धारित शर्त और अनपेक्षित विकास जैसी परिस्थितियों के बीच तर्कसंगत संबंध मौजूद है।

xvii. मैसर्स टीएमके ने यह प्रस्तुत किया कि आयातों में वृद्धि होते हुए भी आयातों में यह वृद्धि अनपेक्षित विकास द्वारा कारित न की गई हो।

xviii. याचिकाकर्ताओं का अतिरिक्त प्रस्तुतिकरण निम्नलिखित आधार पर अनपेक्षित विकास स्थापित करने के लिए डब्ल्यू टीओ मानदंडों को पूरा करने से असफल रहा:

- याचिकाकर्ताओं ने ऐसा कोई स्पष्टीकरण प्रदान नहीं किया गया कि उदधृत व्यापार उपचार साधन किसी तरह और क्यों अनपेक्षित है।
- याचिकाकर्ताओं ने आयातों में परिणामी वृद्धि प्रदर्शित नहीं की है।
- याचिकाकर्ता यह दर्शाने में असफल रहे वर्तमान रक्षोपाय जांच का प्रत्येक उत्पाद अनपेक्षित विकास से प्रभावित हुआ है।
- याचिकाकर्ताओं ने यूरोपीय बाजार में खपत के बारे में जानबूझकर त्रुटिपूर्ण निष्कर्ष निकाले है।
- याचिकाकर्ताओं ने यह स्पष्ट नहीं किया है कि चीन में अतिरिक्त क्षमताएं और यूएस में नयी क्षमताएं किस तरह और क्यों अनपेक्षित नहीं है।
- याचिकाकर्ताओं ने कच्चे माल की कीमतों में वृद्धि के बावजूद आयात की अनपेक्षित रुप से कम कीमत के बारे में दिये गये अपने तर्क को अनपेक्षित विकास से किस तरह जोड़ा है।

xix. उदधृत व्यापार उपचारी साधन उनकी अनपेक्षितता को संपुष्ट नहीं कर सके। याचिकाकर्ताओं द्वारा उल्लिखित कुछ पाटनरोधी और प्रतिबलनकारी उपाय 20 वर्षों से प्रचलित है यह परिस्थिति बाजार में वैश्विक विनियामक

स्थिति सृजित करती है जिसमें नियमतिता और पूर्वापेक्षता होती है। इस प्रकार अनपेक्षित विकास उसके बाद होना चाहिए।

xx. याचिकाकर्ता द्वारा उल्लिखित इंडोनेशिया और कनाडा द्वारा लगाए गए कतिपय रक्षा उपाय अपेक्षित विकास की मौजूदगी के बारे में उनके तर्क का समर्थन नहीं करते है क्योंकि इंडोनेशियाई और कनाडियन जांच क्रमश: एक और तीन उत्पाद कोडों से संबंधित है जबकि वर्तमान का दायरा 26 उत्पाद कोडों को कवर करता है।

xxi. टीएमके ग्रुप यह देखने में असमर्थ रहा कि उक्रैन या रुस के विरुद्ध ईयू व्यपार उपचार जो 1990 से प्रभावकारी ढंग से लगे है, के कारण वर्ष 2013 में भारत में आयातों में अचानक वृद्धि आई। उसी तरह कनाडियन उपाय वर्ष 2008 से पहले से ही लगे हुए है जबकि याचिकाकर्ता वर्ष 2010 की जांच में उनका उल्लेख करते है। इसी तरह ईयू में यह उपाय 2009 से लगे हुए है जबकि याचिकाकर्ता बड़ी आसानी से इनका उल्लेख 2011 के जांच में करते है। अंतत: यूएस में यह उपाय वर्ष 2009 से लगे हुए है जबकि याचिकाकर्ता इनका उल्लेख वर्ष 2010 की जांच में करते है।

xxii. याचिकाकर्ता इस मामले में यह स्पष्ट करने में असफल रहे कि अनपेक्षित विकास और भारत में संबद्ध उत्पाद के आयातों में मौजूद अचानक वृद्धि के बीच हुई संबंध है।

xxiii. याचिकाकर्ताओं ने व्यापार उपचारी उपायों और उसके परिणामस्वरुप चीन और ईयू से भारत को आयातों में हुई वृद्धि का उल्लेख करते है। यह जांच प्रश्नाधीन उत्पादों की घरेलू प्रतिस्पर्धात्मकता की रक्षा करते है और ईयू और यूएस बाजारों में चीन और ईयू के उत्पादकों की प्रतिस्पर्धात्मक स्थिति में सुधार करती है। यह ही वह कारण हो सकता है जिससे आयात आंकड़े दर्शाते है कि भारत को पिछले वर्ष की तुलना में कम आयात हो रहा है। इसी तरह एक 10 अंकीय कोड, जो इंडोनेशिया में रक्षोपाय जांच के अध्यधीन था भारत में रिपोर्ट किये गये 4 अंकीय आधारों पर कोई सार्थक प्रभाव नहीं डाल सका।

xxiv. ईयू से आयातों के संबंध में याचिकाकर्ता उनके द्वारा प्रदान किये गये आंकड़ों से त्रुटिपूर्ण निष्कर्ष प्रदान करते हुए प्रतीत होते है।

- चीन को ईयू व्यापार प्रवाह की मात्रा और दूसरी ओर भारत को व्यापार प्रवाह के बीच कोई संबंध प्रतीत नहीं होता है। यद्यपि याचिकाकर्ताओं ने सुझाव दिया है कि ईयू से चीन को निर्यात अब भारत की ओर विपथित हो गये है परंतु आंकड़ों से इसका समर्थन नहीं होता है। वर्ष 2012 में चीन को ईयू के निर्यातों में 25340 एमटी की कमी का भारत को ईयू के निर्यातों में 8835 एमटी की वृद्धि से कोई संबंध नहीं है।
- याचिकाकर्ता यह स्पष्ट नहीं कर सके कि उनके आरोप का आधार क्या है और ना ही वे सूचना के उस स्रोत का संदर्भ प्रदान कर सके कि ईयू से चीन को निर्यात में वर्ष 2012 के अंत में 90 मिलियन से कमी होकर 20 मिलियन ईयूआर किस तरह हो गया। वर्ष 2009 और 2012 के बीच आपूर्ति ने उद्देश्यपूर्ण गिरावट से बिक्रय मूल्य 78 प्रतिशत तक की गिरावट नहीं आ सकती है।
- ईयू से आयातों पर चीन द्वारा लगाया गया पाटनरोधी शुल्क 9.2 प्रतिशत से 14.4 प्रतिशत के बीच है। यह उल्लेखिनीय है यह मूल्य मामूली है और यह चीन की बाजारों में ईयू के 25340 एमटी माल का विस्थापन नहीं कर सकता है।

xxv. चीन से आयातों के संबंध में याचिकाकर्ताओं द्वारा प्रदान कराये गये आंकड़े आयातों में अचानक वृद्धि की मौजूदगी संबंधी उनके समभिकथन का समर्थन नहीं करते है। विशेष रुप से, वर्ष 2012 में चीन से भारत को निर्यातों में वस्तुत: वर्ष 2011 की तुलना में 19.3 प्रतिशत की गिरावट आयी। इसके अतिरिक्त वर्ष 2012 में निर्यात वर्ष 2010 के निर्यातों से कम थे।

xxvi. इस याचिका में दर्शाये गये साक्ष्य यह स्पष्ट नहीं कर सके वर्तमान रक्षोपाय जांच के अध्यधीन सभी उत्पाद अनपेक्षित विकास से प्रभावित है।

xxvii. इस तथ्य पर ध्यान देते हुए कि वर्तमान जांच के दायरे के अंतर्गत सीमलेस पाइप और ट्यूब की व्यापक श्रृंखला आती है, डब्ल्यूटीओ न्याय विज्ञान में यह अपेक्षा है कि डीजी रक्षोपाय न केवल यह प्रदर्शित करें कि अनपेक्षित विकास के परिणाम स्वरुप सीमलेस पाइप और ट्यूब की व्यापक श्रृंखला के आयातों में वृद्धि हुई परंतु यह कि

अनपेक्षित विकास के परिणाम स्वरुप वर्तमान जांच में याचिकाकर्ता द्वारा परिभाषित उत्पाद में शामिल विशिष्ट उत्पादों के आयातों में वृद्धि हुई है।

xxviii. याचिकाकर्ताओं ने भारत को संबद्ध उत्पाद के आयातों का विपथन प्रदर्शित करने के लिए 10 व्यापार उपचारी उपाय सूचीबद्ध किये है। तथापि सूचीबद्ध व्यापार उपचारी उपायों का उत्पाद दायरा वर्तमान रक्षोपाय जांच के उत्पाद दायरे से मेल नहीं खाता है।

xxix. याचिकाकर्ताओं द्वारा उल्लिखित सभी मामलों की समीक्षा यह दर्शाती है कि:-

- याचिकाकर्ताओं द्वारा इस मामले में उल्लिखित 6 अंकीय स्तर के 8 उत्पादों में से 5 उत्पाद कोडों को यूएस पाटनरोधी और सीवीडी जांच में शामिल किया गया है।
- याचिकाकर्ताओं द्वारा इस मामले में उल्लिखित 6 अंकीय स्तर के 8 उत्पादों में से 1-3 उत्पाद कोडों को यूएस ओसीटीजी मामला (8 में उल्लिखित परंतु याचिकाकर्ताओं की तालिका में इसका उल्लेख नहीं किया गया) में शामिल किया गया है।
- याचिकाकर्ताओं द्वारा इस मामले में उल्लिखित 6 अंकीय स्तर के 8 उत्पादों में से 3 उत्पाद कोडों (जिनमें से दो में केवल एक 10 अंकीय कोड है) को कनाडियन मामले में शामिल किया गया है।
- ईयू जांच में से एक में याचिकाकर्ताओं द्वारा वर्तमान मामले में उल्लिखित 6 अंकीय स्तर के 8 उत्पाद कोडों में से 1 को शामिल किया गया है जबकि एक अन्य जांच में याचिकाकर्ताओं द्वारा उल्लिखित 6 अंकीय स्तर के 8 उत्पाद कोडों में से 7 को शामिल किया गया है।
- इंडोनेशियाई जांच में केवल एक कोड को शामिल किया गया है।

xxx. ईयू विनियम संख्या 585/2012 ने रुस और उक्रेन के मूल के आयरन और स्टील के कुछ सीमलेस पाइप और ट्यूब के आयातों पर निर्णायक पाटनरोधी शुल्क अधिरोपित किया है। वर्ष 2008 में खपत में अस्थायी वृद्धि के विश्लेषण में ईयू जांचकर्ता प्राधिकारी ने बाजार की चक्रीय प्रवृत्ति और ईयू में खपत में नियमित उतार-चढ़ाव की संपुष्टि की।

xxxi. याचिकाकर्ता न तो चर्चा करते है और न ही कोई स्पष्टीकरण देते है कि ईयू में खपत में उतार-चढ़ाव को भारत ने संवद्ध उत्पाद के आयातों में वृद्धि से किस तरह और क्यों जोड़ा गया है।

xxxii. याचिकाकर्ताओं ने चीन और यूएस ने नई क्षमताओं का उल्लेख किया है जोकि निम्नलिखित तीन कारणों से असंगत है, पहला, इस तथ्य का कोई साक्ष्य नहीं है कि चीन के संयंत्र का उत्पादन वर्तमान जांच के अधीन उत्पादों से प्रतिस्पर्धा करेगा, दूसरे, याचिकाकर्ताओं द्वारा उदधृत यूएस प्रेस विज्ञप्ति में यह सुझाव मिलता है कि नई क्षमताएं घरेलू बाजार और यूएस में बिक्री सेवा करेगी और तीसरे, समय के साथ-साथ प्रतिस्पर्धात्मक बाजार में क्षमता विस्तार करना सामान्य व्यवसाय का हिस्सा है और इसे रक्षोपाय साधन संबंधी डब्ल्यूटीओ के आशय के अंतर्गत अनपेक्षित विकास के रुप में नहीं माना जा सकता है।

xxxiii. याचिकाकर्ताओं ने कच्चे माल की लागत में वृद्धि के बावजूद आयातों की कम कीमत निर्धारण के बारे में अपने तर्क को गलत ढंग से प्रस्तुत किया है। याचिकाकर्ताओं द्वारा प्रदान कराये गये आंकड़ों के खंड-घ से ऐसा प्रतीत होता है कि भारतीय बिक्री लागत में वर्ष 2012-13 में पांच इंडेक्स बिंदु वृद्धि हुई जबकि रद्दी माल की लागत में 13.5 प्रतिशत की कमी आई।

xxxiv. अपने अतिरिक्त प्रस्तुतिकरण में याचिकाकर्ताओं में तर्क दिया कि आयात सस्ते है इसलिए उनकी अधिक खरीद हो रही है। तथापि याचिकाकर्ता यह स्पष्ट नहीं कर पाये कि अप्रत्याशित घटना क्या है जिससे कच्चे माल की कीमतों में वैश्विक वृद्धि से अन्य सभी आयातक अप्रभावित रहे जबकि भारतीय उत्पादकों पर इसका प्रभाव पड़ा।

राष्ट्रहित

xxxv. इस मामले में रक्षोपाय शुल्क लगाना नाटकीय रुप से भारतीय प्रयोगकर्ता उद्योग द्वारा उत्पादित अधोगामी उत्पाद प्रभावित होगा जिससे इन उत्पादों के गैर भारतीय उत्पादकों को लाभ होगा। इससे लागत प्रभावोत्पादकता और भारतीय प्रयोगकर्ता उद्योग की प्रतिस्पर्धात्मकता, परिशिष्कृत उत्पादों के आयातों की तुलना में, समाप्त होगी।

कारणात्मक संबंध

xxxvi. कथित संवर्धित आयातों के अतिरिक्त भारतीय घरेलू उद्योग मिश्रित, समानांतर और स्वतंत्र प्रभाव के निम्नलिखित संगत कारणों से अधीन रही है: (क) भारतीय उद्योग की क्षमता वृद्धि और वेतन वृद्धि का प्रभाव (ख) चीन से आयात (ग) भारतीय उद्योग की उत्पादन लागत और कच्चे माल की कीमत में वृद्धि। इन कारकों ने एकल रुप से या एक साथ मिलकर भारी बाजार हिस्से को प्राप्त करने में भारतीय उद्योग की अक्षमता उसकी लाभदायकता में क्षति कारित की जिसे हमारे क्लाइंट देख नहीं पाये।

प्रकार्यात्मक अधिकार

xxxvii. हमारे ग्राहक अपना विरोध दोहराना चाहेगे कि डीजी रक्षोपाय ने सुनवाई के पश्चात के तथ्यों को याचिकाकर्ताओं के अतिरिक्त प्रस्तुतिकरणों पर अपनी टिप्पणियां प्रदान करने के लिए केवल 4 कार्यदिवसीय दिनों का समय प्रदान किया। इससे प्रक्रिया भंग स्पष्ट प्रतीत होती है। टीएम के ग्रुप के इस संबंध में सभी अधिकार सुरक्षित है।

xxxviii. रक्षोपाय जांच की जांच शुरुआत नोटिस के प्रत्युत्तर में 29 मई, 2013 को प्रस्तुत अपनी टिप्पणियों तथा नई दिल्ली में 2 सितम्बर और 12 दिसम्बर,2013 को मौखिक सुनवाई के दौरान की गई टिप्पणियों और दिनांक 13 सितम्बर, 2013 के सुनवाई पश्चात सारांश तथा याचिकाकर्ताओं के अतिरिक्त प्रस्तुतीकरणों पर टिप्पणियां। इन सभी दस्तावेजों में क्षति और सार्वजनिक हित के संबंध में की गई टिप्पणियां वर्तमान दस्तावेज के प्रयोजनार्थ समान रुप से वैध टिप्पणियां है उसी तरह क्षति और जन हित के संबंध में यहां की गई सभी टिप्पणियां वर्तमान कार्रवाई में आज तक की तारीख तक किये गये सभी प्रस्तुतिकरणों के लिए समान रुप से वैध है।

ज. रसायन एवं पेट्रोरसायन विनिर्माता एसोसिएशन (सीपीएमए) (इसका प्रतिनिधित्व अधिवक्ता सुश्री रीना खेर द्वारा किया गया)

जांच शुरुआत या शुल्क उद्ग्रहण के लिए पूर्वापेक्षा का अभाव

i. अधिनियम की धारा 8ख के अंतर्गत आयात वर्धित मात्रा में होना चाहिए आयात की स्थिति ऐसी हो की उन आयातों के परिणामस्वरुप घरेलू उद्योग को गंभीर क्षति हो रही हो या गंभीर क्षति की चुनौती उत्पन्न हो रही हो।

ii. जांच शुरुआत अधिसूचना स्वयं यह प्रदर्शित करती है कि वर्ष 2012-13 में विगत वर्ष की तुलना में आयातों में कोई वृद्धि नहीं हुई। आयातों में तथाकथित वृद्धि अभिनव नहीं है परंतु यह वृद्धि धीरे-धीरे 3-4 वर्षों की अवधि में हुई। यह वृद्धि अचानक, तीव्र या भारी नहीं है समग्र रुप से आयातों समग्र वृद्धि नहीं हुई।

iii. जांच शुरुआत नोटिस में यह उल्लेख किया गया है कि वर्ष 2009-2010 की तुलना वर्ष 2012-13 से करने पर आयातों में वृद्धि हुई है। यह प्रस्तुत किया जाता है कि यह वृद्धि मामूली है और यह वृद्धि 4 वर्षों की अवधि में हुई है। यह प्रस्तुत किया जाता है कि आयातों में इस वृद्धि को अंतिम बिंदु से अंतिम बिंदु के बीच तुलना के लिए ही प्रयोग नहीं करना चाहिए इसमें अभिनव प्रवृत्ति को भी नहीं छोड़ना चाहिए जो आयातों में गिरावट प्रदर्शित करती है।

iv. सीपीएमए ने अर्जेंटिना फूटवीयर मामले पर अपना भरोसा जताया है ''यदि आयातों में वास्तव में वृद्धि है तो यह अंतिम बिन्दु से अंतिम बिंदु दोनों के बीच तुलना और अवधि के दौरान हस्तक्षेपी प्रवृत्तियों के विश्लेषण का साक्ष्य होना चाहिए। यह कि दो विश्लेषण एक साथ प्रदर्शित होने चाहिए।

खपत की तुलना में आयातों में भारी वृद्धि ना होना

v. खपत से संबंधित आयात भी ऐसे आयातों में वृद्धि को प्रदर्शित नहीं करते है जो अचानक बहुत अधिक तीव्र और अनपेक्षित रुप से हो रहे हो।

vi. जांच शुरुआत नोटिस में प्रदान कराये गये आंकड़ों के अनुसार आयातों के बाजार हिस्सा वर्ष 2009-10 में 55 प्रतिशत था जो बढ़कर वर्ष 2012-13 में 64 प्रतिशत हो गया। 4 वर्षों की अवधि में बाजार हिस्से में 9 प्रतिशत की वृद्धि ना तो अचानक है, न ही बहुत अधिक और न ही इसे तीव्र कहा जा सकता है। यह केवल बाजार हिस्से में एक क्रमिक परिवर्तन को प्रदर्शित करती है। यह अन्य कारण जैसे भारत में विशेष अनुप्रयोगों के लिए विशेषीकृत ग्रेडों की अनुपलब्धता या घरेलू उत्पाद की गुणवत्ता असंगतता के कारण भी आ सकती है।

vii. वर्ष 2012-13 में तत्काल विगत वर्ष से तुलना करने पर बाजार हिस्से में परिवर्तन केवल 2 प्रतिशत वृद्धि ही दर्शाता है अर्थात 62 प्रतिशत से बढ़कर 64 प्रतिशत हो जाना कोई बड़ी बात नहीं है।

viii. अत्यधिक अभिनव अवधि में आयातों में समग्र रुप से कमी और बाजार हिस्से में नगण्य वृद्धि प्रदर्शित होती है।

घरेलू उद्योग को क्षति का अभाव

ix. नियम और धाराएं यह अपेक्षा करती है कि घरेलू उद्योग को भारत में संवद्ध वस्तु के आयातों में वृद्धि के परिणामस्वरुप गंभीर क्षति अथवा गंभीर क्षति की चुनौती उत्पन्न होनी चाहिए।

x. संबद्ध वस्तु के बड़े उत्पादकों में से एक ने डीजी रक्षोपाय को आंकड़े उपलब्ध नहीं कराये है जिससे क्षति विश्लेषण सार्थक ढंग से नहीं किया जा सकता है।

xi. पाटनरोधी विधियों के अंतर्गत घरेलू उद्योग की परिभाषा रक्षोपाय उपबंधों में सार्थक नहीं है चीन से आयातित सीमलेस ट्यूब और हालो प्रोफाइल के आयातों से संबंधित पाटनरोधी जांच के संबंध में निर्दिष्ट प्राधिकारी ने महाराष्ट्रा सीमलेस लिमिटेड (एमएसएल) को बड़ा उत्पादक माना है और एमएसएल से पूरी जानकारी के अभाव में ऐसा धारित किया गया कि पाटनरोधी शुल्क लगाने के प्रयोजनार्थ क्षति विश्लेषण नहीं किया जा सकता है। वर्तमान जांच में एमएसएल ने न तो पूरी जानकारी उपलब्ध कराई है और न ही घरेलू उद्योग के लिए प्रश्नावली प्रत्युत्तर फाइल किया है। अधूरी सूचना के आधार पर क्षति पैरामीटरों का विश्लेषण भारतीय इतिहास की सच्ची घटना प्रदर्शित नहीं की जा सकती है। निर्दिष्ट प्राधिकारी के जांच परिणाम बाम्बे हाई कोर्ट द्वारा संपुष्ट किये गये है।

xii. यदि किसी पाटनरोधी जांच में क्षति का मूल्यांकन करने के प्रयोजनार्थ एमएसएल के आंकड़े संवेदनशील है और जिनके बिना क्षति का निर्धारण कर पाना संभव नहीं है, उनके लिए समान निर्धारण किया जा सकता है जब तक कि एमएसएल द्वारा पूरी जानकारी उपलब्ध नहीं करायी जाती है।

एमएसएल के आंकड़े क्षति प्रदर्शित नहीं करते है

xiii. एमएसएल की वार्षिक रिपोर्ट यह उल्लेख करती है कि संबद्ध वस्तु का विनिर्माण करने की कुल क्षमता 200000 मीट्रिक टन प्रति वर्ष बढ़ी है जिससे यह संकेत मिलता है कि एमएसएल की नजर में सीमलेस पाइप का उज्जवल भविष्य है और इसने इसकी वृद्धि में बेशी निधियां निवेश की है।

xiv. अध्यक्ष का विवरण यह दर्शाता है कि क्षति, यदि कोई हो अवसरंचना परियोजनाओं में विलम्ब और चीन की कंपनियों द्वारा पाटन के कारण हुआ है। सीपीएमए ने यह प्रस्तुत किया है कि 70 प्रतिशत से अधिक आयात चीन से होती है और वह कीमत जिसपर यह आयात किये जा रहे है अन्य देशों से किये जाने वाले आयातों की कीमत से कम है। ऐसे परिदृष्य में यह याचिकाकर्ता पर निर्भर करता है कि वह पाटनरोधी निदेशालय में यह जांच करने के लिए आवेदन करें कि क्या पाटनरोधी शुल्क लगाने का मामला बनता है।

xv. घरेलू उत्पादक एमएसएल से संबंधित जानकारी जानबूझकर रोके है क्योंकि यह एमएसएल की स्थिति में सुधार दर्शाती है और अन्य उत्पादकों द्वारा दावा की गई क्षति आयातों के अलावा अन्य कारकों जिसमें बेशी क्षमताओं का सृजन होने के कारण विभिन्न उत्पादकों के बीच परस्पर प्रतिस्पर्धा शामिल है, के कारण हुई है।

आईएसएमटी या जिंदल एसएडब्ल्यू लिमिटेड द्वारा कोई क्षति नहीं उठाई गई है

xvi. आईएसएमटी की वार्षिक रिपोर्ट, जो यह दर्शाती है कि आईएसएमटी के उत्पादन में भारी वृद्धि हुई है अर्थात वर्ष 2008-09 में 145429 मीट्रिक टन प्रतिवर्ष से बढ़कर वर्ष 2011-12 में 185976 मीट्रिक टन। उसी अवधि में बिक्री में भी भारी वृद्धि प्रदर्शित हुई है। सीईओ के अभिकथन में यह उल्लेख किया गया है कि कंपनी की बिक्री में 17 प्रतिशत वृद्धि हुई और ट्यूब की बिक्री में भी 21.5 प्रतिशत वृद्धि हुई।

xvii. जिंदल एसएडब्ल्यू की वार्षिक रिपोर्ट उन विभिन्न कारकों पर प्रकाश डालती है जिनके कारण कंपनी दिक्कत उठा रही है। कंपनी की वितीय स्थिति पर विभिन्न कारकों जिसमें इनपुट कीमत में वृद्धि मन्थर घरेलू मांग और मंद वैश्विक अर्थव्यवस्था शामिल है, के कारण विपरीत प्रभाव पड़ा न कि आयातों के कारण।

कार्य-करण संबंध

xviii. उस अवधि के दौरान जब आयातों में वृद्धि हो रही थी क्षति कारकों में सुधार प्रदर्शित हुआ जो यह दर्शाता है कि आयातों की प्रमात्रा और घरेलू उत्पादकों की क्षति, यदि कोई, के बीच कार्यकरण संबंध नहीं है।

क. क्षमता वृद्धि: यदि क्षति हुई होती तो क्षमता में वृद्धि नहीं होती।

i. याचिकाकर्ता की क्षमता 3.75 लाख एमटी से बढ़कर 6.85 लाख एमटी हो गई।

ii. एमएसएल की क्षमता 3.5 लाख एमटी से बढ़कर 5.5 लाख एमटी हो गई।

ख. याचिकाकर्ता का उत्पादन 2.24 लाख एमटी से बढ़कर 2.93 लाख एमटी हो गया जो लगभग 25 प्रतिशत की वृद्धि प्रदर्शित करता है।

i. समर्थनकर्ता का उत्पादन भी 1.41 लाख एमटी से बढ़कर 1.5 लाख एमटी हो गया

ग. क्षमता उपयोग में गिरावट

i. यह गिरावट क्षमता में असमान्य वृद्धि के कारण हुई। मांग में केवल 2 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई जबकि याचिकाकर्ताओं की क्षमता में 80 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है।

ii. एमएसएल की क्षमता भी मांग में 2 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में 55 प्रतिशत तक बढ़ गई।

iii. वास्तव में आवेदनकर्ता एवं समर्थक अपनी पूर्व क्षमता का उपयोग करने में सक्षम नहीं थे अत: क्षमता में की गई वृद्धि अपेक्षित नहीं थी।

iv. क्षमता उपयोग में कमी क्षमता में अप्रत्याशित वृद्धि के कारण आयी।

घ. घरेलू बिक्री में मांग में वृद्धि के अनुरुप ही 1.97 लाख एमटी से वृद्धि होकर 2.2 लाख एमटी हो गई।

i. आवेदक के इस संभावित दावे के संबंध में वर्ष 2011-12 की तुलना में बिक्री में गिरावट आयी, यह गिरावट वर्ष 2011-12 की तुलना में वर्ष 2012-13 में मांग में गिरावट के कारण आयी।

ii. समर्थनकर्ता की बिक्री में गिरावट आयी तथापि यह विचार करते हुए कि आधार वर्ष में समर्थक की क्षमता 3.5 लाख एमटी थी, उसका उत्पादन केवल 1.4 लाख एमटी था, घरेलू बिक्रियां 1 लाख एमटी से कम थी। एमएसएल को क्षति होने के यह कुछ अन्य कारण हैं।

ड. बिक्री कीमत में गिरावट नहीं आयी।

च. मालसूची में वृद्धि हुई तथापि मालसूची की स्थिति को इस तथ्य को ध्यान में रखकर देखा जा सकता है कि इस उत्पाद के कई ग्रेड, आकार और प्रकार है तथा एक ग्रेड साइज, प्रकार को अन्य ग्रेडों से प्रतिस्थापित नहीं किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त यदि उत्पादक विभिन्न बाजार खंडों ने बिक्री कर रहा है तो उसे न्यूनतम मालसूची स्तर बनाये रखना होता है।

छ. रोजगार स्तर में वृद्धि हुई

ज. आवेदक का बाजार हिस्सा लगभग वही बना रहा-1 प्रतिशत से कम गिरावट को गिरावट नहीं कहा जा सकता है।

झ. क्षति यूएस और यूरोप में मंदी के कारण

ञ. क्षमता आधिक्य : याचिकाकर्ता ने 7.91 लाख एमटी की निष्किय क्षमता का दावा किया है। भारत में 12.35 लाख एमटी क्षमता का दावा किया गया है जबकि मांग 7.7लाख एमटी है। भारत में 5 लाख एमटी की वेशी क्षमता है। स्पष्टत: निर्यात बाजार को ध्यान में रखते हुए क्षमता बढ़ायी गयी। यह एक सुस्थापित तथ्य है कि चूंकि पिछले वर्ष यूएस और यूरोपीय अर्थव्यवस्था काफी बुरे हलात से गुजरी (जो उनकी मुख्य बाजारें है- जो इस तथ्य से स्पष्ट है कि इन दो क्षेत्रों में एक याचिकाकर्ता के पास उस बाजार की मांग को पूरा करने के लिए एक सहायक कंपनी है) अत: निष्किय क्षमता का उपयोग करके वे इस उत्पाद की निर्यात बिक्री करने में सक्षम नहीं थे।

ट. कोई अधोरदन नहीं

i. सीमलेस पाइप/टयूब के लिए अधोरदन का निर्धारण समग्र रूप से किया जाता है। इस उत्पाद का उत्पादन विभिन्न ग्रेडों, आकार, प्रकार में किया जाता है। एक ग्रेड से दूसरे ग्रेड का कीमत अंतर बहुत अधिक है। इसके अतिरिक्त डिर्ल पाइप, लाइन पाइप, केसिंग, टयूबिंग (तेल अन्वेषण में प्रयुक्त) बेरिंग ग्रेड पाइप, आटोमोबाइल ग्रेट पाइप, हाई प्रीसिजन पाइप आदि हो सकते हैं। विभिन्न ग्रेडों की कीमत में भारी अंतर हो सकता है।

ii. यह इस तथ्य के आलोक में भी महत्वपूर्ण है कि अधिकांश आयात तेल खोज सेक्टर में किये जाते हैं ।

ठ. कोई क्षति नहीं यह उल्लेख किया जाता है कि कंपनियों को भारी वित्तीय घाटा हो रहा है। यह गलत है। याचिकाकर्ता फायदे में है जो क्षति विवरण से स्पष्ट है।

ड. विभिन्न तालिकाओं में विभिन्न आंकड़े दिये गये है:

i. तालिका 5 में दिये गये आयात क्षति विवरण से मेल नहीं खाते।

ii. तालिका 5 में मांग 741117 है, क्षति विवरण में यह 767398 है।

iii. बाजार हिस्सा विभिन्न तालिकाओं में मेल नहीं खाता है।

iv. तालिका 5 में किये गये आयात और संलग्न कीमत अधोरदन तालिका।

आयातों में गिरावट के साथ-साथ याचिकाकर्ता की स्थिति में खराबी

xix. वर्ष 2012-13 की पहली तिमाही में आयातों में गिरावट आयी है। क्षति पैरामीटर भी स्थिति में गिरावट प्रदर्शित करते हैं । इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि जब आयातों में वृद्धि हुई तो घरेलू उद्योग के निष्पादन में सुधार हुआ और जब आयातों में गिरावट आयी तो उनके निष्पादन में भी गिरावट आयी।

xx. यह क्षति मुख्यत: भारत में क्षमता आधिक्य सृजित करने, भारत में उत्पाद की मांग से अधिक उत्पादन होना जिसके कारण आंतरिक प्रतिस्पर्धा हो गयी।

पुनर्वास योजना

xxi. रक्षोपाय नियमावली के अनुसार यदि घरेलू उत्पादकों की पुनर्गठन योजना हो तो शुल्क को 1 वर्ष से अधिक अवधि के लिए लगाया जा सकता है। प्रस्तावित पुनर्गठन योजना के संबंध में हम यह प्रस्तुत करते हैं कि अगोपनीय पाठ यह सुझाता है कि इस समय आईएसएमटी द्वारा कच्चे माल को प्रतिस्पर्धात्मक कीमतों पर क्रय नहीं किया जाता है जिसके लिए यह भविष्य में यह प्रयास करेगा। अन्य उपाय भी यह सुझाव देता है कि कंपनी अकार्यकुशल ढंग से प्रचालन कर रही है और पुनर्वास योजना मूलत: इस अकार्यकुशलता को कम करने के लिए। जिंदल एसएडब्ल्यू लिमिटेड पुनर्गठन योजना भी इसी तरह की स्थिति प्रदर्शित करती है। यह प्रस्तुत किया जाता कि यदि घरेलू उत्पादक कार्यकुशल ढंग से प्रचालन नहीं कर रहे हैं तो निश्चय ही इस अक्षमता के प्रभाव को कम करने के लिए शुल्क अधिरोपित करने का कोई कारण नहीं बनता है और लागत को उचित विश्लेषण के लिए मानकीय किया जाना चाहिए।

झ. चीन आयरन एवं स्टील एसोसिएशन (सीआईएसए) और मैसर्स रामा सिलेण्डर्स (जिसका प्रतिनिधित्व लक्ष्मी कुमारन और श्रीधरन द्वारा किया गया)

अधिदेशित सूचना प्रदान कराने में असमर्थता

i. घरेलू उद्योग ने जांच की शुरुआत के समय पूर्ण यथार्थ और उपयुक्त जानकारी प्रदान नहीं करायी है परंतु यह जांच के दौरान भी आवश्यक जानकारी (समायोजन योजना सहित) दर्ज करने से भी पीछे हटता रहा है।

ii. प्रदान करायी गई सूचना के अगोपनीय पाठ में वास्तव में हितबद्ध पक्षकारों द्वारा टिप्पणियां किये जाने के लिए कुछ भी नहीं था। समीक्षा करते समय पर्याप्त सूचना के अभाव में प्रतिवादी ने अपने हित की प्रभावी ढंग से रक्षा करने के अपने अधिकार की मनाही कर दी। ऐसा कार्य प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन करता है ।

विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु की गलत परिभाषा

iii. महानिदेशक रक्षोपाय यह विचार करते हुए कि सीमलेस ट्यूब के सभी प्रकार एक एकल उत्पाद हैं विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु की परिभाषा नहीं दे सके। महानिदेशक रक्षोपाय ने यह जांच करने का भी प्रयास नहीं किया कि क्या विचाराधीन उत्पाद में शामिल किये गये ग्रेडों का उत्पादन घरेलू उत्पादकों द्वारा किया जाता है, क्या विभिन्न ग्रेडों के उत्पाद उनके प्रयोग, गुणधर्म और कीमतों के संबंध में समान हैं। इसके अतिरिक्त जांच शुरुआत के समय कोई जांच नहीं की गई कि क्या ईआरडब्ल्यू ट्यूब और पाइप समान उत्पाद है क्योंकि यह ट्यूब और पाइप सीमलेस ट्यूब और पाइप के या तो समान है या उनके साथ प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

अनपेक्षित परिस्थितियों और आयात में वृद्धि की जांच न करना

iv. न तो जांच शुरुआत नोटिस और न ही घरेलू उद्योग की याचिका में अनपेक्षित विकास की मौजूदगी का कोई उल्लेख किया है जिसके वजह से आयातों में वृद्धि हुई है। आवेदन और जांच शुरुआत नोटिस में प्रदान कराये गये आयात आंकड़े आयातों की वृद्धि का भी उल्लेख नहीं करते है, अप्रत्याशित विकास के कारण आयातों में अचानक तीव्र अभिनव और भारी वृद्धि की तो बात ही नहीं है।

जीएटीटी 1994 के अंतर्गत दायित्व का अभिज्ञान न करना

v. जीएटीटी 1994 के अंतर्गत उल्लिखित दायित्व का अभिज्ञान करने के लिए जीएटीटी 1994 के अनुच्छेद 19: 1(ख) के अंतर्गत अतिरिक्त दायित्व तथा इस दायित्व का घरेलू उद्योग द्वारा लगाये गये आरोप के अनुसार आयात में वृद्धि से संबंध होना है। वर्तमान जांच में याचिकाकर्ताओं ने ऐसे किसी दायित्व और किसी संबंध की पहचान नहीं की है।

vi. आयात शुल्क (आधारभूत सीमाशुल्क) की निर्धारित दर भारत में 1994 में निर्धारित एक दायित्व है। आयात शुल्क में कमी होने पर आयातों में वृद्धि करना अपने आप में ही एक उल्लंघन है और 10 प्रतिशत की दर की वर्तमान स्थिति पर अलग से विचार करना चाहिए और इस वृद्धि के लिए 1994 में निर्धारित दायित्व के कारण आयातों में वर्तमान वृद्धि को उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता है।

घरेलू उद्योग का आधार

vii. भारत में कई उत्पादकों में से केवल उत्पादकों ने रक्षोपाय शुल्क के लिए याचिका दायर की है। इस याचिका के समर्थक निर्धारित प्रश्नावली में अधिदेशित संगत सूचना प्रदान कराने में अक्षम रहे। रक्षोपाय महानिदेशक द्वारा क्षति निर्धारण का कार्य घरेलू उत्पादकों के लिए समग्र रूप से किया जाना चाहिए।

याचिका में कई अयथार्थताएं और असंगतताएं

viii. याचिकाकर्ताओं द्वारा यथाप्रदत्त आंकड़े वित्त वर्ष 2012-13 की पहली तिमाही तक अर्थात जून, 2012 तक, के लिए अद्यतन किये गये थे। तथापि वर्तमान जांच अप्रैल, 2013 में शुरु की गई थी यह स्पष्ट है कि याचिका में प्रदान कराये गये आंकड़े अद्यतन नहीं है।

ix. आयात आंकड़ों के संबंध याचिका और जांचशुरुआत नोटिस के बीच गंभीर विसंगतियां, अयथार्थताएं, असंगतताएं हैं।

x. अप्रैल, 2012 से दिसम्बर, 2012 तक की अवधि को शामिल करते हुए अद्यतन आयात आंकड़ों का विश्लेषण भारी विसंगतियां व्यक्त करता है। मूल सांख्यिकी के आंकड़ों की तुलना अद्यतन पाठ से करने पर ऐसा प्रतीत होता है कि अप्रैल, 2012 से जून, 2012 की अतिच्छादी अवधि के आंकड़े संगत नहीं है। नये आंकड़े दर्शाते हैं कि संबंधित उत्पाद का चीन से भारत में आयात 20 प्रतिशत से कम था।

कोई अनपेक्षित विकास नहीं

xi. घरेलू उद्योग द्वारा दायर याचिका और जांच शुरुआत नोटिस उन अनपेक्षित विकास की मौजूदी के संबंध में पूर्णतया चुप है जिसके परिणामस्वरुप आयातों में बढ़ोत्तरी हुई।

अनपेक्षित विकास दर्शाना अनिवार्य है

xii. डीएस 178 यूएस-लैम्ब से संबंधित डब्ल्यूटीओ विवाद में अपीलीय निकाय में पाया कि अनपेक्षित विकास की मौजूदगी रक्षोपाय करार के अनुच्छेद 3.1 के अंतर्गत तथ्य एवं विधि का एक संगत मुद्दा है।

xiii. अनपेक्षित विकास ऐसी परिस्थिति या परिस्थितियों के एक सेट का वर्णन करता है जिन्हें एक ऐसे तथ्य के रूप में प्रदर्शित किया जाना चाहिए जिसके परिणामस्वरूप आयातों में वृद्धि हुई जो रक्षोपाय शुल्क अधिरोपित करने को न्यायोचित ठहराता है।

xiv. आयातों की बढ़ी हुई मात्रा को अनपेक्षित विकास से नहीं जोड़ा जाना चाहिए। प्रतिवादियों ने डीएस-238-अर्जेंटिना-परिरक्षित पीच में पैनल रिपोर्ट पर भरोसा किया है।

xv. आवेदनकर्ता घरेलू उत्पादन ने बाद में एक पत्र दायर किया जिसमें उसने कुछ घटनाओं को अनपेक्षित विकास के रूप में दर्शाया। यह प्रस्तुत किया जाता है कि कुछ घटनाओं का अनपेक्षित विकास के रुप में संगणना कर देना ही अनुच्छेद-19:1(ख) की जरूरतों के आलोक में पर्याप्त नहीं है। वास्तविक अपेक्षा यह है कि यह स्पष्ट किया जाना चाहिए कि क्यों प्रश्नाधीन विकास अनपेक्षित है और इससे आयातों में वृद्धि किस तरह हुई।

आयातों में वृद्धि पर किये गये दायित्व के प्रभाव का संधान

xvi. जीएटीटी 1994 के अनुच्छेद-19:1(क) जांचकर्ता प्राधिकारी पर दोहरी जरूरतें स्थापित करता है। यह अपेक्षाएं निम्नलिखित हैं:

(क) वास्तव में संबद्ध उत्पाद से संबंधित जीएटीटी 1994 के अंतर्गत प्रशुल्क रियायतों सहित विशिष्ट दायित्व की पहचान करना; और

(ख) उस दायित्व का संबद्ध उत्पाद के आयातों में वृद्धि से संबद्ध स्थापित करना।

xvii. पोलीप्रोपीलीन बैग्स और ट्यूब्लर फैब्रिक्स के आयातों पर लगाये गये रक्षोपाय साधन- डोमिनिकन गणराज्य में डब्ल्यूटी/डीएस415/आर, डब्ल्यूटी/डीएस416आर, डब्ल्यू टी/डीएस417/आर, डब्ल्यूटी/डीएस418/आर (23 फरवरी, 2012) पैनल ने यह धारित किया कि प्रशुल्क रियायतों सहित इस करार के अंतर्गत सदस्य द्वारा लगाये गये दायित्वों के प्रभाव का आशय यह है कि ''आयातक सदस्य के पास जीएटीटी 1994, उदाहरण के लिए प्रशुल्क रियायतें, के अंतर्गत प्रश्नाधीन उत्पाद के संबंध में कुछ दायित्व होना चाहिए।

xviii. कतिपय दुग्ध उत्पादों के आयातों पर निर्णायक रक्षोपाय शुल्क-कोरिया, डब्ल्यूटी/डीएस 98/एबी/आर (12 जनवरी, 2000) की अपीलीय निकाय रिपोर्ट, अर्जेंटिना-फूटवियर आयातों पर रक्षोपाय साधन, डब्ल्यूटी/डीएस 121/एबी/आर (12 जनवरी, 2000) की अपीलीय निकाय रिपोर्ट में यह संधान किया गया कि सदस्य को अनपेक्षित विकास के अलावा जीएटीटी 1994 के अंतर्गत दिये गये दायित्व को प्रदर्शित करना और उस दायित्व तथा आयातों में वृद्धि के बीच संबंध स्थापित करना अपेक्षित होता है।

xix. जीएटीटी 1994 के अंतर्गत विहित दायित्व के प्रभाव को स्थापित किये बिना किया गया कोई दावा और अनुच्छेद-19:1(क) में उल्लिखित अपेक्षाओं पर विधिपूर्वक विचार किये बिना जांचकर्ता अधिकारी द्वारा रक्षोपाय शुल्क अधिरोपित करना अनुच्छेद-19:1(क) का स्पष्ट उल्लंघन है।

आयात शुल्क (बीसीडी) में कमी के कारण आयातों में वृद्धि होना

xx. सदस्यगण प्रशुल्क रियायतों के द्वारा एक दायित्व ग्रहण करते है अर्थात विशिष्ट सदस्य यह दायित्व लेता है कि वह एक विशिष्ट दर से ज्यादा आयात शुल्क (बीसीडी) में बढ़ोतरी नहीं करेगा। इस दर को बाउंड दर कहा जाता है। जांचाधीन उत्पाद के लिए भारत वर्ष 1994 में बाउंड दर के रूप में 40 प्रतिशत पर सहमत हुआ था। तत्पश्चात भारत ने स्वयं अपने जोखिम पर बाउंड दर से कम आयात शुल्क दर निर्धारित की और वर्तमान आयात शुल्क दर 10 प्रतिशत है। रक्षोपाय शुल्क का अधिरोपण केवल तभी किया जा सकता है जब आयात शुल्क में कमी के कारण आयातों में वृद्धि बाउंड दर तक हो जाए। बाउंड दर से कम आयात शुल्क की कटौती के कारण आयातों में हुई वृद्धि के लिए रक्षोपाय शुल्क नहीं लगाया जा सकता है। इसलिए आयात शुल्क में स्वयं अपने जोखिम पर और अधिक कमी करने के कारण आयातों में हुई किसी वृद्धि, वर्तमान स्तर 10 प्रतिशत है, पर अलग से विचार किया जाना चाहिए और उस

वृद्धि के लिए वर्ष 1994 में ग्रहण किये गये भारत के दायित्व के कारण आयातों में वृद्धि के लिए उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता है।

अत्यधिक गोपनीयता और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन

xxi. घरेलू उद्योग द्वारा दायर समायोजन योजना (अगोपनीय पाठ) और प्रश्नावली का व्यक्तिगत प्रत्युत्तर 2 सितम्बर, 2013 को आयोजित सार्वजनिक सुनवाई तक नहीं दिया गया था। पहली सार्वजनिक सुनवाई के बाद भी आवेदक घरेलू उत्पादकों ने प्रश्नावली प्रत्युत्तर और समायोजन योजना का अगोपनीय पाठ प्रस्तुत किया।

xxii. परिमाणात्मक आंकड़ों को, चाहे वह समग्र हो या मासिक, प्रकटन किया जाना अपेक्षित होता है। यद्यपि कई पैरामीटरों के लिए कुल परिमाणात्मक आंकड़ों का प्रकटन कर दिया गया तथापि मासिक आंकड़ों को गोपनीय रखा गया। यह दावा सही नहीं है और उसे नामंजूर कर दिया जाना चाहिए।

xxiii. घरेलू उत्पादकों के लिए प्रश्नावली प्रत्युत्तर में संस्थापित क्षमता और क्षमता उपयोग का गोपनीय के रूप में दावा, गोपनीयता के लिए दावा करने के कारण का उल्लेख किये बिना, किया गया। यह प्रस्तुत किया जाता है कि संस्थापित क्षमता और क्षमता उपयोग का गोपनीयता का दावा करने के लिए कोई कारण नहीं है।

xxiv. उनके द्वारा बंदी का विवरण (अनुबंध-5) प्रदान नहीं किया गया है। यदि वे यह दावा कर रहे हैं कि संदर्भ अवधि के दौरान उन्हें अपना संयंत्र बंद करना पड़ा तो वे विगत 3 वर्षों के बंद के आंकड़े प्रदान करायेंगे।

xxv. उनके द्वारा सब्सिडी का कोई विवरण यह दावा करते हुए प्रदान नहीं कराया गया है कि यह एक कारोबार सूचना है जो सार्वजनिक रुप से उपलब्ध नहीं होनी चाहिए।

उत्पाद की गलत परिभाषा

कवर किये गये उत्पाद एक समान नहीं हैं

xxvi. विचाराधीन उत्पाद का दायरा बहुत व्यापक है। सीमलेस पाइप, लोहा या गैर अलौह इस्पात (एसपीटीएच), के ट्यूब्स और हालो प्रोफाइल एकल उत्पाद समूह नहीं है। यह प्रस्तुत किया जाता है कि एसपीटीएच के कई प्रकार और/या ग्रेड होते हैं जो एक दूसरे से बहुत अधिक भिन्न होते हैं।

प्रयोग में भारी अंतर

xxvii. सीमलेस पाइप और ट्यूब का भारी भिन्न प्रयोग- विभिन्न प्रयोगकर्ता उद्योगो में सीमलेस पाइप और ट्यूब का अलग-अलग प्रयोग होता है-

i. तेल एवं गैस खोज

ii. रिफाइनरी और पेट्रोरसायन

iii. उर्वरक संयंत्र

iv. स्टील संयंत्र

v. बेरिंग उद्योग

vi. आटोमोबाइल उद्योग

vii. रेलवे सेक्टर

viii. रक्षा सेक्टर

ix. विद्युत सेक्टर

xxviii. डीजीएडी ने जांचाधीन उत्पाद के संबंध में 19 मई, 2000 को अपने अंतिम जांच परिणाम में यह पाया कि पीयूसी ग्रेडों का विश्लेषण निम्नलिखित जांच करके किया जाना चाहिए

- आधारभूत विनिर्माण प्रक्रिया

- भौतिक गुणधर्म
- रसायनिक संघटन
- आतनन शक्ति
- उत्पत्ति अवरोध
- विशिष्ट प्रचालन (अर्थात ताप उपचार)
- अंतिम प्रयोग
- उत्पाद की अंतरपरिवर्तनीयता
- ग्राहकों का अवबोधन
- प्रशुल्क वर्गीकरण

xxix. प्रतिवादियों ने प्रस्तुत किया कि संबंधित उत्पाद के विभिन्न ग्रेडों की लागत, बिक्री कीमत, प्रयोग, विपणन आदि में भारी अंतर है। उत्पाद दायरे में इस व्यापक अंतर के कारण आवेदक घरेलू उत्पादकों पर आयात के प्रभाव का निर्धारण करना अशुद्ध होगा।

उत्पाद दायरे में उत्पादों की बंडलिंग करना त्रुटिपूर्ण है

xxx. विचाराधीन उतपाद एक वस्तु अर्थात एकल उत्पाद होना चाहिए। इसी तरह समान उत्पाद भी एकल उत्पाद होता है। विचाराधीन उत्पाद की तुलना समान वस्तु से करते समय उत्पाद से उत्पाद आधार पर करना चाहिए न कि उत्पादों के एक समूह से उत्पादों के दूसरे समूह से। प्रतिवादियों ने इंडोनेशिया-आटोमोबाइल उद्योग को प्रभावित करने वले कतिपय उपाय डीएस-54/55/59/64 में डब्ल्यूटीओ डीएसबी पैनल रिपोर्ट पर भरोसा किया है जिसमें डब्ल्यूटीओ विवाद निपटान निकाय ने समान वस्तु के आशय को स्पष्ट किया है।

उत्पाद के दायरे में उन उत्पादों, समान वस्तु को शामिल नहीं किया जा सकता है जिनका उत्पादन आवेदक घरेलू उत्पादकों द्वारा नहीं किया जाता है

xxxi. सार्वजनिक सुनवाई के दौरान आवेदक घरेलू उत्पादकों ने यह स्वीकार किया कि उत्पाद दायरे में शामिल कई उत्पादकों का उनके द्वारा अथवा उनमें से कुछ का विनिर्माण नहीं किया जाता है, इसलिए वे ओएनजीसी द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुरुप बोली में प्रतिभागिता करने के लिए योग्य नहीं होते है। अत: उन उत्पादों को उत्पाद के दायरे से हटा दिया जाना चाहिए।

xxxii. पेट्रोलियम और विस्फोटक सुरक्षा संगठन के मैसर्स रामा सिलेण्डर्स प्रा. लिमिटेड, संबद्ध वस्तु का एक आयातक को सम्बोधित दिनांक 23.5.2013 के पत्र में यह उल्लेख किया गया कि कार्यालय रिकार्ड के अनुसार कोई भी भारतीय सीमलेस स्टील पाइप/ट्यूब का विनिर्माता गैस सिलेण्डर नियमावली, 2004 के अंतर्गत अनुमोदित उच्च दाव सीमलेस स्टील गैस सिलेण्डरों का विनिर्माण करने के लिए पात्र नहीं है।

xxxiii. आवेदक घरेलू उत्पादकों में सार्वजनिक सुनवाई के दौरान यह स्वीकार किया कि एक आवेदक घरेलू उत्पादक ने अपनी पात्रता की जांच करने के लिए अपने समान की जांच करने का आवेदन किया है। यह इस बिंदु को सिद्ध करता है कि आवेदक घरेलू उत्पादकों को इस तरह के उत्पादों का विनिर्माण करना निषेध है और इसके कारण सिलेण्डर के विनिर्माताओं को इन उत्पादों का आयात भारत सरकार द्वारा अनुमोदित विनिर्माताओं से करने के लिए मजबूर होना पड़ा। जब आवेदक घरेलू उत्पादक इन उत्पादों का विनिर्माण नहीं कर रहे थे तो जांच की अवधि के दौरान उनका आयात उन्हें क्षति कारित नहीं कर सकता था।

कीमतों में भारी अंतर या वैकल्पिक रूप से अशुद्ध आयात आंकड़े और मूल्य

xxxiv. आवेदक घरेलू उत्पादकों द्वारा प्रदान कराये गये आयात आंकड़े पीयूसी के विभिन्न ग्रेडों की कीमतों में भारी अंतर प्रदर्शित करते है।

सीएन कोड	औसत कीमत (रुपये/एमटी)
73069011	24,376
73043129	29,416
73045930	169,841
73041120	170,318

सीएन कोड 73069011 की प्रति टन न्यूनतम औसत कीमत 24376 रुपये है और सीएन कोड 73041120 की अधिकतम औसत कीमत 170318 रुपये प्रति टन हैं इस प्रकार अधिकतम औसत कीमत न्यूतम औसत कीमत से 7 गुनी अधिक है। इस प्रकार स्पष्ट है कि विभन्न उत्पाद ग्रेडों की कीमत में भारी अंतर है। वैकल्पिक रूप से यह प्रस्तुत किया जाता है कि ऊपर उल्लिखित उत्पाद कोड 73069011 और 73041120 विभिन्न उत्पादों को दर्शाते है परंतु उन्हें गलती से आयात सांख्यिकी में शामिल कर लिया गया है।

समान वस्तु और याचिकाकर्ता घरेलू उत्पादकों का घरेलू उद्योग के रूप में आधार: बेल्डेड टयूब और पाइप (ईआरडब्ल्यू)

xxxv. संपूर्ण विश्व में इलैक्ट्रिकल अवरोध बेल्डिंग का प्रयोग करके बने बेल्डेड टयूब और पाइप का प्रयोग सीमलेस ट्यूब और पाइप के साथ अंतरपरिवर्तनीय रूप से ऑयल और गैस खोज एवं परिवहन में किया जाता है।

xxxvi. भारत तथा अन्य देशों के विरुद्ध संयुक्त राज्य द्वारा शुरु की गई जांच [जांच सं. 701-टीए-428 और 731-टीए-992-994 और 996-1105 (प्रारंभिक)] में यूएस ने बेल्डेड ट्यूब और पाइपों को सीमलेस ट्यूब और पाइपों के समान वस्तु के रुप में माना है। प्रतिवादियों ने जांच शुरुआत नोटिस की प्रति संलग्न की है।

xxxvii. यह तर्क कि केवल उत्पादन प्रक्रिया का शुरुआती स्तर दो उत्पाद बनाता है से कोई फर्क नहीं पड़ता है क्योंकि दोनों समान अंतिम प्रयोग का उद्देश्य पूरा करते है। इसलिए बेल्डेड ट्यूब और पाइप (ईआरडब्ल्यू) ना केवल प्रतिस्पर्धी उत्पाद है बल्कि वे सीमलेस ट्यूब और पाइपों के प्रत्येक मापदंड के अनुसार समान उत्पाद भी है।

xxxviii. प्रतिवादियों ने ऐसे उत्पादों की सूची प्रस्तुत की है जिन्हें इस जांच में शामिल नहीं किया गया है और उल्लेख किया है कि भारत में घरेलू उत्पादकों के अलावा कई अन्य घरेलू उत्पादक भी है जो संपूर्ण विश्व में समान अंतिम प्रयोग के लिए प्रयोग होने वाले बेल्डेड ट्यूब और पाइप का निर्माण करते है। इसलिए इन घरेलू उत्पादकों के उत्पाद को आवेदक घरेलू उत्पादकों का आधार निश्चित करने के लिए शामिल किया जाना चाहिए जिन्होंने समान उत्पाद का उत्पादन करने वाले घरेलू उद्योग की ओर से आवेदन किया है।

xxxix. चीन जनवादी गणराज्य से भारत में एल्यूमिनियम फ्लैट रोल्ड उत्पादों और एल्यूमिनियम फाइल के आयातों के विरुद्ध रक्षोपाय जांच के दिनांक 29 मई, 2009 की अंतिम जांच परिणाम में रक्षोपाय महानिदेशक ने घरेलू उद्योग द्वारा निर्माण ना किये जाने वाले उत्पादों का अपवर्जन करने के लिए निम्नलिखित सूचीबद्ध कारकों की जांच की थी:

i. तकनीकी गुणधर्म

ii. अंतरपरिवर्तनीयता और प्रयोग

iii. संभावित प्रयोग

iv. विपड़न सरणी

v. कीमत आदि

xl. सभी घरेलू उत्पादकों के कुल उत्पादन (उनके सहित जो बेल्डेड ट्यूब और पाइप का उत्पादन ईआरडब्ल्यू विधि से करते है) और आवेदनकर्ता घरेलू उत्पादन के कुल उत्पादन पर विचार करते हुए यह स्पष्ट है कि आवेदनकर्ता घरेलू उत्पादन समान वस्तु के कुल उत्पादन का अधिकांश अनुपात का उत्पादन नहीं करते है और इसलिए आवेदक घरेलू उत्पादक का घरेलू उद्योग की ओर से आवेदन करने का आधार नहीं है।

क्या याचिकाकर्ता संपूर्ण भारतीय घरेलू उद्योग का प्रतिनिधित्व करते है

xli. व्यापार उपचारी जांच जैसे रक्षोपाय जांच या पाटन जांच में कुल उत्पादन का 50 प्रतिशत से अधिक उत्पादन होना ही एओएस के अनुच्छेद 4.1 (ग) के अनुसार कुल उत्पादन का अधिकांश भाग होने का दावा नहीं बन जाता है।

xlii. प्रतिवादियों ने भारत में सीमलेस ट्यूब और पाइप के 50 से अधिक घरेलू उत्पादकों का विवरण प्रस्तुत किया है और घरेलू उद्योग की परिभाषा के लिए डीएस 397-ईसी स्टील फासनर्स में डब्ल्यूटीओ अपीलीय निकाय रिपोर्ट पर भरोसा करते हुए उल्लेख किया है कि डीजी रक्षोपाय अन्य घरेलू उत्पादकों से सूचना प्राप्त करने के लिए बाध्य है और उनसे क्षति के संबंध में भी सूचना प्राप्त करें। यदि डीजी रक्षोपाय ऐसे अन्य घरेलू उत्पादक पर (महाराष्ट्र सीमलेस लिमिटेड) भरोसा करते है जिसमें अपना निर्धारण करने के लिए पूरी सूचना नहीं दी है।

xliii. चीन जनवादी गणराज्य से भारत को एल्यूमिनियम फ्लैट रोल्ड उत्पादों और एल्यूमिनियम फ्वाइल के आयातों के विरुद्ध रक्षोपाय शुल्क जांच के अंतिम जांच परिणाम दिनांक 29 मई, 2009 में डीजी रक्षोपाय ने यह धारित किया कि घरेलू उद्योग की परिभाषा उत्पाद उन्मुखी होनी चाहिए ना कि उत्पादक उन्मुखी और यह कि यह उत्पादन घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित उत्पाद पर आधारित होना चाहिए जिसकी तुलना समान या प्रत्यक्ष प्रतिस्पर्धी के रूप में आयातित उत्पाद से की जाती है।

xliv. आवेदक घरेलू उत्पादकों ने प्रथम सार्वजनिक सुनवाई के अनुसरण में अपने लिखित प्रस्तुतिकरण के पैरा 19 में भेल और ओसीएल का अपवर्जन करने का औचित्य इस आधार पर दर्शाने का प्रयास किया है कि इन उत्पादकों ने उत्पाद का आयात किया है।

xlv. प्रतिवादियों ने प्रस्तुत किया है कि घरेलू उद्योग को एओएस तथा भारतीय रक्षोपाय विधिक उपबंधों की तुलना में पाटनरोधी करार और भारतीय नियमों में अलग ढंग से परिभाषित किया गया है। जब कि पाटनरोधी प्रावधान प्राधिकारी को ऐसे उत्पादकों का अपवर्जन करने का विवेक प्रदान करते है जो आयातकर्ता है या आयातकों या निर्यातकों से संबंधित है, परंतु डीजी रक्षोपाय को यह विवेक प्रदान नहीं किया गया है।

xlvi. इस जांच में निम्नलिखित उत्पादकों पर विचार नहीं किया गया है जो विचाराधीन उत्पाद के ज्ञात उत्पादक है। इन उत्पादकों को भी वर्तमान जांच में शामिल किया जाना चाहिए:

- महालक्ष्मी सीमलेस लिमिटेड
- रतनदीप मेटल और ट्यूब प्राइवेट लिमिटेड
- हेवी मेटल्स एंड टयूब्स लिमिटेड
- गांधी स्पेशल ट्यूब्स लिमिटेड
- आनंद सीमलेस ट्यूब्स प्रा. लिमिटेड
- सैनेस्ट ट्यूब्स प्रा. लिमिटेड
- पटेल्स एयर फ्लो लिमिटेड
- भाटिया स्टील ट्यूब्स

xlvii. यदि इन उत्पादकों को प्राधिकारी द्वारा वर्तमान जांच में विचार किया जाता है तो घरेलू उद्योग द्वारा धारित कुल उत्पादन का प्रतिशत हिस्सा भारी कम हो जायेगा। इससे घरेलू उद्योग का आधार प्रभावित होगा।

आयातों में कोई उद्रेक नहीं

xlviii. वर्तमान मामले के तथ्य यह संकेत करते है कि विगत वर्ष की तुलना में आयातों में कोई वृद्धि नहीं हुई है। आयात जो वर्ष 2011-12 में 425194 एमटी थे घटकर वर्ष 2012-13 (वार्षिकीकृत) में 373777 एमटी हो गये। प्रतिवादियों ने फूटवियर का आयात के संबंध में डीएस 121-अर्जेटिना सेफगार्ड में डब्ल्यूटीओ विवाद पर भरोसा किया है।

xlix. प्राधिकारी को यह जांच करना अपेक्षित होता है कि क्या आयात किसी देश में इतनी अधिक मात्रा में हुए और यह आयात बहुत अधिक पर्याप्त अचानक तीव्र और भारी मात्रा में हुए है। आयातों में वृद्धि की जांच और उपयुक्त

निर्धारण पर विचार किये बिना कोई निर्णय देना एओएस के अनुच्छेद 2.1 और सीमाशुल्क प्रशुल्क अधिनियम 1975 की धारा 8 ख(1) का उल्लंघन होगा।

क्षति विश्लेषण

I. प्रारंभ में प्रतिवादियों ने अपने क्षति प्रस्तुतिकरणों में क्षति कारको से संबंधित सभी प्रस्तुतिकरणों को दोहराया है। घरेलू उद्योग के उत्पादन और बिक्री के संबंध में वर्ष 2011-12 की तुलना में वर्ष 2012-13 के दौरान उत्पादन और बिक्री दोनों में मामूली सी कमी आयी है। निष्पादन में यह कमी पिछले 4 वर्षों की क्षति अवधि में स्पष्ट नहीं है परंतु जांच की अवधि के दौरान यह एक बड़ी घटना है। फिर भी आधार वर्ष से तुलना करने पर घरेलू उद्योग के उत्पादन में 13 प्रतिशत बिंदुओं की वृद्धि हुई है जबकि बिक्री में एक इंडेक्स बिंदु भी कमी आई। अत: संदर्भ अवधि के दौरान घरेलू बिक्रियों के स्तर में भारी गिरावट नहीं आयी है।

Ii. बोली में विदेशी प्रदायकों के साथ प्रतिस्पर्धा करने और निविदा में प्रभावकारी ढंग से बोली लगाने में घरेलू उद्योग की अक्षमता के लिए विदेशी प्रदायकों को दोषी ठहराना उचित नहीं है । रक्षोपाय जांच का आधारभूत पहलू यह है कि भारत में आयात उचित कीमतों पर आये है ।

Iii. आवेदन करते समय घरेलू उद्योग ने यह स्वीकार किया है कि वे अपने ही समस्या से पीड़ित है। यह बोली प्रक्रिया में विदेशी प्रदायकों के साथ प्रतिस्पर्धा करने की अक्षमता से स्पष्ट है जिसमें उनकी बोलियां उत्पादन न होने अथवा अन्य तकनीकी कारणों से निरस्त की जाती है।

Iiii. रोजगार में कथित नुकसान के संबंध में प्रतिवादी यह नोटिस करते है कि रोजगार और वेतन के स्तर में संदर्भ अवधि के दौरान भारी नुकसान नही हुआ है। इसके विपरीत कार्य बल सं. और वेतन दोनों में संदर्भ अवधि के दौरान वर्ष दर वर्ष औसतन 6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। भारतीय घरेलू उद्योग और याचिकाकर्ता अपना रोजगार नहीं बढ़ाते यदि उनको कोई क्षति हुई होती।

Iiv. कुछ अपवर्जित उत्पादों एसए335, एसए 213, एल-80 विनिर्देशनों के एसटीपी को क्षति विश्लेषण में शामिल किया जाना चाहिए। यह अपवर्जित उपाय कुल आयातों का लगभग 6 प्रतिशत है। प्राधिकारी ने क्षति विश्लेषण से इन अपवर्जित उत्पादों का अपवर्जन कर दिया।

कारणात्मक संबंध का अभाव

Iv. घरेलू उद्योग द्वारा अपने आवेदन में प्रस्तुत तथ्यों के अनुरुप आयात और घरेलू उद्योग के निष्पादन के बीच कोई कारणात्मक संबंध नहीं है।

Ivi. जब आयात वर्ष 2010-11 में 344829 से बढ़कर वर्ष 2011-12 में 425194 एमटी हो गये तो घरेलू उद्योग की लाभप्रदायकता में 76 अंकों से वृद्धि होकर 102 अंक हो गयी जबकि आयात जो वर्ष 2011-12 में 425194 एमटी थे घटकर वर्ष 2012-13 में 280333 एमटी हो गये तो घरेलू उद्योग की लाभप्रदायकता भी 102 बिंदु से घटकर 23 बिंदु हो गयी। घरेलू उद्योग के लाभ और आयात के बीच कारणात्मक संबंध का पूर्ण अभाव है।

Ivii. घरेलू उद्योग के उत्पादन और बिक्री तथा आयातों के बीच ऋणात्मक सह संबंध स्पष्ट है। जब आयात 2010-11 में 344829 एमटी से बढ़कर वर्ष 2011-12 में 425194 एमटी हो गये तो घरेलू उद्योग के उत्पादन और बिक्री में भी 126 बिंदु से वृद्धि होकर 142 बिंदु और 118 बिंदु से वृद्धि होकर 120 बिंदु हो गई। जबकि आयात जो वर्ष 2011-12 में 425194 एमटी से घटकर वर्ष 2012-13 में 280333 एमटी हो गये तो घरेलू उद्योग उत्पादन और बिक्री में भी 142 बिंदुओं से कमी होकर 87 बिंदु और 120 बिंदुओं से घटकर 71 इंडेक्स बिंदु रह गयी। अत: कारणात्मक संबंध बिल्कुल भी नहीं है ।

Iviii. वर्ष 2011-12 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार आईएसएमटी ट्यूब प्रभाग की क्षमता वर्ष 2009-10 (158000 टन) से लगभग तिगुनी बढ़कर वर्ष 2010-11 में (465000 टन) हो गई । जबकि कंपनी का ट्यूब उत्पादन संगत रूप से स्थिर बना रहा, इसका तत्काल प्रभाव यह हुआ कि क्षमता उपयोग 85.9 प्रतिशत से घटकर 38.5 प्रतिशत हो गया। यह स्पष्ट है कि कथित क्षति का मुख्य कारण आईएसएमटी उत्पादन क्षमता में अचानक वृद्धि होना है। यह आयातों और कथित क्षति के बीच नकारात्मक संबंध समाप्त कर देती है।

lix. वर्तमान मामले के साथ पठित कोरिया-डेरी, डब्ल्यू टी/डीएस 98/आर संबंधित पैनल रिपोर्ट यह दर्शाती है कि आयातों और घरेलू उद्योग के निष्पादन के बीच कोई संबंध नहीं है। अत: यह प्रस्तुत किया जाता है कि कोई कारणात्मक संबंध मौजूद नहीं है और आयातों तथा घरेलू उद्योग पर उनके विपरीत प्रभाव के बीच कारणात्मक संबंध स्थापित किये बिना शुल्क की सिफारिश करना एओएस के अनुच्छेद 4.2 (ख) तथा सीमाशुल्क प्रशुल्क अधिनियम की धारा 8ख (1) का उल्लंघन होगा।

lx. आवेदनकर्ता घरेलू उत्पादकों ने सार्वजनिक सुनवाई के दौरान यह स्वीकार किया की उत्पाद दायरे में शामिल किये गये कई उत्पादों का उनके द्वारा विनिर्माण नहीं किया जाता है या उनमें से कुछ के लिए वे ओएनजीसी द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुरुप बोली में प्रतिभागिता करने के लिए योग्य नहीं है। इस अनर्हता का सर्वाधिक महत्वपूर्ण कारण यह है कि आवेदनकर्ता घरेलू उत्पादकों को उत्पाद का प्रदाय करते हुए नहीं माना जाता है क्योंकि वे इसका अन्य देशों को प्रदाय अन्य नाम पर करते है। यदि इस कारण से वे सामग्री की आपूर्ति नहीं कर सके और इसका उत्पादन किया गया तो यह तर्क नहीं दिया जा सकता है कि घरेलू उत्पादकों को आयातित वस्तु के कारण क्षति हुई है।

lxi. आवेदक घरेलू उत्पादकों ने अपनी समायोजन योजना में संक्षेप में यह उल्लेख किया कि वे ऐसी विधियों को अपना रहे है जिससे उत्पादन लागत कम हो जाएगी जैसे (i) कच्चे माल की कार्यकुशलता में सुधार करना (ii) ऊर्जा का कार्यकुशल प्रयोग करके विद्युत और ईंधन लागत को कम करने की योजना बनाना (iii) उच्चतर प्राइम ग्रेड उत्पादन प्राप्त करने और उत्पाद में सुधार करने के लिए स्टील ग्रेडों का यौक्तिकीकरण करने का प्रयास करना (iviv) लागत में भारी कमी करना। आवेदक घरेलू उत्पादकों का समायोजन योजना यह दर्शाता है कि क्षति का कारण उत्पादन विधि की अकार्यकुशलता है जो उनकी समायोजन योजना से स्पष्ट हो जाता है। अत: क्षति का कारण आयातित उत्पाद नहीं है।

समायोजन योजना

lxii. प्रतिवादियों ने प्रस्तुत किया कि रक्षोपाय शुल्क गैर प्रतिस्पर्धी घरेलू उद्योग के लिए अस्थायी राहत है और रक्षोपाय के अंतर्गत व्यापार उपचार घरेलू उद्योग को अस्थायी अवधि के लिए संरक्षित करना है जिससे कि यह विदेशी उत्पादकों के साथ प्रतिस्पर्धा कर सके और समायोजन कर सके। एओएस के अनुच्छेद 5 में यह भी प्रावधान है कि कोई सदस्य रक्षोपाय साधन का प्रयोग गंभीर क्षति से बचने या उसका उपचार करने और समायोजन सुलभ बनाने के लिए आवश्यक सीमा तक कर सकता है।

lxiii. ढांचागत समायोजन एओएस के अंतर्गत रक्षोपाय जांच का प्रमुख साधन बनता है जैसा एओएस की प्रस्तावना में उल्लेख किया गया है इस साधन का उपयोग आवेदक घरेलू उत्पादक ढांचागत परिवर्तन करने के रुप में नहीं कर सकते है। उदाहरण के लिए आईएसएमटी ने उल्लेख किया है कि प्रमुख सामग्री को प्रतिस्पर्धी कीमत निर्धारण सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न स्रोतों से प्राप्त करना। इसका आशय यह है कि आईएसएमटी इस समय अन-अर्थक्षम स्रोत से कच्चा माल प्राप्त कर रहा है जिससे कच्चे माल की लागत और उसके परिणामस्वरुप उसे कारित क्षति अपने ही कारणों से हो रही है। प्रस्तावित योजना को ढांचागत परिवर्तन नहीं कहा जा सकता है और उससे समायोजन योजना की जरुरतें पूरी नहीं होती। चूंकि आवेदक घरेलू उत्पादक कोई अर्थक्षम समायोजन योजना प्रदान कराने में असमर्थ रहे जिससे वह आयातों से प्रतिस्पर्धी बन सकते है, इसलिए इस जांच को तत्काल प्रभाव से समाप्त कर देना चाहिए।

जनहित

lxiv. एक घरेलू उत्पादक और संबद्ध वस्तु का आयातक भेल ने रक्षोपाय शुल्क लगाने का विरोध किया है। भेल ने यह प्रस्तुत किया है कि उसकी वार्षिक जरुरत 50000-60000 (एमटी) है जिसमें से 40-50 प्रतिशत की पूर्ति उसके इन हाऊस उत्पादन से की जाती है शेष 50-60 प्रतिशत मात्रा का एल के रजिस्टर प्रदायकों के बीच प्रतिस्पर्धी बोली से प्राप्त की जाती है। विदेशी प्रदायकों को लगभग 30000 एमटी (160 करोड़ रुपये और 8500 एमटी (50करोड़ रुपये) के ऑडर प्राप्त होते है।

lxv. भेल ने इस तथ्य का विशेष रुप से उल्लेख किया है कि विदेशी प्रदायकों को भारतीय प्रदायकों की तुलना में अधिक ऑडर मिलते है क्योंकि उनके पास संपूर्ण रेंज उपलब्ध होती है ।

lxvi. भेल द्वारा यह भी उल्लेख किया गया है कि स्वदेशी प्रदायकों का हाइड्रोलिक परीक्षण में ट्यूब में लीकेज सहित गंभीर क्वालटी मुद्दा होता है। इस तरह की लीकेज दुर्भाग्यपूर्ण हो सकती है जिससे जनहित प्रभावित हो सकता है।

lxvii. भेल के अनुसार एक भारतीय प्रदायक को अभी भी होल्ड पर रखा गया है। घरेलू उत्पादक द्वारा सीमित गुणवत्ता और मात्रा की आपूर्ति के कारण यह संभावना है कि रक्षोपाय शुल्क उनकी प्रतिस्पर्धात्मकता को समाप्त कर देगा और उनकी संस्थापित विनिर्माण क्षमता का उपयोग प्रभावित होगा।

lxviii. घरेलू उद्योग द्वारा अपने लिखित प्रस्तुतिकरण के पैरा 72(ख) द्वारा यह उल्लेख किया गया है कि कर के कारण भारत सरकार को राजस्व क्षति होगी क्योंकि घरेलू उद्योग की लाभप्रदायकता कम हो जाएगी।

lxix. प्रतिवादियों ने यह प्रस्तुत किया है कि रक्षोपाय शुल्क या किसी व्यापार उपचारी साधन का लक्ष्य सरकार का राजस्व बढ़ाना नहीं होता है। इसके बजाय घरेलू उद्योग के लिए समान स्तर प्राप्त करना होता है ताकि यह विदेशी प्रदायकों के साथ प्रतिस्पर्धा कर सके। सरकार को संबद्ध वस्तु के आयातों पर भुगतान किये जा रहे सीमाशुल्क के कारण राजस्व प्राप्त होता रहेगा। अत: सरकार का राजस्व सुरक्षित है।

lxx. प्रथम लिखित प्रस्तुतीकरण के पैरा 74 में घरेलू उद्योग ने दावा किया कि वह अभी नवजात उद्योग है। प्रतिवादियों ने प्रस्तुत किया है कि वर्तमान मामले में घरेलू उद्योग का प्रतिनिधित्व मैसर्स आईएसएमटी द्वारा किया गया है जो 1977 में शुरु हुई थी और मैसर्स जेएसडब्ल्यू लिमिटेड 1984 में शुरु हुई थी।

lxxi. घरेलू उद्योग ने अपने प्रस्तुतिकरण के पैरा 72 (ग) में यह उल्लेख किया है कि बहुमूल्य विदेशी मुद्रा भारत से बाहर जा रही है जिसका भारत के जन हित पर दीर्घकालीन प्रभाव पड़ेगा प्रतिवादियों ने प्रस्तुत किया है कि विदेशी मुद्रा बाहर जाने के संबंध में घरेलू उद्योग का दावा बिल्कुल निरर्थक है।

ञ. मैसर्स बीएचईएल

मैसर्स बीएचईएल ने सार्वजनिक सुनवाई के दौरान अपना मौखिक प्रस्तुतिकरण किया जिसमें उन्होंने पहली सार्वजनिक सुनवाई के दौरान किये गये अपने प्रस्तुतिकरण को ही दोहराया है:

i. मैसर्स बीएचईएल की जरुरतें अत्यधिक संवेदनशील है क्योंकि इन ट्यूब और पाइपों का प्रयोग उच्च दाब बायलर अनुप्रयोगों के लिए किया जाता है।

ii. गुणवत्ता और परीक्षण अपेक्षाएं बहुत कठोर है क्योंकि विद्युत संयंत्र की सुरक्षा मुख्य मुद्दा है।

iii. भेल की वार्षिक जरुरतें बहुत अधिक है अर्थात 50-60000 एम टी । 40-50 प्रतिशत जरुरत को इन हाऊस उत्पादन से पूरा किया जाता है। शेष 50 से 60 प्रतिशत मात्रा का अधिप्रापण भेल के पंजीकृत आपूर्तिकर्ताओं से प्रतिस्पर्धी दर से किया जाता है।

iv. विदेशी आपूर्तिकर्ताओं को अधिक आडर मिल रहे है क्योंकि उनके पास संपूण श्रृंखला उपलब्ध होती है जबकि भारतीय प्रदायों के पास सीमित श्रृंखला होती है।

v. मैसर्स भेल उन्हीं पंजीकृत प्रदायकों से अभिप्रापण करता है जो गुणवत्ता जरुरत को पूरा करते है।

vi. मैसर्स भेल के इस श्रेणी में 23 पंजीकृत प्रदायक (4 स्वदेशी प्रदायकों सहित) हैं।

vii. केवल एक स्वदेशी प्रदायक पूरी श्रृंखला को पूरा करता है। भारतीय उत्पादकों में अधिक प्रतिस्पर्धा नहीं है। अधिकांश विदेशी प्रदायक पूरी रेंज प्रदान करते है।

viii. दो स्वदेशी प्रदायकों के गुणवत्ता संबंधी गंभीर मुद्दे है जिसमें हाइड्रोलिक परीक्षण के समय ट्यूब में लिकेज होना भी शामिल है। एक स्वदेशी प्रदायक को होल्ड किया हुआ है।

ix. राइफल्ड ट्यूब के लिए मैसर्स आईएसएमटी लिमिटेड के अलावा कोई अन्य स्वदेशी प्रदायक नहीं है। राइफल्ड ट्यूब के लिए इस समय पूरी तरह से आयातों पर निर्भरता है।

x. एक विदेशी प्रदायक का सैम्पल अध्ययन दर्शाता है कि प्रति मीट्रिक टन लागत और प्रापण में अंतर है।

xi. ईंधन और ऊर्जा, रोजगार लागत विनिर्माण व्यय स्वदेशी उत्पादकों के बढ़ गये है। उन्हें उत्पादकता बढ़ाने और लागत में नियंत्रण करने की जरुरत है।

xii. स्वदेशी प्रदायकों की कम गुणवत्ता वाले न्यून उत्पादकता उनकी प्रतिस्पर्धात्मकता को समाप्त कर देती है।

xiii. स्वदेशी प्रदायकों को अपने गुणवत्ता में सुधार करने और बेंचमार्क उत्पादकता और कार्यकुशलता को विदेशी प्रदायकों के अनुरुप बनाने की आवश्यकता है।

xiv. भेल जैसी कंपनियों को घरेलू वरीयता के बजाय कठोर अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा करनी पड़ती है। अत: कोई रक्षोपाय शुल्क प्रतिस्पर्धात्मकता को समाप्त कर देगा और इसकी संस्थापित विनिर्माण क्षमता को कम कर देगा।

xv. मैसर्स भेल प्रति वर्ष 160 करोड़ रुपये का आयात करता है और इन मदों पर रक्षोपाय शुल्क लगाने से भेल के प्रचालनों को गंभीर क्षति पहुंचेगी ।

xvi. इन उत्पादों पर किसी भी तरह का रक्षोपाय शुल्क लगाने से पावर उपकरण विनिर्माताओं जैसे भेल को प्रतिस्पर्धात्मकता के ऋणात्मक प्रभाव से गंभीर क्षति होगी और उसकी कारोबार पर प्रभाव पड़ेगा ।

ट. डलमाइन एसपीए, इटली (जिसका प्रतिनिधित्व सेठ और दुआ एसोसिएट्स द्वारा किया गया)

डलमाइन एसपीए ने सार्वजनिक सुनवाई के दौरान मौखिक प्रस्तुतिकरण किया था परंतु वे लिखित प्रस्तुतिकरण नहीं कर सके।

ठ. जापान आयरन एंड स्टील फेडरेशन

उन्होंने द्वितीय सार्वजनिक सुनवाई में भाग नहीं लिया परंतु अपना लिखित प्रस्तुतिकरण किया जो निम्नलिखित है:

i. विचाराधीन उत्पाद का दायरा बहुत अधिक है जापान के स्टील विनिर्माताओं द्वारा निर्यातित उत्पाद भारतीय स्टील विनिर्माताओं द्वारा विनिर्मित उत्पादों के समान या प्रतिस्पर्धी उत्पाद नहीं है।

ii. जापान के स्टील विनिर्माताओं द्वारा विनिर्मित उत्पाद घरेलू उत्पादकों के उत्पादों से तकनीकी रुप से बहुत अच्छे है।

iii. जापान के स्टील विनिर्माताओं के पास अधोगामी एवं उपरीगामी विनिर्माण प्रक्रिया होती है जबकि भारतीय स्टील विनिर्माताओं के पास यह प्रक्रिया नहीं है। इससे जापान के स्टील विनिर्माता अपनी उत्पादन प्रक्रिया के दौरान गुणवत्ता बनाये रखते है।

iv. जापान के स्टील विनिर्माताओं द्वारा विनिर्मित उत्पाद को विचाराधीन उत्पाद के दायरे में शामिल नहीं करना चाहिए।

v. उत्पाद की बेहतर गुणवत्ता के कारण भारतीय अंतिम प्रयोगकर्ताओं ने जापान के स्टील विनिर्माताओं द्वारा विनिर्मित उत्पादों को प्रौद्योगिकीय रुप से संवेदनशील सेक्टर के रुप में अनुमोदित किया है जैसे आटोमोबाइल, तेल और गैस अन्वेषण, तेल एवं गैस ढुलाई, ताप ऊर्जा संयंत्र एवं रसायन उद्योग ।

vi. जापान से इस पीयूसी का आयात 1.19 प्रतिशत से 3 प्रतिशत रहा है । यह स्पष्टत: सिद्ध करता है कि पीयूसी का जापान से आयात एक ऐसी बाजार को होता है जिसे उच्च प्रौद्योगिकी और गुणवत्ता नियंत्रण अनुप्रयोग अपेक्षित होता है।

vii. डीआई याचिका के अनुसार जापान से आयात कीमत अधोरदन नहीं कर रहे है।

viii. जापान से आयात कीमत घरेलू बिक्री कीमत से 27 प्रतिशत से 84 प्रतिशत से अधिक रही है।

ix. रक्षोपाय करार के अनुच्छेद 3.1 में यह आकलन करना अपेक्षित होता है कि रक्षोपाय शुल्क लगाना जनहित में होगा या नहीं।

x. जापान आयरन एंड स्टील फेडरेशन ने प्रस्तुत किया है कि इस रक्षोपाय जांच की शुरुआत करना जनहित में नहीं है क्योंकि रक्षोपाय जांच भारत में अंतिम प्रयोगकर्ता के हित में होगी।

xi. चूंकि जापान के स्टील विनिर्माता भारतीय अंतिम प्रयोगकर्ता द्वारा विभिन्न संवेदनशील सेक्टरों में प्रदायक के रुप में अनुमोदित है इसलिए भारतीय अंतिम प्रयोगकर्ता प्रभावित होगे। चूंकि प्रौद्योगिकी संवेदनशील सेक्टर ऐसे है जहां अंतिम प्रयोगकर्ता इनपुट उत्पाद की गुणवत्ता और टेक्नोलॉजी से समझौता नहीं कर सकते है, यदि इन उत्पादों पर रक्षोपाय शुल्क लगाया जाता है तो यह भारतीय अंतिम प्रयोगकर्ता को प्रतिस्पर्धी कीमतों पर उपलब्ध नहीं होगी और उसे आयात की उच्च लागत वहन करने होगी।

xii. कारणात्मक संबंध नहीं है। जब वर्ष 2011-12 में आयातों में मामूली सी वृद्धि हुई थी तो घरेलू उद्योग का निष्पादन बहुत अच्छा हुआ था तथापि जब आयातों में गिरावट और वर्ष 2012-13 में आयात कीमत में वृद्धि हुई तो घरेलू उद्योग के उत्पादन और लाभ में कमी आ गयी।

xiii. मांग में कमी हुई है। मांग में कमी और उपयुक्त कारक गंभीर क्षति के दावे और आयातों के बीच कारणात्मक संबंध का दावा करते है। यदि डीजीएस रक्षोपाय शुल्क लगाने का निर्णय लेते है तो डीजीएस जापान से आयातित पीयूसी पर एसजी नहीं लगाएंगे।

13. **निम्नलिखित प्रत्युक्ति प्राप्त हुई है जिनमें हितबद्ध पक्षकारों ने अन्य बातों के साथ उल्लेख किया है कि:**

(क) टीएमके ग्रुप रुस (श्री एम एन झा, अधिवक्ता द्वारा प्रतिनिधित्व)

i. टीएमके ने रक्षोपाय जांच शुरुआत नोटिस के प्रत्युत्तर में दिनांक 29 मई, 2013 तथा 2 सितम्बर और 12 दिसम्बर, 2013 को मौखिक सुनवाई के दौरान की गई टिप्पणी और 13 सितम्बर एवं 16 दिसम्बर, 2013 को सार्वजनिक सुनवाई के पश्चात प्रस्तुत संक्षिप्त विवरण तथा 27 अक्तूबर, 2013 को अनपेक्षित क्षति और जनहित के संबंध में वर्तमान दस्तावेज के प्रयोजनार्थ समान रुप से वैध हैं।

आयातों में वृद्धि

ii. वर्ष 2012-13 की अभिनव अवधि में आयातों में 16 बिंदुओं की गिरावट आई। यह मांग में 19 बिंदुओं की गिरावट के कारण हो सकता है। याचिकाकर्ताओं ने आयात में 42 प्रतिशत वृद्धि के परिणामस्वरुप 16 प्रतिशत गिरावट की कल्पना की है। आयातों में 16 प्रतिशत की गिरावट रक्षोपाय प्रक्रिया प्रारंभ करने की जरुरत के विपरीत है अर्थात आयातों का आयात ऐसी वर्धित मात्रा में किया जा रहा है।

घरेलू उद्योग को गंभीर क्षति या गंभीर क्षति की चुनौती का अभाव

याचिकाकर्ताओं का उत्पादन बढ़ा है

iii. घरेलू उद्योग का उत्पादन वर्ष 2009-10 और 2011-12 की अवधि में 42 प्रतिशत बढ़ा है जबकि वर्ष 2012-13 में 20 प्रतिशत की गिरावट आयी है अंतत: घरेलू उत्पादन में भारी स्थिरीकरण हुआ है। उतार-चढ़ाव की यह प्रवृत्ति आयातों के अलावा अन्य कारकों से अधिक हुई है। जांच की अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के उत्पादन में 13 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

संदर्भ अवधि के दौरान याचिकाकर्ता ने अपनी संस्थापित क्षमता में वृद्धि कर ली

iv. क्षमता उपयोग में कमी तथा भारतीय बाजार में आयातों की उपस्थिति के बीच कोई संबंध नहीं है क्षमता उपयोग वर्ष 2010-11 में 60 प्रतिशत से कम होकर 41 प्रतिशत हो गया यह उसी अवधि के दौरान क्षमता में 83 प्रतिशत की वृद्धि का परिणाम था। यद्यपि याचिकाकर्ताओं का क्षमता उपयोग 1 वर्ष (2010-11) में 19 प्रतिशत कम हो गया वही उसी वर्ष के दौरान उनके उत्पादन में 26 प्रतिशत की वृद्धि हुई। उसी वर्ष के दौरान आयातों में 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

घरेलू बिक्री प्रवृत्ति का याचिकाकर्ता का आकलन अपूर्ण एवं अयथार्थ है

v. याचिकाकर्ता ने पाया कि उनकी घरेलू बिक्रियां वर्ष 2012-13 के बीच 170826 एमटी से कम होकर 141588 एमटी हो गई । तथापि टीएमके ने प्रस्तुत किया है कि वर्ष 2012-13 में घरेलू बिक्रियां वर्ष 2009-10 में घरेलू बिक्रियों के स्तर के अनुरुप थी। तथापि वर्ष 2012-13 की अवधि के पश्चात घरेलू बिक्रियां स्थिर बनी रही। टीएमके ग्रुप ने प्रस्तुत किया है कि 4 वर्षों की अवधि के दौरान घरेलू बिक्रियों में 1 प्रतिशत गिरावट वर्तमान मामले में रक्षोपाय शुल्क लगाने को न्यायोचित नहीं ठहराती है।

याचिकाकर्ताओं द्वारा मांग के स्तर और बाजार हिस्से का त्रुटिपूर्ण विश्लेषण

vi. संदर्भ अवधि के दौरान बाजार हिस्सा और मांग के स्तर के संबंध में याचिकाकर्ताओं ने प्रस्तुत किया है कि घरेलू उद्योग की बिक्री में 16 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जबकि वर्ष 2009-10 और वर्ष 2011-12 में घरेलू बिक्री में 19 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

याचिकाकर्ताओं ने उन आंकड़ों पर भरोसा किया है जो याचिकाकर्ताओं द्वारा प्रदान करायी गई तालिका से ही सिद्ध नहीं होता है। उदाहरणार्थ याचिकाकताओं ने प्रस्तुत किया है कि वर्ष 2012-13 में मांग में 13 प्रतिशत की वृद्धि हुई, घरेलू उद्योग की बिक्री में 24 प्रतिशत की कमी आयी और आयातों में 42 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वास्तव में याचिकाकर्ताओं के निजी आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2011-12 में मांग में 13 प्रतिशत की वृद्धि हुई जब घरेलू उद्योग की बिक्रियों में भी बढ़ोतरी हुई। अत: 24 प्रतिशत की गिरावट नहीं आई है।

आयातों में भी वृद्धि (26 प्रतिशत तक) हुई परंतु 42 प्रतिशत नहीं, जैसा कि याचिकाकर्ताओं ने सुझाव दिया है। वर्ष 2012-13 की अवधि के दौरान मांग में 19 बिंदुओं की कमी आई और आयातों में कमी आई जिसमें 16 बिंदुओं तक गिरावट हुई। यह तथ्य कि याचिकाकर्ता ने 16 प्रतिशत की गिरावट को आयातों में 42 प्रतिशत की वृद्धि के रुप में देखा है जिससे यह स्पष्ट होता है कि याचिकाकर्ता रक्षोपाय शुल्क का सतत अधिरोपण करना चाहते है।

याचिकाकर्ताओं द्वारा उल्लिखित आंकड़े भी यह संकेत करते है कि वर्ष 2012-13 में घरेलू बिक्रियों के हिस्से के रुप में आयातों में 4 वर्षों की अवधि के दौरान 2.1 प्रतिशत प्रति वर्ष वार्षिक वृद्धि के अनुरुप वृद्धि हुई है जिसे क्रमिक विकास कहा जा सकता है।

घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से में केवल मामूली सी गिरावट आयी है जो उनके पिछले 4 वर्षों के हिस्से की तुलना में 2 प्रतिशत कम है। इसके अतिरिक्त घरेलू उद्योग का वर्ष 2012-13 में बाजार हिस्सा जांच अवधि के दौरान रहे बाजार हिस्से से 3 प्रतिशत कम था। वर्ष 2011-12 और 2012-13 में घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से में 1 प्रतिशत की गिरावट आयी है।

क्षति का यह स्तर पाटनरोधी जांच के संदर्भ में वास्तविक क्षति विश्लेषण के प्रयोजनार्थ सही है परंतु यह रक्षोपाय जांच में गंभीर क्षति मानको को पूरा नहीं करती है।

कारणत्व का अभाव

आयातों और घरेलू उद्योग की बिक्रियों के बीच कथित सह संबंध स्थापित नहीं होता है।

vii. याचिकाकर्ताओं का प्रस्तुतिकरण यह संपुष्ट करता है कि संवर्धित आयातों और घटी हुई घरेलू बिक्रियों के बीच कोई संबंध नहीं है आंकड़े दर्शाते है कि आयात और घरेलू बिक्रियां दोनों समान बाजार संकेतक प्रदान कर रहे है। आयातों में तीव्र वृद्धि और घरेलू बिक्रियों में तीव्र गिरावट दर्शाने के बजाय आंकड़े दर्शाते है कि आयातों और घरेलू बिक्रियों में उतार एवं चढ़ाव समानांतर रुप से हुआ है और बाजार प्रवृत्तियां भी इसी तरह हुई है। घरेलू उद्योग के समक्ष उपस्थित परेशानियां आयातों में वृद्धि के अलावा अन्य कारकों से हुई है।

अन्य भारतीय उत्पादकों के उत्पाद के संबंध में किये गये तर्क का समाधान नहीं किया गया है

viii. दो याचिकाकर्ताओं के आंकड़े जो केवल 54 प्रतिशत है, घरेलू उद्योग का प्रतिनिधित्व नहीं करते है क्योंकि इसने अन्य भारतीय उत्पादकों के आंकड़ों पर विचार नहीं किया है।

घरेलू उद्योग को लाभ और कीमत प्रभाव के संबंध में याचिकाकर्ताओं के तर्क यथार्थ नहीं है

ix. याचिकाकर्ताओं के प्रस्तुतिकरण लाभ और हानि के ऐसे आंकड़ों का उल्लेख करता है जो जांच शुरुआत नोटिस में प्रदत्त सूचना से असंगत है।

x. वर्ष 2011-12 के लिए रिपोर्ट किया गया लाभ इंडेक्स 64 इंडेक्स बिंदु है जबकि जांच शुरुआत नोटिस में यह 102 इंडेक्स बिंदु है ।

xi. याचिकाकर्ता अपनी बिक्री कीमत वर्ष 2012-13 में 4 बिंदुओं तक बढ़ाने में सक्षम रहे बही आयातों की अवसारित कीमत की वृद्धि 5 बिंदु तक अधिक रही है। वर्ष 2012-13 की अवधि के पश्चात भी यह प्रवृत्ति बनी रही और दूसरे शब्दों में आयात कीमत ने उत्पाद की घरेलू कीमतों को कम नहीं किया।

xii. यदि याचिकाकर्ता की घरेलू बिक्री कीमत कम करने के लिए आयात कीमतें उत्तरदायी है तो याचिकाकर्ताओं के लिए अपनी घरेलू कीमतें बढ़ाना असंभव होता।

xiii. याचिकाकर्ताओं की बिक्री कीमत में 4 वर्षों की अवधि में 18 प्रतिशत की वृद्धि यह सुझाती है कि याचिकाकर्ताओं के लिए आयात से प्रतिस्पर्धा कोई समस्या नहीं है और उनकी कीमतें आयात से प्रभावित नहीं है।

xiv. आयातकर्ता की बिक्री लागत में 4 वर्षों की अवधि में 23 प्रतिशत की बढ़ोतरी याचिकाकर्ताओं की समस्या को स्वयं ही दर्शाती है।

xv. टीएम के प्रस्तुत किया है कि याचिकाकर्ताओं का यह आकलन कि गंभीर क्षति की चुनौती मौजूद है केवल काल्पनिक है और यह रक्षोपाय करार के अनुच्छेद 4 (1) का उल्लंघन है।

xvi. टीएमके ने अपने द्वितीय सार में पाया कि याचिकाकर्ता में इस तर्क में कोई प्रगति नहीं कर सके कि अन्य देशों में व्यापार सुरक्षा उपायों से आयातों में भारी वृद्धि हुई (अथवा उनसे गंभीर क्षति की चुनौती उत्पन्न हो गयी)। उल्लिखित कुछ व्यापार उपचार जांच के संबंध में, जिनमें से कुछ शुल्क अधिरोपण किये बिना ही पूरी हो जायेगी और कुछ का संबंध वर्तमान प्रक्रिया में उत्पाद के दायरे से है कि नहीं, दिये गये संदर्भो से याचिकाकर्ताओं के मामले को बल नहीं मिलता है परंतु यह उसे और कमजोर बनाता है।

xvii. अभी हाल ही में निविदा न प्राप्त होने के संबंध में याचिकाकर्ताओं का यह दावा कि आयातों में अनपेक्षित विकास भारतीय घरेलू उद्योग को क्षति पहुंचा रहा है। इसके अतिरिक्त प्रदान कराये गये आंकड़ों से यह स्पष्ट है कि कम से कम एक निविदा प्राप्त न होना अन्य भारतीय उत्पादक को क्षति होना है।

xviii. टीमएमके ग्रुप ने यह प्रस्तुत किया है कि याचिकाकर्ता यह स्पष्ट करने में असफल रहे कि चीन, यूनाइटेड स्टेट्स और अन्यत्र क्षमता वृद्धि किस तरह भारतीय घरेलू उद्योग पर प्रभाव डालेगी अथवा यह क्षमताएं याचिकाकर्ताओं को गंभीर क्षति की चुनौती जिस तरह उत्पन्न कर रहा है।

कारणात्मकता

xix. आयातों के स्तर और घरेलू उद्योग के निष्पादन के बीच कोई कारणात्मक संबंध नहीं है। घरेलू उद्योग का निष्पादन क्षमता, निवेश और रोजगार में वृद्धि तथा बिक्री लागत में बढ़ोतरी और मांग में गिरावट से प्रभावित है। इन

क्षतिकारकों की पृष्ठभूमि में घरेलू उद्योग का बाजार हिस्सा अपरिवर्तित बना रहा जब कि उनकी कीमतों में 18 प्रतिशत की वृद्धि हुई। याचिकाकर्ता यह स्पष्ट करने में असफल रहे कि इन कारकों का उद्योग की स्थिति पर प्रभाव क्यों नहीं है और न ही वे आयातों में गिरावट तथा इस गिरावट ने भारतीय घरेलू उद्योग को यह क्षति किस तरह पहुंचाई, स्पष्ट करने में असमर्थ रहे, जो इतना अधिक क्षतिग्रस्त हुए कि उन्होंने अपनी संस्थापित क्षमता दुगुनी कर ली, कीमतें और बिक्री लागत में वृद्धि कर ली फिर भी उन्हें संदर्भ अवधि के दौरान 1 प्रतिशत का घाटा हुआ। अत: याचिकाकर्ताओं द्वारा प्रतिनिधिक घरेलू उद्योग यह दर्शाने में असफल रहा कि इसे समग्र नुकसान कैसे हुआ है इससे भारत में सीमलेस पाइप और ट्यूब के आयातों पर रक्षोपाय शुल्क लगाना आवश्यक हो गया।

xx. इस तथ्य पर ध्यान देते हुए कि याचिकाकर्ताओं की क्षमता में 83 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि तकनीकी उन्नयन और मानक संसाधन विकास में भारी निवेश और उसकी सामग्री गैर प्रतिस्पर्धी कीमतों पर प्राप्त करने से याचिकाकर्ताओं को हुई क्षति स्वयं ही की गई है।

ख. जेएफई स्टील कारपोरेशन, निप्पन स्टील और सुमीटोमो मेटल कारपोरेशन और सेन्यो स्पेशल स्टील कंपनी लिमिटेड (जिसका प्रतिनिधित्व लूथरा एंड लूथरा द्वारा किया गया)

यह याचिका अनुरक्षणीय नहीं है

i. घरेलू उद्योग ने सार्वजनिक सुनवाई के पश्चात किये गये लिखित प्रस्तुतिकरण में निर्यातकों द्वारा उठाये गये इस मुद्दे का समाधान नहीं किया कि घरेलू उद्योग आयातों में अभिनव, अचानक, तीव्र और भारी वृद्धि के महत्वपूर्ण मुद्दे को पूरा नहीं कर सका है।

ii. घरेलू उद्योग का यह प्रस्तुतिकरण कि जापान के निर्यातकों ने तर्क दिया है कि रक्षोपाय जांच में कीमत प्रभाव संगत नहीं है और कीमत क्षति का समाधान पाटनरोधी जांच करके किया जा सकता है, गलत एवं भ्रामक है।

iii. निर्यातकों ने यह तर्क दिया है कि घरेलू उद्योग को गंभीर क्षति के संदर्भ में कीमत अधोरदन के मुद्दे का विश्लेषण किया जाना चाहिए परंतु कीमत अधोरदन का आशय यह नहीं है कि एसजी जांच शुरु कर दी जाए क्योंकि एसजी जांच के लिए आयातों में अभिनव, अचानक, तीव्र और भारी वृद्धि होना अनिवार्य है। घरेलू उद्योग ने सार्वजनिक सुनवाई के पश्चात दिये गये अपने लिखित प्रस्तुतिकरण में इस मुद्दे का समाधान नहीं किया है।

iv. जांच की अवधि के सर्वाधिक अभिनव अवधि में अर्थात 2012-13 में पीयूसी के आयात में विगत वर्ष की तुलना में 51346 एमटी तक कमी आयी है। आयातों में यह गिरावट आयातों में अभिनव अचानक तीव्र एवं भारी वृद्धि की परिकल्पना का खंडन करती है।

v. घरेलू उद्योग का यह तर्क कि याचिका दायर करने पश्चात आयातों में गिरावट आयी है, निर्यातकों द्वारा इसका खंडन किया गया है। निर्यातकों ने प्रस्तुत किया है कि डीआई ने याचिका नवम्बर, 2012 में दायर की थी आयात आंकड़े यह स्थापित करते है कि याचिका दायर करते समय भी पीयूसी के आयातों में गिरावट थी। अत: घरेलू उद्योग का यह तर्क याचिका दायर करने के पश्चात आयात में गिरावट आयी गलत है इसलिए इसे अस्वीकार कर दिया जाना चाहिए।

vi. निर्यातकों ने तर्क दिया है कि घरेलू उद्योग द्वारा किये गये अभ्यावेदन के आधार पर घरेलू उद्योग को क्षति यूरोपिय यूनियन और चीन जन.गण से पीयूसी के आयातों के कारण आयी न कि अन्य देशों से आयातों के कारण।

vii. घरेलू उद्योग को यूरोपियन यूनियन और चीन जन.गण से आयातों के कारण हुई क्षति की जांच घरेलू उद्योग द्वारा किये गये इस प्रस्तुतिकरण के आलोक में की जानी चाहिए कि यह कम कीमतों वाले आयात में वृद्धि है जो उनके लिए चिंता का विषय बना हुआ है। अत: इसका आशय यह हुआ कि घरेलू उद्योग को क्षति कम कीमत वाले आयातों के कारण हो रही है जो मुख्यत: यूरोपियन यूनियन और चीन जन.गण से हो रहे। अत: ऐसी परिस्थितियों में मुख्य उपचार डीजीएडी के पास होता है न कि डीजीएस के पास।

viii. निर्यातकों ने तर्क दिया है कि जापान से आयात घरेलू उद्योग को क्षति नहीं पहुंचा रहे है क्योंकि जापान का आयात हिस्सा बहुत कम है और जापान से आयात कीमत घरेलू उद्योग की कीमत से 84 प्रतिशत ज्यादा है इसलिए डीजीएस रक्षोपाय शुल्क के दायरे से जापान से पीयूसी के आयातों का अपवर्जन करने के लिए अधिकार प्राप्त है।

ix. घरेलू उद्योग ने डीजीएस को धारा 8ख के अंतर्गत दायरे के रुप में नहीं प्रदान कराया है बल्कि की सामान्यत: यह उल्लेख कर दिया है कि आयात कीमत अधिक है जिसे एसडी शुल्क के दायरे से पीयूसी के आयात का अपवर्जन नहीं किया जा सकता है।

x. निर्यातकों ने उल्लेख किया कि पीयूसी के व्यापक श्रृंखला को देखते हुए और उनके कार्यो और प्रकार्यो की भिन्नता और किसी उत्पाद की अन्य उत्पाद से प्रतिस्थापनियता को देखते हुए पीयूसी में शामिल प्रत्येक उत्पाद के लिए गंभीर क्षति स्थापित की जानी चाहिए।

xi. घरेलू उद्योग ने निर्यातकों के तर्क का विरोध नहीं किया है बल्कि केवल यह कहा है कि चूंकि निर्यातकों ने वस्तु का पृथकरण अपने प्रश्नावली प्रत्युत्तर में दिये गये के अनुरुप नहीं किया है इसीलिए वे घरेलू उद्योग से ऐसे पृथककरण की मांग नहीं कर सकते है। यह तर्क निराधार है। पीयूसी के दायरे का निर्धारण घरेलू उद्योग ने किया है और वह ही गंभीर क्षति का दावा कर रहा है।

डीआई ने पीयूसी के व्यापक दायरे के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों के तर्को का खंडन नहीं किया है।

xii. निर्यातकों की कच्चे माल जैसे बिलेट के लिए उपरीगामी विनिर्माण प्रक्रिया है और इससे यह सुनिश्चित होता है कि निर्यातकों के पास कुल गुणवत्ता नियंत्रण और अपने उपरीगामी एवं अधोगामी विनिर्माण प्रक्रिया पर पूरा प्रबंधन है।

xiii. घरेलू उद्योग ने दूसरी सार्वजनिक सुनवाई तक निर्यातकों के उपर्युक्त दावे के संबंध में कोई तर्क नहीं दिया। दूसरी सार्वजनिक सुनवाई के पश्चात पहली बार प्रस्तुत किये गये 1क प्रदर्श जिसमें घरेलू उद्योग द्वारा अपनायी गयी विनिर्माण प्रक्रिया का प्रावधान है, यह सिद्ध नहीं करता है कि डीआई का निर्यातकों की उपरीगामी एवं अधोगामी विनिर्माण प्रक्रिया पर नियंत्रण है।

xiv. घरेलू उद्योग की उपरीगामी एवं अधोगामी विनिर्माण प्रक्रिया पर पूर्ण गुणवत्ता नियंत्रण की कमी स्पष्टत: दर्शाती है कि निर्यातकों और घरेलू उद्योग की विनिर्माण प्रक्रिया में अंतर है यह घरेलू उद्योग को भारतीय प्रयोगकर्ता उद्योग की सूची में शामिल न किये जाने के लिए उत्तरदायी है जबकि निर्यातकों को उस सूची में शामिल किया गया है।

xv. निर्यातकों ने अपने विगत प्रस्तुतिकरण में पीयूसी के व्यापक दायरे और इस तथ्य पर प्रकाश डाला कि डीआई कुछ ग्रेडों और आकार के उत्पादों का विनिर्माण करने में सक्षम नहीं है। घरेलू उद्योग का यह तर्क कि निर्यातकों ने अपने तर्क के संबंध में कोई साक्ष्य नहीं दिया है गलत है और इसलिए इसे अस्वीकार कर दिया जाना चाहिए।

xvi. निर्यातकों ने यह साक्ष्य भी दिया है कि घरेलू उद्योग द्वारा निर्मित कुछ उत्पाद भारत में प्रयोगकर्ता प्रयोग द्वारा स्वीकार नहीं किये जाते है। भारतीय उपयोगकर्ता उद्योग ने भी यह तर्क दिया है कि घरेलू उद्योग कुछ ग्रेडों आकार और मुटाई के उत्पादों का विनिर्माण करने में सक्षम नहीं है।

xvii. घरेलू उद्योग ने पीयूसी के संबंध में कोई साक्ष्य नहीं दिया है कि पीयूसी के दायरे के अंतर्गत कवर किये गये उत्पाद घरेलू उद्योग द्वारा विनिर्मित उत्पादों के समान है।

xviii. घरेलू उद्योग ने अपने इस तर्क के संबंध में कोई साक्ष्य नहीं दिया है कि इसने भारत में उपयोगकर्ता उद्योग के लिए इस उत्पाद का वाणिज्यिक प्रमात्रा में विनिर्माण एवं प्रतिदाय किया है।

xix. घरेलू उद्योग ने यह तर्क देकर कि पीयूसी के दायरे की परिभाषा के संबंध में कोई कानून नहीं है, मुद्दों को उलझाने का प्रयास किया है । यह तर्क भ्रामक है जबकि वास्तविक मुद्दा यह है कि क्या पीयूसी के दायरे के अंतर्गत आने वाले उत्पाद घरेलू उद्योग द्वारा विनिर्मित उत्पादों के समान उत्पाद है।

xx. डीजीएस और पाटनरोधी महानिदेशक के पिछले निर्णयों में उन कारकों को आउटलाइन किया गया है जिनपर समान वस्तु का निर्धारण करते समय विचार किया जाना चाहिए।

xxi. निर्यातकों ने प्रस्तुत किया है कि पीयूसी में निहित उन विभिन्न उत्पादों जिनका आयात एक ही प्रशुल्क वर्गीकरण के अंतर्गत किया जाता है, को ध्यान में रखते हुए यदि अंतिम जांच परिणाम में उन उत्पादों का स्पष्ट उल्लेख नहीं किया जाता है जिन्हें पीयूसी के दायरे से हटा दिया गया है तो उससे संभ्रम उत्पन्न होगा और सीमाशुल्क द्वारा गलत एसजी शुल्क लगा दिया जायेगा।

अनपेक्षित परिस्थितियों के मापदंड को पूरा नहीं किया गया

xxii. घरेलू उद्योग यह सिद्ध करने में सफल नहीं हो पाया है कि आयात में वृद्धि अनपेक्षित परिस्थितियों के कारण हुई है।

xxiii. घरेलू उद्योग ने अनपेक्षित परिस्थितियों के बारे में पहली सुनवाई तक कोई तर्क या साक्ष्य नहीं दिया है।

xxiv. मिथाइल एसीटोएसीटेट के आयातों से संबंधित रक्षोपाय जांच के अंतिम जांच परिणाम में डीजीएस ने अनपेक्षित विकास के संबंध में घरेलू उद्योग के तर्क को नामंजूर कर दिया और जनहित में घरेलू उद्योग को अनपेक्षित विकास के संबंध में अतिरिक्त प्रस्तुतिकरण करने को कहा जो घरेलू उद्योग की ओर से तथ्यों के पश्चात प्रस्तुतीकरण के अलावा और कुछ नहीं है।

xxv. निर्यातकों ने अनपेक्षित विकास के संबंध में घरेलू उद्योग की 29 अक्तूबर, 2013 की टिप्पणियों में अतिरिक्त प्रस्तुतिकरण को खंडित कर दिया है और उस पर भरोसा किया है क्योंकि घरेलू उद्योग ने सार्वजनिक सुनवाई के पश्चात 20 दिसम्बर, 2013 को लिखित प्रस्तुतिकरण में कोई नया तर्क नहीं दिया गया है।

xxvi. घरेलू उद्योग ने पीयूसी के अंतर्गत शामिल प्रत्येक उत्पाद के लिए अनपेक्षित विकास की जरुरत को पूरा करने के संबंध में कोई तर्क नहीं दिया है। यह तर्क यूएस स्टील उत्पाद डब्ल्यूटी/डीएस 248/एबी/आर के मामले में अपीलीय निकार्य के निर्णय के पैरा 319 द्वारा समर्थित है जिसमें निम्नलिखित कहा गया है।

इस कारण से यदि कोई आयातक सदस्य कई उत्पादों के आयात पर रक्षोपाय साधन लागू करना चाहता है तो केवल यह प्रदर्शित करना पर्याप्त नहीं है कि अनपेक्षित विकास के कारण उत्पादों की व्यापक श्रेणी के आयात बढ़े है जिसमें सक्षम प्राधिकारी द्वारा संबंधित निर्धारण के अध्यधीन विशिष्ट उत्पाद भी शामिल है। यदि ऐसा किया जाता है तो कोई सदस्य निर्धारण कर सकता है और उत्पादों की व्यापक श्रेणी पर रक्षोपाय शुल्क लगा सकता है चाहे एक या अधिक उत्पाद के आयात ना भी बढ़े हो और वे अनपेक्षित विकास का परिणाम न हो तथानुसार हम पैनल से सहमत है कि यह अधिगम अनुच्छेद 19:1(ख) की अपेक्षाओं को पूरा नहीं करता है और <u>अनपेक्षित विकास का प्रदर्शन रक्षोपाय शुल्क के अधीन प्रत्येक उत्पाद के लिए निष्पादित होना चाहिए</u>

घरेलू उद्योग को कोई गंभीर क्षति या गंभीर क्षति की चुनौती नहीं है

xxvii. आवेदकों के उत्पादन और घरेलू बिक्री में 2010-11 की तुलना में 2011-12 में वृद्धि हुई है। तथापि उसी अवधि में उन्हीं बाजार परिस्थितियों के अंतर्गत समर्थनकर्ताओं की घरेलू बिक्री में 2010-11 की तुलना में 2011-12 में गिरावट आयी है। समर्थनकर्ता कंपनी की बिक्री में 2010-11 में कमी होना और आवेदनकर्ताओं की बिक्री और उत्पादन में उसी अवधि के दौरान वृद्धि होना यह दर्शाता है कि समर्थनकर्ता की घरेलू बिक्री में गिरावट के लिए आयातों में बढ़ोतरी को उत्तरदायी नहीं कहा जा सकता है क्योंकि आवेदनकर्ता और समर्थक कंपनियां दोनों ही एक बाजार में प्रतिस्पर्धा कर रही है।

xxviii. आवेदनकर्ताओं का उत्पादन और बिक्री 2011-12 की तुलना में 2012-13 में मामूली सी कम हुई है जबकि समर्थनकर्ता की घरेलू बिक्री में 2012-13 में भी गिरावट जारी रहेगी। तथापि आवेदनकर्ता के उत्पादन और घरेलू बिक्री में 2011-12 की तुलना में 2012-13 में वृद्धि हुई है। इस मामले में आवेदक को 2012-13 में क्षति हो सकती है परंतु उसके लिए आयातों को उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता है क्योंकि एओएस के अनुच्छेद 2.1 की जरुरत को पूरा नहीं किया गया है।

xxix. आयात कीमत में वृद्धि- निर्यातकों यह प्रस्तुतिकरण कि डीआई को क्षति आयातों में वृद्धि के कारण नहीं हुई है इस तथ्य से भी प्रमाणित हो जाता है कि आयात कीमतें बढ़ी है। इस प्रकार जहां जांच की अवधि और उसकी समसामयिक अवधि में आयात कीमतों में 11 प्रतिशत की वृद्धि हुई है वही आयातो में समग्र रुप से कमी आयी है। उपयुक्त को देखते हुए घरेलू उद्योग का यह दावा कि क्षति आयातों के कारण हुई है, स्पष्ट नहीं होता है।

xxx. बाजार हिस्सा- आवेदक के बाजार हिस्से में 2009-10 की तुलना में 2012-13 में 0.87 प्रतिशत की मामूली सी कमी हुई है जिसे गंभीर क्षति नहीं कहा जा सकता है। आयातों में समग्र आधार पर कमी आई है और संगत रुप से उसमें 1 प्रतिशत की मामूली वृद्धि हुई है। आवेदकों की घरेलू बिक्री में 2009-10 की तुलनामें 2012-13 में वृद्धि हुई है। आवेदकों के बाजार हिस्से में 2009-10 की तुलना में 2012-13 में 0.87 प्रतिशत की कमी आयी है। यह सभी कारक दर्शाते है कि घरेलू उद्योग को गंभीर क्षति नहीं हुई है।

xxxi. डीआई लाभ में है- अपनी याचिका में डीआई ने कहा है कि उसकी लाभप्रदायकता में 2012-13 में कमी आई है। ईबीआई टीडीए का विश्लेषण यह व्यक्त करता है कि लाभ में कुछ कमी आयी है जो फोरेक्स बाजार में उतार चढ़ाव के कारण हुआ है।

xxxii. आईएसएमटी की 2012-13 की वार्षिक रिपोर्ट में उल्लेख है कि कंपनी का ईबीआई टीडीए जो वर्ष 2011-12 में 265 करोड़ रुपये था 2012-13 में आईएनआर 172 करोड़ हो गया। अत: आईएसएमटी को अभी भी लाभ है तथापि लाभ में कमी फोरेक्स में आईएनआर 77 करोड़ के घाटे के कारण आई है और उसके लिए आयातों को उत्तरदायी नहीं कहा जा सकता है।

xxxiii. आईएसएमटी की वित्त लागत बढ़ी है। 2012-13 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार ब्याज लागत में वृद्धि 40 एमडब्ल्यू ग्राहित विद्युत संयंत्र का पूंजीकरण करने के कारण हुआ है।

xxxiv. फोरेक्स घाटे के कारण लाभ में कमी 2012-13 तक ही सीमित नहीं है परंतु यह पिछले वर्ष भी मौजूद रही। 2011-12 की वार्षिक रिपोर्ट में लिखा है कि ''चुनौती पूर्ण आर्थिक माहौल के बावजूद कंपनी ईबीआईटीडीए बनाये रखने में सक्षम रही जिसमें मामूली सी कमी होकर 265 करोड़ रुपये रह गयी तथापि लाभप्रदायकता पर एफसीसीबी का प्रभाव पड़ा है।

xxxv. यही स्थिति अन्य आवेदक जिंदल एसएडब्ल्यू पर भी लागू होती है। 2012-13 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार 2011-12 के करपूर्व लाभ आईएनआर 322.97 करोड़ रुपये की तुलना में वर्ष 2012-13 में आईएनआर 264.92 करोड़ रुपये हुआ। इस प्रकार लाभ में 18 प्रतिशत की कमी आयी। तथापि रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि कंपनी द्वारा ब्याज का भुगतान जो वर्ष 2011-12 में 113.93 करोड़ रुपये था बढ़कर 2012-13 में 150.08 करोड़ रुपये हो गया। यह 31 प्रतिशत वृद्धि है।

xxxvi. निर्यातकों ने यह भी उल्लेख किया है कि वर्ष 2012-13 के उपलब्ध वित्तीय परिणामों के अनुसार जिंदल को फोरेक्स के कारण घाटा हुआ और कंपनी का दीर्घावधि ऋण जो 2011-12 में 969 करोड़ रुपये था बढ़कर 1481 करोड़ रुपये हो गया यह 33 प्रतिशत वृद्धि है। अत: स्पष्ट है कि आयातों के अलावा अन्य कारक भी है जिनकी बजह से आवेदनकर्ताओं को घाटा हुआ।

कारणात्मक संबंध भंग हुए और घरेलू उद्योग द्वारा जनहित स्थापित नहीं किया गया

xxxvii. निर्यातकों ने उल्लेख किया है कि कारणात्मक संबंधों के बारे में घरेलू उद्योग द्वारा सावर्जनिक सुनवाई के पश्चात किया गया प्रस्तुतिकरण वही है जो पिछला था और इसलिए उसने संक्षिप्त को देखते हुए अपने तर्क को दोहराया नहीं है और उन्होंने सार्वजनिक सुनवाई के पश्चात निर्यातकों के 13 सितम्बर, 2013 के प्रस्तुतिकरण के पेज 24 से 26 और निर्यातकों के सार्वजनिक सुनवाई के पश्चात 20 दिसम्बर,2013 के लिखित प्रस्तुतिकरण पेज 9-10 पर किये गये प्रस्तुतिकरणों पर भरोसा करते है।

xxxviii. डीआई आयातों में वृद्धि के कारण कोई नुकसान नहीं हुआ। डीआई ने आयातों में वृद्धि में काफी अच्छा निष्पादन किया परंतु 2012-13 में घरेलू बिक्रियों और उत्पादन में थोड़ी गिरावट आयी जब आयातों में कमी हो रही थी और आयात कीमत में वृद्धि हो रही थी। तब ईआई को आयातों के कारण क्षति नहीं हुई है।

xxxix. आयातों और क्षति के बीच कारणात्मक संबंध टूट गया है क्योंकि डीआई को क्षति चीन से पाटन के कारण हुई है।

xl. पिछले 4 वर्षों के लिए आईएसएमटी की वार्षिक रिपोर्ट में उल्लेख है कि चीन से विचाराधीन उत्पाद का पाटन घरेलू उद्योग को क्षति पहुंचा रहा है। न कि पीयूसी के आयातों में अचानक वृद्धि।

xli. जनहित के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा सुनवाई के पश्चात किये गये लिखित प्रस्तुतिकरण में वही है जो पिछले प्रस्तुतितकरण में किया गया था और इसलिए निर्यातकों ने अपने तर्क को दोहराया नहीं है और अपने दिनांक 29 अक्तूबर, 2013 तथा 20 दिसम्बर, 2013 के निर्यातक लिखित प्रस्तुतिकरण पृष्ठ10-11 पर भरोसा किया है।

ग. मैसर्स बेलोरेक ट्यूब, मैसर्स मर्टेक्स यूके और मैसर्स टुबास रीयूनीडास इंडस्ट्रीयल, स्पेन (जिसका प्रतिनिधित्व अमर चंद्र मंगल, वीएस द्वारा किया गया)

i. निर्यातकों की प्रश्नावली के प्रत्युत्तर में उनके द्वारा प्रस्तुत सभी तर्को, और 13.9.2013 को दायर लिखित प्रस्तुतिकरणों, 20.9.2013 को दायर प्रोक्ति प्रस्तुतिकरणों, 29.10.2013 के अतिरिक्त प्रस्तुतिकरणों और 20.12.13 के लिखित प्रस्तुतिकरणों, जिन्हें वर्तमान प्रस्तुतिकरणों का अभिन्न अंग माना गया है पर भरोसा किया गया है।

ii. घरेलू उद्योग द्वारा अपने द्वितीय लिखित प्रस्तुतिकरण में उठाये गये अधिकांश मुद्दों का मैसर्स बेलोरेक मर्टेक्स और टुबास ने अपने दिनांक 13.9.2013 और 20.9.2013 के लिखित प्रस्तुतिकरणों और प्रोक्ति प्रस्तुकरणों में उठाया है और इसलिए इन मुद्दों को इसके पश्चात सुरक्षित करने के लिए किसी अन्य प्रत्युत्तर की जरूरत नही है तथापि बेलोरेक मर्टेक्स टुबोस ने अपने विगत प्रस्तुतिकरणों पर भरोसा किया है जिन्हें वर्तमान प्रोक्ति प्रस्तुतिकरणों का अभिन्न अंग माना जा सकता है।

प्रारंभिक आपत्ति

iii. बेलोरेक मर्टेक्स और टुबास ने प्रस्तुत किया है कि उन्हें अथवा भारत स्थित उनके विधिक प्रतिनिधि ने केन्द्र सरकार द्वारा किसी विस्तार के संबंध में डीजीएस से कोई पत्र नहीं मिला है।

iv. प्रतिवादियों ने प्रस्तुत किया है कि केन्द्र सरकार द्वारा 8 माह की अवधि के अंतर्गत 8 माह के समय के लिए समय विस्तार के अभाव में वर्तमान याचिका समयबाद्धित नहीं है।

v. विधिक प्रत्याशित को रक्षोपाय जांच से संबंधित समयबद्ध जांच का महत्व होता है और उसने 'शैल' शब्द का प्रयोग किया है जो किसी ही संदेह से परे है कि जांच शुरुआत की तारीख से 8 माह के अंदर एक समयबद्ध अंतिम जांच परिणाम प्रदान करना अनिवार्य है और उसमें ढील नहीं दी जा सकती।

याचिकाकर्ताओं द्वारा दायर लिखित प्रस्तुतिकरणों के संबंध में प्रोक्ति

vi. प्रारंभिक आपत्तियों पर पूर्वाग्रह और पहले कही गई बात को दोहराने के बिना वर्तमान प्रोक्ति प्रस्तुतिकरणों में याचिकाकर्ताओं द्वारा दायर लिखित प्रस्तुतिकरणों में अपेक्षित परिणाम प्राप्त होगे।

विचारधीन उत्पाद और समान वस्तु

vii. प्रतिवादियों ने उल्लेख किया है कि विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु को व्यापक रूप से परिभाषित किया गया है और इसको उन उत्पादों का अपवर्जन करने के लिए पुन:परिभाषित किया जाना चाहिए जिनका विनिर्माण घरेलू उद्योग द्वारा नहीं किया जा रहा है। इस संबंध में प्रतिवादियों ने पहले किये गये प्रस्तुतिकरणों पर बल दिया है और उन्हें संक्षिप्त की दृष्टि से दोहराया नहीं है।

viii. प्रतिवादियों ने प्रस्तुत किया है कि कुछ उत्पाद जिनका उनके द्वारा 20.12.2013 को दायर लिखित प्रस्तुतिकरणों में विस्तार से उल्लेख किया गया है को जांच के दायरे से अपवर्जित कर दिया जाना चाहिए क्योंकि घरेलू उद्योग उनका विनिर्माण करने में सक्षम नहीं है और/या विनिर्मित उत्पाद इस पीयूसी के भारतीय ग्राहकों/निविदाताओं के तकनीकी विनिर्दिशनों को पूरा नहीं करता है।

ix. प्रतिवादियों ने पाकिस्तान से काम्बड सूती धागे से संबंधित संयुक्त राज्य-परिवर्ती रक्षोपाय साधन(डब्ल्यूटी/डीएस192/एबी/आर) पर भरोसा किया है जिसमें अपीलीय निकाय ने यह धारित किया है कि घरेलू उद्योग की परिभाषा उत्पाद उन्मुखी होनी चाहिए ना कि उत्पादक उन्मुखी और यह कि यह परिभाषा घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित उन उत्पादों पर आधारित होनी चाहिए जिनकी तुलना समान या प्रत्यक्ष प्रतिस्पर्धी के रूप में आयातित उत्पाद से की जानी है।

x. घरेलू उद्योग कतिपय उत्पादों का पीयूसी के दायरे से अपवर्जन करने के संबंध में प्रतिवादियों द्वारा किये गये प्रस्तुतिकरण का खंडन करने के लिए कोई डाटा रिकार्ड में उपलब्ध नहीं करा सके। इसलिए इस उत्पाद को पीयूसी के दायरे से हटा दिया जाना चाहिए।

xi. घरेलू उद्योग ने कुछ ऑयल कंट्री टिब्यूलर गुडस के संबंध में यूएसआईपीसी की जांच पर भरोसा किया है क्योंकि यह स्पष्ट नहीं कर सकी कि उक्त जांच भारत में डीजीएस द्वारा की जांच से किसी भी तरह से संबंधित नहीं है।

xii. घरेलू उद्योग का डोमोनिकन रिपब्लिक-बैग एंड फैबरिक रक्षोपाय मामले में पैनल रिपोर्ट पर भरोसा किया है जो प्रतिवादियों के इस तर्क का समर्थन करता है कि उक्त पैनल रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि सक्षम प्राधिकारी विचाराधीन उत्पाद को परिभाषित करें।

xiii. यह प्रस्तुत किया जाता है कि जब घरेलू उद्योग ऐसा उत्पाद विर्निमित करने, जिसका आयात किया जा रहा है में अक्षम है या विनिर्मित उत्पाद के तकनीकी विनिर्देशन भिन्न होते है तो उस उत्पाद को समान या प्रत्यक्ष प्रतिस्पर्धी उत्पाद के रूप में नहीं कहा सकता है इसलिए उसे पीयूसी के दायरे से हटा दिया जाना चाहिए।

xiv. याचिकाकर्ताओं का यह प्रस्तुतिकरण की उनके द्वारा उत्पाद का उत्पादन करने की उनकी क्षमता के संबंध में स्पष्ट साक्ष्य अपने प्रस्तुतिकरण के पृष्ठ 13 पर दिये है वे अस्पष्ट एवं भ्रामक है क्योंकि हितबद्ध पक्षकारों को उनका कोई साक्ष्य नहीं दिया गया है।

xv. विनिर्माण प्रक्रिया का प्रकटन याचिकाकर्ताओं द्वारा दायर लिखित प्रस्तुतिकरण के अनुबंध-1 (गोपनीय) में दिया गया है। याचिकाकर्ताओं द्वारा किये गये विपरीत तर्को को देखते हुए प्रतिवादियों ने याचिकाकर्ताओं द्वारा दी गई आंकड़ों की निष्ठा पर संदेह किया है।

xvi. प्रतिवादी गण याचिकाकर्ताओं के इस प्रस्तुतीकरण से सहमत नहीं है कि उनके द्वारा अपनाई गई विनिर्माण प्रक्रिया निर्यातकों द्वारा अपनाई गई निर्माण प्रक्रिया के अनुरुप है। उत्पादक की व्यापक श्रृंखला को न्यायोचित ठहराने की इस प्रक्रिया के प्रयोग के याचिकाकर्ता के प्रयास पर विचार किये जाने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि गुणवत्ता नियंत्रण और प्रतिस्थापन, अस्वीकृति दर, आंकड़ा मूल्यांकन, संदर्भ, कार्मिको की योग्यता भी महत्वपूर्ण भाग है

जिन्हें ऑयल एवं गैस व्यवसाय में सीमलेस पाइप और ट्यूब के कस्टमरों द्वारा मूल्यांकन किया जाता है खासकर अभितटीय अनुप्रयोगों में।

xvii. एपीआई लाइसेंस के संदर्भ में याचिकाकर्ताओं का तर्क भी उनका समर्थन नहीं करता है प्रतिवादियों ने उल्लेख किया है कि ग्राहकों के पास योग्यता प्राप्त आपूर्तिकर्ताओं की अपनी सूची होती है इसलिए याचिकाकर्ता अर्ह नहीं होते है और/या वे 20.12.2013 के लिखित प्रस्तुतिकरण के पैरा 36 से 39 में वर्णित उत्पाद के लिए अनुरोध करने के लिए क्वालीफाई नहीं होते है।

घरेलू उद्योग का गठन

xviii. वर्तमान जांच में याचिकाकर्ता घरेलू उद्योग के अधिकांश भाग का प्रतिनिधित्व करने की जरुरत को पूरा नहीं करते है। रक्षोपाय जांच या पाटनरोधी जांच जैसी व्यापार उपचारी जांच में केवल कुल उत्पादन का 50 प्रतिशत से अधिक रखना ही कुल उत्पादन के अधिकांश भाग का दावा करने के लिए पर्याप्त नहीं होता है और वह घरेलू उद्योग के रुप में याचिकाकर्ताओं को दावा करने का हकदार नहीं बना देता है।

xix. प्रतिवादियों ने पहले किये गये लिखित प्रस्तुतिकरणों पर भरोसा किया है और संक्षिप्तता के कारण उन्हें दोहराया नहीं है।

xx. प्रतिवादियों ने पाटनरोधी संबंधी डब्ल्यूटीओ करार के अनुच्छेद 4.1, जो रक्षोपाय संबंधी डब्ल्यूटीओ करार के अनुच्छेद 4.1(ग) के अनुरुप है का निवचन करते समय डीएस 397-ईसी स्टील फासनर्स में अपीलीय निकाय के निर्णय पर भरोसा किया है जिसमें यह धारित किया गया है कि किसी विशिष्ट अनुपात की अनुपस्थिति का आशय यह नहीं होता है कि कोई प्रतिशत, चाहे वह कितना भी कम क्यों न हो, स्वत: अधिकांश भाग को क्वालीफाई नहीं करता है। बल्कि वह संदर्भ जिसमें वाक्यांश अधिकांश भाग का प्रयोग किया गया है यह दर्शाता हो कि अधिकांश भाग को कुल घरेलू उत्पादन के संगत उच्च अनुपात के रुप में माना जाए।

xxi. यूरोपियन कमेटी- चीन से कतिपय लोहा एवं इस्पात फास्नर्स संबंधी निर्णायक पाटनरोधी उपाय मामले में निर्णय पर घरेलू उद्योग द्वारा भरोसा किये जाने से प्रतिवादियों के प्रस्तुतिकरण के अनुकूल है। घरेलू उद्योग द्वारा उद्धत भाग यह दर्शाता है कि अधिकांश अनुपात को कुल घरेलू उत्पादन के संगत उच्च अनुपात के रुप में माना जाय।

गोपनीयता और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन

xxii. प्रतिवादियों ने प्रस्तुत किया कि आटोमोटिव टायर विनिर्माता एसोसिएशन बनाम निर्दिष्ट प्राधिकारी मामले में उच्चतम न्यायालय के निर्णय के अनुसरण में पाटनरोधी और रक्षोपाय जांच के लिए संगत प्राधिकारी नवीन सार्वजनिक सुनवाई के लिए प्रावधान करेंगे। इसलिए याचिकाकर्ताओं का यह प्रस्तुतिकरण कि इस निर्णय का वर्तमान जांच के संबंध में कोई अनुप्रयोज्यता नहीं है, इस तथ्य के कारण स्वत: विपरीत है कि द्वितीय सार्वजनिक सुनवाई का आयोजन किया गया है और इसलिए इस पर विचार करने की कोई जरुरत नहीं है।

भारत को संवर्धित आयात

xxiii. प्रतिवादियों ने अपने दिनांक 13.9.2013 और 20.12.2013 के लिखित प्रस्तुतिकरणों में किये गये प्रस्तुतिकरणों को दोहराया है और इसका उल्लेख चालू वर्ष के लिए आयातों में कमी की प्रवृत्ति के संदर्भ में 29.10.2013 के अतिरिक्त प्रस्तुतिकरण का भी उल्लेख किया है।

xxiv. याचिकाकर्ता द्वारा प्रदान कराये गये सूचीकरण के अनुसार यह स्पष्ट है कि वर्ष (2009-10::2010-11::2011-12::2012-13::वर्ष अप्रैल, 2012-जून, 2013) है कि आयात के आंकड़े (100-112-138-122-119) है इसलिए लिखित प्रस्तुतिकरणों में किये गये याचिकाकर्ता के अपने निजी आंकड़े दर्शाते है कि आयातों में समग्र रुप से कमी हुई है।

xxv. मांग के प्रतिशत के रुप में आयात से संबंधित घरेलू उद्योग के आंकड़े 62 प्रतिशत से 64 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाते है अर्थात केवल 2 प्रतिशत की वृद्धि, जिसे रक्षोपाय शुल्क लगाने के लिए एक शर्त नहीं माना जा सकता है।

xxvi. वित्त 2013-14 के लिए वार्षिकीकृत आंकड़े दर्शाते है कि आयातों में और कमी होने की संभावना है यह प्रस्तुत किया जाता है कि आयातों में कमी की प्रवृत्ति दर्शायी गयी है इससे रक्षोपाय शुल्क लगाने का आधार नहीं बनता है।

xxvii. प्रतिवादियों ने प्रस्तुत किया है याचिकाकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत किये गये आंकड़ों केवल शिकायतकर्ता के भारतीय उत्पादन के आंकड़े है और यह कि समर्थनकर्ता के आकड़े नहीं है। याचिकाकर्ता द्वारा दायर लिखित प्रस्तुतिकरण के पैरा 5 (पेज 44) और पैरा 6 (पेज 21) की ओर ध्यान आकृष्ट किया जाता है। संपूर्ण आंकड़ों पर विचार करने से एक अलग तस्वीर सामने आयेगी और दर्शायगी कि भारतीय उत्पादन के प्रतिशत के रुप में आयात घटे है।

xxviii. प्रतिवादियों द्वारा यह प्रस्तुत किया है कि प्रतिशत उत्पादन के रुप में आयात में भी वर्ष 2011-12 और 2012-13 से तुलना करने पर कमी आयी है। इस तथ्य पर ध्यान देते हुए कि 2013-14 के आयात भी कम हुए है उत्पादन के प्रतिशत के रुप में आयात कमी आयेगी ।

xxix. ईयू से आयात में वृद्धि के संबंध में घरेलू उद्योग का आरोप त्रुटिपूर्ण है। प्रतिवादियों ने इंगित किया है कि उनके लिखित प्रस्तुतिकरण में मात्रा कीमत वर्गीकरण के आंकड़ों में गलतियां है।

xxx. प्रतिवादियों ने उल्लेख किया है कि यूरो एस्टेट सांख्यिकी के अनुसार ईयू से कुल आयातों में लगातार कमी हो रही है और वे वर्ष 2013 के पहले 6 महीनों में अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गये है।

xxxi. प्रतिवादियों ने नोट किया है कि याचिकाकर्ताओं ने भारतीय और यूरोपिय सांख्यिकी के बीच असंगतता के संबंध में प्रतिवादियों के दावे के पश्चात उसी सांख्यिकी के संदर्भ का प्रयोग जारी रखा है।

xxxii. वैलोरेक और टूबोस में उल्लेख किया है कि भारत में घरेलू उद्योग के रुप में याचिकाकर्ता के दावे के अनुसार याचिकाकर्ताओं को उनके द्वारा प्रदान कराये गये आंकड़ों पर तथ्य के रुप में विचार करना चाहिए और उन्हें यह स्वीकार कर कर लेना चाहिए कि इन मात्राओं के लिए टन और कीमत संभव नहीं हो सकती है। उनके द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों पर विचार किये बिना या प्रत्युत्तर के बिना यह दर्शाता है कि याचिकाकर्ता तथ्यों का समाधान करने के लिए तत्पर नहीं है।

कच्चे माल की कीमत में वृद्धि के बावजूद आयातों की न्यून कीमत

xxxiii. जहां तक कच्चे माल की कीमतों में वृद्धि होने के बावजूद आयात की कीमतों में कमी होने का संबंध है प्रतिवादियों ने सुनवाई पश्चात किये गये अपने प्रस्तुतिकरणों और 29.10.2013 के अपने अतिरिक्त प्रस्तुतिकरण में इस तथ्य को पुन: दोहराया है।

xxxiv. प्रतिवादियों ने प्रस्तुत किया है कि इस तथ्य का कोई कारण नहीं है कि उसी अवधि में भारत की लागत में बढ़ोतरी हुई यह कि यह कच्चे माल उदभवन का परिणाम नहीं है।

xxxv. भारत को न्यून निर्यात कीमत के संबंध में यह कहा जा सकता है कि भारतीय उत्पादकों को निर्यात बिक्री अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पधात्मक बोली की प्रक्रिया द्वारा की जायेगी। इसका आशय यह हुआ कि बोली के अंतर्गत सभी प्रतिभागी कठोर शर्तो एवं निबंधनो के अधीन प्रयोजना के लिए बोली लगाते है जिनका विनिर्धारण निविदा बोली दस्तावेजों में होता है। समुद्रपारीय प्रदायक और घरेलू उत्पादक मुक्त प्रतिस्पर्धात्मक प्रणाली में अपनी कीमतें निर्धारित करने के लिए स्वविवेक का प्रयोग नहीं करते है बल्कि मुक्त बाजार में प्रदायकों द्वारा अनुसरण किये जाने वाली किसी कीमत निर्धारण प्रणाली के अनुसार न्यून कीमत प्रस्तुत करने के लिए क्रेयताओं द्वारा मुख्यत: मजबूर किया जाता है। इसलिए ओएनजीसी जैसे ग्राहक के लिए आपूर्ति एवं निर्यात उत्पाद और मात्रा उस वस्तु की मांग द्वारा निर्धारित होते है।

अनपेक्षित विकास

xxxvi. प्रतिवादियों ने उल्लेख किया है कि घरेलू उद्योग किसी अनपेक्षित विकास को दर्शाने में असफल रहा है जिसके कारण रक्षोपाय शुल्क लगाना आवश्यक हो गया हो।

गंभीर क्षति और गंभीर क्षति की चुनौती

xxxvii. प्रतिवादियों ने प्रस्तुत किया है कि याचिकाकर्ताओं को कोई गंभीर क्षति नहीं हुई और उनहोंने अपने पिछले प्रस्तुतिकरणों पर भरोसा किया है जिसमें याचिकाकर्ताओं द्वारा उल्लिखित प्रत्येक शीर्षक के अंतर्गत घरेलू उद्योग को गंभीर क्षति या गंभीर क्षति के चुनौती के दावे का समाधान किया गया।

xxxviii. याचिकाकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत सूचना के अनुसार घरेलू बिक्रियों में वित्त वर्ष 2009-10, 2010-11, 2011-12 और 2012-13 में 100-106-112-96 तक वृद्धि हुई। वित्त वर्ष 2012-13 में बिक्रियों में गिरावट उस वित्त वर्षकेलिए आयात में गिरावट के अनुरुप है।

xxxix. याचिकाकर्ताओं के लिए मांग में बाजार हिस्से के संबंध में वह वित्त वर्ष 2009-10, 2010-11, 2011-12 और 2012-13 के लिए 47-46-43-38 के रुप में कमोवेश एक जैसी बनी रही। बाजार हिस्से में क्षणीक कमी इस तथ्य के कारण हुई है याचिकाकर्ता कुछ ग्रेड के पीयूसी की मांग को पूरा करने में असमथ रहे और यह स्वभाविक है कि इस अंतराल को पूरा करने के लिए पूरा किया गया।

xl. अनुबंध-10 का अध्ययन यह व्यक्त करता है कि याचिकाकर्ताओं के रोजगार में वित्त वर्ष 2009-10, 2010-11, 2011-12 और 2012-13 में (3588-4010-4380-4884) के अनुक्रम में वृद्धि हुई है। नये कर्मचारियों की भर्ती इस तथ्य के बड़े संकेतक है कि याचिकाकर्ता का व्यवसाय ठीक चल रहा है।

xli. महाराष्ट्र सीमलेस लिमिटेड की वित्त वर्ष 2010-11 के लिए वार्षिक रिपोर्ट यह व्यक्त करती है कि कंपनी ने 341.66 करोड़ रुपये का निवल लाभ प्राप्त किया।

xlii. याचिका का संयत पाठन यह सुझाव देता है कि रक्षोपाय साधन का अधिरोपण करने के बजाय पाटन के लिए मामला तैयार किया जा रहा है।

xliii. आईएसएमटी और एमएसएल की वित्त वर्ष 2009-10 और 2011-12 की वार्षिक रिपोर्ट यह व्यक्त करती है कि चीन से कम कीमतों पर वस्तु का पाटन किया गया।

xliv. रक्षोपाय नियमावली के नियम 8 के अनुबंध के अनुसार जब संवर्धित आयातों के अलावा अन्य कारक क्षतिकारित कर रहे हो जैसे पाटन, तो उस क्षति के लिए आयातों को उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता है और तदनुसार महानिदेशक को यह मामला पाटनरोधी या प्रतिबलनकारी शुल्क प्राधिकारी के समक्ष भेज देना चाहिए।

कारणात्मक संबंध

xlv. प्रतिवादियों ने अपनी सावजनिक सुनवाई के पश्चात लिखित प्रस्तुतिकरणों को दोहराया है।

समायोजन योजना

xlvi. याचिकाकर्ता अपनी याचिका में घरेलू उद्योग द्वारा क्रमिक उदारीकरण के साथ-साथ सकारात्मक समायोजन करने के उपायों एवं प्रयासों के संबंध में सूचना का प्रकटन करने से सह कहते हुए असफल रहे कि यह व्यवसाय अनुकूल सूचना है न कि संशोधनीय सारांश।

xlvii. घरेलू उद्योग द्वारा क्रमिक उदारीकरण के साथ सकारात्मक समायोजन करने के लिए किये जा रहे प्रयासों एवं उपायों के संबंध में सूचना प्रस्तुत करने में असफल रहना रक्षोपाय शुल्क नियमावली के नियम 5 (2) (ख) का उल्लंघन है।

xlviii. रक्षोपाय महानिदेशक के अनुदेश पर याचिकाकर्ताओं ने पुनरगठन योजना प्रदान की। इस पुनरगठन योजना में किसी सांख्यिकी का प्रकटन यह दावा करते हुए नहीं किया गया कि यह करोबार प्रापराइटरी सूचना है न कि संशोधनीय सारांश।

xlix. घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत किया गया प्रस्तावित पुनरगठन योजना का सीमित प्रकटन यह दर्शाता है कि वह घरेलू उद्योग द्वारा कुशल प्रबंधन पर आधारित है जैसे कच्चे माल, ऊर्जा और विद्युत, कार्मिक का बेहतर उपयोग मालसूची प्रबंधन उत्पादन एवं प्रसंस्करण लागत में कमी पर आधारित है न कि वास्तविक ढांचागत समायोजन सुनिश्चित करने पर।

l. प्रस्तावित पुनर्गठन ढांचा उस तरीके का प्रकटन नहीं करता है जिसका प्रयोग याचिकाकर्ताओं द्वारा उसमें उल्लिखित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए किया जाएगा। ऐसी क्रियापद्धति के प्रकटन के अभाव में यह कहना मुश्किल है कि कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए इन योजनाओं के कार्य रुप में किस तरह परिणत किया जायेगा।

जनहित

li. याचिकाकर्ताओं ने माना है कि कम कीमत के आयात कथित क्षति का मुख्य कारण है और महानिदेशक रक्षोपाय सक्षम प्राधिकारी नहीं है।

lii. रोजगार में गिरावट संबंधी दावा भी उचित नहीं है क्योंकि याचिकाकर्ताओं का याचिका में आंकड़े रोजगार स्तर में वृद्धि दर्शाते है।

liii. जनहित के संबंध में बार-बार दोहराये गये समाभीकथन यह दर्शाते है कि याचिकाकर्ताओं ने कोई ऐसे नये तथ्य अथवा आंकड़े प्रदान नहीं किये है जो शुल्क लगाने के दावा का समर्थन करते है।

घ. चाईना आयरन एंड स्टील एसोसिएशन (सीआईएसए) तथा मैसर्स रामा सिलेण्डर्स प्रा. लिमिटेड (जिसका प्रतिनिधित्व लक्ष्मी कुमारन और श्रीधरन द्वारा किया गया)

i. प्रारंभिक क्षति प्रस्तुतिकरण, अतिरिक्त क्षति प्रस्तुतिकरण, प्रथम या द्वितीय सार्वजनिक सुनवाई या प्रोक्ति के पश्चात किया गया प्रस्तुतिकरण को दोहराया गया है और संक्षिप्त के कारण उसे फिर से नहीं प्रस्तुत किया गया है।

ii. प्रतिवादियों ने प्रस्तुत किया है कि कई अवसर प्राप्त होने के बावजूद आवेदक घरेलू उत्पादक यह स्पष्ट करने से असफल रहे कि प्रतिवादियों द्वारा उल्लिखित विशिष्ट उदाहरणों के बावजूद उन्होंने अपवर्जित ग्रेड से संबंधित आयात आंकड़े क्यों शामिल किये है।

iii. आवेदक घरेलू उत्पादकों द्वारा कुछ ग्रेडों का अपवर्जन कर दिये जाने के बावजूद संशोधित आयात आंकड़ों में उनका पुन: उल्लेख किया गया है। कुछ उत्पाद ग्रेडों की सूची निम्नलिखित है:

i. एएसएमई एसए 213

ii. एएसएमई ए213
iii. एल-80

इन अपवर्जित उत्पाद प्रकारों को शामिल करने से संपूर्ण क्षति विश्लेषण को नुकसान हुआ है जब तक सही आयात आंकड़े और संशोधित क्षतिकारक हितबद्ध पक्षकारों को उपलब्ध नहीं करा दिये जाते है तब तक प्रभावकारी प्रोक्ति दायर करना और टिप्पणी करना संभव नहीं होगा।

विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु

iv. विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु रक्षोपाय जांच के दो अलग पहलू है। आवेदनकर्ता घरेलू उत्पादकों द्वारा जांचाधीन उत्पाद से अपवर्जित मदों के संबंध में कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है। अपवर्जन के कारण ज्ञात नहीं है कि क्या इनका अपवर्जन इस कारण किया गया कि घरेलू उद्योग द्वारा उनका विनिर्माण नहीं किया जाता है या इस कारण किया गया कि आवेदक घरेलू उत्पादकों द्वारा समान उत्पादों का आयात किया जाता है या इस ग्रेड का आयात होता ही नहीं है। अपवर्जन का विरोध करना अवांछित नहीं है बल्कि यह तर्क संगत है।

v. प्रतिवादियों ने प्रस्तुत किया है कि केवल इस कारण से घरेलू उद्योग व्यापक श्रृंखला के असमान उत्पादों का उत्पादन कर सकता है, इसका आशय यह नही है कि उन सभी उत्पादों को इक्कठा कर दिया जाए।

vi. आवेदककर्ता घरेलू उद्योग से तेल एवं गैस अन्वेषण में प्रयोग किये जाने वाले पाइपों और बाल बैयरिंग उद्योग में प्रयोग किये जाने वाले पाइपों को शामिल करने की मांग की गई थी। यह अविवादित तथ्य है कि इन उत्पादों का प्रयोग अंतरपरिवर्तनीय ढंग से नहीं किया जा सकता है। इनमें टेनसाइल शक्ति, विशेष प्रचालन, अंतिम प्रयोग, ग्राहकों का अववोधन आदि के संबंध में दोनों उत्पादों के बीच अंतर है। अत: उनको इक्कठा करना वांछित नहीं है।

vii. प्रतिवादियों ने डब्लयूटीओ डीएसबी पैनल डीएस-54/55/59/64 इंडोनेशिया-आटोमोबाइल उद्योग को प्रभावित करने वाले कतिपय उपाय पर भरोसा किया है जिसमें पैनल ने सभी उत्पादों को इक्कठा करने से मना कर दिया जिनमें विभिन्नताएं थी।

viii. रक्षोपाय साधन का प्रयोग केवल उन उत्पादों के बारे में किया जा सकता है जिनका आयात किया जाता है और जो घरेलू उद्योग को क्षति कर रहे हो। यूएस-लैम्ब रक्षोपाय जांच में अपीलीय निकाय रिपोर्ट ने, जिसपर घरेलू उद्योग ने अपने लिखित प्रस्तुतिकरण में भरोसा किया है, यह धारित किया है कि रक्षोपाय शुल्क लगाने का कानूनी आधार तभी होता है जब विशिष्ट उत्पादों के उत्पाद घरेलू उत्पादकों पर प्रभाव डालते हो जो समान या प्रत्यक्षत: प्रतिस्पर्धी उपाय हो।

ix. रक्षोपाय साधन का प्रयोग केवल ऐसी स्थिति में किया जाता है जहां विशिष्ट उत्पादों का समान वस्तु के घरेलू उत्पादकों को पूर्वाग्रही प्रभाव पड़ता हो। प्रतिवादियों ने उल्लेख किया है कि वर्तमान जांच में घरेलू उद्योग कुछ उत्पादों का उत्पादन करने में सक्षम नहीं है अथवा तकनीकी कारणों से इन उत्पादों के लिए प्रतिस्पर्धा नहीं कर सकते है जिसकी वजह से वह ओएनजीसी निविदा प्रक्रिया को क्वालिफाई नहीं कर पाये।

x. पेट्रोलियम और विस्फोटक सुरक्षा संगठन का दिनांक 23.5.2013 का पत्र सं. जी3(42)515/6 यह सिद्ध करता है कि उच्च दाव सीमलेस स्टील गैस सिलेण्डरों के लिए कोई भी भारतीय उत्पादक नहीं है।

xi. भारत सरकार द्वारा इस तथ्य की संपुष्टि कर दिये जाने पर कोई विपरीत निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता है। इसलिए विधि के अंतर्गत यह माना जाये कि कोई भारतीय विनिर्माता भारत में इस वस्तु का निर्माण या आपूर्ति नहीं करता है।

xii. आवेदक घरेलू उत्पादकों ने स्वीकार किया है कि उनके पास उच्च दाव गैस सिलेण्डरों के लिए टयूब और पाइपों का विनिर्माण करने का अपेक्षित अनुमोदन नहीं है। पुन: यह उल्लेख किया गया कि कम कीमत के आयातों के कारण उनके लिए अपेक्षित अनुमोदन प्राप्त करना संभव नहीं है। घरेलू उत्पादकों का यह प्रस्तुतिकरण तर्कहीन है।

xiii. संबंधित सरकारी एजेंसी से अनुमोदन प्राप्त करना वस्तु की कीमत निर्धारण पर निर्भर नहीं होता है बल्कि यह उसकी क्षमता और ऐसे टयूब एवं पाइप विनिर्माण करने की उत्पादक की सक्षमता पर निर्भर होता है। घरेलू उत्पादकों की अक्षमता के कारण वे इन वस्तुओं का विनिर्माण करने का अनुमोदन प्राप्त नहीं कर सके।

xiv. जहां कहीं किसी उत्पाद का पीयूसी से अपवर्जन किया जाता है वहां उसकी मात्रा और मूल्य को भी आयातों की मात्रा और मूल्य से हटा दिया जाता है जिससे की पीयूसी के सही-सही मात्रा और मूल्य का निर्धारण किया जा सके।

समान वस्तु

xv. घरेलू उद्योग ने प्रस्तुत किया है कि कुछ आयल कंट्री गुड्स के आयातों के संबंध में जांच में यूनाईटेड स्टेट्स इंटरनेशनल ट्रेड कमीशन ने (जांच सं. 701-टीए-499-500 और 731-टीए-1215-1223) की जांच परिणाम में

प्रस्तुत किया है कि ईआरडब्ल्यू पाइप और सीमलेस पाइप विचाराधीन उत्पाद के दायरे में विशेष रुप से शामिल की जारी वस्तु के कारण समान वस्तु है। यह एक गलत दावा है। यूएसआईटीसी ने विशेष रुप से की गई एक जांच में कि क्या ईआरडब्ल्यू पाइप्स और ट्यूब्स सीमलेस पाइप और ट्यूब्स के समान वस्तुएं है। यह जांच इस तथ्य पर आधारित नहीं थी कि ईआरडब्ल्यू पाइप और सीमलेस पाइप को विचाराधीन उत्पाद में शामिल किया गया था परंतु यह जांच समान वस्तु का निराधन करने के लिए एक स्वतंत्र जांच थी।

xvi. किसी वस्तु को समान वस्तु में तब भी शामिल किया जा सकता है जब घरेलू उद्योग में किसी कारण से उसे विचाराधीन उत्पाद में शामिल नहीं किया हो जैसे उस पीयूसी का आयात नहीं होता है और वह पीयूसी तथा समान वस्तु जांच में विभिन्न वस्तुएं है।

xvii. निर्दिष्ट प्राधिकारी ने 19 मार्च, 1998 की पाटनरोधी जांच अंतिम परिणाम सं. 14/1/96/पाटनरोधी शुल्क में यह धारित किया कि पीयूसी प्योर टेरेफैथालिक एसीड है तथापि समान वस्तु को डीएमटी में भी शामिल किया गया था।

xviii. यह दावा कि इतनी विलम्ब से उत्पाद और जांच के दायरे को बढ़ाया नहीं जा सकता है। यह प्रस्तुत किया गया कि हितबद्ध पक्षकारों ने उत्पाद दायरे को बढ़ाने का दावा नहीं किया है। उत्पाद दायरे को उस उत्पाद की आयात मात्रा और कीमत के आधार पर परिभाषित किया गया। उत्पाद दायरे के आधार पर हितबद्ध पक्षकार जैसे आयातक/निर्यातक/प्रयोगकर्ता जांच में भाग ले सकते है।

xix. यह कभी जरुरी नहीं है कि समान वस्तु जांचाधीन उत्पाद के बराबर या तक सीमित हो। यदि दोनों एक है तो समान वस्तु की कोई परिभाषा देने और पीयूसी तथा समान वस्तु के लिए पृथक निर्धारण करने की कोई जरुरत नहीं है। सभी वस्तुएं जो समान वस्तु के मानदंड को पूरा करती है उन्हें घरेलू उत्पादकों की क्षति का निर्धारण करने के लिए जांच में शामिल किया जा सकता है।

xx. जांच एक सतत प्रक्रिया है। डीजी रक्षोपाय को जांच के दौरान जांच की समाप्ति पर समान वस्तु के बारे में निर्धारण करना अपेक्षित होता है। यह विधि की अपेक्षा नहीं है कि यदि डीजी रक्षोपाय घरेलू उद्योग के प्रस्तुतिकरण के आधार पर समान वस्तु का गलत निर्धारण करते है तो अंतिम जांच के समय उसे बदला नहीं जा सकता। डीजी रक्षोपाय समान वस्तु के संबंध में अंतिम निर्णय अंतिम जांच परिणाम में ही ले सकते है।

xxi. घरेलू उद्योग के लिखित प्रस्तुतिकरण के पैरा ख.6 के दावा कि घरेलू उद्योग अद्यतन प्रौद्योगिकी प्रदान कराने में और घरेलू प्रयोगकर्ता उद्योग को उच्चतम गुणवत्ता का आउटपुट देने में अग्रणी रहा है, गलत है। वास्तव में सार्वजनिक सुनवाई के दौरान भेल ने यह प्रस्तुतिकरण किया कि उसकी घरेलू उद्योग द्वारा प्रदान कराये गये उत्पादों के संबंध में गुणवत्ता संबंधी गंभीर चिंता है। इसके अतिरिक्त घरेलू उद्योग में विदेशी प्रदायर्कों द्वारा प्रदत्त अच्छी गुणवत्ता के उत्पादों की तुलना में कम गुणवत्ता के उत्पाद की आपूर्ति करने के कारण विदेशी प्रदायकों से निविदा बोली खो दी और उन आवेदकों को अपवर्जित उत्पाद के लिए घरेलू उद्योग के रुप में नहीं माना।

xxii. एल्युमिनियम फ्लैट रोल्ड उत्पादों और एल्युमिनियम फ्वइल के भारत में आयातों के विरुद्ध रक्षोपाय जांच के अंतिम जांच परिणाम दिनांक 29 मई, 2009 में डीजी रक्षोपाय ने घरेलू उद्योग की परिभाषा करते समय यह पाया कि घरेलू उद्योग उत्पाद आधारित होना चाहिए न कि उत्पादक आधारित, विभिन्न उत्पादों का अपवर्जन कर दिया जिनका आवेदक द्वारा विनिर्माण नहीं किया जाता था और ऐसे आवेदकों को अपवर्जित उत्पादों के लिए घरेलू उद्योग के रुप में नहीं माना।

xxiii. घरेलू उद्योग के लिखित प्रस्तुतिकरण के पैरा ख.5 में किये गये दावा के अनुसार की भारतीय प्रयोगकर्ताओं द्वारा सभी निविदाएं स्पष्टत: विनिर्दिष्ट करती है कि सीमलेस पाइप और ईआरडब्ल्यू पाइप की जरुरतें अलग-अलग है। सभी भारतीय प्रयोगकर्ताओं जैसे ओएनजीसी गेल, आईओसीएल, वीपीसीएल द्वारा निकाली गई निवादाएं और बोलियां सीमलेस पाइप के स्थान पर ईआरडब्ल्यू पाइप की वैकल्पिक आपूर्ति करने का अनुमोदन नहीं देती है और उनके अनुप्रयोग को भारत में स्पष्टत: केवल सीमलेस या केवल ईआरडब्ल्यू के रुप में परिभाषित किया है जो एक दूसरे के क्षेत्राधिकार से अलग है। यह प्रस्तुत किया जाता है कि घरेलू उद्योग का दावा तर्क संगत नहीं है। केवल इस कारण से निविदाएं भारतीय प्रयोगकर्ताओं जैसे ओएनजीसी गेल आईओसीएल, वीपीसीएल द्वारा सीमलेस पाइप या इआरडब्ल्यू पाइप का अलग-अलग आपूर्ति करने के लिए निविदाएं निकाली जाती है, इसका आश्य किसी भी तरह से यह नहीं है कि दोनों उत्पाद समान उत्पाद है। इसके अतिरिक्त यह इस तथ्य का समर्थन करता है कि अन्य देशों ने ईआरडब्ल्यू और सीमलेस पाइप और टयूब को समान वस्तु नहीं माना जाता है। तथापि यह नोट किया जाता है कि यदि यद्यपि अलग-अलग निविदाएं निकाली जाती है परंतु उनका अनुप्रयोग समान होता है। यह आवेदक घरेलू उत्पादकों का प्रस्तुतिकरण नहीं हो सकता है कि वस्तु का उपयोग अलग-अलग किया जाता है। डीजी रक्षोपाय से अनुरोध किया जाता है कि वे उन क्रेताओं से जानकारी मंगाये जो केवल केन्द्रीय सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम

है जैसे ओएनजीसी भेल आईओसीएल बीपीसीएल। ईआरडब्ल्यू सीमलेस ट्यूब और पाइपों के लिए पृथक निविदाओं की मांग करने के लिए तकनीकी और वाणिज्यिक विचार सप्रमाण होने चाहिए।

xxiv. सुनवाई के दौरान प्रतिवादियों द्वारा यह उठाया गया कि आवेदक घरेलू उत्पादकों ने उस विशिष्ट दायित्व के संबंध में कोई उत्तर नहीं दिया कि भारत में 1994 में संबद्ध वस्तु के आयात किस तरह बढ़े थे। आवेदक घरेलू उत्पादकों की चूप्पी इस बात का प्रतीक है कि वह उस मोर्चे पर असफल रहे।

xxv. प्रतिवादियों ने प्रस्तुत किया कि किसी अनपेक्षित विकास की मौजूदगी और 1994 के दौरान भारत के दायित्व के कारण आयातों में वृद्धि नहीं हुई है, इसलिए संबंधित आयातों और घरेलू उद्योग को क्षति के बीच कोई कारणात्मक संबंध मौजूद नहीं है जो कि रक्षोपाय शुल्क अधिरोपित करने से पहले एक पूर्वापेक्षा होती है। इसके अतिरिक्त रक्षोपाय लगाना जनहित में नहीं होगा क्योंकि घरेलू उद्योग के पास उपयोगकर्ता उद्योग की जरुरत को पूरा करने के लिए न तो क्षमता है और न ही वे अच्छे गुणवत्ता के उत्पाद की बिक्री कर पायेगे।

14. घरेलू उद्योग द्वारा प्रोक्ति प्रस्तुतिकरण

क. मैसर्स आईएसएमटी लिमिटेड, मैसर्स जिंदल एसएडब्ल्यू लिमिटेड (मैसर्स महाराष्ट्र सीमलेस लिमिटेड समर्थनकर्ता)

अधिदेशित सूचना प्रदान कराने में असफलता

i. याचिकाकर्ताओं ने प्रस्तुत किया है कि घरेलू उद्योग ने महानिदेशक रक्षोपाय के निदेशों का पूर्ण अनुपालन किया है और महानिदेशक रक्षोपाय द्वारा निर्धारित प्ररुप में अभिनव अवधि, वित्त वर्ष 2013-14 की प्रथम तिमाही तक के अपेक्षित आकड़े दायर किये है और वर्ष 2013-14 की प्रथम तिमाही के लिए आयात आकड़े भी उपलब्ध कराये है।

ii. आंकड़ों का अगोपनीय पाठ सार्वजनिक फाइल के रुप में रखने के लिए न केवल डीजीएस को उपलब्ध कराया गया है बल्कि सभी ज्ञात विरोधकर्ता हितबद्ध पक्षकारों को महानिदेशक द्वारा निर्धारित मर्यादाओं के अंतर्गत 9 सितम्बर, 2013 को दिनांक 29 अगस्त, 2013 के पत्र के तहत परिचालित किया गया। विरोधकर्ता हितबद्ध पक्षकारों को उसपर अपनी टिप्पणियां प्रस्तुत करने के लिए पर्याप्त समय दिया गया और उसके विरुद्ध किसी दावे को न्यायोचित नहीं ठहराया गया।

अनपेक्षित विकास

iii. विरोधकर्ता हितबद्ध पक्षकारों ने यह स्थापित करने के लिए कि जांच शुरुआत करने के पहले अनपेक्षित परिस्थितियों की जरुरत एक अनिवार्य अपेक्ष है कोई साक्ष्य प्रदान नहीं किया है।

iv. डब्ल्यूटी ओ या भारतीय विधान के अंतर्गत ऐसा कोई प्रावधान नहीं है जिसमें जांच शुरुआत के अवसर पर अनपेक्षित विकास की जरुरत हो और वास्तव में महानिदेशक रक्षोपाय द्वारा निर्धारित प्रश्नावली प्रपत्र भी यह अपेक्षा नहीं करता है कि उसे प्रदान किया जाए।

v. अर्जेंटिना-फूटवियर (डब्ल्यूटी/डीएस121/एबी/आर दिनांक 14 दिसम्बर, 1999) में डब्ल्यूटी ओ अपीलीय निकाय ने यह धारित किया कि अनपेक्षित विकास की जरुरत रक्षोपाय शुल्क लगाने के लिए एक अतिरिक्त शर्त नहीं है। परंतु उसने परिस्थितियों के एक निश्चित सेट का वर्णन किया है।

vi. अनपेक्षित विकास के संबंध में न्याय विज्ञान यह कहता है कि यह शुल्क अधिरोपण के समय एक अपेक्षित मापदंड है। यह इस तथ्य से भी स्पष्ट है कि महानिदेशक रक्षोपाय द्वारा विगत जांच में जारी किसी भी जांच शुरुआत अधिसूचना में अनपेक्षित विकास पर अधिक बल नहीं दिया और महानिदेशक रक्षोपाय के इस विचार को चुनौती भी नहीं दी गई।

vii. घरेलू उद्योग ने अपनी याचिका के पेज सं.13-14 पर अनपेक्षित विकास के संबंध में पर्याप्त साक्ष्य दिये है। अत: विरोधकर्ता हितबद्ध पक्षकारों का यह दावा निराधार है कि अनपेक्षित परिस्थितियों के संबंध में कोई सूचना नहीं दी गई है तथा यह वस्तुत: गलत है।

viii. दिनांक 21 अक्तूबर, 2013 के एक अतिरिक्त पत्र में घरेलू उद्योग द्वारा अनपेक्षित विकास और जनहित के संबंध में उल्लेख किया गया जो कि ना केवल हितबद्ध पक्षकारों को भेजा गया बल्कि उस पर हितबद्ध पक्षकारों ने अनपेक्षित विकास और जनहित के संबंध में अपनी टिप्पणियां भी दी है।

अनपेक्षित व्यापार उपचारी कार्य

ix. घरेलू उद्योग ने उस ढंग को अभिव्यक्त किया है जिसमें आयातों पर अनपेक्षित व्यापार उपचारी कार्रवाई के परिणाम स्वरुप यूएस और ईयू जैसे उपभोक्ताओं ने चीन से आयातों के विरुद्ध शुल्क अधिरोपित किये है जिसके परिणामस्वरुप इन आयातों का भारत की ओर विपथन हुआ जिससे भारत में आयातों की वृद्धि हुई।

x. विभिन्न बाजारों में व्यापार उपचारी उपाय को इंडोनेशियाई रक्षोपाय प्राधिकारी (जी/एसजी/एन/8/आईडीएन/14, जी/एसजी/एन/10/डीएन/14) द्वारा अनपेक्षित विकास के प्रतिरोधक के रुप में माना गया है।

यूरोप की बाजारों में खपत में अप्रत्याशित कमी

xi. ईयू बाजारों में खपत में गिरावट अप्रत्याशित थी और ईयू बाजारों में इस अप्रत्याशित मंदी के परिणामस्वरुप ईयू में खपत कम हो गयी और ईयू के उत्पादक निर्यात केन्द्रीत हो गये और उन्होंने भारत और चीन जैसी बढ़ती हुई बाजारों में भारी पैमाने पर निर्यात करना प्रारंभ कर दिया।

चीन जनगण में अतिरिक्त क्षमताएं और ईयू में योजित नवीन क्षमता

xii. चीन विभिन्न बड़ी बाजारों से प्रतिबंध के बावजूद अपनी क्षमता बढ़ा रहा है जिससे आयातों का भारत की ओर विपथन हो रहा है।

xiii. ईयू जैसी बड़ी बाजारों में खपत में अचानक कमी तथा बड़ी खपतकर्ता बाजारों में व्यापार उपचारी कार्रवाई अनपेक्षित थी और क्षमताओं में वृद्धि का उपयोग निर्यात के लिए किया गया जिसके कारण भारत को संबद्ध वस्तु के आयातों में वृद्धि हुई। इसका उल्लेख 12 दिसम्बर, 2013 के लिखित प्रस्तुतिकरण के पैराग्राफ च (9-19) में किया गया।

xiv. यह उल्लेख नयी क्षमताएं विचाराधीन उत्पाद का उत्पादन करने में सक्षम नहीं है तथापि हितबद्ध पक्षकारों ने इस दावे के समर्थन में कोई प्रमाण नहीं दिया है।

कच्चे माल की कीमतों में वृद्धि होने के बावजूद आयात की अनपेक्षित रुप से कम कीमते

xv. जांच की अवधि के दौरान कच्चे माल की कीमतों में वृद्धि हो रही थी तथापि कच्चे माल की कीमतों में वैश्विक वृद्धि के बावजूद आयात कीमतों में भारत में विचाराधीन उत्पाद का निर्माण करने और उसकी बिक्री करने में हुई लागत वृद्धि के अनुरुप आयात कीमत में बढ़ोतरी नहीं हुई। चूंकि भारत एक कीमत संवेदी बाजार है इसलिए उपभोक्ताओं कम कीमत के आयातों की ओर झुकना प्रारंभ कर दिया।

प्राकृतिक न्याय और गोपनीयता के सिद्धांतों का उल्लंघन

xvi. घरेलू उद्योग द्वारा इस तथ्य की मनाही की गई है की उन्होंने कोई समायोजन योजना प्रस्तुत नहीं की है और सार्वजनिक सुनवाई के बाद तक प्रश्नावली प्रत्युत्तर भी प्रस्तुत नहीं किया गया।

xvii. घरेलू उद्योग ने सार्वजनिक सुनवाई से पहले दिनांक 23 अगस्त, 2013 के पत्र के तहत प्रत्येक कंपनी के लिए अलग-अलग समायोजन योजना दायर की थी।

xviii. रक्षोपाय शुल्क नियमावली के नियम 7 के अंतर्गत गोपनीयता के प्रावधानों के अनुसार घरेलू उद्योग ने संपूर्ण जानकारी प्रदान की और उस प्रोपराइटरी सूचना को गुप्त रखने का अनुरोध किया जो सार्वजनिक रुप से उपलब्ध नहीं थी जिसका प्रकटन कंपनी के हित में अलाभकर होता।

आयात आंकड़े क्रियापद्धति और अंतर

xix. याचिका में विचारित आयात मात्रा और मूल्य वाणिज्यिक आसूचना एवं सांख्यिकीय महानिदेशालय कोलकाता से प्राप्त संव्यवहारवार आंकड़ों के आधार पर प्रस्तुत किये गये थे। घरेलू उद्योग ने अपने आवेदन पत्र के अनुबंध-5 में विचाराधीन उत्पाद के आयात आंकड़ों के एक भाग के रुप में संव्यवहार पर विचार करने के लिए क्रियापद्धति का पूर्णप्रकटन किया तथा प्रतिमान संव्यवहार को स्पष्ट किया। यह प्रस्तुत किया जाता है कि आयात आंकड़े यथार्थ रुप से एकत्र किये गये थे।

xx. ईयू आंकड़ों के संबंध में चिंता महानिदेशक रक्षोपाय के पास उपलब्ध लेनदेन वार आयात आंकड़ों के आलोक में नहीं हुई और हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किये गये प्रस्तुतीकरणों की अनदेखी की जा सकती है।

xxi. मैसर्स एनईआई ने दावा किया है कि घरेलू उद्योग द्वारा उपलब्ध कराये गये आयात आंकड़े अध्याय शीर्षक 73.04, 73.06 और 98.08 के अंतर्गत बाह्य आंकड़े है। यह प्रस्तुत किया जाता है कि संबद्ध वस्तु के आयात से संबंधित बाह्य अध्याय सं.73.04, 73.06 और 98.01 में प्रदान कराये गये आंकड़े डीजीसीआईएस आंकड़ों के अनुरुप है।

xxii. याचिका और सत्यापन रिपोर्ट में बिक्री आंकड़ों में अंतर के संबंध में महानिदेशक रक्षोपाय ने उचित ही घरेलू उद्योग के आंकड़ों पर विचार किया है और बिक्री का मूल्यांकन संगत परम्परा के अनुरुप किया है। उसे जांच शुरुआत नोटिस में भी स्पष्टत: प्रदान कराया गया है और उसे सभी विरोधकर्ता हितबद्ध पक्षकारों को भी प्रेषित किया गया। अत: आंकड़ों में विसंगति के संबंध में विरोधकर्ता हितबद्ध पक्षकारों का दावा अनुचित है और विरोधकर्ता हितबद्ध पक्षकारों को इसका स्पष्ट स्पष्टीकरण दे दिया गया है।

विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु

xxiii. घरेलू उद्योग ने प्रस्तुत किया है कि डोमोनिकन रिपब्लिक-बैग एंड फेबरिक सेफगार्ड (डब्ल्यूटी/डीएस415/आर,डब्ल्यूटी/डीएस416/आर,डब्ल्यूटी/डीएस 417/आर, डब्ल्यूटी/ डीएस 418/आर, दिनांक 31 जनवरी, 2012) के मामले में डब्ल्यूटी पैनल ने यह धारित किया है कि रक्षोपाय करार में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है जो विचाराधीन उत्पाद का निर्धारण, चयन, विवरण या विश्लेषण करना शासित या अधिदेशित करता हो।

xxiv. कतिपय ऑयल कंट्री टूबलर गुड्स के आयातों के संबंध में संयुक्त राज्य अंतर्राष्ट्रीय व्यापार आयोग द्वारा अभी हाल में शुरु की गई जांच में विचाराधीन उत्पाद को 'ऑयल कंट्री टूबलर गुड्स' के रुप में परिभाषित किया गया था परंतु यह एकल विशिष्ट एचएस-वर्गीकरण के अंतर्गत वर्गीकृत नहीं था।

xxv. वर्तमान मामले में विचाराधीन उत्पाद के दायरे को विशेष रुप से याचिकाकर्ताओं द्वारा विनिर्मित उत्पाद और उनके समान वस्तु को शामिल करने के लिए विशेष रुप से परिभाषित किया गया है और यह किसी भी ढंग से अस्पष्ट नहीं है और यह जांच में शामिल किये जाने के लिए अपेक्षित उत्पादों की समस्त श्रृंखला को शामिल करता है।

xxvi. घरेलू उद्योग ने विचाराधीन उत्पाद के दायरे को परिभाषित करने की क्रियापद्धति का विस्तृत विवरण स्वयं याचिका में दिया है। यह प्रस्तुत किया जाता है कि जांच शुरुआत नोटिस और याचिका स्पष्टत: एवं परिभाषित तौर पर विचाराधीन उत्पाद के दायरे को स्पष्ट करते है और जांच शुरुआत नोटिस में उल्लिखित विभिन्न अध्याय शीर्षक उन विभिन्न शीर्षकों के केवल संकेतात्मक है जिनके अंतर्गत उस वस्तु का आयात किया जा सकता है तथापि इसे केवल इस आधार पर पृथक या भिन्न उत्पाद नहीं कहा जा सकता है कि इसके विभिन्न प्रकार एवं प्रयोग है, जैसा कि विरोधकर्ता हितबद्ध पक्षकारों ने दावा किया है।

xxvii. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने यह सिद्ध करने के लिए कोई साक्ष्य नहीं दिया कि संबद्ध वस्तु जांच शुरुआत नोटिस में उल्लिखित विभिन्न अध्याय शीर्षकों के अंतर्गत एक साथ आयात किये जाने के योग्य है।

व्यापक दायरे की परिभाषा जिससे गलत उत्पाद परिभाषा प्राप्त हुई

xxviii. यह एक सुस्थापित तथ्य है कि घरेलू उद्योग के पास विचाराधीन उत्पाद की संपूर्ण श्रृंखला का विनिर्माण करने और उसकी बिक्री करने की क्षमता है बल्कि इसने उन सभी वस्तुओं का विनिर्माण और बिक्री भी की है जिसके लिए हितबद्ध पक्षकारों ने गलत ढंग से विचारधीन उत्पाद के दायरे से अपवर्जन कराने की मांग की थी।

xxix. विभिन्न प्रकार और ग्रेडो के उत्पादों का विनिर्माण करने के लिए उत्पादन प्रक्रिया समान है और संबद्ध वस्तु का एक ही संयंत्र में उत्पादन किया जाता है। घरेलू उद्योग द्वारा यह निवेदन किया गया है कि विभिन्न ग्रेडों के लिए अध्याय शीर्षक पाइप और ट्यूब के ग्रेड या अनुप्रयोग के कारण पृथक या अलग नहीं है।

जांच के दायरे से कतिपय ग्रेडों का अपवर्जन करने का दावा

xxx. घरेलू उद्योग ने उक्त ग्रेडो के उत्पादन और उनकी बिक्री से संबंधित स्पष्ट जानकारी प्रदान करायी है तथा प्रतिरुप बिक्री के लिए बीजक के रुप में संगत साक्ष्य भी यह जांच करने के लिए प्रदान कराये है कि घरेलू उद्योग की उत्पादन और बिक्री क्षमता क्या है।

उच्च दाव सिलेण्डरों का विनिर्माण

xxxi. यह प्रस्तुत किया जाता है कि घरेलू उद्योग के पास उच्च दाव सीमलेस स्टील-सिलेण्डर पाइपों और टयूब विनिर्माण करने की क्षमता है। उच्च दाब गैस सिलेण्डरों का विनिर्माण करने के लिए प्रयोग किये जाने वाले सीमलेस टयूब की मानक आकार (ओडीxटीएचके) 1083.2,139.84.2, 165.14.4, 2325.4, 2676/7.5, 2737.6 घरेलू उद्योग ने यह स्थापित करने के लिए कि भारतीय उद्योग की उक्त उच्च दाब सिलेण्डरों का विनिर्माण करने की उत्पादन क्षमता है पर्याप्त साक्ष्य जैसे उत्पादक द्वारा प्रदान किये गये क्रय आदेश के लिए परीक्षण प्रमाण प्रत्र संलग्न किया जो अनुबंध-1-गोपनीय में संलग्न है।

राइफल्ड ट्यूब का अपवर्जन

xxxii. राइफल्ड टयूब एक प्रकार बायलर टयूब होते है जिनका निर्माण और बिक्री घरेलू उद्योग द्वारा की जाती है। मैसर्स भेल ने मैसर्स आईएसएमटी द्वारा विनिर्मित और बेचे गये राइफल्ड टयूब की वर्ष 2009-10 से वर्ष 2013-14 की पहली तिमाही तक की संपूर्ण क्षति अवधि में लगभग 2741 टन और 2010-11 में 1200 टन की खरीद की और उनका उपयोग भी किया।

xxxiii. इसने कुछ तकनीकी वाणिज्यिक कारणों से कुछ समय के लिए इस प्रापण को बंद दिया मैसर्स भेल द्वारा राइफल्ड टयूब की मैसर्स आईएसएमटी लिमिटेड और देश के अन्य भरोसेमंद बायलर विनिर्माताओं से खरीद के बीजक घरेलू

उद्योग से लगातार खरीद करते रहे जो 20 सितम्बर, 2013 के प्रोक्ति प्रस्तुतीकरण के तहत महानिदेशक रक्षोपाय को दिये गये है।

एनईआई लिमिटेड को आपूर्ति

xxxiv. यह स्पष्ट नहीं है कि घरेलू उद्योग द्वारा संदत संबद्ध वस्तु की नियमित आपूर्ति या गुणवत्ता संबंधी कोई अवरोध है मैसर्स एनईआई लिमिटेड घरेलू उद्योग से संबद्ध वस्तु की नियमित खरीद करता आ रहा है और इसने वर्ष 2012-13 में लगभग 190 लाख रुपये मूल्य के 219 एमटी का अधिप्रापण किया तथा वर्ष 2013-14 की पहली तिमाही में लगभग 175 एमटी का अधिप्रापण किया जिसका कुल मूल्य 144 लाख रुपये है। कुल अधिप्रापण में से एनईआई लिमिटेड ने लगभग 8 लाख रुपये मूल्य की मात्रा की वापसी की है जो मैसर्स एनईआई द्वारा किये गये कुल प्रापण का लगभग 1.2 प्रतिशत है।

xxxv. बैरिंग के कई अन्य घरेलू विनिर्माता भी है जिनका मैसर्स एनईआई के अलावा भारी घरेलू हिस्सा है और मैसर्स एनईआई लिमिटेड संपूर्ण भारतीय बैरिंग उद्योग का प्रतिनिधि होने का दावा नहीं कर सकता है। अन्य विनिर्माताओं को की गई बिक्री के अद्यतन बीजक दिनांक 21 दिसम्बर, 2013 के लिखित प्रस्तुतिकरण के तहत महानिदेशक रक्षोपाय को प्रदान कराये गये है।

xxxvi. मैसर्स एनईआई द्वारा प्रदान करायी गई जानकारी से घरेलू उद्योग द्वारा भरोसा की गई ग्रेडों/प्रतीको के लिए कथीत कम कीमतों के प्रभाव के संबंध में जानकारी मिलती है । यह प्रस्तुत किया गया कि घरेलू उद्योग ने एसकेएफ की मूल्य सूची पर भरोसा किया और इस संबंध में साक्ष्य महानिदेशक रक्षोपाय को प्रस्तुत किया जा चुका है।

xxxvii. कीमत सूची बाजार में उपलब्ध कीमतों से तैयार की गई है जो प्रतिस्पर्धात्मक कीमत निर्धारण को प्रदर्शित करती है। जहां तक मैसर्स एनईआई के बीजक का संबंध है उक्त पक्षकारों और एनईआई के बीच वाणिज्यिक समझ ज्ञात नहीं है इसलिए उनपर भरोसा नहीं किया जा सकता है।

xxxviii. यह अनुत्तरित है कि मैसर्स एनईआई इतने कम कीमते क्यों प्राप्त कर रहा है जबकि अन्य घरेलू उत्पादक समान ग्रेडों के लिए उच्चतर कीमतें रिपोर्ट कर रहे है। स्पष्टत: मैसर्स एनईआई द्वारा प्रदान करायी गई सूचना भरोसेमंद नहीं है और उसकी अवहेलना की जा सकती है।

जापान की कथित बेहतर गुणवत्ता के संबंध में निर्यातकों की ओर से किया गया प्रस्तुतिकरण

xxxix. रिकार्ड में ऐसा कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं है जो यह स्पष्ट करता हो कि भारत को जापान के निर्यातकों द्वारा निर्यात की गई संवद्ध वस्तु बेहतर गुणवत्ता की है या घरेलू उद्योग द्वारा विनिर्मित संबद्ध वस्तु से अलग है।

xl. निर्यातकों द्वारा प्रीसाइज मानक या विनिर्माण प्रक्रिया से संबंधित कोई प्रकटन नहीं किया गया है और ऐसे प्रकटन के अभाव में यह स्पष्टत: स्थापित होता है कि कोई विशेष अंतर नहीं है और जापान के निर्यातकों का दावा गलत एवं असंबद्ध है।

उच्चतर कीमत और गुणवत्ता के आधार पर अपवर्जन

xli. वर्तमान मामला रक्षोपाय जांच का है, न कि पाटनरोधी जांच का जिसके द्वारा सभी उत्पादों के आयातों पर शुल्क लगाया जाता है, जापान से निर्यातों का गुणवत्ता के आधार पर अपवर्जन करना, जैसाकि निर्यातकों ने दावा किया है, रक्षोपाय संबंधी डब्ल्यूटीओ विधि में उल्लिखित गैर विभेदकारी आधारभूत सिद्धांत के विपरीत है।

xlii. जापान के निर्यातकों ने कुछ उच्च स्तर की प्रौद्योगिकी का दावा किया है। कार्बन ब्लैक के आयातों से संबंधित रक्षोपाय जांच के दिनांक 31 जुलाई, 2012 के अंतिम जांच परिणाम में महानिदेशक रक्षोपाय ने जांच कि कार्बन ब्लैक का विनिर्माण करने के लिए चीन की उत्पादन प्रक्रिया, जो कोलतार आयल पर निर्भर थी, भिन्न थी और भारतीय उद्योग की उत्पादन प्रक्रिया की तुलना में कम महंगी थी जो कार्बन ब्लैक फीड स्टॉक पर भरोसा करता है तथापि महानिदेशक रक्षोपाय ने समान वस्तु के रुप में माना और उस पर रक्षोपाय शुल्क अधिरोपित किया।

xliii. उच्चतर कीमतों का तथ्य ही वस्तु का अपवर्जन करने के लिए एक मात्र प्रतिरोधक कारक नहीं होता है और यह उच्च कीमत विभिन्न कारणों से हो सकती है जिसमें अनुकूल संविदा या परिवर्तन के लिए उच्च भाड़ा लागत शामिल है।

xliv. घरेलू उद्योग विचाराधीन उत्पाद के दायरे में उत्पादों की समस्त श्रृंखला का उत्पादन करता है और जापान से किये गये आयात तकनीकी एवं वाणिज्यिक रुप से घरेलू उद्योग द्वारा विनिर्मित संबद्ध वस्तु से प्रतिस्थापनीय है और वे घरेलू उद्योग के उपभोक्ताओं के साथ प्रत्यक्ष प्रतिस्पर्धा कर रहे है।

xlv. जहां तक मैसर्स भेल और मैसर्स एनईआई द्वारा किये गये प्रस्तुतिकरणों पर भरोसा किये जाने का संबंध है घरेलू उद्योग ने उसके संबंध में अपनी प्रोक्ति वर्तमान प्रस्तुतीकरण के उपयुक्त खंडों में पहले ही कर दी है और जापान के निर्यातकों का मैसर्स भेल और मैसर्स एनईआई के मुद्दों के संबंध में प्रस्तुतिकरण करने का कोई औचित्य ही नहीं है।

रक्षोपाय में संगत कीमत प्रभाव

xlvi. जापान के निर्यातकों का यह प्रस्तुतिकरण कि घरेलू उद्योग पर कीमत प्रभाव रक्षोपाय जांच से संगत नहीं है, प्रत्यक्षत: उनके पिछले प्रस्तुतिकरण से विपरीत है जिसमें उन्होंने जापान के निर्यातों का अपवर्जन करने का दावा इस आधार पर किया था उनके आयातों की कीमतें बहुत अधिक है।

xlvii. यह दावा कि कीमत क्षति का समाधान केवल पाटनरोधी जांच में ही किया जा सकता है यह उस मौलिक सिद्धांत के विपरीत है कि पाटनरोधी और रक्षोपाय साधनों का प्रयोग बिना किसी पूर्वाग्रह के एक दूसरे के स्थान पर किया जा सकता है और रक्षोपाय तथा पाटनरोधी शुल्क दोनों एक साथ लगाने पर भी कोई प्रतिबंध नहीं है।

अनुप्रयोग/अंतिम प्रयोग के संबंध में पीयूसी का पृथक्करण करने के लिए दावा

xlviii. निर्यातकों ने भारत को अपने निर्यात से संबंधित आंकड़ों का पृथक्करण महानिदेशक रक्षोपाय को प्रस्तुत निर्यातक प्रश्नावली में अंतिम प्रयोग या ग्रेडों के आधार पर नहीं किया है। विधि की यह सुस्थापित स्थिति है कि जो इक्विटी की मांग करता है उसे इक्विटी करनी चाहिए और निर्यातक महानिदेशक रक्षोपाय के पास निर्बाध रुप से नहीं पहुंचे है और घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों को त्रुटिपूर्ण बताने का प्रयास कर रहे है।

जापान के निर्यातों का उद्ग्रहण से अपवर्जन

xlix. हितबद्ध पक्षकार जिसमें जापान के निर्यातक भी शामिल है, ने बार-बार धारा 8ख(1) के आधार पर रक्षोपाय शुल्क का अधिरोपण करने से आयातों का अपवर्जन करने की मांग की है।

l. यह प्रस्तुत किया जाता है कि हितबद्ध पक्षकारों का तर्क पूर्णतया असंधारणीय है और रक्षोपाय के उन आधारभूत सिद्धांतों के विपरीत है जिनका उल्लेख डब्ल्यूटीओ रक्षोपाय करार के अनुच्छेद-2 में किया गया है जो अधिदेशित करता है कि स्रोत पर विचार किये बिना रक्षोपाय शुल्क लगाया जाना चाहिए।

li. रक्षोपाय शुल्क के उद्ग्रहण से छूट केवल विकासशील देशों के मामलें में दी जा सकती है और यह जापान जैसे विकसित देश के लिए उपलब्ध नहीं है ।

lii. इतनी अधिक मात्रा को शुल्क के उद्ग्रहण से छूट देना केवल कोटा के आधार पर रक्षोपाय शुल्क की सिफारिश करने अथवा अधिरोपण के मामले में लागू है।

गैर सीमलेस पाइप और टयूब का समावेशन

liii. इलेक्टिकल अवरोधक बेल्डिंग (ईआरडब्लू पाइप) का प्रयोग करके बेलडेड पाइपों और टयूब का समावेशन विचाराधीन जांच के दायरे के अंतर्गत समान वस्तु के रुप में करने का दावा निराधार और काल्पनिक होने के कारण अस्वीकार किया जा सकता है।

liv. हितबद्ध पक्षकारों ने स्वयं ही यह प्रस्तुत किया है कि उत्पाद का दायरा बहुत व्यापक और ईआरडब्ल्यू पाइपों को शामिल कर दिये जाने से विचाराधीन उत्पाद का दायरा और भी अधिक व्यापक हो जाएगा तथा वह विरोधकर्ता हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किये गये प्रस्तुतिकरण के विपरीत है।

lv. यूनाईटेड स्टेट-साफट वुड लम्बर फाम कनाडा पर अंतिम पाटन निर्धारण (डब्ल्यूटी/डीएस 264/आर) में पाटनरोधी जांच के संबंध में डब्ल्यूटीओ पैनल में विचार किया कि विचाराधीन उत्पाद के समान उत्पाद का निर्धारण अनुच्छेद 2.6 के आधार पर किया जा सकता है परंतु इस प्रावधान में उस तरीके का कोई मार्ग दर्शन नहीं किया गया है जिससे जांचाधीन उत्पाद का निर्धारन किया जा सकता है।

lvi. विरोधकर्ता हितबद्ध पक्षकारों का दावा ऑयल कंट्री टूबलर गुड्स से संबंधित यूएसआईटीसी जांच परिणाम पर आधारित है। उक्त जांच में उत्पाद दायरे में विशेष रुप से ईआरडब्ल्यू पाइपों और टयूब को ऑयल कंट्री टूबलर गुड्स के रुप में शामिल किया गया था।

lvii. यूएसआईटीसी ने यह आधरित किया है कि बेलडेड और सीमलेस उत्पाद तेल अन्वेषण अनुप्रयोगों के लिए अंतरपरिवर्तनीय है। विरोधकर्ता हितबद्ध पक्षकार आरडब्ल्यू और सीमलेस पाइपों की सीमित सामान्य अंतरपरिवर्तनीयता को भी माना है और सीमलेस पाइपों को समान उत्पाद के रुप में नहीं माना गया है।

lviii. ईआरडब्ल्यू पाइपों और सीमलेस पाइपों के लिए उक्त जांच में यूएसआईटीसी के जांच परिणाम में उन्हें समान वस्तु के रुप में विचाराधीन उत्पाद के दायरे में विशेष रुप से शामिल किया गया जो वर्तमान मामले में सीमलेस पाइप और टयूब तक सीमित है और उसमें ईआरडब्ल्यू पाइप और टयूब को शामिल नहीं किया जा सकता है।

lix. भारतीय प्रयोगकर्ताओं द्वारा सभी निविदाएं स्पष्ट रुप से सीमलेस पाइपों या ईआरडब्ल्यू पाइपों की जरुरतों को अलग-अलग विनिर्दिष्ट करती है। सभी भारतीय प्रयोगकर्ताओं जैसे ओएनजीसी, गेल, आईओसीएल, वीपीसीएल द्वारा निकाली गई निवादाओं और बोलियों में सीमलेस पाइपों के स्थान पर ईआरडब्ल्यू पाइपों की आपूर्ति करने की अनुमति नहीं है और भारत में इनके अनुप्रयोग को केवल सीमलेस पाइप या केवल ईआरडब्ल्यू पाइप के रुप में स्पष्ट रुप से परिभाषित किया है।

lx. मैसर्स ओएएनजीसी द्वारा निकाले गये कुछ टेंडरों की प्रतियां दिनांक 21 दिसम्बर, 2013 के लिखित प्रस्तुतिकरणों के साथ संलग्न की गई है जो स्पष्टत दर्शाता है कि टेंडर विनिर्देशनों में स्पष्ट रुप केवल सीमलेस पाइपों का प्रापण करने का प्रावधान किया गया है और बेलडेड या ईआरडब्ल्यू पाइपों की आपूर्ति करने का कोई प्रावधान नहीं है।

lxi. ईआरडब्ल्यू और सीमलेस पाइप के संबंध में निकाली गई अलग-अलग निविदाओं की प्रतियां अनुबंध 2-गोपनीय पर संलग्न है जो स्थापित करती है कि ईआरडब्ल्यू पाइप और सीमलेस पाइप भारत में समान वस्तु नहीं है।

lxii. भारतीय उपयोगकर्ता उद्योग सीमलेस पाइपों और ईआरडब्ल्यू पाइपों का अदल-बदल कर प्रयोग करने की अनुमति नहीं देता है और वे समान वस्तु नहीं है। इसलिए ईआरडब्ल्यू पाइपों को जांच के दायरे में शामिल करना गलत होगा।

ट्रायल और विकास निविदाओं में प्रतिभागिता

lxiii. घरेलू उद्योग ने विरोधकर्ता हितबद्ध पक्षकारों के इस दावे का खंडन कर दिया कि वे कुछ उत्पादों का विनिर्माण करने के योग्य नहीं है क्योंकि वे ट्रायल और विकास निविदाओं में प्रतिभागिता करते है।

lxiv. घरेलू उद्योग में प्रस्तुत किया है कि ओएनजी द्वारा निकाली गई बोली दस्तावेज के अनुबंध-4 में बोली मूल्यांकन मापदंड का प्रावधान है इसमें स्पष्टत यह उल्लेख किया गया है कि प्रदायक ने विनिर्माण प्रोसेस या ग्रेड किया गया हो और उस सामग्री की न्यूतनम मात्रा ओएनजीसी या अन्य तेल खोजी कंपनी को की हो। ओएनजीसी के वैश्विक अधिप्रापण के लिए मानक निबंधन एवं शर्ते मानक पुस्तिका -1 पैराग्राफ 51 में प्रावधान है कि घरेलू बोलीदाता जिसने ओएनजीसी को प्रदाय नहीं किया है। उसे ओएनजीसी के साथ विकास आर्डर प्रस्तुत करना अपेक्षित होगा।

घरेलू उद्योग की कथित अनर्हता

lxv. घरेलू उदद्योग ने क्षति अवधि में ओएनजीसी को भारी मात्रा में प्रदाय किया है और यह स्थापित करने के लिए घरेलू उद्योग ने ओएनजीसी द्वारा निकाली गई निविदाओं में ना केवल बोली लगाई है बल्कि आदेशों को सफलता पूर्वक पूरा किया है और प्रदाय किया है, निम्नलिखित सूचना प्रदान की है:-

क्र.सं.	याचिकाकर्ता का नाम	संलग्नकों का विवरण
1	आईएसएमटी लिमिटेड	9-5/8" ओडी केसिंग के पाइपों की क्यू 125 ग्रेड की आपूर्ति के लिए ओएनजीसी के दिनांक 6.2.04 आदेश सं.डीजेड-पीआर0029
2	आईएसएमटी लिमिटेड	ओएनजीसी के दिनांक 26.6.2013 के अवार्ड सं. डीएलआई/सीएचएमएम/ईयूई/जेडएनटीकेसी 12003/नानपीईएल/4010071915 की अधिसूचना जो 2-7/8" ओडी टयूविंग्स और पप ज्वांइट एल-80एन-80 ग्रेड की आपूर्ति के लिए
3	जिंदल एसएडब्ल्यू लिमिटेड	क.2-7/8" ओडीबी-110 ग्रेड, ख 3-1/2" ओडी एल-80 ग्रेड और ग.3-1/2" ओडीएल-80 ग्रेड टयूविंग और पप ज्वांइट्स की आपूर्ति के लिए ओएनजीसी का दिनांक 16.10.2012 का आदेश सं.4010065915
4	जिंदल एसएडब्ल्यू लिमिटेड	5-1/2" ओडी और 7" ओडी केसिंग पाइप, एल-80, एन-80 और पी-110 ग्रेड की आपूर्ति के लिए ओएनजीसी का दिनांक 26.6.2013 का प्रदाय अधिसूचना
5	आईएसएमटी लिमिटेड	ऑयल इंडिया लिमिटेड को 7" ओडी पी-110 ग्रेड केसिंग की

		आपूर्ति के लिए दिनांक 8.2.2012 की बीजक सं.डीएजे 1147417
6	आईएसएमटी लिमिटेड	क्यू-125 ग्रेड के 9-5/8" ओडी केसिंग पाइप की आपूर्ति के लिए ओएनजीसी का दिनांक 6.2.2004 का आदेश सं.डीजेड-पीआर0029
7	जिंदल एसएडब्ल्यू लिमिटेड	114.3एमएम ओडीx x 7.9 एमएम टीएचके लाइन पाइपों की आपूर्ति के लिए ओएनजीसी के दिनांक 19.1.2011 के आदेश सं.4010055614

lxvi. घरेलू उद्योग ने प्रस्तुत किया कि यद्यपि ओएनजीसी विचाराधीन उत्पाद का सबसे बड़ा उपभोक्ता है परंतु उन्होंने निर्यात सहित अन्य उपभोक्तओं को भी आपूर्ति की है। घरेलू उद्योग ने बोली लगाने और आशित ग्रेड की आपूर्ति करने का प्रयास किया है। अत: विरोधकर्ता हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किया गया दावा कि घरेलू उद्योग द्वारा ट्रायल/विकास आर्डर में प्रतिभागिता तकनीकी अक्षमता या न्यून गुणवत्ता के उत्पादन के कारण हुई है, गलत है।

lxvii. अन्य देशों के निर्यातकों ने इस देश को संबद्ध ग्रेड की बिक्री करने के लिए उपलब्ध मुक्त क्षमताओं या अन्य क्षेत्रों से शुल्क अधिरोपण के कारण आकर्षक पाया है। इससे घरेलू उद्योग ने कुछ संविदा खो दी खासकर ओएनजीसी तथा अन्य तेल अन्वेषण कंपनियों द्वारा निकाली गयी निविदाएं और उक्त कंपनियों द्वारा इन ग्रेडों के बार-बार आदेश भी प्रभावित हुए है।

lxviii. बोली अनुरोध में कुछ ऐसी शर्ते होती है जो हितबद्ध पक्षकार को किसी आदेश के लिए बोली लगाने से रोक देता है। यह इच्छुक बोलीदाता को तकनीकी आधार पर विगत 5 वर्षों ने आपूर्ति न किये जाने के कारण भी प्रतिबंधित कर देता है।

lxix. संबद्ध वस्तु के आयातों का भारी मात्रा में अधोरदन और बोली दस्तावेज में उल्लिखित कठोर शर्ते वह अवरोध है जिन्होंने घरेलू उद्योग को सफल बोलीदाता या प्रतिस्पर्धी बनने से रोक दिया यह प्रस्तुत किया गया कि कुछ विशिष्ट ग्रेडों की आपूर्ति न करने से तकनीकी अक्षमता या उत्पादन के मानक के आधार पर अनर्हता का आधार नहीं बन जाता।

lxx. ओएनजीसी द्वारा 30 अगस्त, 2013 को दायर प्रस्तुतिकरण में यह स्पष्ट है कि घरेलू उद्योग को ओएनजीसी द्वारा अनर्ह नहीं ठहराया गया है बल्कि कम कीमत के आयातों द्वारा कीमत अधोरदन के कारण उसने आर्डर खो दिये और ट्रायल एवं विकास निविदाओं तक सीमित रह गया।

गुणवत्ता मुद्दे और ओएनजीसी तथा अन्य कंपनियों को आपूर्ति

lxxi. यह तथ्य कि ओएनजीसी ने विकास आर्डर भी स्वीकार किये है, सिद्ध करता है कि याचिकाकर्ताओं के संबंध कोई अक्षमता या उत्पादन मानक अभाव नहीं है।

lxxii. घरेलू उद्योग ने ओएनजीसी से प्राप्त टयूबिंग टेस्ट रिपोर्ट भी महानिदेशक रक्षोपाय को प्रदान की है। जो स्पष्टत स्थापित करती है कि घरेलू उद्योग पूर्ण सक्षम है और ओएनजीसी को विचाराधीन उत्पाद की आपूर्ति कंपनियों द्वारा अपेक्षित मानक और गुण्वत्ता के आधार पर करता है। अत: कुछ विरोधकर्ता हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किया गया यह दावा कि घरेलू उद्योग ओएनजीसी की गुणवत्ता अपेक्षाओं के कारण प्रदाय करने में असमर्थ है, त्रुटिपूर्ण है।

lxxiii. आईएसएमटी, आईएसओ 14001-2004 प्रत्यायित कंपनी है और सभी गुणवत्ता शिकायतों का निपटान करने के लिए उसकी मानक प्रक्रिया है।

घरेलू उद्योग का संघटन

lxxiv. न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया से ताजे, शीतित या प्रशीतित लैम्ब मीट के आयातों पर संयुक्त राज्य- रक्षोपाय साधन मामलें में डब्लयूटीओ अपीलीय निकाय ने यह धारित किया है कि अधिकांश अनुपात का आशय उस प्रक्रिया से है जो इस साधन का अधिरोपण करने के लिए अपेक्षित है।

lxxv. यूएस ह्वीट ग्लूटेन मामले में डब्ल्यूटीओ पैनल ने यह धारित किया कि केवल दो घरेलू उत्पादकों के आंकड़े घरेलू उद्योग बनने के लिए पर्याप्त है।

lxxvi. यूरोपियन कम्यूनिटी- कतिपय आयरण स्टील फासनर्स पर निर्णायक पाटनरोधी उपाय मामले में अपीलीय निकाय ने स्पष्ट किया है कि अधिकांश अनुपात का आशय कुल घरेलू उत्पादन के बड़े भाग से है।

lxxvii. एल्युमीनियम फ्लैट रोल्ड उत्पाद और एल्युमीनियम फ्वाइल के भारत में चीन जन.गण से आयातों पर रक्षोपाय जांच के अंतिम जांच परिणाम ने दिनांक 29 मई, 2009 महानिदेशक रक्षोपाय ने धारित किया इंडालको, जो एल्युमीनियम फाइल के कुल घरेलू उत्पादन का 56 प्रतिशत का उत्पादन करता है इसलिए वह घरेलू उद्योग है।

lxxviii. याचिकाकर्ता भारत में संबद्ध वस्तु के कुल उत्पादन में से 50 प्रतिशत से अधिक का उत्पादन करता है जो निर्विवाद रुप से बड़ा हिस्सा बनता है इसलिए याचिकाकर्ता भारत में संबद्ध वस्तु का घरेलू उद्योग है जैसा कि अधिनियम की धारा 8ख(6) (ख) में अपेक्षित है और इसलिए वह रक्षोपाय शुल्क का अधिरोपण करने हेतु आवेदन करने के लिए सक्षम है ।

lxxix. संबद्ध वस्तु के अन्य प्रमुख उत्पादक मैसर्स भेल, मैसर्स रेमीमेटल और मैसर्स ओसीटीएल हैं। मैसर्स ओसीटीएल और मैसर्स रेमीमेटल ने इस याचिका में भाग नहीं लिया है और जांच का कोई विरोध भी नहीं किया है।

lxxx. मैसर्स भेल सुनवाई में आया था और उसने स्वीकार किया कि वह संबद्ध वस्तु का उपयोगकर्ता है तथा संबद्ध वस्तु का ग्राही उत्पादन करता है।

lxxxi. विभिन्न अन्य घरेलू उत्पादक जिनका अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने उल्लेख किया है, घरेलू उत्पादक प्रश्नावली प्रत्युत्तर दायर नहीं किया है और वर्तमान जांच में प्रतिभागिता नहीं की है।

- महालक्ष्मी सीमलेस लिमिटेड
- रत्नद्विप मेटलस एंड टयूब लिमिटेड
- हैवी मेटलस एवं टयूब लिमिटेड
- गांधी स्पेशल टयूब लिमिटेड
- साइनेस्ट टयूब प्रा. लिमिटेड
- पटेल एयर फ्लो लिमिटेड
- भाटिया स्टील टयूब

lxxxii. जांच शुरुआत नोटिस भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया गया और सभी घरेलू उत्पादकों को पर्याप्त नोटिस दिये गये और वर्तमान जांच में शामिल होने की जिम्मेवारी सौपी गई जिसे अन्य सभी घरेलू उत्पादक पूरा नहीं कर सके केवल महाराष्ट्र सीमलेस लिमिटेड ने महानिदेशक रक्षोपाय को पूर्ण सहयोग दिया।

lxxxiii. कथित घरेलू उत्पादकों में से एक मैसर्स रत्न द्वीप मेटलस एवं टयूब लिमिटेड ने स्वीकार किया है कि वह संबद्ध वस्तु के आयातों के आधार पर सीमलेस पाइपों का रिड्रार है।

lxxxiv. विरोधकर्ता हितबद्ध पक्षकार ने उक्त उत्पादक के उत्पादन मात्रा को प्रदान करने का प्रयास नहीं किया और केवल यह कहा कि उसे घरेलू उद्योग के रुप में माना जाए।

lxxxv. मैसर्स महाराष्ट्र सीमलेस लिमिटेड, जो सम्बद्ध वस्तु का उत्पादक है और जिसका बाजार हिस्सा 26 प्रतिशत है, ने इस जांच का समर्थन किया और महानिदेशक रक्षोपाय के क्षेत्राधिकार के अध्यधीन हो गया।

lxxxvi. मैसर्स महाराष्ट्र सीमलेस लिमिटेड ने महानिदेशक रक्षोपाय के साथ पूर्ण सहयोग किया और घरेलू उत्पादक प्रश्नावली प्रत्युत्तर में जांच शुरुआत पश्चात प्रत्युत्तर महानिदेशक रक्षोपाय को निर्धारित समय सीमा में दायर किया। घरेलू उद्योग द्वारा दायर याचिका और लिखित प्रस्तुतीकरण उद्योग के आंकड़ों का विश्लेषण भी प्रदान करते है।

रक्षोपाय के अंतर्गत घरेलू उद्योग का आधार

lxxxvii. विरोधकर्ता हितबद्ध पक्षकारों का यह दावा कि घरेलू उद्योग को अधिनियम की धारा 8ख और रक्षोपाय शुल्क नियमावली तथा सीमाशुल्क प्रशुल्क (पाटित वस्तुओं की पहचान उनपर कर का आकलन, पाटनरोधी शुल्क का संगहण और क्षति निर्धारण) नियमावली, 1995 वह पैरामीटर है जो न केवल अर्थात है बल्कि वह डब्ल्यूटीओ न्याय विज्ञान से भी मेल नहीं खाते है।

lxxxviii. पाटनरोधी नियमावली की धारा 2ख में घरेलू उद्योग की परिभाषा में आयातक या निर्यातक से संबंधित कंपनी आयातक या निर्यातक को अपवर्जित करने का उल्लेख है जिसका प्रावधान अधिनियम की धारा 8ख के अंतर्गत नहीं किया गया है जिसमें समान वस्तु या प्रत्यक्षत: प्रतिस्पर्धी वस्तु के उत्पादक भी शामिल है और।

lxxxix. ईसी-फार्सनर्स मामले में अपीलीय निकाय के निर्णय, रिलायंस उद्योग बनाम निर्दिष्ट प्राधिकारी मामले में माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्णय और आईएसएमटी लिमिटेड बनाम भारत संघ मामले में बाम्बे उच्च न्यायालय के निर्णय में भरोसा जताया गया है जो पाटनरोधी नियमावली के संदर्भ में है, पूर्णतया असंगत है और इसलिए उनकी अनदेखी कर दी जानी चाहिए। इसके अतिरिक्त इससे पहले पाटन रोधी जांच में केवल आईएसएमटी ने भाग लिया था और इसमें मैसर्स जिंदल एसएडब्ल्यू और महाराष्ट्रा सीमलेस ने भाग नहीं लिया था और निर्दिष्ट प्राधिकारी को सहयोग नहीं दिया था जिससे यह मामला समाप्त कर दिया गया।

xc. घरेलू उद्योग ने यह मना किया है कि एक घरेलू उत्पादक जो आयात भी है का कुल भारतीय उत्पादन का निर्धारण करते समय अपवर्जन कर दिया और यह भी मना किया कि कोई ज्ञात घरेलू उत्पादक जो आयात भी करता है का अपवर्जन भी किया गया है याचिका के अनुबंध-1 में सभी ज्ञात घरेलू उत्पादकों को उपलब्ध सूचना के आधार पर सूचीबद्ध किया गया है।

भारत में संबद्ध वस्तु के वर्धित आयात

xci. आयातों में उत्पादन, बिक्री और मांग में क्षति अवधि के दौरान समग्र एवं संगत रुप से वृद्धि हुई है।

क. अंतिम बिंदु से अंतिम बिंदु आधार पर आयातों में वर्ष 2009-10 की तुलना में अप्रैल, 12-जून 13 में 19 प्रतिशत की वृद्धि हुई जो वर्ष 2011-12 में हुई वृद्धि से 38 प्रतिशत अधिक है।

ख. आयातों में घरेलू उद्योग के उत्पादन और बिक्री तथा देश की मांग के अनुपात में वृद्धि हुई है।

ग. घरेलू उद्योग के उत्पादन की तुलना में आयातों के प्रतिशत में अप्रैल, 12-जून 13 में 8 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है।

xcii. आयात स्पष्टत: जांच अवधि के दौरान बढ़ने की प्रवृत्ति दर्शाते है। आयातों में बढ़ने की यह प्रवृत्ति 2009-10 की तुलना में वर्ष 2011-12 में 38 प्रतिशत तक बढ़ी और उसके पश्चात रक्षोपाय शुल्क द्वारा जांच प्रारंभ कर दिये जाने के कारण उसमें मामूली सी कमी आयी।

xciii. यह स्पष्ट है कि आयातों में वृद्धि हुई है और आयातों में यह वृद्धि अचानक अत्यधिक तीव्र और पर्याप्त है जो घरेलू उद्योग को न केवल क्षति पहुंचाई बल्कि क्षति की चुनौती भी उत्पन्न कर दी।


xciv. घरेलू उद्योग ने यह आवेदन पत्र नवम्बर, 2012 में दायर किया था जो उस अवधि को दर्शाता है जिसमें आयातों में सर्वाधिक वृद्धि हुई थी। उसके पश्चात और आवेदकों द्वारा याचिका दायर करने के पश्चात आयातों में कुछ कमी आयी परंतु उच्च स्तर पर बने रहे।

अन्य स्रोतों से आयात

xcv. विरोधकर्ता हितबद्ध पक्षकारों ने 2 सितम्बर, 2013 को आयोजित पहली सुनवाई और 12 दिसम्बर,2013 को आयोजित दूसरी सुनवाई में तर्क दिया कि घरेलू उद्योग के आवेदन में केवल एक विशिष्ट देश (चीन से आयातों पर प्रकाश डाला गया है वैश्विक रक्षोपाय साधनों को व्यक्त नहीं किया है।

xcvi. घरेलू उद्योग ने प्रस्तुत किया है कि यूरोपियन यूनियन से आयातों में अप्रैल, 2012 जून, 13 में चीन के आयातों से अधिक तीव्र वृद्धि हुई है और तब से उनमें लगातार वृद्धि हो रही है। यूरोपीयन यूनियन से आयातों में वर्ष 2009-10 की तुलना में अप्रैल, 12 –जून, 13 में 51 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई जबकि चीन जन.गण के आयातों में वर्ष 2009-10 की तुलना में अप्रैल, 12-जून,13 में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

xcvii. भारतीय बाजार विभिन्न व्यापार उपचारी कार्यो के कारण से अन्य विभिन्न स्रोतों से भी आयात सुभेद्य है जैसे ईयू, यूएस, इंडोनेशिया, मैक्सिकों ।



	2009-10	2010-11	2011-12	2012-13	Apr 2012-June 2013 (Ann.)
Index of Total Imports	100.00	112.11	138.24	121.54	119.35
EU	100.00	121.89	128.28	146.23	151.12
China PR	100.00	125.05	156.98	130.18	125.15

xcviii. निर्दिष्ट प्राधिकारी के समक्ष दायर आवेदन पत्र में आयात आकड़ों पर भरोसा किये जाने के संबंध में हितबद्ध पक्षकारों के प्रस्तुतिकरणों के बारे में यह स्वीकार नहीं किया जाता है कि उन आंकड़ों में वर्तमान मामले में कोई संगतता है यह उल्लेख किया जाता है कि हितबद्ध पक्षकारों द्वारा भरोसा किये गये आयात आंकड़े पुराने है और वे विचाराधीन विभिन्न उत्पादों से संबंधित है। इसके अतिरिक्त केवल यह तथ्य कि इससे पहले वित्त वर्ष 2005-06 , 2006-07, 2007-08 और 1 अप्रैल, 2008 से 30 जून, 2009 की अवधि के दौरान पाटन का वर्तमान जांच से कोई संगतता या प्रभाव नहीं है। हितबद्ध पक्षकारों का यह दावा कि वह दुभावना वश जोड़े गये है निराधार है और पाटनरोधी तथा रक्षोपाय उपायों के मूल भूत सिद्धांतों के विपरीत है।

गंभीर क्षति अथवा गंभीर क्षति की चुनौती

xcix. घरेलू उद्योग के उत्पादन पर संबद्ध वस्तु के बढ़ते आयातों के कारण गंभीर प्रभाव पड़ा है। घरेलू उद्योग का उत्पादन वर्ष 2009-10 में 224216 एमटी था और वर्ष 2011-12 में बढ़कर यह 318968 एमटी हो गया तथापि वर्ष 2012-13 में इसमें गिरावट आयी और यह 254316 एमटी हो गया तथा वर्ष 2011-12 की तुलना में अप्रैल, 2012-जून 13 के दौरान 247827 एमटी हो गया जो 20 प्रतिशत अधिक है।

क्षमता उपयोग

c. आयातों में वृद्धि के कारण क्षमता उपयोग में गिरावट आयी है। घरेलू उद्योग का क्षमता उपयोग वर्ष 2009-10 में 60 प्रतिशत था घटकर वर्ष 2012-13 में 37 प्रतिशत हो गया। घरेलू उद्योग की अनप्रयुक्त क्षमता ने भी मांग में वृद्धि के बावजूद वृद्धि हुई है।

घरेलू बिक्रियां

ci. घरेलू उद्योग की बिकी वर्ष 2009-10 में 143017 एमटी थी और वर्ष 2011-12 में बढ़कर 170826 एमटी हो गयी तथापि इसमें वर्ष 2012-13 में गिरावट आयी और यह 141588 एमटी तथा अप्रैल,12-जून,13 में 138726 एमटी हो गयी।

मांग एवं बाजार हिस्सा

cii. जांच की अवधि के दौरान संबद्ध वस्तु की मांग में 5 प्रतिशत तक वृद्धि हुई। तथापि घरेलू उद्योग की बिक्री में 1 प्रतिशत की कमी आयी जबकि आयातों में 22 प्रतिशत की वृद्धि हुई। अत: आयातों में वृद्धि मांग में वृद्धि की तुलना में बहुत अधिक है।

ciii. यह प्रस्तुत किया जाता है कि आयातों में वृद्धि का क्षतिकारी प्रभाव न केवल घरेलू उद्योग द्वारा विचाराधीन उत्पाद के अन्य उत्पादकों द्वारा भी महसूस किया गया।

समर्थनकर्ता सहित घरेलू उद्योग की क्षति

civ. चूंकि व्यापक पैरामीटरों में शामिल है उत्पादन, क्षमता उपयोग, समर्थक सहित घरेलू उद्योग की बिक्रियां, यह सभी घरेलू उद्योग की तरह ही समान प्रवृत्तियां प्रदर्शित करती है। घरेलू उद्योग तथा समर्थनकर्ता का उत्पादन, बिक्री,

क्षमता उपयोग पर बढ़ते आयातों के कारण ऋणात्मक प्रभाव पड़ा है अत: सम्वर्धित आयातों ने घरेलू उद्योग पर प्रभाव डाला है।

गंभीर क्षति की चुनौती

बड़ी उपभोक्ता बाजारों में व्यापार उपचारी उपाय

cv. संपूर्ण विश्व में बड़ी बाजारों में, जिनमें चीन, ईयू, यूएस, मैक्सिकों और इंडोनेशिया शामिल है, घरेलू उद्योग की रक्षा करने के लिए व्यापार उपचारी उपाय किये गये है। इससे निर्यातक देशों जैसे चीन ईयू यूएस और रुस के लिए बड़ी बाजार बंद होने लगी जबकि भारत एक कीमत आकर्षक देश बना रहा अत: यह स्पष्ट है कि भारत में संबद्ध वस्तु के आयातों की चुनौती स्पष्ट एवं आसन्न है।

cvi. घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से में बढ़ते आयातों के कारण गिरावट आयी है। संबद्ध वस्तु के बेलगाम आयातों के संबंध में हो सकता है कि घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से में और अधिक गिरावट आये।

पाटनरोधी तथा प्रतिबलनकारी जांच की शुरुआत-यूएसआईटीसी द्वारा जांच

cvii. यूएसआईटीसी ने कतिपय ऑयल कंट्री टयूबलर्स गुड्स के आयातों में पाटनरोधी जांच प्रारंभ की और यूएसआईटीसी जांच के संबद्ध देश है भारत कोरिया फिलिपिंस सऊदी अरबिया, ताईवान, थाईलैंड, तुर्की, उक्रैन, बेयतनाम ।

cviii. घरेलू उद्योग को किसी रक्षोपाय शुल्क संरक्षण के अभाव में यह स्पष्ट है कि इन स्रोतों में निर्यात को विपथित होंगे तथा घरेलू उद्योग की क्षति को और अधिक बढ़ायेंगे।

अभिनव निविदाएं प्राप्त न होना

cix. घरेलू उद्योग को अभिनव ओएनजीसी और ऑयल इंडिया निविदाओं में विदेशी प्रकार्यो के कारण भारी क्षति हुई है क्योंकि उन्हें ओएनजीसी की निविदाओं में से 80 प्रतिशत से अधिक निविदाएं और ऑयल इंडिया की 57 प्रतिशत से अधिक निविदाएं प्राप्त हुई है। संबद्ध वस्तु का यह निर्बाध आयात घरेलू उद्योग को तथा भारतीय उद्योग को समग्र रुप से क्षति और क्षति की गंभीर चुनौती उत्पन्न कर रहा है।

नई क्षमताओं का सृजन

cx. चीन जन.गण तथा यूएस में नई क्षमताएं संस्थापित की गई और ईयू में निष्क्रिय क्षमता बहुत अधिक है अत: घरेलू उद्योग को किसी रक्षोपाय शुल्क संरक्षण के अभाव में यह स्पष्ट है कि यह चुनौती और अधिक बढ़ेगी तथा भारत को निर्यात और अधिक होंगे।

बाजार आसूचना के अनुसार जर्मन कंपनी मैसर्स बेंटलर स्टील टयूब ने संयुक्त राज्य में एक नया स्टील टयूब संयंत्र स्थापित करने के लिए 900 मिलियन डालर का निवेश किया है और इसके 2015 तक चालू हो जाने की संभावना है।

टेनारिस 1.5 बिलियन डॉलर से बे सिटी अमेरिका में सीमलेस पाइप मिल स्थापित करने वाला है।

टीपीसीओ चीन कारपोस क्रिस्टी, यूएसए में एक सीमलेस पाइप मिल स्थापित करने के अग्रणी स्तर पर है।

कारणात्मक संबंध तथा अन्य कारक

cxi. घरेलू उद्योग को कारित गंभीर क्षति का भारत में संवद्ध वस्तु के बढ़ते आयातों के साथ भारी संबध है।

cxii. संबद्ध वस्तु की बिक्री आयातों के साथ प्रत्यक्ष प्रतिस्पर्धा करके की जाती है। आयातों की अवसारित कीमत घरेलू उद्योग की तर्क संगत लागत और बिक्री कीमत से बहुत कम है जिसका निर्धारण आयात कीमत के द्वारा किया जाता है। परिमाणस्वरुप उत्पादन, क्षमता उपयोग, बिक्री, लाभ, निवेश पर अर्जन और नगदी प्रवाह में कम कीमत के आयातों की उपस्थिति के कारण कमी आई है।

cxiii. विदेशी उत्पादकों द्वारा प्रस्तुत कम कीमतों को ध्यान में रखते हुए घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तावित कम कीमतों के बावजूद आयात लगातार बढ़ रहे है। घरेलू उद्योग को अपनी कीमतें बिक्री लागत से भी कम करने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

cxiv. संवर्धित आयातों के परिणाम स्वरुप आयातों के बाजार हिस्से में भारी वृद्धि और घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से में कमी आई है। घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से में गिरावट का घरेलू उद्योग के उत्पादन और क्षमता उपयोग पर विपरीत प्रभाव पड़ा है।

cxv. कम कीमत के आयातों में बढ़ोतरी के कारण घरेलू उद्योग की बिक्री में गिरावट आयी है और उसे निग्रहित कीमतों पर बिक्री करने के लिए मजबूर होना पड़ा जिससे घरेलू उद्योग की लाभप्रदायकता में कमी आई है। अत: संवद्ध वस्तु के आयातों में वृद्धि और घरेलू उद्योग लाभप्रदायकता के बीच कारणात्मक संबंध है।

अतिरिक्त उत्पादन क्षमता

cxvi. घरेलू उद्योग की क्षमता में वृद्धि संवद्ध वस्तु की घरेलू मांग में वृद्धि के कारण हुई है तथापि वर्ष 2012-13 में मांग में कमी घरेलू उद्योग की बिक्रियों में तीव्र गिरावट के कारण हुई तथा घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से पर आयातों ने कब्जा कर लिया जिसके परिणाम स्वरुप घरेलू उद्योग को निवल क्षति हुई।

cxvii. घरेलू उद्योग का क्षमता वृद्धि करने का निर्णय बढ़ती भारतीय मांग को पूरा करने के लिए था और उसे अनुउत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता है। अत: विरोधकर्ता हितबद्ध पक्षकारों का यह दावा कि घरेलू उद्योग अधिक विस्तार के कारण स्वयं ही क्षति सृजित कर रहा है, काल्पनिक त्रुटिपूर्ण और अप्रमाणिक है इसलिए इसे तुरंत खारिज कर दिया जाना चाहिए।

विवरण	यूनिट	**2009-10**	**2010-11**	**2011-12**	**2012-13**	अप्रैल, 12 से जून,13 (वार्षिकीकृत)
घरेलू उद्योग की क्षमता	एमटी	3,75,000	6,85,000	6,85,000	6,85,000	6,85,000
मांग	एमटी	5,54,233	6,13,616	6,88,396	5,84,098	5,72,965
आयातों के बाजार हिस्से में वृद्धि की प्रवृत्ति	%	100	101	111	115	115

कच्चे माल की उच्च कीमतें

cxviii. विरोधकर्ता हितबद्ध पक्षकारों का यह दावा कि कच्चे माल की उच्च कीमतों और अस्थिरता ने घरेलू उद्योग को क्षति कारित की है, निराधार असत्य और घरेलू उद्योग द्वारा झुटलाया हुआ है।

cxix. जांच की अवधि के दौरान कच्चे माल की कीमतों में सर्वत्र वृद्धि हो रही थी तथापि कच्चे माल की कीमतों में वैश्विक वृद्धि होने के बावजूद आयात कीमतों में लागत में वृद्धि के बावजूद वृद्धि नहीं हुई और विचाराधीन उत्पाद का भारत में निर्माण और बिक्री करने में भारी बढ़ोतरी हुई। भारत एक कीमत सम्मेलन शील देश है इसलिए संपूर्ण देश में कम कीमत वाले आयातों का स्वागत किया गया है।

चीन से आयात

cxx. विरोधकर्ता हितबद्ध पक्षकारों का यह दावा कि केवल चीन से होने वाले आयातों के कारण घरेलू उद्योग को क्षति हुई है अन्यायोचित, त्रुटिपूर्ण है और इसलिए उसे खारिज कर दिया जाना चाहिए। यूरोपियन यूनियन से आयातों ने वर्ष 2012-13 में चीन से आयातों की तुलना में तीव्र वृद्धि प्रदर्शित की है और तब से यह लगातार बढ़ रही है। भारतीय बाजार में कई अन्य स्रोतो से भी आयात हो सकते है। भारतीय बाजार विभिन्न स्रोतों से आयात के लिए संवेदनशील भी है और इसलिए ईयू, यूएस, इंडोनेशिया और मैक्सिकों द्वारा लगाये गये व्यापार उपचारी कार्यो का भारत पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा।

घरेलू उद्योग द्वारा दायर पाटन रोधी अनुप्रयोग

cxxi. विरोधकर्ता हितबद्ध पक्षकारों लगातार यह आरोप रहा कि घरेलू उद्योग ने निर्दिष्ट प्राधिकारी के समक्ष एक आवेदन पत्र दायर किया है जिसमें घरेलू उद्योग को कारित क्षति और पाटित आयातों के बीच कोई कारणात्मक संबंध नहीं है।

cxxii. केवल यह तथ्य कि वित्त वर्ष 2005-06, 2006-07, 2007-08 और 01 अप्रैल, 2008 से 30 जून, 2009 में भी कथित पाटन हुआ था जिसमें वर्तमान अवधि के 3 माह साझा है उनकी जांच से कोई संगतता नहीं है।

cxxiii. उक्त अवधि में वास्तविक पाटन से संबंधित जांच निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा नही की गई थी और उक्त जांच को पाटनरोधी शुल्क अधिरोपित किये बिना समाप्त कर दिया गया।

cxxiv. पाटनरोधी और रक्षोपाय उपचार दोनों को बिना किसी पूर्वाग्रह के लगाया जा सकता है और पाटनरोधी तथा रक्षोपाय शुल्क साथ-साथ लगाये जाने पर कोई प्रतिबंध नहीं है। यह तथ्य भारत में कास्टिक सोडा के आयातों से संबंधित रक्षोपाय जांच के दिनांक 9 अप्रैल, 2010 के अंतिम जांच परिणाम तथा थैलिक इनहाइड्राइड के आयातों से संबंधित रक्षोपाय जांच-अंतिम जांच परिणाम दिनांक 29 मार्च, 2012 सहित विभिन्न जांचों में भारित किया गया है।

समायोजन योजना

cxxv. दिनांक 29.8.2013 के पत्र के तहत घरेलू उद्योग ने विभिन्न कंपनियों के लिए समायोजन योजना उपलब्ध करायी। घरेलू उद्योग ने सकारात्मक समायोजन सुलभ बनाने के उद्देश्य से विशिष्ट लागत कमी साधन के संबंध में विशिष्ट कार्य प्रदान कराये है और अधिनियम के अंतर्गत तथा रक्षोपाय शुल्क नियमावली के अंतर्गत जरुरत का पूरा अनुपालन किया है।

cxxvi. यह प्रस्तुतिकरण कि समायोजन योजना केवल ढांचागत परिवर्तन के लिए है, सही नहीं है। सोसिंग में सुधार करने के उद्देश्य से याचिकाकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत उपाय स्पष्टत: सकारात्मक समायोजन सुलभ बनायेंगे तथा संबद्ध वस्तु के आयातों से प्रतिस्पर्धा करेंगे।

cxxvii. रक्षोपाय शुल्क का उद्देश्य घरेलू उद्योग द्वारा सहन की जा रही गंभीर क्षति का उपचार करना और संबद्ध वस्तु के आयातों से प्रतिस्पर्धा करने के लिए सकारात्मक समायोजन सुलभ बनाने हेतु प्रयास करना है। अत: यह दावा कि सकारात्मक समायोजन सुलभ बनाने के लिए प्रस्तावित उपाय स्वयं पैदा की गई क्षति के संकेतक है और यह न केवल अतारिक है और संपूर्ण रक्षोपाय जांच प्रक्रिया का गलत प्रतिनिधित्व करती है परंतु इसमें रक्षोपाय विधि के एक महत्वपूर्ण भाग का अभाव इंगित होता है।

cxxviii. कतिपय दुग्ध उत्पदों के आयात पर निर्णायक रक्षोपाय शुल्क-कोरिया में पैंनल ने अपनी रिपोर्ट में यह धारित किया है कि

7.108 हम यहां यह स्पष्ट कर देना चाहते है कि हम अनुच्छेद 5.1 की वयाख्या प्रदान नहीं करते है जिसमें प्राधिकारियों द्वारा समयोजन योजना पर विचार करना आवश्यक होता है जैसा कि यूरापिय समुदाय द्वारा स्पष्ट किया गया है। पैनल को ऐसी कोई जरुरत प्राप्त नहीं होती है कि समायोजन योजना को पुटअप करना चाहिए और उस पर रक्षोपाय करार के पाठ के अनुरुप विचार करना चाहिए। यद्यपि दो या अधिक प्रावधानों में उद्योग समायोजन का उल्लेख है परंतु रक्षोपाय करार के पाठ में ऐसा कोई उल्लेख नहीं दिया गया है कि समायोजन योजना को अंगीकार किया जाना चाहिए। बल्कि हमारा विश्वास है कि समायोजन का प्रश्न तथा उसके साथ-साथ गंभीर क्षति का निर्वारण करने या उपचार करना प्राधिकारियों के तर्क संगत स्पष्टीकरण का पाठ होना चाहिए।

जनहित

cxxix. घरेलू उद्योग ने घरेलू उपयोगकर्ता सेक्टर की सहायता करने की क्षमता विकसित कर ली है और यह तकनीकी उन्नयन और मानव संसाधन विकास पर भारी निवेश से संभव हुआ है। घरेलू उद्योग नाजुक स्तर पर है और उसे अक्रामिक विपणन तथा कम कीमत के आयातों के कारण होने वाले पतन से बचाने के लिए तत्काल राहत की जरुरत है।

cxxx. कम कीमत वाले आयातों में वृद्धि से घरेलू उद्योग को निम्नलिखित रुप में अपूर्णीय क्षति होगी

क.रोजगार को नुकसान घरेलू उत्पादक निर्यातों की तुलना में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष दोनों तरह का रोजगार प्रदान कराते है। यदि कोई रक्षोपाय संरक्षण नहीं लगाया जाता है तो घरेलू उद्योग के पास भारी पैमाने पर छटनी के करने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं रह जाता है।

ख. करों के कारण सरकार को राजस्व घाटा: संबद्ध वस्तु के बढ़ते आयातों द्वारा कारित घरेलू उद्योग के लाभप्रदायकता में गिरावट और कम वित्तीय निष्पादन हुआ है इसके कारण कंपनी द्वारा प्रदान किये जाने वाले कर पर प्रभाव पड़ा है और सरकार को वित्तीय घाटा हुआ है।

ग. बहुमूल्य विदेशी मुद्रा का बढ़ता हुआ आउटफ्लो सरकार को राजस्व घाटा और विदेशी मुद्रा का आउटफ्लो वह दुधारी तलवार की तरह है जिससे जनता के हितों को दीर्घकालिक अहित होगा।

cxxxi. घरेलू उद्योग विद्युत एवं तेल अन्वेषण का आधार स्तंभ है और यह स्वदेशी रुप से मान को पूरा करता है।

ओएनजीसी पर प्रभाव

cxxxii. अधोलिखित तालिका से देखा जा सकता है कि सीमलेस उत्पादों का आयात वार्षिकीकृत आधार पर केवल 2.3 प्रतिशत है और इसका समग्र प्रभाव नगण्य रहेगा खासकर इसकी लाभप्रदायकता पर जो इस समय 209 विलियन है।

बैरिंग उद्योग पर प्रभाव

cxxxiii. बैरिंग उद्योग पर न्यूनतम प्रभाव पड़ा है- एसकेएफ को, भारत में सबसे बड़ी कंपनी होने के नाते आदर्श के रुप में माना गया है। बैरिंग उद्योग लाभदायक है और रक्षोपाय शुल्क के कारण इसे और भी लाभ होने की संभावना है।

cxxxiv. सोडियम नाइट्राइट के आयातों से संबंधित रक्षोपाय जांच के मामले में अंतिम जांच परिणाम में दिनांक 17 सितम्बर, 2013 को महानिदेशक रक्षोपाय ने यह जांच कि इससे जनहित होगा और इस कारण उन्होंने रक्षोपाय शुल्क लगाने की सिफारिश कर दी। घरेलू उद्योग द्वारा भी समान विश्लेषण प्रस्तुत किया गया जो स्पष्टत दर्शाता है कि रक्षोपाय

शुल्क का अंतिम प्रयोक्ता और उपभोक्ता पर न्यूनतम प्रभाव पड़ेगा और इससे प्रयोक्ता उद्योग को ज्यादा नुकसान नहीं होगा।

cxxxv. ऐसा ज्ञात है कि एनईआई अपने उत्पादों का कीमत निर्धारण करने, और अपना बाजार हिस्सा बनाये रखने तथा अन्य बहुराष्ट्रीय कंपनियों से प्रतिस्पर्धा करने की जरुरत है। अपने दिनांक 18 दिसम्बर, 2013 के पत्र के बिंदु 2 पर एनईआई ने अपने ग्राहकों के लिए बड़े चुनिंदा रुप से सूचना प्रदान करायी इसलिए मैसर्स एनईआई द्वारा 18 दिसम्बर, 2013 के उक्त पत्राचार पर भरोसा कर लिया जाना चाहिए।

cxxxvi. एक अन्य भारतीय बैंरिंग कंपनी की कीमत सूची यह दर्शाती है कि वही बैरिंग, जिसकी बिक्री एनईआई द्वारा की जाती है, मैसर्स एनईआई द्वारा प्रकट की गई कीमत मैसर्स एनईआई द्वारा उदृत कीमत से तीन गुना ज्यादा है। उसे अनुबंध-1 (गोपनीय) के रुप में संलग्न किया जा रहा है। उपयुक्त तथ्य मैसर्स एनईआई द्वारा प्रदान करायी गई सूचना की विश्वसनीयता पर प्रश्न चिह्न लगा देता है।

cxxxvii. घरेलू उद्योग ने मैसर्स एसकेएफ की कीमत सूची पर भरोसा किया है। उपयुक्त कीमत सूची बाजार अनुकूल कीमत सूची है। स्पष्टत: एनईआई द्वारा प्रदान करायी गई सूचना भरोसेमंद नहीं है और उसे नकार देना चाहिए।

cxxxviii. समस्त संगत विश्लेषण घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत किया गया है जो स्पष्टत: यह उल्लेख करता है कि रक्षोपाय शुल्क का अंतिम प्रयोक्ताओं और उपभोक्ताओं पर न्यूनतम प्रभाव पड़ेगा तथा अन्य उद्योगों को इससे कोई नुकसान नहीं होगा तथापि तत्काल रक्षोपाय शुल्क संरक्षण के अभाव में घरेलू उद्योग को गंभीर क्षति सहन करनी पड़ेगी।

जांच एवं जांच परिणाम

15. मैने इस मामले के रिकार्डो और घरेलू उत्पादकों, प्रयोक्ताओं/आयातकों, निर्यातकों और निर्यातक सरकार द्वारा दायर उत्तरों, की जांच की है। विभिन्न पक्षकारों द्वारा किये गये प्रस्तुतिकरणों और उनसे उत्पन्न मुद्दों का इस जांच परिणाम में उचित स्थानों पर निराकरण किया गया है। विचाराधीन उत्पाद के आयातों पर रक्षोपाय शुल्क लगाने के लिए घरेलू उद्योग के अनुरोध की जांच घरेलू विधियों तथा अंतर्राष्ट्रीय विधियों के संदर्भ में की गई। तदनुसार जांच परिणाम निकाले गये।

16. सीमाशुल्क प्रशुल्क अधिनियम, 1975 की धारा 8ख आयातों पर रक्षोपाय शुल्क अधिरोपित करने का विवरण देती है। धारा8ख (1) ने केन्द्र सकार द्वारा किसी वस्तु पर रक्षोपाय शुल्क अधिरोपित करने का प्रावधान है यदि उस वस्तु का भारत में आयात ऐसे संदर्भित मात्रा और ऐसी परिस्थितियों के अंतर्गत किया जाता है जिससे कि घरेलू उद्योग को गंभीर क्षति या गंभीर क्षति की चुनौती उत्पन्न हो रही हो।

17. सीमाशुल्क प्रशुल्क (रक्षोपाय शुल्क की जांच और आकलन) नियमावली, 1997 में जांच की शासित करने वाले सिद्धांत और ढंग का प्रावधान है। यह नियम सीमाशुल्क प्रशुल्क अधिनियम, 1975 की धारा 8ख के अंतर्गत बनाये गये है। मुझे इन नियमों के अंतर्गत विधि के अनुसार रक्षोपाय शुल्क अधिरोपित करने की सिफारिश करने का अधिकार दिया गया है।

रक्षोपाय करार के प्रावधान और डब्ल्यूटीओ निकायो के निर्णय पर उचित स्थानों पर चर्चा की गई है/उल्लेख किया गया है। यह जांच उक्त नियमों के अनुसार की गई है और अंतिम जांच परिणाम इस अधिसूचना में रिकार्ड किया गया है।

18. रक्षोपाय अवधि का विस्तार सीमाशुल्क प्रशुल्क (रक्षोपाय शुल्क की पहचान एवं आकलन) नियमावली, 1997 के नियम 11(1) के अनुसार महानिदेशक रक्षोपाय जांच प्रारंभ होने के 8 माह के अंदर या ऐसे संवर्धित अवधि के अंदर जिसकी केन्द्रीय सरकार अनुमति दे अंतिम जांच परिणाम जारी करेंगे। इस मामले में जांच शुरुआत का नोटिस 22.4.2012 को जारी किया गया था और इस प्रकार अंतिम जांच परिणाम जारी करने कि अंतिम तारीख 21.12.2013 या उससे पहले थी । तथापि निर्दिष्ट प्राधिकारी में परिवर्तन होने के कारण 12.12.2013 को द्वितीय जन सुनवाई का आयोजन किया गया। चूंकि सभी विचारो और प्रतिविचारों पर शेष समयावधि के अंतर्गत जांच करना संभव नहीं था इसलिए केन्द्रीय सरकार से 3 महीनों का अर्थात इस 21.3.2014 तक का समय विस्तार करने की केन्द्रीय सरकार से अनुमति मांगी है।

कुछ हितबद्ध पक्षकारों ने प्रस्तुत किया कि ना तो उन्हें और ना ही उनके भारत स्थित विधिक प्रतिनिधि ने इस मामले में अंतिम जांच परिणाम जारी करने के लिए केन्द्रीय सरकार द्वारा समय विस्तार प्रदान करने के संबंध में कोई पत्राचार प्राप्त हुआ है और उक्त 8 महीने के अंदर अंतिम जांच परिणाम जारी करने के लिए केन्द्रीय सरकार द्वारा दिये गये समय विस्तार की अनुपस्थिति में यह जांच समयबाधित हो जाती है और महानिदेशक रक्षोपाय को यह जांच जारी रखने का कोई अधिकार या संस्थिति नहीं है।

यह नोट किया जाए कि समय अवधि का विस्तार करना केन्द्रीय सरकार का एक प्रशासनिक निर्णय है और रक्षोपाय नियमावली के अंतर्गत ऐसा कोई प्रावधान नहीं है जो केन्द्रीय सरकार को ऐसे विस्तार की अधिसूचना व्यक्तिगत पक्षकारों को देने के लिए विधिक रुप से बाध्य करता हो। यह तथ्य कि 8 महीनों की अवधि के अंदर केन्द्रीय सरकार द्वारा समय विस्तार की अनुमति दे दी गई थी और उसके पश्चात इस आशय की अधिसूचना जारी कर दी गई थी और उसे सीबीईसी की व्यवसाइट पर अपलोड कर दिया था जो रक्षोपाय शुल्क नियमावली के नियम 11 की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त है और इसलिए इस तर्क में कोई गुण नहीं है कि वर्तमान जांच समयबाधित हो गई है।

19. क्रियापद्धति और सूचना का स्रोत

वर्ष 2009-10 से 2012-13 की अवधि के लिए विचाराधीन उत्पाद से संबंधित आयात आंकड़े लेनदेन वार आंकड़े डीजीसीआई एंड एस से प्राप्त किये गये थे और अप्रैल, 2013 से जून, 2013-14 (उत्पादन और बिक्री) के आंकड़े आवेदक द्वारा प्रदान कराये गये है। आयात आंकड़ों का स्रोत डीजीसीआई एंड एस है। वर्ष 2012-13 तक वार्षिक आयात आंकड़ों के लिए डीजीसीआई एंड एस आंकड़ों पर भरोसा किया गया। वर्ष 2009-10, 2010-11, 2011-12 और 2012-13 के लिए लेनदेन वार आयात आंकड़े आवेदनकर्ता द्वारा प्रदान कराये गये। आवेदक ने दावा किया कि संबद्ध वस्तु का आयात कई अन्य वर्गीकरणों के अंतर्गत ही किया जाता है। घरेलू उद्योग ने क्रियाविधि और प्रतिरुप संव्यवहार का पूर्ण प्रकटन अपने आवेदन पत्र के अनुबंध-5 में विचाराधीन उत्पाद के आयात आंकड़ों के एक भाग के रुप में संव्यवहार पर विचार करने की एक प्रक्रिया को स्पष्ट करने के लिए किया गया। इसके अतिरिक्त वर्ष 2009-10 से 2012-13 (दिसम्बर) की अवधि के लिए अन्य रक्षोपाय आर्थिक पैरामीटरों से संबंधित आंकड़े का सत्यापन याचिकाकर्ता के केन्द्रीय उत्पाद कर रिकार्डो से जरुरी समझी गई सीमा तक किया गया और आवेदक की यूनिट का स्थल सत्यापन किया गया तथा जांच की अवधि के लिए इस तरह सत्यापित आंकड़ों पर क्षति विश्लेषण के लिए विचार किया गया। वर्ष 2012-13 की चौथी तिमाही और 2013-14 की पहली तिमाही के लिए आंकड़े आवेदक द्वारा पहली जन सुनवाई के पश्चात यथा प्रस्तुत के रुप में लिये गये। 3 वर्षों या उससे अधिक के आंकड़े घरेलू उद्योग द्वारा रक्षोपाय शुल्क नियमावली, 1997 के नियम 5 (2) और व्यापार नोटिस सं. एसजी/टीएन/1/97, दिनांक 6.9.1997 के अंतर्गत प्रदान कराये गये स्वरुप और ढंग में दिये गये। सत्यापन रिपोर्ट का अगोपनीय पाठ सभी संबंधितों के लिए सार्वजनिक फाइल में रख दिया गया।

जहां तक एनईआई के इस दावे का संबंध है कि घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत आयात आंकड़े अध्याय शीर्षक 73.06, 73.04 और 98.01 के अंतर्गत दिये गये आंकड़े बाह्य है, इस बारे में यह नोट किया जाता है कि संबद्ध वस्तु के आयातों की प्रवृष्टियों को अध्याय शीर्षक 73.06, 98.01 और 73.04 के अंतर्गत भी जांच की गई। अत: इन सभी प्रविष्टियों को आयात आंकड़ों में शामिल कर लिया गया। जांच शुरुआत नोटिस और याचिका में स्पष्टत: और निश्चित रुप से विचाराधीन उत्पाद के दायरे का उल्लेख है और जांच शुरुआत नोटिस और याचिका में प्रदान कराये गये विभिन्न अध्याय शीर्षक केवल विभिन्न शीर्षकों के संकात्मक है जिनके अंतर्गत उस वस्तु का आयात किया जा सकता है और वे किसी भी रुप में विचाराधीन उत्पाद के दायरे पर बाध्यकारी नहीं है।

20. जांच की अवधि

सीमाशुल्क प्रशुल्क अधिनियम, 1975 सीमाशुल्क प्रशुल्क (रक्षोपाय शुल्क की पहचान एवं आकलन) नियमावली, 1997, रक्षोपाय करार और जीएटीटी के संगत अनुच्छेद-19 में विशेष रुप से यह उल्लेख नहीं किया गया है कि जांच की अवधि क्या होनी चाहिए। मेरा विचार है कि भारत में विधि सक्षम प्राधिकारी को यह विवेक प्रदान करती है कि वह अवधि उस लंबाई का निर्णय करें जिसके अंतर्गत वह संवर्धित आयातों और अन्य कारकों जिनसे गंभीर क्षति हुई है के बारे में उचित तुलना कर सके। वास्तव में इस विवेक का सोच समझ कर प्रयोग किया जाना चाहिए।

जांच के अवधि के मुद्दे को अर्जेंटिना फूटवीयर मामलें में पैनल रिपोर्ट द्वारा व्यापक ढंग से निपटाया गया है जो निम्नलिखित है।

अर्जेंटिना-फूटवियर के आयातों पर रक्षोपाय साधन; पैनल की रिपोर्ट (डब्ल्यूटी/डीएस121/आर दिनांक 25.6.1999)

8.216 "जांच के संबंध में उद्योग की स्थिति में परिवर्तन का विश्लेषण करने के लिए अंतिम बिंदु से अंतिम बिंदु की तुलना पर अन्न भरोसा किया जाए, हमारी भी संवर्धित आयातों का विश्लेषण करने के संबंध में चिंता वही थी जो ऊपर नोट की गई। यहां हम विशेष रुप से यह नोट करते है कि यदि अंत:स्थ प्रवृत्तियों पर व्यवस्थित रुप से विचार नहीं किया गया और विश्लेषण में ऊपर अलग-अलग नहीं विचार किया गया तो सक्षम प्राधिकारी सभी संगत कारकों का विश्लेषण करने की अनुच्छेद 4.2 में दी गई अपेक्षाओं को पूरा नहीं किया है और इसके अतिरिक्त घरेलू उद्योग की स्थिति का पूर्णतया निर्धारण नहीं किया गया है। उदाहरण के लिए घरेलू उद्योग की स्थिति इसका उत्पादन 1 वर्ष के अंदर कम हो गया औ उसके बाद उसमें धीरे-धीरे सुधार

हुआ यद्यपि यह सुधार शुरुआती अवसर से अभी कम है तो यह स्थिति उद्योग की उस स्थिति से बिल्कुल भिन्न होगी जिसका उत्पादन विस्तार अवधि के अंदर निरंतर गिरता रहा है। हो सकता है कि इन दोनों मामलों में अंतिम बिंदु से अंतिम बिंदु का विश्लेषण समान हो परंतु वर्ष दर वर्ष परिवर्तनों और प्रवृत्तियों से हो सकता है बिल्कुल भिन्न निष्कर्ष निकले।

8.217 हमारा विश्वास है कि जांच अवधि के दौरान विभिन्न क्षतिकारकों में परिवर्तन पर विचार करना यह निर्धारण करने के लिए अनिवार्य है कि क्या किसी उद्योग को गंभीर क्षति हुई है या गंभीर क्षति की चुनौती आसन्न है। अंत:स्थ परिस्थितियों पर विचार किये बिना अंतिम बिंदु से अंतिम बिंदु की तुलना करने पर हो सकता है कि सभी अपेक्षित कारकों का पूर्ण मूल्यांकन न हो सके।

उपर्युक्त से यह स्पष्ट है कि रक्षोपाय करार के प्रावधानों में जांच की अवधि के संबंध में कोई विशिष्ट दिशा निर्देश नहीं है। अपीलीय निकाय ने अपना निर्णय निश्छल रुप से दिया कि संगत जांच अवधि ना केवल अत्यधिक अभिनव विगत में समाप्त होनी चाहिए बल्कि जांच अवधि में अभिनव विगत भी शामिल होना चाहिए।

वर्तमान मामले में जांच शुरुआत का नोटिस 22.4.2013 को जारी किया गया इसमें प्राथमिकता वर्ष 2012-13 (दिसम्बर) तक के आंकड़े शामिल थे। तदुपरांत पहली सार्वजनिक सुनवाई के बाद घरेलू उद्योग से कहा गया कि वह वर्ष 2012-13 की चौथी तिमाही और वर्ष 2013-14 की पहली तिमाही के आंकड़े भी प्रदान करेंगे। घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत किये गये आंकड़ों को सभी हितबद्ध पक्षकारों में परिचालित किया गया और उन्हें सार्वजनिक फाइल में भी रखा गया। इस तरह प्राप्त सभी सूचना, जिसमें सर्वाधिक अभिनव सूचना भी शामिल थी, पर विश्लेषण के लिए विचार किया जा रहा है।

सीजनल परिवर्तनों को निष्क्रिय करने के उद्देश्य से पर्याप्त दीर्घ अवधि के आंकड़े अर्थात वित्त वर्ष 2009-10 से 2012-13 तक के आंकड़ों का क्षति विश्लेषण के लिए जांच की अवधि के रुप में विचार किया गया है।

उपर्युक्त को देखते हुए मैं अनुभव करता हूं कि जांच की अवधि घरेलू उद्योग को क्षति का निर्धारण करने के प्रयोजनार्थ पर्याप्त दीर्घ है।

21. विचाराधीन उत्पाद

विचारधीन उत्पाद है 'लौह, अलाय या गैर अलाय स्टील (ढलवा लोहा और स्टेनलेस स्टील के अलावा) के ट्यूब, पाइप और हालो प्रोफाइल, सीमलेस, हाट फिनिस्ड या कोल्ड ड्रान या कोल्ड रोल्ड जिनका बाह्य व्यास 273.1 एमएम (ओडी) से अधिक न हो और जिनकी क्षमता संगत मानकों के अंतर्गत यथानिर्धारित हो (जिसे एतद्पश्चात सीमलेस पाइप और ट्यूब कहा गया है) परंतु इसमें निम्नलिखित शामिल नहीं है।

1. सीमलेस स्टील अलाय पाइप, टयूब और हालो प्रोफाइल एएसटीएम ए213/एएसएमई एसए 213 और एएसटीएम ए355/एएसएमई एसए 335 विनिर्देशन या समकक्ष बीआईएस/डीआईएन/बीएस/ईएन या कोई अन्य समकक्ष विनिर्दिशन ।

2. नान एपीआई और पेटेंटेड प्रीमियम ज्वाइंट/प्रीमियम कनेक्शन / प्रीमियम थ्रेडेड टयूब और पाइप जिनका ग्रेड क्यू-125, 13सीआर, एल-80, पी-110, सी-90, सी-95,टी-90 और टी-95 को।

3. 13 क्रोमियम (13सीआर) ग्रेडों के सभी टयूब और पाइप जो उपर्युक्त (2) में शामिल न हो।

4. ड्रिल कालर

विचाराधीन उत्पाद को सीमाशुल्क प्रशुल्क अधिनियम, 1975 के सीमाशुल्क उपशीर्षक सं.73.04 के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है। विभिन्न वर्गीकरणों की एक संकेतात्मक सूची जिसके अंतर्गत विचाराधीन उत्पाद को संभवत: वर्गीकृत किया जा सकता है, निम्नलिखित दी गई है जैसाकि 8 अंकीय स्तर वर्गीकरण के अंतर्गत आयातित हो:-

73041910; 73041920; 73041990; 73042310; 73042390; 73042910; 73042990; 73043111; 73043119; 73043121; 73043129; 73043131; 73043139; 73043911; 73043919; 73043921; 73043929; 73043931; 73043939; 73045110; 73045120; 73045130; 73045910;73045920; 73045930; 73049000.

सीमलेस ट्यूब स्टील बार्स/बिलेट के हालो सेक्शन होते है और उनका उत्पादन हाट रोलिंग टेक्नॉलाजी और कोल्ड डान टेक्नालाजी से किया जाता है। टयूब और पाइपों का विनिर्माण विभिन्न प्रख्यात अंतर्राष्ट्रीय मानकों और विनिदेशन जैसे

एपीआई/एएसटीएम/एएसएमई/बीएस/जेआईएस/डीआईएन/ईएन आदि की संपुष्टि में किया जाता है। यह विनिर्देशन उत्पाद में अंतरग्रस्त रसायन और यांत्रिक गुणधर्मो का विनिर्देशन करते है। विनिर्माण प्रक्रिया जैसे हाट फिनिस्ड या कोल्ड फिनिस्ड/कोल्ड ड्रान का प्रयोग विनिर्देशनों द्वारा अपेक्षित अंतिम गुणधर्म पर पहुंचने के लिए किया जाता है।

(क) विचाराधीन उत्पाद का दायरा व्यापक/दीर्घ है:

कई हितबद्ध पक्षकारों ने यह तर्क दिया है कि विचाराधीन उत्पाद का दायरा बहुत व्यापक/दीर्घ है और यह कि इन उत्पादों का भिन्न अंतिम प्रयोग होता है और डीआई ने विचाराधीन उत्पाद के उत्पाद दायरे में कई ऐस उत्पादों को शामिल कर रखा है जिन्हें उनके द्वारा विनिर्मित/उत्पादित नहीं किया जाता है। उत्पाद के वह सभी प्रकार जिनके लिए हितबद्ध पक्षकारों ने विचाराधीन उत्पाद के दायरे से अपवर्जन की मांग की है, को अधोलिखित अपवर्जन तालिका में एक साथ दर्शाया गया है।

निम्नलिखित ग्रेडों का जांच के दायरे से अपवर्जन करने के दावे के संबंध में मुद्दे का विश्लेषण किया गया। विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों द्वारा मांगे गये विभिन्न प्रकार के अपवर्जन के बारे में सूचना युक्त अपवर्जन तालिका और घरेलू उद्योग द्वारा मूर्त साक्ष्य के रुप में प्रस्तुत को निम्नलिखित तालिका में दिया गया है।

वह ग्रेड जिनके लिए विभिन्न पक्षकारों द्वारा जांच के दौरान अपवर्जन की मांग की गई है।

अपवर्जन तालिका-क

अपवर्जन के लिए उद्योग अनुरोध	वह ग्रेड जिसके लिए अपवर्जन की मांग की गई	घरेलू उद्योग द्वारा ग्रेडों के संबंध में प्रदान किया गया साक्ष्य
बीएचईएल	राइफल्ड टयूब	बीएचईएल को की गई बिक्री का बीजक सं.***** 16.01.2011
एनईआई, निप्पन स्टील, जेएफई स्टील कारपोरेशन और शैन्यों स्पेशल सूटील	एसएई5210	सैम्पल बीजक सं.**** दिनांक 14.12.2013
	एसएई 8720	सैम्पल बीजक सं.****** दिनांक 30.4.2013 तथापि पिछले चार वर्षों में प्रस्तुत नहीं किया गया।
	एसयूजे3	सैम्पल बीजक सं.**** दिनांक 31.3.2013
सीआईएसए रामा सिलेण्डर	गैस सिलेण्डर 34सीआरएमओ4	दिनांक 26.3.2013 का क्रय आदेश और सैम्पल बीजक सं.**** दिनांक 24.5.2012
मर्टेक्स यू के लिमिटेड	4-1/2" टयूबिंग	सैम्पल बीजक सं.**** दिनांक 14.5.2013
	एल-80	सैम्पल बीजक सं.**** दिनांक 26.8.2012
	एन-80	सैम्पल बीजक सं.**** दिनांक 20.1.2013
	पी-110	सैम्पल बीजक सं.**** दिनांक 8.2.2012
	सी-95	दावा किया गया कि उनके पास इस ग्रेड का उत्पादन करने की क्षमता और सक्षमता है। परंतु पिछले 4 वर्षों

		में उसका उत्पादन नहीं किया।
	क्यू-125	सैम्पल बीजक सं.**** दिनांक 21.7.2012
	जे-55	सैम्पल बीजक सं.**** दिनांक 28.2.2013
निप्पन स्टील, जेएफई स्टील कारपोरेशन और शैन्यों स्पेशल स्टील	9-5/8" केसिंग पाइपों के उच्चतर ग्रेड	सैम्पल बीजक सं.**** दिनांक 10.6.2013, 30.11.2012
मैसर्स रत्नद्वीप लिमिटेड	सभी एचएस कोडों में 42 एमएम से नीचे के सभी आकार	सैम्पल बीजक सं.**** दिनांक 30.1.2013
निप्पन स्टील, जेएफई स्टील कारपोरेशन और शैन्यों स्पेशल स्टील	नीडल रोलर बैंरिंग ग्रेड जेआईएस जी-3441, एससीएम 415टीके	सैम्पल बीजक सं.**** दिनांक 30.12.2012/18.5.2013
निप्पन स्टील, जेएफई स्टील कारपोरेशन और शैन्यों स्पेशल स्टील	क्रेन एसएम-एसटीआर 80-क्यूए, एसएम-एसटीआर 80-क्यूसी के लिए यांत्रिक टयूब जिनका ओडी 42.7 एमएम से 406.4 एमएम हो	सैम्पल बीजक सं.**** दिनांक 13.3.2013
बैलोर्स मनेंसमान टयूब्स निप्पन स्टील, जेएफई स्टील कारपोरेशन और शैन्यों स्पेशल स्टील	अभितटीय अनुप्रयोगों के लिए स्टेनलेस स्टील पाइप (परियोजना लाइन पाइप)	सैम्पल बीजक सं.**** दिनांक 7.3.2012
	ओसीटीजी टयूब	सैम्पल बीजक सं.**** दिनांक 6.8.2011
	ड्रिल पाइप	सैम्पल बीजक सं.**** दिनांक 29.10.2013
	बायलर टयूब	सैम्पल बीजक सं.**** दिनांक 8.12.2013/ 19.4.2013
	लाइन पाइप	सैम्पल बीजक सं.**** दिनांक 14.9.2009/ 8.11.2012
	बैरिंग के लिए यांत्रिक टयूब	सैम्पल बीजक सं.**** दिनांक 25.4.2012

*** गोपनीयता का दावा किया गया

उपर्युक्त को देखते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि घरेलू उद्योग ने बैंरिंग ग्रेडों के बीजक (एसएई-52100, एसएई 8720, एसयूजे3), एल-80 एन-80, पी-110, क्यू-125,जे-55, 34सीआरएमओ4, राफल्ड टयूब के रुप में साक्ष्य प्रस्तुत किया है और गैस सिलेण्डर के परीक्षण आदेश के बीजक जिनसे यह संकेत मिलता है कि वे विभिन्न ग्रेडों और आकारों में आयात की जा रही पीयूसी का उत्पादन करने की क्षमता रखते है। मैसर्स रामा सिलेण्डर (हितबद्ध पक्षकार) ने दिनांक 23.5.2013 के विस्फोटक, पेट्रोलियम और विस्फोटक सुरक्षा संगठन के उपमुख्य नियंत्रक से प्राप्त पत्र जिसमें यह उल्लेख किया गया कि घरेलू उद्योग उच्च दाव गैस सिलेण्डरों का उत्पादन करने में सक्ष्म नहीं है। हितबद्ध पक्षकारों यह भी उल्लेख किया कि कोई भी इंडियन टयूब मिल सीमलेस स्टील टयूब का प्रस्ताव करने या अलाय स्टील के स्टील ग्रेड जैसे 34सीआरएमओ4 और सिलेण्डर-टयूब के लिए उस तकनीकी विनिर्देशन जिसके लिए भारतीय मानक ब्यूरों और मुख्य विस्फोटक नियंत्रक द्वारा निर्धारित प्रक्रिया में अनुमोदन प्राप्त करना अपेक्षित है का विनिर्माण नहीं करते हैं। यह नोट किया जाता है कि घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत बीजक से यह ज्ञात हुआ कि घरेलू उद्योग न केवल 34सीआरएमओ4 का उत्पादन किया बल्कि उन्होंने 37एमएन ग्रेड के गैस सिलेण्डरों के लिए

परीक्षण ऑडर भी प्राप्त किया। जहां तक एसएई 8720 और सी-95 का संबंध है, घरेलू उद्योग ने दावा किया है कि उनके पास उन ग्रेडों का उत्पादन करने की क्षमता है परंतु उन्होंने पिछले 4 वर्षों से इन ग्रेडों का उत्पादन नहीं किया है। तथापि यह इंगित किया गयाकि ग्रेडों से संबंधित आंकड़ों पर उत्पाद के दायरे के अंतर्गत विचार नहीं किया गया है। जहां तक 42एमएम ओडी, सभी एचएस कोड से कम आकार का अपवर्जन करने का संबंध है, मैसर्स रत्नद्वीप लिमिटेड ने उल्लेख किया कि याचिकाकर्ता प्रदाय में दीर्घ समय लेता है और इसलिए इन सभी आकारों का अपवर्जन कर दिया जाना चाहिए। तथापि उन्होंने यह उल्लेख नहीं किया याचिकाकर्ता के पास इस आकार के सीमलेस पाइप और टयूब का उत्पादन करने की क्षमता नहीं है अथवा वे उक्त वस्तु उत्पादित करने में असफल रहे है।

अत:, ऐसा प्रतित होता है कि हितबद्ध पक्षकारों ने ऐसा कोई विशिष्ट साक्ष्य नहीं दिया है जो यह दर्शाता हो कि किसी विशिष्ट प्रकार के पीयूसी का जिसका आयात किया जा रहा है घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादन नहीं किया जाता है इसलिए विचाराधीन उत्पाद के दायरे में कमी करने के हितबद्ध पक्षकारों के तर्क का समर्थन किसी मूर्त तथ्य/साक्ष्य से नहीं होता है और यह स्वीकार नहीं है जबकि घरेलू उद्योग ने पीयूसी के विभिन्न प्रयोक्ताओं को इन उतपादों की आपूर्ति करने और उनका उत्पादन करने का साक्ष्य दिये है।

ख. समान या प्रत्यक्ष प्रतिस्पर्धी उत्पाद

इस तर्क के विपरित की विचाराधीन के उत्पाद उत्पादों का एक समूह है और क्या आयातित उत्पादों का समूह घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित उत्पादों के समूह के समान या प्रत्यक्ष प्रतिस्पर्धी है, यह सिद्ध करना जरुरी नहीं है कि ग्रुप का प्रत्येक उत्पाद ग्रुप के अन्य सभी उत्पादों के समान या प्रतिस्पर्धी उत्पाद को। इसके विपरीत यह देखा जाना चाहिए कि क्या प्रत्येक आयातित उत्पाद के लिए घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित समान या प्रत्यक्ष प्रतिस्पर्धी उत्पाद है।

यह देखा गया कि पीयूसी में समान प्रकृति और समान मूल के कई उत्पाद है। इन शीर्षकों के अंतर्गत आने वाले आयातित उत्पाद 8 अंकीय स्तर के है और वे तकनीकी विर्निदेशन, रसायनिक संघठन और अन्य मूल तत्वों के रुप में एक समान है। इन सभी उत्पादों का प्रयोग भी समान है। यह आयातित उत्पाद घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित ऐसे उत्पादों से प्रत्यक्षत प्रतिस्पर्धा करते है अथवा उनके साथ प्रतिस्पर्धा करने की उनमें क्षमता है। गुणवत्ता और कीमत के रुप में इनमें कुछ लघु अंतर भी हो सकता है परंतु इन उत्पादों के समान आधारभूत भौतिक गुणधर्म और समान अंतिम प्रयोग है। तदनुसार हितबद्ध पक्षकारों के इस तर्क के विपरीत कि विचाराधीन उत्पाद एक उत्पाद समूह है जिसमें विभिन्न ग्रेडों और आकार के सीमलेस पाइप और टयूब शामिल है, यह पाया गया कि हितबद्ध पक्षकारों की चिंता पीयूसी से बने अंतिम उत्पादों के संबंध में है न कि पीयूसी के संबंध। इसके अतिरिक्त चूंकि घरेलू उद्योग लगभग समान ग्रेड और आकार के सीमलेस पाइप और टयूब का उत्पादन करता है इसलिए वे रक्षोपाय जांच के प्रयोजनार्थ विचाराधीन उत्पाद है।

ग. एक देश से अल्पमात्रा में आयातित होने के कारण अपवर्जन

जहां तक सीमाशुल्क प्रशुल्क अधिनियम, 1975 की धारा 8ख (1) के परंतुक के अंतर्गत जापान की वस्तुओं का अपवर्जन करने के लिए की गई मांग का संबंध है, यह नोट किया जाना चाहिए कि रक्षोपाय नियमों के अंतर्गत मात्रा प्रतिबंधों को विदेश व्यापार (विकास एवं विनियम) अधिनियम, 1992 की धारा 9क के अंतर्गत विदेश व्यापार (विकास एवं विनियम) संशोधित अधिनियम, 2010 के तहत अधिसूचित किया गया है। अत: जापान से वस्तुओं का सीमाशुल्क प्रशुल्क अधिनिमय, 1975 की धारा 8ख (1) के परंतुक के अंतर्गत अपवर्जन करने के लिए की गई मांग रक्षोपाय सामान्य नियमावली के अंतर्गत स्वीकार नहीं है और उसे रक्षोपाय साधन (परिमाणात्मक प्रतिबंध) नियमावली, 2012 के अंतर्गत पहले ही अधिसूचित कर दिया गया है जिसके लिए सक्षम निर्दिष्ट प्राधिकारी अपर महानिदेशक विदेश व्यापार हैं।

घ. ग्रेड/प्रयोग के अनुसार पीयूसी का क्षति विश्लेषण

हितबद्ध पक्षकारों द्वारा यह मुद्दा उठाया गया कि उत्पाद की प्रत्येक श्रेणी का विश्लेषण किया जाना चाहिए। इस मुद्दे की जांच की गई है। इस जांच में भरोसा किये गये लेनदेन वार डीजीसीआईएस आयात आंकड़ों से यह संकेत मिलता है कि पीयूसी अध्याय शीर्षकों के अंतर्गत कई प्रविष्टियां ऐसी है जहां उत्पाद का विवरण बिना किसी ग्रेड के किया गया है जैसे सीमलेस पाइप/टयूब या बैरिंग ग्रेड टयूब का केवल उल्लेख कर दिया गया है। अत: केवल उन ग्रेडों को शामिल करना जहां विशिष्ट ग्रेड या उत्पाद नाम का उल्लेख है से सीमलेस पाइप और टयूबों के आयात की प्रमात्रा की स्पष्ट तस्वीर सामने नहीं आयेगी और इस कारण आंशिक सूचना के आधार पर किया गया कोई विश्लेषण रक्षोपाय जांच के प्रयोजनार्थ गलत होगा।

ड. ईआरडब्ल्यू पाइपों का पीयूसी में समावेशन

एक हितबद्ध पक्षकार ने यह दावा किया है कि संपूर्ण विश्व में इलैक्टिकल अवरोध बेलडिंग का प्रयोग करके विनिर्मित बेलडेड टयूब और पाइप का प्रयोग अंतपरिवर्तनीय रुप से सीमलेस टयूब और पाइपों के लिए किया जाता है जैसे कि तेल और गैस अन्वेषण और परिवहन। उन्होंने इस मामले में संयुक्त राष्ट्र द्वारा शुरु की गई जांच का भी उल्लेख किया है जहां यूएस ने बेलडड टयूब और पाइप को सीमलेस टयूब और पाइप के समान माना है।

इस मुद्दे की जांच की गई। ईआरडब्ल्यू तथा सीमलेस पाइप और टयूब की विनिर्माण प्रक्रिया भिन्न है। ईआरडब्ल्यू पाइप का निर्माण रोलिंग मेटल द्वारा किया जाता है जबकि सीमलेस पाइप का निर्माण मेटल का वांछित लम्बाई में विस्तार करके किया जाता है। ईआरडब्ल्यू पाइप में इसके क्रास-सेक्शन में बेलडेड ज्वांइट होता है जबकि सीमलेस पाइप में इसकी लम्बाई में कहीं भी जोर नहीं होता है। सीमलेस और ईआरडब्ल्यू पाइप का विनिर्माण करने के लिए अपेक्षित आधार भूत कच्ची सामग्री भी भिन्न होती है। सीमलेस पाइप में सीमलेस पाइप का निर्माण करने के लिए स्टील राउंड बिलेट की जरुरत पड़ती है जबकि ईआरडब्ल्यू का निर्माण करने के लिए स्ट्रीप/प्लेट/क्वायल की जरुरत पड़ती है इसके अतिरिक्त दोनों मामलों में पीयूसी अलग-अलग है।

सीमलेस पाइप का प्रयोग मुख्यत: उच्चदाव अनुप्रयोगों के लिए होता है जैसे तेल एवं गैस खोज और ड्रिलिंग, तेल एवं गैस परिवहन, हाइड्रोकार्बन उद्योग और रिफाइनरी तथा एयर और हाइड्रोलिक सिलेण्डर बैरिंग, बायलर, आटोमोबाइल आदि। ईआरडब्ल्यू पाइप का प्रयोग न्यून/मध्यम दाब अनुप्रयोगों के लिए होता है जैसे पानी/तेल का परिवहन।

यह नोटिस किया जाता है कि अनुप्रयोगों के आधार पर पाइप का चयन किया जाता है। सामान्यत: ईआरडब्लू और एसएडब्लू पाइपों को प्रतिस्थापित किया जा सकता है। तथापि कुछ ऐसे अनुप्रयोग है जहां सीमलेस पाइपों को ईआरडब्ल्यू पाइपों द्वारा प्रतिस्थापित किया जा सकता है परंतु यह आवश्यक नहीं है कि प्रत्येक अनुप्रयोग में सीमलेस पाइप के स्थान पर ईआरडब्ल्यू पाइप का प्रयोग किया जा सके। इसके अतिरिक्त सामान्यत: भी सीमलेस पाइप ईआरडब्लू पाइप को सामान्य नहीं माना जाता है। घरेलू उद्योग ने ऐसे साक्ष्य दिये है जहां निविदाओं में साफ-साफ स्पष्ट कर दिया कि सीमलेस पाइप या ईआरडब्ल्यू पाइप अपेक्षित है।

यह भी नोटिस किया जाता है कि वर्तमान मामले में घरेलू उद्योग ने केवल सीमलेस पाइप और टयूब पर रक्षोपाय शुल्क पर अधिरोपित करने के लिए याचिकादायर की है और किसी भी भारतीय प्रयोक्ता उद्योग जैसे भेल, ओएनजीसी, बैरिंग उद्योग ने सीआईएसए के तर्क का समर्थन नहीं किया है। इसलिए ऐसी मद पर रक्षोपाय शुल्क अधिरोपित करना जिसकी याचिका में मांग नहीं की गई है ईआरडब्ल्यू पाइप के आयातकों/प्रयोगकर्ता उद्योगों के लिए अनुचित होगा।

इस तथ्य के आलोक में कि ईआरडब्ल्यू पाइप और सीमलेस पाइप का उत्पादन करने की विनिर्माण प्रक्रिया भिन्न है, उत्पादन के लिए अपेक्षित कच्ची सामग्री भिन्न है, वे वर्गीकरण के लिए भिन्न प्रशुल्क शीर्षकों के अंतर्गत आते है और यह कि ईआरडब्ल्यू पाइप को प्रत्येक अनुप्रयोग के लिए प्रतिस्थापित नहीं किया जा सकता है। जहां सीमलेस पाइप का प्रयोग होता है, वहां सीमलेस पाइप और टयूब को इस जांच के प्रयोजनार्थ अलग उत्पाद माना गया है। इस मामले में ईआरडब्ल्यू पाइप सीमलेस पाइप के ना तो समान है न ही प्रत्यक्ष प्रतिस्पर्धी।

(च) गुणवत्ता मुद्दा, ओएनजीसी एवं अन्य कंपनियों को आपूर्ति

यह रिकार्ड में है कि ओएनजीसी ने ना तो सार्वजनिक सुनवाई में भाग लिया न ही सुनवाई पश्चात कोई प्रस्तुतिकरण या प्रोक्ति की। तथापि कई हितबद्ध पक्षकारों के इस दावे के विपरीत कि घरेलू उद्योग ओएनजीसी की अपेक्षाओं के अनुरुप गुणवत्तापूर्ण आपूर्ति में असफल रहा है, घरेलू उद्योग ने यह दर्शाते हुए साक्ष्य दिये है कि उनके पास विचाराधीन उत्पाद का विनिर्माण करने की क्षमता है। ओएनजीसी का 30 अगस्त, 2013 का पत्र स्पष्ट दर्शाता है कि घरेलू उद्योग को ओएनजीसी द्वारा अनर्ह नहीं ठहराया गया है। इसमें यह भी उल्लेख है कि ओएनजीसी द्वारा निकाली गई लगभग सभी निविदाओं में कुछ घरेलू बोलीदाताओं ने अर्हता प्राप्त की। इन बोलीदाताओं को टीए/टीसी के रुप में सूचीबद्ध किया गया। अत: वे कीमत प्रतिस्पधात्मकता के कारण संविदा प्राप्त नहीं कर सके। इसके अतिरिक्त घरेलू उद्योग ने ओएनजीसी से टयूबिंग टेस्ट रिपोर्ट के रुप में साक्ष्य प्रदान किया है जिसमें 2-7/8 ओडी टयूबिंग, एल-80 ग्रेट नियमित आपूर्ति के लिए आईएसएमटी को प्रदान किया गया है।

इसके अतिरिक्त यह पाया गया कि घरेलू उद्योग राइफल्ड ट्यूब की आपूर्ति भेल को तथा बैरिंग ग्रेड ट्यूब की आपूर्ति मैसर्स एनईआई तथा कई अन्य घरेलू विनिर्माताओं को कर रहा है। घरेलू उद्योग ने यह सिद्ध करने के लिए बीजक दिये है कि वे घरेलू उपयोगकर्ता उद्योग को राइफल्ड ट्यूब और बेरिंग ग्रेड ट्यूब का उत्पादन एवं बिक्री करते है।

उपर्युक्त तथ्यों के आलोक में यह स्पष्ट होता है कि घरेलू उद्योग ओएनजीसी, अन्य तेल खोजी कंपनियों और अन्य घरेलू उद्योगों को विचाराधीन उत्पाद की आपूर्ति इन कंपनियों द्वारा विचाराधीन उत्पाद के अंतर्गत आने वाले उत्पादों के लिए अपेक्षित गुणवत्ता और मानको के अनुरुप करने में पूरी तरह से सक्षम है।

22. याचिका और जांच शुरुआत नोटिस के आंकड़ों में विसंगति

जहां तक याचिका और जांच शुरुआत नोटिस के आंकड़ों में विसंगति का सवाल है यह नोटिस किया गया कि याचिका में प्रस्तुत किये गये पीयूसी से संबंधित आयात आंकड़ों की संवीक्षा की गई और उन सभी प्रविष्टियों को जांच के दायरे से बाहर माना गया याचिका में प्रदान कराये गये आंकड़ों से निरसन कर दिया गया। इसी तरह घरेलू आंकड़ों पर भी विश्लेषण के लिए विचार किया गया और केवल वही आंकड़े अनुरक्षित रखे गये जो घरेलू उत्पादकों के संयंत्र का स्थल दौरा करने के बाद केन्द्रीय उत्पाद कर रिकार्डो के आधार पर प्रमाणित पाये गये। इस संबंध में यह नोट किया जाता है कि रक्षोपाय जांच प्रक्रिया न्यायिक प्रक्रिया या अपीलीय प्रक्रिया से भिन्न है। रक्षोपाय जांच के दौरान नये तथ्यों और साक्ष्यों को प्राप्त किया जाता है और उनका विश्लेषण किया जाता है। यदि आवेदन में उल्लिखित तथ्यों पर ही भरोसा किया जाता है तो जांच का यह उद्देश्य निरर्थक हो जायेगा कि केवल संगत सूचना ही प्रस्तुत की जाए और बाजार स्थिति का विश्लेषण किया जाए। अत: या आवश्यक है कि जांच के दौरान लाये गये सभी तथ्यों पर विचार किया जाय। जांच शुरुआत नोटिस में ऐसी प्रारंभ जांच के दौरान निगमित आंकड़ों/सूचना को संग्रहित/सत्यापित किया गया था और इसलिए जांच शुरुआत में नोटिस में दिये गये आंकड़ों को सही माना जाए। तथापि प्राकृतिक न्याय का सिद्धांत यह अपेक्षा करता है कि हितबद्ध पक्षकारों को नये तथ्यों (अगोपनीय) से उन्हें सार्वजनिक फाइल में रख कर कराया जाए और अद्यतन सूचना सहित सभी सूचनाएं सार्वजनिक फाइल में रखी गयी और उन पर विचार किया जा रहा है।

23. प्रस्तुत की गई सूचना की गोपनीयता

सीमाशुल्क प्रशुल्क (रक्षोपाय शुल्क की पहचान एवं आकलन) नियमावली, 1997 के नियम 7 और रक्षोपाय संबंधी डब्ल्यूटीओ करार के अनुच्छेद-3.2 में निश्चित सूचना की गोपनीयता के लिए प्रावधान है। नियम में प्रावधान है कि कोई हितबद्ध पक्षकार ऐसी सूचना का वास्तविक आधार पर प्रकटन नहीं करेगा जो उस कंपनी के लिए गोपनीय सूचना हो और जिसका प्रकटन करना उस पक्षकार के व्यापारिक हित में नहीं होगा और जिसका याचिकाकर्ता ने विगत में सार्वजनिक रुप से प्रकटन ना किया गया हो।

घरेलू उद्योग ने कुछ जानकारी गोपनीय आधार पर प्रदान करायी है और उस सूचना/डाटा की गोपनीयता की मांग की है जिसके लिए उसने एनसीबी प्रदान की है। घरेलू उद्योग ने रक्षोपाय नियमावली, 1997 और दिनांक 6.9.1997 के व्यापार नोटिस सं. एजी/टीएन/1/97 के प्रावधानों के अनुसार आवेदन पत्र का अगोपनीय पाठ प्रदान कराया है। इसके अतिरिक्त घरेलू उद्योग ने आवेदन पत्र दायर करते समय तथा बाद में जहां कहीं उचित लगा गोपनीयता की मांग करने के कारणों का उल्लेख किया है इस लिए इसे स्वीकार कर लिया गया है।

24. घरेलू उद्योग

वर्तमान जांच मैसर्स जिंदल एसएडब्लू लिमिटेड, जिंदल सेंटर, 12 भिकाजी कामा प्लेस नई दिल्ली-110066 और मैसर्स आईएसएमटी लूंकाड टावर्स, विमान नगर पूणे-411014 द्वारा दायर आवेदन पत्र के संदर्भ में शुरु की गई है। मैसर्स एमएसएल लिमिटेड ने इस आवेदन का दावा किया है। विचाराधीन उत्पाद के घरेलू उत्पादन में याचिकाकर्ता और समर्थक कंपनियों का हिस्सा निम्नलिखित तालिका में दर्शाया गया है।

विचाराधीन उत्पाद के घरेलू उत्पादन में घरेलू उद्योग का हिस्सा

कंपनी	**2009-10**	**2010-11**	**2011-12**	**2012-2013**
	हिस्सा	हिस्सा	हिस्सा	हिस्सा
आईएसएमटी	31	31	31	31

जिंदल एसएडब्ल्यू	22	22	24	24
एमएसएल	34	31	31	30
अन्य	13	16	14	15
कुल	100	100	100	100

मैसर्स एमएसएल को छोड़कर (जो समर्थक कंपनी है) आवेदकों का हिस्सा भारत के कुल उत्पादन का 54 प्रतिशत है। एमएसएल का हिस्सा लगभग 32 प्रतिशत है जो आवेदकों के बाजार हिस्से से कम है।

सीमाशुल्क प्रशुल्क अधिनियम, 1975 के खंड 6(ख) की धारा 8ख में घरेलू उद्योग का आशय उन उत्पादकों से है जो:

(i) भारत में समान वस्तु या प्रत्यक्षत: प्रतिस्पधी वस्तु का संपूर्ण रुप से उत्पादन करते है; या

(ii) समान वस्तु या प्रत्यक्ष: प्रतिस्पर्धी वस्तु का सामूहिक उत्पादन भारत में उक्त उत्पाद के कुल उत्पादन का एक बड़ा हिस्सा बनता है।

यह नोटिस किया जाता है कि हितबद्ध पक्षकारों के तर्क पर विचार करने के पश्चात कि चूंकि समर्थक का अपवर्जन करने के पश्चात भी घरेलू उत्पाद का हिस्सा भारत में सीमलेस पाइप्स और टयूब्स का कुल उत्पादन 50 प्रतिशत से अधिक है इसलिए मैसर्स आईएसएमटी लिमिटेड और मैसर्स जिंदल एसएडब्ल्यू लिमिटेड अनिवार्यत: सीमाशुल्क प्रशुल्क अधिनियम 1975 के खंड ख के उपखंड (6) की धारा 8ख में उल्लिखित शर्तो के अनुरुप हर हाल में घरेलू उद्योग है।

कुछ हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दिए गए इस तर्क के अनुसार कि कई उत्पादकों पर विचार नहीं किया गया है, यह नोटिस किया जाता है कि जांच शुरुआत का नोटिस अन्य घरेलू उद्योगों जैसे भेल, रतनद्वीप मेटल्स एंड टयूब्स, रेमी मेटल्स, आयल कंट्री टयूबलर लिमिटेड को भी भेजा गया था। उनमें से कुछ ने जांच शुरुआत नोटिस का प्रत्युत्तर दिया जबकि अन्यों ने इसका उत्तर नहीं दिया, परंतु किसी ने भी यह तर्क नहीं दिया है कि आवेदनकर्ता घरेलू उद्योग नहीं बनते है। अत: इस संबंध में हितबद्ध पक्षकारों का तर्क संघार्य नहीं है। इसके अतिरिक्त, घरेलू उद्योग के एक संघटक अर्थात मैसर्स आईएसएमटी द्वारा दायर पाटनरोधी मामले में, यह मामला इस आधार पर नामंजूर कर दिया गया कि उक्त कंपनी नियमों के अंतर्गत अकेले घरेलू उद्योग नहीं है। वर्तमान मामले की स्थिति ऐसी नहीं है।

उपलब्ध साक्ष्य के मद्देनजर में पाता हूं कि आवेदक नियमों के अनुसार ''घरेलू उद्योग'' हैं।

25. आंकड़ों का विश्लेषण

आंकड़ों का विश्लेषण प्राथमिकत: घरेलू उद्योग के संबंध में ही किया गया है। कुछ स्थानों पर हितबद्ध पक्षकारों द्वारा उठाए गए मुद्दों का निराकरण करने के उद्देश्य से मैसर्स एमएसएल (समर्थक) के आंकड़ों का भी विश्लेषण किया गया। तथापि, आयातों के बाजार हिस्से का विश्लेषण करने के उद्देश्य से संपूर्ण आंकड़ों अर्थात समर्थनकर्ता कंपनी के आंकड़ों को शामिल करके, पर विश्वास किया गया।

26. वर्धित आयात

सीमा शुल्क प्रशुल्क अधिनियम, 1975 की धारा 8ख रक्षोपाय शुल्क अधिरोपित करने की केन्द्रीय सरकार की शक्तियों का उल्लेख करती है और निम्नलिखित प्रावधान करती है:

''(1) यदि केन्द्रीय सरकार यथोचित समझी गई जानकारी का आयोजन करने के पश्चात संतुष्ट है कि किसी वस्तु का भारत को आयात इतनी अधिक मात्रा में और ऐसी परिस्थितियों में किया जाता है जिससे कि उससे घरेलू उद्योग को गंभीर क्षति हो रही हो या गंभीर क्षति की चुनौती उत्पन्न हो रही हो तो यह, शासकीय राजपत्र में अधिसूचना द्वारा उस वस्तु पर पर रक्षोपाय शुल्क अधिरोपित कर सकती है'' इसके अतिरिक्त, सीमाशुल्क प्रशुल्क (रक्षोपाय शुल्क की पहचान एवं आकलन) नियमावली, 1997 में 'संवर्धित मात्रा' को निम्नवत परिभाषित किया गया है:

''संवर्धित मात्रा में आयातों में वृद्धि को शामिल किया जाता है, वह वृद्धि चाहे निरपेक्ष रुप से हो या संगत रुप से''

उपर्युक्त से यह देखा जाता है कि धारा 8ख और नियम रक्षोपाय जांच का अनुप्रयोग करने के लिए आयातों में वृद्धि को को आधारभूत पूर्वापेक्षा के रुप में माना गया है। अत: यह निर्धारित करने के लिए कि क्या विचाराधीन उत्पाद के आयात इतनी अधिक मात्रा में हुए है कि उनपर रक्षोपाय शुल्क का प्रयोग किया जा सकता है, नियम में आयातों में समग्र रुप से या घरेलू उत्पादन के संबंध में हुई वृद्धि का विश्लेषण करना अपेक्षित होता है। यह भी देखा जाता है कि अभिव्यक्ति संवर्धित मात्रा को समावेशी रुप में परिभाषित किया गया है और इस परिभाषा में दो पैरामीटर अर्थात आयातों में समग्र रुप से वृद्धि और आयातों में घरेलू उत्पादन के संगत रुप में वृद्धि को शामिल किया गया है। यह भी देखा जाता है कि यह दोनों पैरामीटर मौजूद होना चाहिए। संवर्धित मात्रा को समग्र रुप से या घरेलू उत्पादन के संगत रुप से मापा जाए। एक पैरा मीटर की मौजूदगी इस विधिक अपेक्षा को पूरा करने के लिए पर्याप्त है ।

डब्ल्यूटीओ पैनल और अपीलीय निकाय ने इस मुद्दे के संबंध में अंतर्राष्ट्रीय विधि का स्पष्टीकरण दिया है और इन निकार्यो के संगत निर्णय संक्षेप में निम्नलिखित हैं।

I अर्जेंटिना फूटवियर (ईसी) (डब्ल्यूटी/डीएस/आर दिनांक 25.6.1999) में पैनल ने जांच की कि क्या किसी जांच अवधि के प्रारंभ में आयातों की मात्रा और उस अवधि के अंत में आयातों की मात्रा (अंतिम बिंदु से अंतिम बिंदु की तुलना) की तुलना के आधार पर संवर्धित आयात प्राप्त करने के लिए अनुच्छेद 2.1 और 4.2 (क) से संगतता हैं। पैनल ने बाद में अपीलीय निकाय द्वारा किये गये निर्णय पर निम्नलिखित निष्कर्ष निकाला:

8.156 [i]''एन यह आकलन करते हुए कि क्या अंतिम बिंदु से अंतिम बिंदु तक आयातों में वृद्धि अनुच्छेद 2.1 में अपेक्षित आयात वृद्धि को पूरा करती है, अंतिम बिंदु के रुप में प्रयोग किये गये विशिष्ट वर्षों की तुलना की संवेदनशीलता महत्वपूर्ण है क्योंकि यह स्पष्ट शुरुआत निष्कर्ष की पुष्टि कर सकती है या उसे बदल सकती है। यदि जांच अवधि का शुरुआती बिंदु और/या अंतिम बिंदु में परिवर्तन केवल एक वर्ष होता है तो इसका इसका आशय यह है कि इस तुलना में वृद्धि के बजाय आयातों में गिरावट दर्शायी गई है। यह अनिवार्यत निर्यातों में हस्तक्षेपी कमी जो कम से कम शुरुआती वृद्धि के समान है को दर्शाती है जिससे यह निष्कर्ष निकलता है कि आयातों में वृद्धि हुई है।''

8.157 दूसरे शब्दों में आयातों में वृद्धि वास्तव में है तो यह अंतिम बिंदु से अंतिम बिंदु के बीच तुलना करने पर और उस अवधि की हस्तक्षेपी प्रवृति का विश्लेषण करने पर स्पष्ट होना चाहिए। अर्थात दोनो विश्लेषण परस्पर संबलनकारी होना चाहिए। जबकि जहां परिणाम में परिवर्तन आता है वहां यह संदेह होता है कि क्या आयातों में अनुच्छेद 2.1 के अनुसार वृद्धि हुई है।

इसकी पुन: जांच अर्जेंटिना फूटवियर पैनल द्वारा एक जांच परिणाम में, अपीलीय निकाय द्वारा संपुष्ट, पर विचार करके की गई कि आयातों की हस्तक्षेपी प्रवृत्तियों की विश्लेषण करना अनिवार्य है।

8.159 यह प्रश्न कि क्या आयातों में कोई गिरावट अस्थायी है यह आकलन करने के लिए संगत है कि क्या संवर्धित आयातों के लिए अनुच्छेद 2.1 की अपेक्षाओं को पूरा कर लिया गया है। इस संदर्भ में अनुच्छेद 4.2 (क) की अपेक्षाओं का उल्लेख किया जा सकता है कि आयातों में दर और राशि में वृद्धि का मूल्यांकन किया जाना चाहिए। हमारे विचार से जांच की अवधि के लिए आयातों की हस्तक्षेपी प्रवृत्तियों का विश्लेषण किया जाना चाहिए। हम नोट करते है कि वाक्यांश दर में गति और दिशा तथा हस्तक्षेपी प्रवृत्तियों (उतार या चढ़ाव) पर पूर्णतया विचार करना चाहिए। जहां जांच की अवधि में इन प्रवृत्तियों को मिला दिया जाता है वहां यह निर्णय करने के लिए निर्णायक हो जाती है कि क्या आयातों में वृद्धि अनुच्छेद 2.1 के अनुरुप हुई है। व्यावहारिक रुप से हम यह विचार करते है कि आयातों में ऐसी किसी मिलीजुली प्रवृत्ति के महत्व का आकलन करने का सर्वोत्तम तरीका यह मूल्यांकन करना है कि क्या आयातों में कोई गिरावट अस्थायी रुप से या अन्यथा दीर्घावधिक परिवर्तन व्यक्त करती है।

अर्जेंटिना फूटवियर में पैनल ने पुन: यह पाया कि आयातों की मात्रा में गिरावट को आयातों की मात्रा में वृद्धि के विपरीत अस्थायी गुणधर्म के रुप नहीं देखा जा सकता है। इसमें उल्लेख किया कि:

8.161 करार में आयातों में केवल वृद्धि (अर्थात ऐसी वृद्धि) की कल्पना नहीं की जाती है बल्कि यह वृद्धि इतनी अधिक मात्रा में हो उससे घरेलू उद्योग को क्षति या गंभीर क्षति की चुनौती उत्पन्न हो जाए..... आयातों में वृद्धि को पूर्ण संदभ के रुप में माना जाय खासकर इसकी दर और राशि को जैसा कि अनुच्छेद 4.2(क) के रुप में अपेक्षा की गई है। अत: आयात स्तर में परिवर्तन पर विचार करते हुए, यह निर्धारण करने के लिए अनिवार्य प्रतीत होता है कि आयातों में वृद्धि अनुच्छेद 2.1 के अनुसार इतनी अधिक मात्रा में हुई है।

II अर्जेंटिना फूटवियर मामले में अपीलीय निकाय ने धारित किया है कि आयातों में यह वृद्धि अभिनव, अचानक, तीव्र और इतनी अधिक हो कि उससे घरेलू उद्योग को क्षति या क्षति की चुनौती उत्पन्न हो जाए। संगत सार निम्नलिखित है:

131. यह निर्धारण कि क्या इतनी अधिक मात्रा में आयातों की जरुरत को पूरा कर लिया गया है केवल गणितीय या तकनीकी निर्धारण नहीं होना चाहिए। दूसरे शब्दों में किसी जांच को साधारणत: यह दर्शाना पर्याप्त नहीं होता है कि इस वर्ष इस उत्पाद के आयात पिछले वर्ष या 5 वर्ष पहले से अधिक हुए। पुन: केवल आयातों की संवर्धित मात्रा की पर्याप्त नहीं होगी। इतनी अधिक मात्रा में वृद्धि होनी चाहिए कि उससे घरेलू उद्योग को क्षति या गंभीर क्षति की चुनौती उत्पनन हो जाए जो रक्षोपाय शुल्क लगाने के लिए पूर्वापेक्षा है। और रक्षोपाय करार के अनुच्छेद 2.1 तथा जीएटीटी 1994 के अनुच्छेद 19:1(क) में यह अपेक्षा की जाती है कि आयातों में यह वृद्धि परिणात्मक और गुणात्मक दोनों रुपों में अभिनव अचानक, तीव्र और बहुत अधिक मात्रा में होनी चाहिए। जिससे की गंभीर क्षति हो सके या गंभीर क्षति की चुनौती उत्पन्न हो सके।

III यूएस ह्वीट ग्लूटेन (डब्ल्यूटी/डीएस/166/आर दिनांक 31.7.200) में वाक्यांश इतनी अधिक मात्रा को निम्नवत निर्वचन किया गया है:

8.3.1 रक्षोपाय संबंधि करार के अनुच्छेद 2.1 और गाट 1994 के अनुच्छेद 19:1(क) आयातों में केवल वृद्धि की बात नहीं करते है बल्कि संबंधित उत्पाद के आयातों में वृद्धि की परिणात्मक और गुणात्मक प्रकृति के बारे में विशिष्ट अपेक्षाएं होती है। गाट 1994 के अनुच्छेद 19:1(क) और एसएके 2.1 में यह अपेक्षा की जाती है कि किसी उत्पाद का आयात सदस्य से संबंधित भू-भाग में इतनी अधिक मात्रा में(घरेलू उत्पादन के समग्र और संगत रुप से) हो कि उससे घरेलू उद्योग को क्षति होने या गंभीर क्षति की चुनौती उत्पन्न हो जाए। अत: केवल कोई वृद्धि पर्याप्त नहीं होगी बल्कि हम यह मानते में यह वृद्धि अचानक अभिनव तीव्र, परिणात्मक एवं गुणात्मक दोनों रुपों में इतनी अधिक हो कि उससे क्षति या गंभीर क्षति की चुनौती बंद हो जाए।

IV यूएस-लाइन पाइप मामले में डब्ल्यूटीओ पैनल ने यह पाया कि यह निर्धारण करने की जरुरत नहीं है कि आयातों में अभी भी वृद्धि हो रही है। बल्कि आयातों में अभिनव वृद्धि होनी चाहिए परंतु यह जरुरी नहीं है कि जांच की अवधि के अंत तक होती रहे या निर्धारण से ठीक पहले तक होती रहे।

7.207 प्रश्न बना रहता है कि क्या संवर्धित आयातों का निष्कर्ष वर्ष 1998 के प्रथम सेमस्टर से वर्ष 1999 के प्रथम सेमस्टर तक आयातों में समग्र गिरावट के आलोक में किया जा सकता है। इस प्रश्न का उत्तर देने के लिए हम अभिनव के आशय के संबंध में हुई चर्चा और हम अपने इस निष्कर्ष की अभिनव का आशय वर्तमान का विश्लेषण करने से नहीं है। हमारा यह भी विचार है कि आयातों में वृद्धि अभिनव रुप से हुई हो का आशय यह नहीं है कि यह वृद्धि प्राधिकारी के निर्धारण के लिए जांच से पहले की अवधि तक हुई हो अथवा जांच की अवधि की पूर्ण समाप्ति हुई हो अपने इस विचार के लिए हमें अनुच्छेद 2.1 से बल मिलता है जिसमें प्रावधान है कि यह उत्पाद इतनी अधिक मात्रा में आयात किया जा रहा है। इस करार ने विशेषन संवर्धित का प्रयोग किया गया है। संवर्धित शब्द का प्रयोग यह दर्शाता है कि यह निर्धारण करने की जरुरत नहीं है कि आयातों में अभी भी वृद्धि हो रही है। परंतु आयातों में वृद्धि अभिनव विगत तक हुई हो न कि जांच की अवधि से ठीक पहले या निर्धारण से तत्काल पहले तक हुई हो। परंतु यह कि उत्पाद का आयात जांच की अवधि के अंत तक इतनी अधिक संवर्धित मात्रा में हो रहा हो जिससे कि अनुच्छेद 2.1 की जरुरतें पूरी हो जाती हों।

V यूएस-स्टील रक्षोपाय (डब्ल्यूटी/डीएस/248/आर, डब्ल्यूटी/डीएस/249/आर, डब्ल्यू/डीएस/251/आर, डब्ल्यूटी/डीएस/252/आर,डब्ल्यूटी/डीएस/253/आर,डब्ल्यूटी/डीएस/254/आर, डब्ल्यूटी/डीएस/258/आर, डब्ल्यूटी/डीएस/259/आर, दिनांक 11.07.2003 में पैनल ने अपने निष्कर्ष में अपीलीय निकाय द्वारा धारित जांच परिणाम के इस निष्कर्ष का समाधान किया कि आयातों में अभिनव वृद्धि कितनी होनी चाहिए और यूएस-लाइन पाइप मामलें में पैनल से निम्नवत अपनी सहमति व्यक्त की।

10.161 जैसा कि यूएस-लाइन पाइप में पैनल ने कहा है कि रक्षोपाय संबंधी करार के अनुच्छेद 2.1 में एक ऐसे उत्पाद के बारे में बताया गया है " जिसका आयात इतनी अधिक बढ़ी हुई मात्रा में किया जा रहा है" इस प्रकार, निर्धारण के समय आयातों को बढ़ते रहने की जरुरत नहीं है जो आवश्यक है वह है यदि उत्पाद की इतनी अधिक संवर्धित मात्रा में आयात किया है तो उसके आयातों में वृद्धि हुई हो। इसलिए यह पैनल यूएस-लाइन पाइप पैनल के विचारों से सहमत है कि यह तथ्य कि आयातों में वृद्धि "अभिनव हो का आशय यह नहीं है कि यह वृद्धि जांचकर्ता प्राधिकारी द्वारा निर्धारण से तत्काल पहले की अवधि तक जारी रहना चाहिए न कि जांच की अवधि की समाप्ति तक। यूएस-लाइन पाइप मामले में पैनल द्वारा इंगित किए गए के अनुसार सर्वाधिक अभिनव आंकड़े फोकस में होना चाहिए परंतु उनपर जांच की अवधि के कम अभिनव पोर्शन से संबंधित आंकड़ों से अलग करके विचार नहीं किया जाना चाहिए। तथापि, जैसा कि वर्तमान सतत ''आर बीइंग" द्वारा व्यक्त किया जा रहा है, कि एक ऐसा निहितार्थ है कि वर्तमान में उच्चतर स्तर (अर्थात संवर्धित) बना रहना चाहिए।

10.163 "क्या जांच की अवधि की समाप्ति पर, किसी मामले में, आयातों में वृद्धि संवर्धित आयातों की जांच को वारित रक्षोपाय संबंधी करार के अनुच्छेद 2.1 के अंतर्गत, करेगी, इसलिए इस बात पर निर्भर करेगी कि बाद में कमी के बावजूद विगत वृद्धि; ऐसा होते हुए भी (अभी भी) "ऐसी बढ़ी हुई मात्रा में आयात किया जाता रहेगा"। इस मूल्यांकन में जिन कारकों को ध्यान में रखे जाने की जरुरत है वे है जांच की संगत अवधि की समाप्ति तक इस न्यूता की मत्रा और कालावधि तथा वृद्धि की प्रकृति, उदाहरणार्थ तीव्रता और सीमा जिसने पहले से हस्तक्षेप किया हो।"

10.164 एक चरम उदाहरण देने के लिए एक अल्प एवं अभिनव न्यूनता समग्र वृद्धि का कम नहीं करेगी, यदि आयातों में कई वर्षों में पहले से ही दस गुना वृद्धि हुई हो। प्रतिलोमत:, एक विपरीत चरम उदाहरण देने के लिए किसी को ऐसे उत्पाद के बारे में अधिक समय तक चर्चा नहीं करनी चाहिए, जिसका आयात ऐसी बढ़ी हुई मात्रा में अथवा वस्तुत: किसी भी संवर्धित मात्रा में किया जा रहा है, यदि निर्धारण के समय आयात संख्या को लगभग शून्य तक या किसी ऐसे स्तर से नीचे तक पहुंचा दिया हो जो विगत में जांच की अवधि में कमी न हुआ।"

VI यूएस-स्टीलरक्षोपायमें(डब्ल्यूटी/डीएस/248/एबी/आर,डब्ल्यूटी/डीएस/249/एबी/आर,डब्ल्यू/डीएस/251/एबी/आर, डब्ल्यूटी/डीएस/252/एबी/आर,डब्ल्यूटी/डीएस/253/एबी/आर,डब्ल्यूटी/डीएस/254/एबी/आर,डब्ल्यूटी/डीएस/258/एबी/आर, डब्ल्यूटी/डीएस/259/एबी/आर, दिनांक 11.07.2003 में अपीलीय निकाय ने यह सुम्पुष्ट किया है कि निर्धारण के समय आयातों को बढ़ने की जरुरत नहीं है और जांचकर्ता प्राधिकारी के दायित्व पर छोड़ दिया कि वह जांच की संपूर्ण अवधि के लिए आयातों की प्रवृत्ति की जांच करें।

367. "हम यूनाइटेड स्टेटस से सहमत है कि अनुच्छेद 2.1 में यह अपेक्षा नहीं की जाती है कि निर्धारण के समय के समय आयातों के बढ़ते रहने की जरुरत है। बल्कि इस शब्दबंध कि "ऐसी सम्वर्धित मात्रा में आयात किया जा रहा है" का सामान्य अर्थ यह सुझाव देता है कि आयातों में वृद्धि होनी चाहिए और यह कि संगत उत्पाद इतनी बढ़ी हुई मात्रा में आयात होते रहना चाहिए। हम यह विश्वास नहीं करते है कि जांच की अवधि की समाप्ति पर आयातों में कमी अनिवार्यत जांचकर्ता अधिकारी को निष्कर्ष निकालने से वाधित करेगी कि परंतु उत्पादों का आयात "बढ़ी हुई मात्रा में होते रहना चाहिए"।

यूएस-सटील रक्षोपाय में अपीलीय निकाय ने अर्जेंटिना-फूटवियर (ईसी) में दिये गये अपने निर्णय को पुन: दोहराया और जीएटीटी 1994 के अनुच्छेद 19:1(क) तथा रक्षोपाय संबंधी करार के अनुच्छेद 2.1 के संदर्भ में "इतनी बढ़ी हुई मात्रा में" के महत्व पर बल दिया है जो यह संपुष्टि करता है कि यह संवर्धित आयात संगत संवर्धित आयातों की इस योग्यता से जुड़े हो कि वे गंभीर क्षति कर रहे हो या गंभीर क्षति की चुनौती दे रहे हो।

346. हम पुन: इस परिणाम की संपुष्टी करते हैं [अर्जेंटिना-फूटवियर (ईसी)]। उस अपील में हमने ऐसी बढ़ी हुई मात्रा की जरुरत के पाठन के महत्व को बताया जिस संदर्भ में इनका प्रयोग जीएटीटी 1994 के अनुच्छेद 19:1(क) तथा रक्षोपाय संबंधी करार के अनुच्छेद 2.1 के संदर्भ में किया गया है। इस संदर्भ में गंभीर क्षति कारित करने या गंभीर क्षति की चुनौती उत्पन्न करने शब्दों को शामिल किया गया है। इस संदर्भ में पढ़ने से यह स्पष्ट है कि आयातों में वृद्धि इतनी अधिक मात्रा में होनी चाहिए जिससे घरेलू उद्योग को गंभीर क्षति या गंभीर क्षति की चुनौती उत्पन्न हो सके जिससे कि रक्षोपाय साधन का प्रयोग करने की अपेक्षा पूरी हो सके। वास्तव में हमारे दृष्टिकोण से वाक्यांश 'इतना' जो शब्द बंद इतनी अधिक मात्रा में प्रयोग होता है उसका संबंध उन संवर्धित संगत आयातों से है जिनमें गंभीर क्षति कारित करने अथवा गंभीर क्षति की चुनौती उत्पन्न करने की योग्यता हो। तदनुसार हम संयुक्त राज्य से सहमत है कि अर्जेंटिना-फूटवियर (ईसी) के हमारे अभिकथन में कि आयातों में यह वृद्धि अभिनव, अचानक, तीव्र और भारी होनी चाहिए..... जिससे कि गंभीर क्षति हो सके या गंभीर क्षति की चुनौती उत्पन्न हो सके, यह अभी कथन रक्षोपाय करार के अंतर्गत सक्षम प्राधिकारी की संपूर्ण जांच उत्तरदायित्व के बारे में था।

27. संवर्धित आयातों के बारे में विधि की उपर्युक्त जरुरतों को ध्यान में रखते हुए उद्देश्य और परिमाणनीय आंकड़ों पर आधारित है।

(क) आयातों में समग्र रूप से वृद्धि

निम्नलिखित तालिका सीमलेस पाइप और ट्यूब के संबंध में आयात सांख्यिकी दर्शाती है:-

वित्त वर्ष	कुल आयात (एमटी)	कुल आयात (अनुक्रमित वर्षवार)
2009-10	307581	100
2010-11	344829	112
2011-12	425194	138
2012-13 तिमाही I	99880	
2012-13 तिमाही 2	76118	
2012-13 तिमाही 3	104335	
2012-13 तिमाही 4	93515	
2012-13	373848	122

सीमलेस पाइप और ट्यूब के वर्ष 2012-13 में कुल आयात 37388 एमटी था जिसमें पिछले वर्ष हुए 425194 एमटी के आयातों की तुलना में 5136 एमटी की कमी हुई है अर्थात प्रतिशत रुप में यह कमी लगभग 12 प्रतिशत है। अंतिम बिंदु से अंतिम बिंदु की तुलना दर्शाती है कि आधार वर्ष 2009-10 की तुलना में वर्ष 2012-13 में आयातों में 22 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वर्ष 2012-13 को छोड़कर आयातों में लगातार वृद्धि हो रही है। अंतिम बिंदु से अंतिम बिंदु की तुलना यह भी दर्शाती है कि आयातों में यह वृद्धि समग्र रुप से हुई है परंतु वर्ष 2012-13 में, तत्काल पिछले वर्ष के साथ इसकी तुलना करने पर इसमें, समग्र रुप में वृद्धि नहीं हुई है।

(ख) उत्पादन के संबंध में आयातों का हिस्सा

निम्नलिखित तालिका उत्पादन के संबंध में आयातों के आंकड़े दर्शाती है। आयातों की हिस्सा जांच की अवधि के दौरान तक और अत्यधिक अभिनव अवधि में अर्थात 2012-13 में आधार वर्ष और विगत वर्ष दोनो से तुलना करने पर वृद्धि हुई है।

	2009-10	**2010-11**	**2011-12**	**2012-13**
आयात (एमटी)	307581	344829	425194	373848
कुल उत्पादन (एमटी)	422820	538554	583780	429454
आयातों का हिस्सा (%)	73	64	73	87

अत: यह नोट किया जाता है कि वर्ष 2012-13 में उत्पादन के संबंध में आयात में आधार वर्ष और विगत वर्ष दोनों में लगभग 14 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

उपर्युक्त विश्लेषण से यह स्पष्ट है कि विचाराधीन उत्पाद के आयातों में इस मामले में उत्पादन के संबंध में भारी वृद्धि हुई है और यह वृद्धि अभिनव अवधि में हो रही है और मेरे विचार से यह भारी, तीव्र और अचानक है जिससे यह रक्षोपाय शुल्क से संबंधित विधि के अंतर्गत संवर्धित आयातों के कारण हुई गंभीर क्षति के लिए रक्षोपाय शुल्क लगाने की शर्त को पूरा करती है।

28. गंभीर क्षति और उसके कारण

(i) सीमाशुल्क प्रशुल्क अधिनियम, 1975 की धारा 8ख(6)(ग) में गंभीर क्षति की अभिव्यक्ति को दोहराया गया है। गंभीर क्षति का आशय ऐसी क्षति से होता है जिसके कारण घरेलू उद्योग की स्थिति समग्र रुप से निष्क्रिय हो जाए।

(ii) रक्षोपाय संबंधी करार के अनुच्छेद 4.2 (क) और सीमाशुल्क प्रशुल्क (रक्षोपाय शुल्क की पहचान और आकलन) नियमावली 1997 के नियम 8 के अनुबंध के अनुसार अपेक्षा की गई है कि गंभीर क्षति या गंभीर क्षति की चुनौती का निर्धारण करने के लिए कुछ सूचीबद्ध कारकों तथा अन्य संगत कारको का मूल्यांकन करना चाहिए। तथापि यह प्रावधान ऐसा विनिर्दिष्ट नहीं करते है कि इस मूल्यांकन में क्या प्रदर्शित होना चाहिए। तथापि ऐसा किया गया कोई भी मूल्यांकन विशिष्ट मामले के तथ्यों और संबंधित उद्योग की स्थिति के आधार पर भिन्न मामलों में भिन्न उद्योगों के लिए भिन्न होगा। प्रत्येक सूचीबद्ध कारक का मूल्यांकन अनिवार्यत यह प्रदर्शित नहीं करेगा कि ऐसे प्रत्येक कारक में गिरावट आ रही है। उदाहरण के लिए, किसी एक मामले में बिक्री, रोजगार और उत्पादकता में भारी कमी आ सकती है जो उद्योग के स्थिति में "भारी समग्र परिक्षयण दर्शायेगा और इसलिए गंभीर क्षति के निष्कर्ष को न्यायोचित ठहरायेगा। वही दूसरे मामले में किसी निश्चित कारक में कमी न आ रही हो बल्कि ऐसा होते हुए भी उद्योग की स्थिति में भारी समग्र अवक्षयण प्रदर्शित हो रहा हो। अत: सभी सूचीबद्ध कारको और किसी अन्य संगत कारक की तकनीकी जांच करने के अलावा यह अनिवार्य है कि घरेलू उद्योग की समग्र स्थिति का मूल्यांकन उन सभी संगत कारकों के आलोक में करना चाहिए जिनका उस उद्योग की स्थिति पर प्रभाव पड़ता है। ऐसा ही पर्यवेक्षण अर्जेंटिना फूटवियर मामले में अपीलीय निकाय की रिपोर्ट (डब्ल्यूटी/डीएस/121/एबी/आर दिनांक 14.12.1999) के पैरा 139 में डब्ल्यू टी ओ पैनल द्वारा किया गया है।

(iii) सीमाशुल्क प्रशुल्क (रक्षोपाय शुल्क की पहचान और आकलन) नियमावली 1997 में निम्नलिखित प्रावधान किया गया है।

"यह निर्धारण करने के लिए की गई जांच में कि क्या वर्धित आयात क्षति कारित कर रहे है या गंभीर क्षति कारित करने की चुनौती का उद्योग को प्रदर्शन कर रहे है, महानिदेशक उन सभी संगत कारकों का उद्देश्य परक एवं परिमाणीय मूल्यांकन करेंगे जिनका उद्योग की स्थिति पर प्रभाव पड़ता है, खासकर संबंधित मद के आयातों में समग्र रुप से और संगत रुप से वृद्धि की दर एवं राशि, संवर्धित आयातों द्वारा अधिग्रहित घरेलू बाजार का हिस्सा, बिक्री, उत्पादन, उत्पादकता, क्षमता उपयोग, लाभ एवं हानि और रोजगार के स्तर में परिवर्तन के संबंध में।

29. तदनुसार गंभीर क्षति का विश्लेषण करने में उन सभी कारकों जिनका नियमावली में उल्लेख है तथा उन अन्य कारकों जो संगत है, पर विचार किया गया। किसी भी एक कारक को उपनतिकारी नहीं माना गया। संगत व्यवसाय चक्र और प्रतिस्पर्धा की स्थिति जो उद्योग को प्रभावित करने में संगत है के संदर्भ में सभी संगत कारको पर घरेलू उद्योग की माली हालत का मूल्यांकन करने के लिए विचार किया गया।

(क) बाजार हिस्सा : जांच की अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से में गिरावट आयी है। इस संबंध में आंकड़े निम्नलिखित है:-

वित्त वर्ष	कुल आयात (एमटी)	घरेलू उद्योग की बिक्री (एमटी)	अन्य भारतीय उत्पादकों (एमएसएल सहित) की बिक्री (एमटी)	कुल मांग सहित (एमटी)	% बाजार हिस्सा		
					घरेलू उद्योग	अन्य (एमएसएल सहित)	आयात
2009-10	307581	143017	104823	555420	25.75	18.87	55.38
2010-11	344829	168740	101020	614589	27.46	16.43	56.11
2011-12	425194	170826	93386	689406	24.78	13.54	61.68
2012- 13	373848	141558	68692	584098	24.24	11.75	64.01

यह देखा जाता है कि आवेदकों का वर्ष 2009-10 में बाजार हिस्सा 25.25 प्रतिशत था जो बढ़कर वर्ष 2010-11 में 27.46 प्रतिशत हो गया। वर्ष 2011-12 के दौरान आवेदकों के बाजार हिस्से में गिरावट आयी और यह 24.78 प्रतिशत हो गया तथा

वर्ष 2012-13 में यह घटकर 24.24 प्रतिशत हो गया। अत: यद्यपि घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से में वर्ष 2012-13 की अभिनव अवधि में गिरावट आयी है परंतु जब इसकी तुलना विगत वर्ष से की जाती है तो यह बिल्कुल मामूली सी है अर्थात 0.54 प्रतिशत है। आधार वर्ष से (2009-10) तुलना करने पर घरेलू उद्योग का बाजार हिस्से में पिछले 4 वर्षों में 1.51 प्रतिशत की गिरावट आयी है। यह इस तथ्य के बावजूद हुआ है कि मांग अत्यधिक अभिनव अवधि में गिरावट आयी है। एक ओर आयातों के बाजार हिस्से में जो वर्ष 2009-10 में 55.38 प्रतिशत था, बढ़कर वर्ष 2012-13 में 64.01 प्रतिशत हो गया। इस प्रकार यह 8.63 प्रतिशत की वृद्धि है। अत: यह देखा जाता है कि आयातों ने जांच की अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के हिस्से की कीमत पर बाजार पर अपना कब्जा कर लिया।

(ख) उत्पादन: अधोलिखित तालिका घरेलू उद्योग तथा अखिल भारतीय उत्पादकों, एमएसएल सहित, के संचयी घरेलू उत्पादन से संबंधित संगत आंकड़े प्रदर्शित करती है:

वर्ष	**2009-10**	**2010-2011**	**2011-12**	**2012-13**
घरेलू उद्योग का उत्पादन (एमटी)	224216	283619	318968	254316
अनुक्रमित	100	126.49	142.25	113.42
एमएसएल सहित अखिल भारतीय उत्पादकों का संचयी उत्पादन	422820	538554	583780	429454
अनुक्रमित	100	127.37	138.06	101.56

घरेलू उद्योग के कुल उत्पादन में वर्ष 2009-10 से 2011-12 तक वृद्धि हुई। तथापि वर्ष 2012-13 में घरेलू उद्योग के कुल उत्पादन में वर्ष 2011-12 की तुलना में 64652 एमटी की गिरावट आयी है। यह गिरावट 20 प्रतिशत है। अखिल भारतीय उत्पादकों द्वारा कुल उत्पादन की प्रवृत्ति भी घरेलू उद्योग के समान ही रही जहां यह वर्ष 2009-10 से तुलना करने पर वर्ष 2012-13 में समान स्तर पर ही बना रहा परंतु विगत वर्ष 2011-12 में इसमें गिरावट आयी जो बहुत तीव्र थी जिसे घरेलू उद्योग को क्षति हुई।

(ग) घरेलू बिक्री के स्तर में परिवर्तन: अधोलिखित तालिका घरेलू उद्योग की घरेलू बिक्रियों से संबंधित संगत आंकड़े दर्शाती है:

वर्ष	**2009-10**	**2010-11**	**2011-12**	**2012-13**
घरेलू उद्योग की घरेलू बिक्री (एमटी)	143017	168740	170826	141558
अनुक्रमित	100	118	119	99

घरेलू उद्योग की घरेलू बिक्री में वर्ष 2009-10 से 2011-12 तक ऊपर बढ़ने की प्रवृत्ति प्रदर्शित हुई है परंतु उसके पश्चात वर्ष 2012-13 में इसमें गिरावट आयी। अंतिम बिंदु से अंतिम बिंदु तक तुलना भी घरेलू उद्योग की बिक्री में मामूली सी कमी प्रदर्शित होती है। बिक्री में यह कमी विचाराधीन उत्पाद के लिए मांग में आयी कमी के अनुरुप थी। तथापि बिक्री में 17.13 प्रतिशत की गिरावट वर्ष 2012-13 में मांग में विगत वर्ष 2011-12 की तुलना में 15.28 प्रतिशत की गिरावट से कम है मांग के संबंध में आयात हिस्से में बढ़ोतरी से घरेलू उद्योग को क्षति हुई है।

(घ) क्षमता उपयोग: अधोलिखित तालिका घरेलू उद्योग के क्षमता उपयोग से संबंधित संगत आंकड़े प्रदान करती है:

वर्ष	2009-10	2010-11	2011-12	2012-13
घरेलू उद्योग की संस्थापित क्षमता (एमटी)	375000	685000	685000	685000
घरेलू उद्योग का क्षमता उपयोग (%)	60	41	47	37

घरेलू उद्योग के क्षमता उपयोग में वर्ष 2009-10 से ही निरंतर गिरने की प्रवृत्ति दर्शायी है। वर्ष 2011-12 इसका अपवाद रहा जब विगत वर्ष की तुलना में घरेलू उद्योग के क्षमता उपयोग में 6 प्रतिशत का मामूली सा सुधार हुआ। यह देखा जाता है कि वर्ष 2010-11 में घरेलू उद्योग ने अपनी क्षमता बढ़ाकर 310000 एमटी कर ली जिसके परिणामस्वरुप वर्ष 2009-10 की तुलना में वर्ष 2010-11 में क्षमता उपयोग में 19 प्रतिशत की गिरावट आयी। यह गिरावट इस तथ्य के बावजूद भी कि घरेलू उद्योग ने उक्त अवधि के दौरान अपने उत्पादन में 26 प्रतिशत सुधार कर लिया था। घरेलू उद्योग की स्थिति में वर्ष 2011-12 में कुछ सुधार हुआ परंतु वर्ष 2012-13 में क्षमता उपयोग में पुन: गिरावट आ गयी है।

हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किये गये इस आशय के प्रस्तुतिकरणों से कि न्यूनतर उपयोग क्षमता में वृद्धि के कारण आयात और इस तथ्य पर ध्यान देते हुए कि घरेलू उद्योग ने अपनी क्षमता में वर्ष 2010-11 में सुधार करके 310000 एमटी कर ली। यह विचार करना विवेकपूर्ण प्रतीत होता है कि क्या क्षमता उपयोग में यह गिरावट क्षमता में वृद्धि के कारण आई है।

वर्ष	**2009-10**	**2010-11***	**2011-12***	**2012-13***
घरेलू उद्योग की विगत संस्थापित क्षमता (एमटी)	375000	375000*	375000*	375000*
घरेलू उद्योग का क्षमता उपयोग (%)	60	76	85	68

*वर्ष 2009-10 अर्थात क्षमता संवर्धन से पहले समान प्रकल्पित

यदि घरेलू उद्योग ने अपनी क्षमता में वृद्धि नहीं की होती तो इसका उपयोग, जैसा कि उत्पादन आंकड़ों से स्पष्ट है, वर्ष 2009-10 के 60 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2012-13 में 68 प्रतिशत हो गया होता। तथापि यदि इसकी तुलना विगत वर्ष से की जाए तो वर्ष 2012-13 में इसमें तेजी गिरावट आयी है। चूंकि आयातों में वर्ष 2009-10 से 2011-12 तक की संपूर्ण अवधि में वृद्धि हो रही थी इसी लिए घरेलू उद्योग ने बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अपने क्षमता संवर्धन में निवेश किया। तथापि वर्ष 2012-13 में जब में मांग भारी कमी आई तो घरेलू उद्योग के इस क्षमता विस्तार में अत्यधिक अभिनव अवधि में वेशी क्षमता की स्थिति उत्पन्न कर दी।

(ड.) लाभ एवं हानि: अधोलिखित तालिका में सीमलेस पाइप और ट्यूब के कारोबार के संबंध में घरेलू उद्योग के लाभ और हानि से संबंधित संगत जानकारी दी गई है यह जानकारी द्वितीय सार्वजनिक सुनवाई के पश्चात प्रस्तुत की गई।

वर्ष (इकाई)	लाभ(रुपये/एमटी)(अनुक्रमित)
2009-10	100
2010-11	86
2011-12	64
2012-13	43

ऐसा प्रतीत होता कि घरेलू उद्योग संपूर्ण जांच की अवधि में फायदा में रहा हो। तथापि आधार वर्ष से वर्ष 2012-13 की अवधि में लाभ प्रदायकता में तीव्र गिरावट आयी। इसी तरह विगत वर्ष 2011-12 की तुलना में वर्ष 2012-13 में भी गिरावट आयी।

(च) **रोजगार:** आवेदकों ने प्रस्तुत किया है कि अभिनव अवधि के दौरान रोजगार के स्तर में कोई भारी परिवर्तन नहीं आया है। कर्मचारियों की सं.(औसतन) 2245 (2009-10) से बढ़कर 2645 (2012-13) को हो गई। जैसा कि निम्नलिखित तालिका से स्पष्ट है:-

वर्ष	**2009-10**	**2010-11**	**2011-12**	**2012-13**
घरेलू उद्योग में कर्मचारियों की औसत सं.	2245	2388	2567	2645
अनुक्रमित	100	106	114	117

यह नोट किया जाता है कि यदि घरेलू उद्योग को गंभीर क्षति हो रही होती या गंभीर क्षति की चुनौती हुई होती तो घरेलू उद्योग ने रोजगार में वृद्धि सामान्यत: नहीं की होती परंतु विचाराधीन उत्पाद की मांग और बिक्री में गिरावट के बावजूद घरेलू उद्योग ने वर्ष 2012-13 की अत्यधिक अभिनव में भी रोजगार की बढ़ती दर को बनाये रखा है।

(छ) **उत्पादकता:** घरेलू उद्योग की उत्पादकता में वर्ष 2011-12 और आधार वर्ष की तुलना में वर्ष 2012-13 की अत्यधिक अभिनव अवधि में गिरावट आयी है।

वर्ष	**2009-10**	**2010-11**	**2011-12**	**2012-13**
घरेलू उद्योग की उत्पादकता/कर्मचारी (एमटी/कर्मचारी)	100	118	124	96

यह भी स्पष्ट है कि बढ़ती उत्पादकता घरेलू उद्योग के रोजगार में बढ़ोतरी की संपुष्टता में है परंतु इसने वर्ष 2012-13 के अत्यधिक अभिनव अवधि में इसके विपरीत प्रवृत्ति दर्शायी है।

(ज) मालसूची: वस्तु की माल सूची में संपूर्ण क्षति अवधि में और अधिक महत्वपूर्ण ढंग से वर्ष 2012-13 की अत्यधिक अभिनव अवधि में 3888 एमटी तक वृद्धि हुई है अर्थात वर्ष 2011-12 से 41 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मालसूची का यह संचयन इस तथ्य के बावजूद आया कि घरेलू बिक्रियों में वर्ष 2009-10 से 2011-12 तक लगातार वृद्धि हुई है इसके साथ-साथ ही उत्पादन में वृद्धि हुई जो बिक्री से अधिक हो गया। इस स्थिति में इस तथ्य से और भी ज्यादा गिरावट आयी कि मालसूची का यह संचयन ऐसी स्थिति में हुआ जब स्वयं उत्पादन में विगत वर्ष की तुलना में वर्ष 2012-13 की अत्यधिक अभिनव अवधि में घरेलू बिक्री में गिरावट आयी है। वर्ष 2012-13 की इस अत्यधिक अभिनव अवधि में इस हलात में और अधिक गिरावट आयी जहां ऐसा प्रतीत होता है कि यह विचाराधीन उत्पाद की समग्र मांग में गिरावट और निर्यात में गिरावट के परिणामस्वरुप आयी है:-

वर्ष	2009-10	2010-11	2011-12	2012-13
मालसूची(एमटी)	5691	8805	9583	13471

30. अन्य कारक

(क) मांग के संबंध में आयात

वित्त वर्ष	कुल आयात (एमटी)	कुल मांग(एमटी)	मांग के संबंध में आयात का %
2009-10	307581	555420	55.38 %
2010-11	344829	614589	56.11%
2011-12	425194	689406	61.68 %
2012-13	373848	584098	64.01%

वर्तमान जांच के प्रयोजनार्थ विचाराधीन उत्पाद की खपत या मांग का निर्धारण विभिन्न देशों से भारत को इस उत्पाद के कुल आयात, घरेलू उद्योग की घरेलू बिक्री और अन्य घरेलू उत्पादकों (एमएसएल सहित) की घरेलू बिक्रियों के योग्य के रुप में किया गया है। उक्त अवधि के दौरान इस तरह निर्धारित मांग/खपत में परिवर्तन की तुलना विभिन्न स्रोतों से आयात में परिवर्तन से की गई जिससे कि यह निर्धारित किया जा सके क्या भारत में विचाराधीन उत्पाद के आयातों में देश में इस उत्पाद की मांग या खपत के संबंध में भारी वृद्धि हुई है। उपर्युक्त तालिका में यह नोट किया जाता है कि मांग की तुलना में आयातों में वर्ष 2009-10 में 55.38 प्रतिशत से वृद्धि हो कर वर्ष 2012-13 में आयात 64.01 प्रतिशत हो गये अर्थात पिछले 4 वर्षों के दौरान इनमें 8.63 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह भी नोट किया जाता है कि इस उत्पाद की मांग में वृद्धि होने पर इसके आयातों में भी वृद्धि हुई और वर्ष 2012-13 में जब मांग में गिरावट आयी तो आयातों में भी गिरावट आयी। तथापि यह नोट करना संगत है कि इस स्थिति में भी जांच की अवधि के दौरान मांग के संबंध में आयातों के हिस्से में वृद्धि हुई है।

हितबद्ध पक्षकारों के इस तर्क के संबंध में कि चीन से आयातों में वृद्धि हुई है, विचाराधीन उत्पाद के चीन से भारत को आयात तथा चीन के अलावा अन्य देशों से भारत को आयात के आंकड़े निम्नलिखित है:-

वर्ष	**चीन से आयात**	**अन्य देशों से आयात**	**कुल आयात**	**चीन से आयातों का %**
	मात्रा (एमटी)	मात्रा (एमटी)	मात्रा(एमटी)	
2009-10	198464	109117	307581	65
2010-11	248174	96655	344829	72
2011-12	311547	113647	425194	73
2012-13	258351	115497	373848	69

स्रोत: डीजीसीआई एंड एस

हितबद्ध पक्षकारों खासकर यूरोप से हितबद्ध पक्षकारों ने यह मुद्दा उठाया कि वर्तमान जांच केवल चीन के विरुद्ध की जानी चाहिए क्योंकि अन्य देशों से आयात न्यूनतम स्तर पर है। चीन विशिष्ट रक्षोपाय साधन का प्रयोग सीमाशुल्क प्रशुल्क अधिनियम, 1975 की धारा 8ग और सीमाशुल्क (परिवर्ती उत्पाद विशिष्ट रक्षोपाय शुल्क) नियमावली, 2002 के अंतर्गत किया जा सकता है। इनका अधिनियमन चीन के डब्ल्यूटीओ अधिग्रहण प्रोटोकोल की धारा 16 के अनुसरण में किया गया था जिसमें चीन से आयातों के संबंध में परिवर्ति उत्पाद विशिष्ट रक्षोपाय तंत्र की अनुमति है। उक्त अधिग्रहण प्रोटोकोल के पैरा 16.9 में विनिर्दिष्ट किया गया है कि धारा 16 का अनुप्रयोग अधिग्रहण की तारीख से 12 वर्षों के पश्चात समाप्त हो जायेगा। यह नोट किया जाता है कि यह मामला अप्रैल, 2012 में शुरू किया गया था और इसलिए चीन विशिष्ट रक्षोपाय साधन के अंतर्गत जांच करना निरर्थक हो जाता क्योंकि चीन का डब्ल्यूटीओ अधिग्रहण प्रोटोकोल 10 दिसम्बर, 2013 को समाप्त हो गया था। इस संबंध में जांच की अवधि में आयातों की प्रमात्रा की जांच की गई और यह पाया गया कि विगत 4 वर्षों में समग्र आयातों में समग्र रूप से वृद्धि हुई है और इनमें जांच की अवधि के दौरान चीन से विचाराधीन उत्पाद के आयातों का हिस्सा औसतन 70 प्रतिशत था और अन्य देशों से आयात का हिस्सा लगभग 30 प्रतिशत था। केवल इस तथ्य के कारण कि चीन से

आयात का प्रतिशत अन्य देशों से आयात के प्रतिशत से अधिक है भारत में विचाराधीन उत्पाद के समग्र आयातों पर रक्षोपाय जांच करना वारित नहीं हो जाता है।

मेरा विचार है कि घरेलू उद्योग द्वारा की गई यह याचिका सीमाशुल्क प्रशुल्क अधिनियम, 1975 की धारा 8ख के अंतर्गत की गई है और जांच भी उसी के आलोक में आयोजित की गई। यह नोट किया जाता है कि सीमाशुल्क प्रशुल्क अधिनियम, 1975 की उक्त धारा 8ख के अंतर्गत सामान्य लक्ष्यों पाय जांच में सभी देशों से होने वाले आयातों की बिना किसी भेदभाव के, विकासशील देशों को छोड़कर, जांच की गई जहां आयात न्यूनतम स्तर से ऊपर हो रहे हैं या नहीं हो रहे हैं, इस तथ्य की जांच की गई है।

जहां तक इस तर्क का संबंध है कि यह मामला रक्षोपाय मामलें की तुलना में पाटनरोधी मामला अधिक बनता है, मेरा विचार है कि पाटनरोधी शुल्क एक अंतर्राष्ट्रीय रूप से स्वीकृत और विधिक रूप से संधारणीय व्यापार उपचार साधन है जिसका प्रयोग पाटित आयातों के दुष्प्रभावों का मुकाबला करने और उन्हें प्रशुल्क अवरोधों के जरिए निष्क्रिय करने के लिए किया जाता है जबकि रक्षोपाय शुल्क घरेलू उद्योग की बढ़ते आयातों के क्षतिकारी प्रभाव से प्रशुल्क अवरोध बढ़ाकर रक्षा करना है। दोनों ही शुल्को का एक समान कार्य है अर्थात आयातों के क्षतिकारी प्रभावों को निष्क्रिय करना। घरेलू उद्योग वर्तमान याचिका दायर करने के लिए न्यायोचित ठहराया जा सकता है क्योकि उन्होंने आयातों में वृद्धि के कारण क्षति का दावा किया था। डब्ल्यूटीओ कानून भी इसकी अनुमति देते हैं। किसी हितबद्ध पक्षकार ने घरेलू या अंतर्राष्ट्रीय विधि के उल्लंघन का मामला प्रस्तुत नहीं किया है। यह जांच भारत में विचाराधीन उत्पाद के आयातों की बढ़ती प्रमात्रा के परिणामस्वरूप न कि विचाराधीन उत्पाद के पाटन के परिणामस्वरूप घरेलू उद्योग को हुई गंभीर क्षति या गंभीर क्षति की चुनौती का निर्धारण करने के लिए की गई थी। इसलिए इन हितबद्ध पक्षकारों का तर्क समझ से पहले है और उसे स्वीकार नहीं किया जा सकता है।

(ख) निर्यात: निम्नलिखित तालिका घरेलू उद्योग द्वारा किये गये निर्यातों के संबंध में प्रदान करती है-

वर्ष	2009-10	2010-11	2011-12	2012-13
घरेलू उद्योग द्वारा निर्यात (एमटी)	87361	113437	147735	109579
अनुक्रमित	100	130	169	125

घरेलू उद्योग द्वारा किये गये निर्यातों में वर्ष 2011-12 के पश्चात वर्ष 2012-13 में गिरावट आयी है जबकि वर्ष 2009-10 से वर्ष 2011-12 तक इनमें लगातार वृद्धि हुई।

यह भी नोट किया जा सकता है कि घरेलू उद्योग ने वर्ष 2009-10, 2010-11, 2011-12 और 2012-13 में अपने उत्पादन का क्रमश: 38.9 प्रतिशत, 39.9 प्रतिशत 46.3 प्रतिशत और 43.08 प्रतिशत निर्यात किया है। यह दर्शाता है कि सीमलेस पाइप और ट्यूब का निर्यात घरेलू उद्योग का एक बड़ा व्यवसाय है। वर्ष 2012-13 में निर्यात में 38156एमटी की गिरावट आयी जिसके कारण घरेलू बाजार को बेशी क्षमता उपलब्ध हुई। भारतीय उद्योग द्वारा वर्ष 2012-13 में खोये निर्यात बाजार की पूर्ति घरेलू बाजार में बढ़ती हुई मांग के कारण नहीं हो सकी और इसमें 15.2 प्रतिशत की गिरावट आई। यह इस तथ्य से स्पष्ट है कि घरेलू उद्योग की कुल घरेलू बिक्री में भी वर्ष 2012-13 में कमी आई। ऐसा प्रतीत होता है कि वर्ष 2012-13 में मालसूची में वृद्धि का यह एक बड़ा कारक था।

(ग) घरेलू उद्योग की समग्र स्थिति:

उपर्युक्त के रूप में किये गये समग्र विश्लेषण से यह स्पष्ट होता है कि घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से में जांच अवधि के दौरान गिरावट आयी। घरेलू उद्योग के कुल उत्पादन में 2009-10 से 2011-12 तक वृद्धि हुई। तथापि घरेलू उद्योग का वर्ष 2012-13 में कुल उत्पादन वर्ष 2011-12 की तुलना में घटा है। घरेलू उद्योग की बिक्रियों में भी वर्ष 2009-10 से 2011-12 तक में वृद्धि प्रदर्शित हुई है परंतु उसके पश्चात वर्ष 2012-13 में इसमें गिरावट आ गई। 2011-12 अपवाद रहा जब विगत वर्ष की तुलना में घरेलू उद्योग के क्षमता उपयोग में 6 प्रतिशत का मामूली सा सुधार हुआ। आधार वर्ष से तुलना करने पर वर्ष 2012-13 की अभिनव अवधि और वर्ष 2011-12 से तुलना करने पर वर्ष 2012-13 में घरेलू उद्योग की लाभप्रदायकता में तीव्र गिरावट आई है। घरेलू उद्योग की उत्पादकता में वर्ष 2012-13 की अत्यधिक अभिनव अवधि में, वर्ष 2011-12 और आधार वर्ष से तुलना करने पर गिरावट आयी है। घरेलू उद्योग की माल सूची में संपूर्ण क्षति अवधि के दौरान वृद्धि हुई है। घरेलू उद्योग

द्वारा भारत से किये गये निर्यातों में वर्ष 2011-12 से वर्ष 2012-13 तक गिरावट आयी है और इससे पहले वर्ष 2009-10 से वर्ष 2011-12 तक इसमें निरंतर वृद्धि हुई थी।

अत: लगभग उन सभी कारकों के आलोक में जिनका घरेलू उद्योग की स्थिति पर प्रभाव पड़ता है घरेलू उद्योग की समग्र स्थिति का मूल्यांकन करने से यह स्पष्ट होता है कि भारी समग्र अवक्षयण हुआ है। अत: यह निष्कर्ष निकाला जाता है कि घरेलू उद्योग को विचाराधीन उत्पाद के बढ़ते आयात के कारण गंभीर क्षति हुई है।

31. कारणात्मक संबंध

सीमाशुल्क प्रशुल्क (रक्षोपाय शुल्क की पहचान एवं आकलन) नियमावली, 1977 के नियम 5(3)(ग) में यह उल्लेख है कि संवर्धित आयातों और कथित क्षति या क्षति की गंभीर चुनौती के बीच कारणात्मक संबंध अपेक्षित है।

कारणात्मक संबंध का निर्धारण करने के प्रयोजनार्थ उन सभी संगत कारकों का उद्देश्य परक और परिणात्मक प्रकृति का अध्ययन किया गया जिनका घरेलू उद्योग की स्थिति पर प्रभाव पड़ता है।

चूंकि घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से में वर्ष 2011-12 के 24.78 प्रतिशत से कमी होकर वर्ष 2012-13 में 24.4 प्रतिशत हो गया इस प्रकार इसमें 0.54 प्रतिशत की कमी आई और बाजार हिस्सा जो वित्त वर्ष 2009-10 में 25.75 प्रतिशत था घटकर वित्त वर्ष 2012-13 में 24.24 प्रतिशत रह गया अर्थात इसमें 1.51 प्रतिशत की कमी आई जबकि आयातों के बाजार हिस्से में समनुरूपी वृद्धि हुई। आयातों का बाजार हिस्सा जो वर्ष 2009-10 में 55.38 प्रतिशत था वर्ष 2012-13 में बढ़कर 64.01 प्रतिशत हो गया, ऐसा प्रतीत होता है कि कारणात्मक संबंध मौजूद है। इसके अतिरिक्त यद्यपि घरेलू उद्योग की बिक्री में गिरावट की प्रमात्रा वर्ष 2011-12 की तुलना में वर्ष 2012-13 के दौरान आयात मात्रा में गिरावट से कम थी। घरेलू उद्योग के हिस्से में गिरावट के अनुरूप ही आयातों के बाजार हिस्से में वृद्धि हुई है।

वर्तमान मामलें में यद्यपि कुछ हितबद्ध पक्षकारों ने दावा किया है कि विचाराधीन उत्पाद के आयातों में 2011-12 तक वृद्धि हुई और उसके पश्चात वर्ष 2012-13 में इसमें गिरावट आयी है। उसी अवधि के दौरान उद्योग के उत्पादन, बिक्री, निर्यात, उत्पादकता और रोजगार में बढ़ने की प्रवृत्ति प्रदर्शित हुई है। यहां मैं पाता हूं कि जब आयातों में वृद्धि हुई तो घरेलू उद्योग के कार्यनिष्पादन में भी सुधार हुआ और वर्ष 2012-13 में जब आयातों में गिरावट आयी तो घरेलू उद्योग के निष्पादन में भी गिरावट आयी। तथापि यह भी देखा जाता है कि घरेलू उद्योग अपनी क्षमता में बढ़ोतरी और क्षमता वृद्धि से पूर्व न्यून क्षमता उपयोग के कारण क्षति सहन कर रहा है। उत्पादकता में अत्यधिक अभिनव अवधि में गिरावट आयी है हालांकि घरेलू उद्योग ने संपूर्ण क्षति अवधि के दौरान वर्ष दर वर्ष के आधार पर, इस तथ्य पर ध्यान दिये बिना कि आयात बढ़ रहे है या घट रहे है। रोजगार के स्तर में बढ़ोतरी की है। मालसूची की स्थिति उत्पादन में गिरावट आने के बावजूद और अधिक बदतर हो गयी। हितबद्ध पक्षकारों द्वारा यह तर्क दिया गया है कि वर्ष 2011-12 तक इस उत्पाद की बढ़ती मांग के कारण आयातों, उत्पादन, बिक्रियों, उत्पादकता और रोजगार में वृद्धि हुई है तथा 2012-13 में मांग में कमी आने के परिणामस्वरुप आयातों, उत्पादन, बिक्री, उत्पादकता और रोजगार में कमी आयी है। तथापि हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किया गया यह सरल निष्कर्ष तथ्यों के आधार पर सही नहीं है जहां वर्ष 2012-13 की अत्यधिक अभिनव अवधि में विचाराधीन उत्पाद की मांग और आयात दोनो में गिरावट आने के बावजूद मांग में आयातों का हिस्सा तथा वर्ष 2012-13 में इसके आयात हिस्से में वृद्धि हुई है। इसका इस तथ्य से भी समर्थन होता है कि घरेलू उद्योग को संपूर्ण जांच की अवधि के दौरान लाभप्रदायकता में गिरावट का सामना करना पड़ा है। इससे संवर्धित आयातों और अत्यधिक अभिनव अवधि तथा जांच की अवधि में घरेलू उद्योग को हुई क्षति के बीच कारणात्मक संबंध है।

रक्षोपाय करार के अनुच्छेद 4.2 (ख) में संवर्धित आयातों तथा गंभीर क्षति के बीच कारणात्मक संबंध स्थापित करने का प्रावधान है और यह उद्देश्य परक साक्ष्य के आधार पर स्थापित हो चुका है। कारणात्मक संबंध के मुद्दे की जांच कोरिया-डेरी (डब्ल्यूटी/डीएस98/आर, दिनांक 21.2.1999) के संबंध में डब्ल्यूटीओ पैनल द्वारा की गई जांच के अनुरुप की गई है और इस पैनल ने कारणात्मक संबंध का निर्धारण करने के लिए आधारभूत अधिगम स्थापित किया है।

7.89 कारणात्मक संबंधों का आकलन करते समय, यह हमारा विचार है कि, राष्ट्रीय प्राधिकारी को यह विश्लेषण करने और यह निर्धारित करने की जरूरत होती है कि क्या उद्योग में हुए विकास, गंभीर क्षति का प्रदर्शन करने के लिए जिन पर राष्ट्रीय प्राधिकारी द्वारा विचार किया गया, बढ़ते हुए आयातों के कारण हुए है। कारणात्मक संबंधों का आकलन करते समय राष्ट्रीय

प्राधिकारी को उन सभी कारकों का उद्देश्य परक एवं गणनीय प्रकृति का मूल्यांकन करना होता है जिनका उद्योग की स्थिति पर प्रभाव पड़ता है। इसके अतिरिक्त यदि राष्ट्रीय प्राधिकारी ने संवर्धित आयातों के अलावा कुछ ऐसे अन्य कारक अभिज्ञात कर लिये है जिनके कारण घरेलू उद्योग को क्षति हुई है तो यह सुनिश्चित किया जायेगा कि इन कारकों द्वारा कारित क्षति के लिए यह न माना जाए कि वह क्षति संवर्धित आयातों द्वारा कारित की गई है।

7.90 कारणात्मक संबंध स्थापित करने के लिए कोरिया को यह अभिव्यक्त करना पड़ा कि उसके घरेलू उद्योग को क्षति संवर्धित आयातों के कारण हुई है। दूसरे शब्दों में कोरिया को यह दर्शाना पड़ा कि एसएमपीपी के आयातों के कारण उसके मिल्क पाउडर और कच्चे दूध का उत्पादन करने वाले घरेलू उद्योग को क्षति हुई है। इसके अतिरिक्त घरेलू उद्योग की स्थिति का विश्लेषण करने पर कोरिया के प्राधिकारी ने अन्य कारकों द्वारा कारित क्षति के लिए आयातों को जिम्मेदार नहीं ठहराया।

हमने सभी सूचीबद्ध तथा अन्य संगत कारकों का उद्देश्य परक एवं परिकलनीय मूल्यांकन किया है जिनका उद्योग की स्थिति पर प्रभाव पड़ता है और उनका ऊपर वर्णन किया गया और गंभीर क्षति का निर्धारण इन्हीं कारकों के मूल्यांकन के आधार पर किया गया है। ऊपर किये गये विश्लेषण से यह देखा जा सकता है कि आयातों की उपरीगामी प्रवृति क्षति कारकों की अधोगामी प्रवृति से जुड़ी हुई है। लगभग सभी कारको का व्यक्तिगत रुप से सामूहिक रुप से किय गया मूल्यांकन यह दर्शाता है कि संवर्धित आयातों और इन आयातों द्वारा कारित गंभीर क्षति के बीच कारणात्मक संबंध है और इसलिए मैं यह उपपादित करता हूं कि इस मामले में कारणात्मक संबंध स्थापित हो गया है।

32. गंभीर क्षति की चुनौती


आवेदकों ने उल्लेख किया है कि संपूर्ण विश्व में बड़ी बाजारों द्वारा विभिन्न व्यापार उपचारी कार्रवाईयों के कारण और चीन जन.गण तथा यूएस में क्षमताओं में वृद्धि के कारण घरेलू उद्योग को गंभीर क्षति की चुनौती का स्पष्ट एवं आसन्न खतरा है। इसके अतिरिक्त ओएनजीसी के 80 प्रतिशत से अधिक टेंडर और ऑयल इंडिया के 57 प्रतिशत से अधिक टेंडर विदेशी प्रदायकों को प्रदान किये जाने के परिणामस्वरुव संबद्ध वस्तु का निर्वाध आयात होगा जिससे घरेलू उद्योग और भारतीय उद्योग को समग्र रुप से गंभीर क्षति की चुनौती उत्पन्न होगी।

सार्वजनिक सुनवाई के दौरान पीओआई से परे के आयात आंकड़ों के बारे में यह जांच करने के लिए पूछा गया कि क्या संवर्धित आयातों की प्रवृत्ति है या नहीं और क्या इससे घरेलू उद्योग को गंभीर क्षति हो रही है या नहीं। घरेलू उद्योग ने वर्ष 2013-14 की पहली तिमाही के आयात आंकड़े प्रस्तुत किये है जो निम्नलिखित है:-

वित्त वर्ष	कुल आयात (एमटी)	कुल आयात वर्ष 2009-10 के लिए वार्षिक रुप से अनुक्रमित
2013-14 (तिमाही 1)	85011	
2013-14	340044 (वार्षिकीकृत)	111

अधोलिखित ग्राफ आधार वर्ष 2009-10 से वर्ष 2013-14 (वार्षिकीकृत) की प्रथम तिमाही के आयातों की प्रवृति की प्रकृति दर्शाता है। वर्ष 2009-10 से वर्ष 2013-14 (वार्षिकीकृत) तक अंतिम बिंदु से अंतिम बिंदु की तुलना करने पर यह संकेत मिलता है कि आयातों में समग्र रुप से 11 प्रतिशत की वृद्धि हुई है परंतु वर्ष 2011-12 की तुलना में वर्ष 2012-13 से 2013-14 (वार्षिकीकृत) तक कम होने की प्रवृति प्रदर्शित होती है।

ग्राफ-1



वर्ष 2013-14 की प्रथम तिमाही के आंकड़ों का जांच की अवधि के पश्चात की अवधि के लिए विश्लेषण करने पर यह संकेत मिलता है कि आयातों में यह गिरावट चालू वित्तीय वर्ष 2013-14 की पहली तिमाही में भी बनी रही अर्थात वर्ष 2012-13 में हुए 373848 एमटी आयात की तुलना में वर्ष 2013-14 में 340044 एमटी के आयात हुए जो आयातों में 11 प्रतिशत की कमी है। इसलिए यह देखा जाता है कि आयातों में जांच की अवधि के दौरान वृद्धि हुई परंतु विगत की वर्ष की तुलना में 2012-13 के अत्यधिक अभिनव अवधि में या वर्ष 2012-13 या 2011-12 से 2013-14 (वार्षिकीकृत) में यह प्रवृत्ति स्थिर नहीं रही।

इस संबंध में यह देखा जाता है कि यद्यपि चीन जन.गण और ईयू द्वारा क्षमताओं में वृद्धि घरेलू उद्योग को दीर्घकालिक चुनौती उत्पन्न कर सकती है और जांच की अवधि के पश्चात की अवधि अप्रैल, 2013 से जून, 2013 तक के आंकड़ों का विश्लेषण यह व्यक्त करता है कि घरेलू उद्योग का उक्त चुनौती अववोधन अवांछित है। इसके अतिरिक्त निविदाएं प्रदान करना/प्राप्त करना या प्राप्त न होना घरेलू उद्योग के लिए चुनौती का एक कारण नहीं हो सकता है क्योंकि ओएनजीसी जैसी कंपनियों द्वारा ऑयल पाइप और बायलर पाइप की श्रेणी में प्रमुख निर्यात अंतरर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मक बोली की प्रक्रिया द्वारा किये जाते है जहां घरेलू बोलीदाताओं को निविदा में प्रतिभागिता करने का समान अवसर दिया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय बोली की स्थिति में सभी प्रतिभागीगण निविदा बोली दस्तावेजों में निर्धारित शर्तो एवं निवंधनों के अनुसार परियोजना के लिए क्रेता द्वारा चयनित न्यूनतम कीमत पर बोली लगाते है और निर्यातकों का कीमत पर कोई नियंत्रण नहीं होता है। अत: विशिष्ट उत्पाद के लिए यह एक खुला प्रापण है। यदि उक्त उत्पाद की आपूर्ति की जाती है तो वह प्रतिस्पर्धी लागत पर होती है चाहे वह घरेलू उद्योग द्वारा की जाए या आयात द्वारा।

इसके अतिरिक्त घरेलू उद्योग का तर्क स्वीकार नहीं है जहां तथ्य यह संकेत करते है कि वर्ष 2012-13 की विगत तिमाही में हुए आयातों की तुलना में वर्ष 2013-14 की प्रथम तिमाही में आयातों में गिरावट आयी है। वर्ष 2013-14 की प्रथम तिमाही के आयात आंकड़ों का वार्षिकीकरण यह सुझाता है कि वर्ष 2013-14 में आयातों में पिछले वर्ष हुए 373848 एमटी के आयातों की तुलना में गिरावट होकर 340044 एमटी आयात होने की उम्मीद है। 2013-14 की प्रथम तिमाही के उत्पादन और बिक्री के आंकड़ों का वार्षिकरण यह दर्शाता है कि वर्ष 2013-14 (वार्षिकीकृत) का उत्पादन आधार वर्ष 2009-10 की तुलना में 1 प्रतिशत घटा है जबकि वर्ष 2013-14 वार्षिकीकृत की बिक्री आधार वर्ष की तुलना में लगभग समान स्तर पर बनी रही है। घरेलू उद्योग का बाजार हिस्सा वर्ष 2013-14 में (वार्षिकीकृत) आधार वर्ष की तुलना में तथा 2012-13 के तत्काल पूर्ववर्ती वर्ष में बढ़ा है वर्ष 2012-13 और 2013-14 (वार्षिकीकृत) में आयातों का बाजार हिस्सा लगभग एक समान बना रहा। अत: रिकार्ड में ऐसा कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं है जो यह दर्शाता हो कि व्यापार उपचारी साधनों तथा चीन द्वारा नई क्षमताओं में वृद्धि किये जाने से इन स्रोतों से निर्यात भारत की ओर इतनी अधिक मात्रा में विपथित होगे कि उनसे घरेलू उद्योग

को गंभीर क्षति की चुनौती उत्पन्न हो जाएगी। इसलिए यह स्पष्ट है कि भारत में संबद्ध वस्तु के आयातों की निरंतरता से घरेलू उद्योग को क्षति का कोई आसन्न खतरा नहीं है।

वित्त वर्ष	2009-10	2010-11	2011-12	2012-13	2013-14 (तिमाही 1)	2013-14 (वार्षिकीकृत)
कुल आयात (एमटी)	307581	344829	425194	373848	85011	340044
घरेलू उद्योग का उत्पादन (एमटी)	224216	283619	318968	254316	55468	221872
घरेलू उद्योग की बिक्री	143017	168740	170826	141558	35785	143140
अन्यों की बिक्री	104823	101020	93386	68662		45246
खपत/मांग	555421	614589	689406	584064		528430
मांग में बाजार हिस्सा						
खपत के संदर्भ में आयात (%)	55	56	62	64		64
घरेलू उद्योग की बिक्री	26	27	25	24		27

33. समायोजन योजना

सीमाशुल्क प्रशुल्क (रक्षोपाय शुल्क की पहचान एवं आकलन) नियमावली, 1997 के नियम 5(2) में यह अपेक्षा की जाती है कि आयात प्रतिस्पर्धा से सकारात्मक समायोजन करने के लिए किये जा रहे या किये जाने के लिए योजित या दोनों के संबंध में एक विवरण प्रस्तुत करना चाहिए। रक्षोपाय संबंधी डब्ल्यूटी करार में भी प्रावधान है कि कोई सदस्य रक्षोपाय साधन का प्रयोग गंभीर क्षति का निवारण करने या उसका उपचार करने के लिए आवश्यक सीमा तक करेगा और समायोजन सुलभ बनायेगा।

निर्णायक रक्षोपाय साधन का प्रयोजन घरेलू उत्पादकों को सीमित समयावधि के लिए ऐसे साधन प्रदान करना है जिससे वह पुन क्षमता प्राप्त कर सके और आयातों से प्रभावशाली ढंग से प्रतिस्पर्धा कर सके। सीमाशुल्क प्रशुल्क अधिनियम 1975 की धारा 8ख (4) और सीमाशुल्क प्रशुल्क (रक्षोपाय शुल्क की पहचान एवं आकलन) नियमावली 1997 के नियम 16(2) में प्रावधान है कि यदि ऐसा कोई साक्ष्य नहीं है कि घरेलू उत्पादक समायोजन कर रहे है तो उस उपाय के विस्तार का निषेध किया जा सकता है।

इस मामले में घरेलू उत्पादकों ने समायोजन योजना निर्धारित की है जो मुख्यत: निम्नलिखित सेक्टरों में कीमत कम करने पर बल देती है:-

(i) कच्चा माल

(ii) विद्युत एवं उपयोगी वस्तुएं

(iii) मालसूची, कार्मिक और वित्त का प्रबंधन

मैसर्स आईएसएमटी ने प्रस्तुत किया है कि उन्होंने डीआरआई स्पंज आयरन का आयात करना प्रारंभ कर दिया है जो बिलेट की लागत को कम कर देगा। मैसर्स आईएसएमटी ने अभी हाल ही में एक ग्राही संयंत्र स्थापित किया है जिसने वर्ष 2013 में उत्पादन प्रारंभ कर दिया है और इससे विद्युत लागत में बचत होगी। उन्होंने उत्पादन में सुधार करके, ईंधन के प्रकार में परिवर्तन करके, मिल फरनेश की सुनियोजित बंदी, बेहतर भंडार और स्पेयस, मालसूची प्रबंधन, प्रशासनिक लागत और वित्त लागत में कटौती करने की योजना भी बनाई है।

मैसर्स जिंदल एसएडब्ल्यू ने उल्लेख किया है कि वे उच्चतर वजन वाली बिलेट का इनपुट कच्चे माल के रुप में प्रयोग करने की योजना बना रहे है जिसका अंतिम उत्पाद और लागत पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। विद्युत लागत में कमी करने के लिए मैसर्स जिंदल एसएडब्ल्यू का इरादा तेल के स्थान पर कोयला का प्रयोग करना है जिससे ऊर्जा लागत में कमी हो। मैसर्स जिंदल एसएडब्ल्यू का इरादा अगले तीन वर्षों में कच्चे माल तथा तैयार वस्तु की माल सूची में कमी लाने का है। वे कतिपय बाजारों के लिए नये उत्पादों का विकास भी कर रहे है।

कुछ हितबद्ध पक्षकारों ने तर्क दिया है कि घरेलू उद्योग ने अपेक्षित समायोजन योजना प्रदान नहीं करायी है अर्थात कोई ठोस विवरण नहीं दिया है और यह कि घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत समायोजन योजना के लिए अत्यधिक गोपनीयता का दावा किया गया है। हितबद्ध पक्षकारों ने यह भी उल्लेख किया है कि घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावित पुनर्गठन योजना दर्शाती है कि वह घरेलू उद्योग द्वारा संसाधनों के कुशल प्रबंधन पर आधारित है जैसे कच्चे माल विद्युत एवं ऊर्जा तथा कार्मिको का बेहतर उपयोग और बेहतर मालसूची प्रबंधन, उत्पादन और प्रसंकरण लागत में कमी। इसमें किसी वास्तविक समायोजन का सुनिश्चय नहीं किया गया है। हितबद्ध पक्षकारों ने यह भी प्रस्तुत किया है कि प्रस्तावित पुनर्गठन योजना में उस तरीके का प्रकटन नहीं किया गया है जिसका प्रयोग करके याचिकाकर्ता उल्लिखित उद्देश्यों को प्राप्त करना चाहते हैं। जहां तक याचिका में समायोजन योजना का अगोपनीय पाठ प्रस्तुत करने में भारी गोपनीयता बरतने के हितबद्ध पक्षकारों के तर्क के संबंध में कहा जा सकता है कि इस मुद्दे की जांच की गई है।

मैने पाया है कि सीमलेस पाइप और टयूब के आयातों की जांच करने के लिए वर्तमान याचिका ऐसा मामला नहीं है जिसमें आवेदको ने समायोजन योजना प्रस्तुत ही नहीं की है। मामले का तथ्य यह है कि घरेलू उद्योग ने समायोजन योजना याचिका के गोपनीय पाठ के रुप में प्रस्तुत की है परंतु उन्होंने समायोजन योजना का अगोपनीय पाठ याचिका में व्यवसाय उपयुक्तता का दावा करते हुए प्रस्तुत नहीं किया है। तथापि जांच के दौरान याचिकाकर्ताओं ने आईएसएमटी लिमिटेड और मैसर्स जिंदल एसएडब्ल्यू लिमिटेड दोनों के लिए दिनांक 29.8.2013 को समायोजन योजना का अगोपनीय पाठ प्रस्तुत कर दिया। तत्पश्चात समायोजन योजना के इस अगोपनीय पाठ को सभी हितबद्ध पक्षकारों ने परिचालित किया गया और उसे सार्वजनिक फाइल में भी रखा गया। हितबद्ध पक्षकारों ने इस समायोजन योजना के संबंध में अपने प्रस्तुतिकरणों/प्रोक्तियों में टिप्पणियां भी की है। तथापि उनमें से किसी ने भी इस आशय का ठोस साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया है कि घरेलू उद्योग की समायोजन योजना उन्हें प्रदान नहीं कराई गयी है और/या वह अर्थक्षम नहीं है। अत: हितबद्ध पक्षकारों का यह तर्क कि घरेलू उद्योग ने समायोजन योजना प्रस्तुत न करके सीमाशुल्क प्रशुल्क (रक्षोपाय शुल्क की पहचान एवं आकलन) नियमावली, 1997 के नियम 5 (2) का उल्लंघन किया है, धारणीय नहीं है।

घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत समायोजन योजना से ऐसा प्रतीत होता है कि घरेलू उद्योग ने यह सभी सकारात्मक समायोजन पहले से ही करना शुरु कर दिया है और उनमें से कुछ की योजना 2-3 वर्षों की अवधि के लिए की गई है जिसके परिणाम स्वरुप कुल समग्र बचत होगी और वह आयातों से प्रतिस्पर्धा करने के योग्य हो जाएंगे। अत: मैं पाता हूं कि घरेलू उद्योग की समायोजन योजना तर्क संगत और भरोसेमंद है।

34. अन्य विकासशील देशों से वित्त वर्ष 2012-13 में विचाराधीन उत्पाद का आयात

क्र.सं.	देश का नाम	आयात मात्रा(एमटी)
1.	बहरीन	299
2.	चिली	88
3.	कांगो	37
4.	मिश्र	32
5.	भूमध्यरेखीय गिनी	79
6.	इंडोनेशिया	3934
7.	कुवैत	1454
8.	मलेशिया	1029
9.	मयान्मार	97

10.	ओमान	687
11.	पाकिस्तान	125
12	कतर	262
13.	रोमानियां	1162
14.	सऊदी अरेबिया	1359
15.	दक्षिण अफ्रीका	163
16.	श्रीलंका	27
17.	थाईलैंड	829
18.	टोगो	0.46
19	ट्रिनिदाद	232
20.	संयुक्त अरब अमीरात	6124
21.	वियतनाम	122
23.	कुल (विकासशील देश)	18141.46
24.	सभी देशों का कुल आयात	373848

स्रोत: डीजीसीआईएंडएस

उपर्युक्त आंकड़ों से मैं पाता हूं कि विचाराधीन उत्पाद के भारत को विकासशील राष्ट्रो, चीन जन.गण को छोड़कर, से कुल आयात व्यक्तिगत रुप से 3 प्रतिशत और सामूहिक रुप से 9 प्रतिशत से अधिक नहीं है। अत: चीन को छोड़कर अन्य सभी विकासशील देशों के मूल के विचाराधीन उत्पाद के आयात पर सीमाशुल्क प्रशुल्क अधिनियम 1975 की धारा 8ख (1) और रक्षोपाय संबंधी डब्ल्यूटीओ करार के अनुच्छेद 9 में उल्लिखित शर्तो के अनुसार रक्षोपाय शुल्क नहीं लगेगा।

35. अनपेक्षित विकास

यह नोट किया जाता है कि अनपेक्षित परिस्थितियों का विश्लेषण करने का महानिदेशक रक्षोपाय का कोई दायित्व/अपेक्षा नहीं हैं क्योंकि क्रियापद्धति संबंधी भारतीय नियमों जिनका अनपेक्षित विकास का विश्लेषण करते समय अनुपालन किया जाए या रक्षोपाय संबंधी डब्ल्यूटीओ करार में भी अपनाई जाने वाली क्रियापद्धति के संबंध में कोई ऐसा तरीका नहीं है जिसे अपनाया जाए या कोई ऐसा पैरामीटर नहीं है जिसका अनपेक्षित विकास का निर्धारण करते समय अनुपालन किया जाए। जीएटीटी के अनुच्छेद-19 के साथ पठित रक्षोपाय करार राष्ट्रीय प्राधिकारी को उस अनपेक्षित विकास का परीक्षण करने का यह दायित्व सौंपता है जिससे घरेलू उद्योग को गंभीर क्षति हुई है। यह स्पष्ट है कि निदेशालय अपनी जांच में अनपेक्षित विकास के मुद्दे की जांच करता रहा है। अत: उस अनपेक्षित विकास या उन परिस्थितियों की जांच करना महत्वपूर्ण माना जाता है जिसकी बजह से आयातों में वृद्धि हुई।

अर्जेंटिना फूटवियर (ईसी मामला) में अपीलीय निकाय ने धारित किया है कि शब्दबंध अनपेक्षित विकास का आशय उस विकास से होता है जो अप्रत्याशित है। अनपेक्षित विकास वह विकास होता है जिससे उत्पाद का आयात इतनी अधिक मात्रा में होना प्रारंभ हो गया और ऐसी परिस्थितियों में होने लगा जिससे घरेलू उत्पादकों को अप्रत्याशित रूप से गंभीर क्षति हुई या गंभीर क्षति की चुनौती उत्पन्न हो गयी। कोरिया डेरी मामलों में अपीलीय निकाय में धारित किया कि अनपेक्षित विकास वे विकास होते है जो पेक्षित या प्रत्याशित न हो।

अर्जेंटिना फूटवियर मामलें में अपीलीय निकाय ने यह धारित किया कि अनपेक्षित कि अपेक्षा रक्षोपाय शुल्क का अधिरोपण करने के लिए कोई प्रथक शर्त स्थापित नहीं करता है परंतु यह परिस्थितियों एक निश्चित सेट का वर्णन करता है।

घरेलू उद्योग ने प्रस्तुत किया है कि विभिन्न बाजारों में व्यापार उपचारी कार्रवाई को पहले ही इंडोनेशियाई रक्षोपाय अधिकारियों ने समान विचाराधीन उत्पाद के संबंध में अनपेक्षित विकास को अवरोधक के रुप में माना है (जी/एसजी/एन/81आईडीएन114, जी/एसजी/एन/10/आईडीएन/14)।

विश्व स्टील एसोसिएशन –सांख्यिकी वार्षिकी 2011 के अनुसार संबद्ध वस्तु के वैश्विक उत्पादन में तेल एवं गैस खोज द्वारा मांग में बढ़ोतरी के साथ-साथ वृद्धि हुई है। तथापि विभिन्न बड़ी बाजारों में किये गये व्यापार उपचारी साधनों से, जो अपेक्षित नहीं थे व्यापार अपवंचन शुरु हुआ जिससे इंडोनेशिया को भारी वृद्धि हुई।

(क) घरेलू उद्योग ने निम्नलिखित अनपेक्षित कारकों का उल्लेख किया है जिनसे उत्पाद के आयातों में वृद्धि हुई है:

(i) अनपेक्षित व्यापार उपचारी कार्य

घरेलू उद्योग ने प्रस्तुत किया है कि बड़े उपभोक्ता स्रोतों जैसे यूएस और ईयू द्वारा आयातों, खासकर चीन से आयातों के विरुद्ध अनपेक्षित व्यापार उपचारी कार्य किये है इससे आयातों का विपथन भारत की ओर होने लगा है इस कारण से भारत में आयातों में भारी वृद्धि हुई।

घरेलू उद्योग ने अपने दावे के समर्थन में निम्नलिखित आंकड़े प्रस्तुत किये है:

यूएसए को चीन से निर्यात

अवधि	निवल भार (एमटी)	अनुक्रमित मात्रा	वृद्धि/कमी (एमटी में)
2009	4,06,502	100.00	
2010	1,09,362	26.90	(2,97,140)
2011	1,52,576	37.53	(2,53,927)
2012	1,41,026	34.69	(2,65,477)

चीन से भारत को निर्यात

	निवल भार (एमटी)	अनुक्रमित मात्रा	वृद्धि/कमी (एमटी में)
2009	2,73,612	100.00	**Period**
2010	4,48,586	163.95	1,74,974
2011	5,35,140	195.58	2,61,528
2012	4,32,113	157.93	1,58,501

चीन को ईयू के निर्यात

अवधि	निवल भार (एमटी)	अनुक्रमित मात्रा	वृद्धि/कमी (एमटी में)
2009	1,20,301	100.00	
2010	86,411	71.83	(33,890)
2011	1,03,499	86.03	(16,802)
2012	78,159	64.97	(42,142)

भारत को ईयू के निर्यात

अवधि	निवल भार (एमटी)	अनुक्रमित मात्रा	वृद्धि/कमी (एमटी में)
2009	49,230	100.00	
2010	60,005	121.89	10,775
2011	63,153	128.28	13,923
2012	71,988	146.23	22,758

हितबद्ध पक्षकारों ने तर्क दिया है कि घरेलू उद्योग द्वारा उल्लिखित व्यापार उपाचारी साधन अनपेक्षित नहीं माने जा सकते है क्योंकि इनमें से अधिकांश उपाय 2008-2009 से प्रभावी है। यह भी तर्क दिया जाता है कि सुझाने के लिए ऐसा कुछ भी नहीं है कि ईयू के खिलाफ चीन द्वारा वर्ष 2012 में पाटनरोधी शुल्क अधिरोपण करने से उन आयातों का विपथन हुआ है जांच की अवधि में ईयू से भारत को आयात में हुई वृद्धि अचानक तीव्र और बहुत अधिक है। यह भी तर्क दिया जाता है कि सीमलेस टयूब और पाइपों से संबंधित पाटनरोधी जांच की शुरुआत वर्तमान आवेदक की ओर से की गई पहल के कारण की गई है। घरेलू उत्पादक सुझाव देते है कि घरेलू उद्योग चीन जन.गण से बढ़ते आयातों के प्रति जागरुक था।

हितबद्ध पक्षकारों द्वारा यह भी तर्क दिया जाता है कि घरेलू उद्योग द्वारा अतिरिक्त प्रस्तुतिकरण में प्रस्तुत आंकड़े दर्शाते है कि चीन के आयातों में वर्ष 2011 से 2012 में लगभग 20 प्रतिशत की कमी आई है । इसी तरह भारत में ईयू के आयात वर्ष 2010 से लगातार 14 से 20 प्रतिशत तक बढ़े है। चीन को ईयू के निर्यात वर्ष 2010 में घटकर 33890 टन रह गये वर्ष 2009 के स्तर से वर्ष 2010 में भारत को ईयू के आयात बढ़कर 10770 एमटी हो गये।

मैंने यह पाया कि विगत 4 वर्षों के दौरान आयातों की प्रवृत्ति दर्शाती है कि वर्ष 2009-10 की तुलना में चीन से आयातों में वर्ष 2012-13 में 59887 एमटी की वृद्धि हुई है। इसके अतिरिक्त मैने पाया कि वर्ष 2009-10 से पहले भारत को आयात यह दर्शाते है कि आयातों में लगातार भारी वृद्धि हुई है। चूंकि अधिकांश साधन 2008-09 से प्रभावी है इसलिए जांच की अवधि के दौरान भारत को आयातों में वृद्धि हुई है इससे घरेलू उद्योग के इस तर्क की संपुष्टि होती है कि ईयू द्वारा चीन और अन्य राष्ट्रों के विरुद्ध लगाये गये उपचारी उपायों से आयातों का भारत की ओर विपथन हुआ।

वर्ष	चीन जन.गण से आयात मात्रा (एमटी)	यूरोपियन यूनियन से आयात मात्रा (एमटी)	कुल आयात मात्रा (एमटी
2009-10	198464	49230	307581

2010-11	248174	60005	344829
2011-12	311547	63153	425194
2012-13	258351	71988	373848

स्रोत:डीजीसीआईएस

(ii) यूरोप की बाजारों में खपत में अप्रत्याशित कमी

घरेलू उद्योग ने यह प्रस्तुत किया है कि यूरोप की बाजारों में मांग में अप्रत्याशित कमी की सूचना दी गई है संबद्ध वस्तु की विदेशों में भारी क्षमता के परिणामस्वरूप और विदेशी उत्पादक अपना माल भारत को निर्यात करने लगे है।

हितबद्ध पक्षकारों ने तर्क दिया है कि वर्तमान मामले में वर्ष 2010-11 से दो वर्षो का समय बीत चुका है। वर्ष 2008-09 तथा 2010-11 के बीच ईसी में खपत में स्पष्ट गिरावट को अनपेक्षित के रूप में या वर्तमान रक्षोपाय जांच के लिए संगत के रुप में नहीं माना जा सकता है जिसमें बाजार परिस्थितियों, 2012-13 में विद्यमान और उसके बाद की परिस्थितियों की जांच करने की जरुरत है। यह भी तर्क दिया गया कि ऐसा संकेत करने वाला कुछ भी नहीं है जिससे यह स्पष्ट होता हो कि वर्ष 2008 से 2011 की 4 वर्षों की अवधि में ईयू में चीन से आयातों में भारी वृद्धि हुई है। ईयू से भारत को निर्यात में वर्ष 2009 से लगातार वृद्धि हुई है और इस विकास के संबंध में अनपेक्षित कुछ भी नहीं है। यह भी तर्क दिया जाता है कि याचिकाकर्ताओं ने यह स्पष्ट नहीं किया कि उनके आरोप का आधार क्या है कि न ही उन्होंने आरोप की सूचना के स्रोत की जानकारी दी है यह कि चीन को ईयू के निर्यातों में वर्ष 2012 के अंत में 90 मिलियन से कमी होकर 20 मिलियन यूरो रह गये। आपूर्ति में 2009-2012 के बीच 35 प्रतिशत की गिरावट आयी जिससे बिक्री में 78 प्रतिशत की कमी हुई। यह भी उल्लेख किया गया है कि सीमलेस उत्पादों की बाजार से यह संकेत मिलता है कि इस बाजार में खपत में उतार-चढ़ाव चक्रीय प्रकृति का रहा है। याचिकाककर्ताओं ने इस तर्क का ना तो कोई स्पष्टीकरण दिया कि खपत में उतार चढ़ाव से वर्ष 2009 में अनपेक्षित कमी और फिर उसमें सुधार कैसे और क्यों हो गया।

जहां तक घरेलू उद्योग के उपर्युक्त प्रस्तुतिकरण और हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किये गये तर्कों के संबंध में मैने पाया कि यूरोप की बाजार में मांग में अप्रत्याशित गिरावट विदेशों में संबद्ध वस्तु की क्षमताओं में वृद्धि के परिणामस्वरुप आयी है और विदेशी उत्पादकों ने इसका निर्यात भारत को करना शुरु कर दिया। इस संबंध में आंकड़ों का विश्लेषण निम्नवत किया गया है:-

	यूरोपियन यूनियन से आयात	कुल आयात
वर्ष	मात्रा (एमटी)	मात्रा (एमटी)
2009-10	49230	307581
2010-11	60005	344829
2011-12	63153	425194
2012-13	71988	373848

यह देखा जा सकता है कि यूरोप से आयातों में पिछले 4 वर्षों में लगातार वृद्धि हुई है। वर्ष 2009-10 में यह कुल आयातों का 16 प्रतिशत था और वर्ष 2013 में यह कुल आयातों में बढ़कर 19 प्रतिशत हो गया। 4 वर्षों की अवधि में संगत और निरुपाधि रुप से 3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और ईयू से आयातों की संवर्धित मात्रा वर्ष 2009-10 की तुलना में बढ़कर वर्ष 2012-13 में 46 प्रतिशत हो गयी अर्थात यह स्पष्ट वृद्धि है जो मेरे विचार से घरेलू उद्योग द्वारा किये गये प्रस्तुतिकरण का समर्थन करती है।

(iii) चीन जन.गण में अतिरिक्त क्षमताएं तथा संयुक्त राज्य में नियोजित नई क्षमताएं।

घरेलू उद्योग ने प्रस्तुत किया है कि चीन और यूएस के उत्पादक बड़ी बाजारों में प्रतिबंध के बावजूद अपनी क्षमताओं का विस्तार कर रहे है जिसके कारण भारत के आयातों का और अधिक विपथन हुआ है। चीन जन.गण ने अतिरिक्त क्षमताओं तथा संयुक्त राज्य में नियोजित नई क्षमताओं के संबंध में घरेलू उद्योग ने अपने दावे के संबंध में निम्नलिखित प्रस्तुतिकरण किया है।

(क) मैसर्स एसएमएस मीर जर्मनी ने 20 व्यास के सीमलेस ट्यूब के लिए विश्व का सबसे बड़ा पीक्यूएफ संयंत्र चीन के एक संघ को सौपा है जिसमें मैसर्स टियाजिंग पाइप कारपोरेशन और मैसर्स जियांगसु शयांग ग्रुप, मैसर्स हुईगैंग स्पेशल स्टील कंपनी शामिल है और वर्ष 2012 में इसमें उत्पादन शुरु होने की संभावना है।

(ख) मैसर्स वेलोरेक द्वारा संयुक्त राज्य में एक नया संयंत्र स्थापित किया गया जिसकी शुरूआती क्षमता 350000 एमटी (5000000 एमटी तक बढ़ने की संभावना है) हैं, इसने नवम्बर, 2012 में पाइप बनाना शुरू कर दिया।

(ग) मैसर्स वेलोरेक ने वर्ष 2011 में सऊदी अरब के मैसर्स जमील पाइप का अधिग्रहण पूरा कर लिया जिसमें 100 केटी पाइप प्रति वर्ष का हीट उपचार क्षमता और थ्रेडिंग सुविधा है।

(घ) बाजार आसूचना के अनुसार जर्मन की एक कंपनी मैसर्स बेंटीलर स्टील ट्यूब ने संयुक्त राज्य में एक स्टील ट्यूब संयंत्र स्थापित करने के लिए 900 मिलियन डालर निवेश किये है, इसके 2015 तक चलने की संभावना है।

हितबद्ध पक्षकारों ने तर्क दिया है कि नई क्षमताओं का सृजन अपने-अपने देशों में भारी आंतरिक मांग को ध्यान में रखकर की गई है, साथ ही घरेलू उद्योग यह बताने में असफल रहा कि घरेलू उद्योग की क्षमताओं में विस्तार क्यों नहीं हुआ।

हितबद्ध पक्षकारों ने यह भी तर्क दिया है कि भारत को चीन के निर्यात घटकर वर्ष 2012 में लगभग 20 प्रतिशत हो गये। याचिकाकर्ता द्वारा प्रदान करायी गई सूचना में उल्लेख है कि कुछ रिकार्ड सेटिंग ट्यूब बनाने की संभावना है। 20 के अधिक व्यास एक रिकार्ड है। अत: पीक्यूएफ सीमलेस ट्यूब नवीन निष्पादन व्यास सृजित कर रहे है और 20 ट्यूब के लिए एसएमएस मिर ने विश्व का सबसे बड़ा कोन टाइप पीयरसर 1700 एमएम व्यास का विकसित किया है। वर्तमान रक्षोपाय जांच के उत्पाद का दायरा टयूब पाइप और हालो प्रोफाइल तक सीमित है जिसका बाहरी व्यास 273.1 एमएम से अधिक नहीं होता है। अत: प्रश्नाधिन संयंत्र का आउटपुट वर्तमान जांच के अधीन उत्पाद से प्रतिस्पर्धा नहीं करता है। चीन का एक नया संयंत्र 508 एमएम व्यास के टयूब का उत्पादन करता है। इसलिए यह साक्ष्य याचिकाकर्ता के तर्क का समर्थन नहीं करता है।

यूएस में नवम्बर, 2012 में क्षमता विस्तार यूएस से भारत को निर्यात के लिए नहीं किया गया है और इसके विपरीत कोई साक्ष्य ही नहीं प्रदान कराया गया है। याचिकाकर्ताओं द्वारा प्रेस रिलिज से सुझाव मिलता है कि नयी क्षमताएं घरेलू बाजार की जरुरत को पूरा करेगी ।

सऊदी अरेबिया में मौजूदा क्षमताओं का अधिग्रहण करने के संबंध में दी गई सूचना विश्व की समग्र क्षमताओं में वृद्धि से संबंधित तर्क से असंगत है केवल स्वामित्व में होना जीएटीटी अनुच्छेद-19:1(क) के आशय के अंतर्गत अनपेक्षित विकास नहीं बनता है।

यूएस में वर्ष 2015 तक संभावित क्षमताओं में विकास से संगत कोई स्पष्टीकरण नहीं है और यह कि आयात के स्तर में वृद्धि हुई है अतार्किक है।

यह देखा जा सकता है कि उपर्युक्त सभी कारवाईयां 2011 और 2012 में शुरु की गई जिनसे यह सुझाव मिलता है कि उपयुक्त कार्रवाईयों के परिणाम स्वरुप भारत को आयात में वृद्धि 2011-12 और 2012-13 में हो जानी चाहिए थी। आयात आंकड़ों की जांच करने से यह संकेत मिलता है कि यद्यपि वर्ष 2011-12 में पिछले वर्ष की तुलना में आयात में वृद्धि हुई है परंतु उत्तरवर्ती वर्षों अर्थात वर्ष 2012-13 में आधार वर्ष की तुलना में कोई भारी वृद्धि नहीं हुई है।

उपर्युक्त तथ्यों से मैंने पाया कि चीन जन.गण में अतिरिक्त क्षमताएं तथा संयुक्त राज्य घरेलू उद्योग में नियोजित नई क्षमताओं से वर्ष 2011-12 में भारत में आयातों में वृद्धि हुई है परंतु यह वृद्धि अधिक अभिनव अवधि अर्थात 2012-13 और 2013-14 की पहली तिमाही में कायम नहीं रखी जा सकी। हितबद्ध पक्षकारों के तर्क को ध्यान में रखते हुए ऐसा लगता है कि विदेशों में वास्तविक क्षमता विस्तार नहीं हुआ और सृजित की गई अतिरिक्त क्षमता इस पीयूसी से संबंधित नहीं है जिससे यह संकेत मिलता है कि इस संबंध में घरेलू उद्योग की चिंता निराधार है। जहां तक यूएसए का संबंध है भविष्य के लिए योजित क्षमताओं को संभावित चुनौती नहीं माना जा सकता है। अत: घरेलू उद्योग निष्कर्षात्मक रुप से यह सिद्ध करने में असफल रहा है कि चीन तथा अन्य देशों में क्षमता विस्तार के परिणाम स्वरुप भारत को इस पीयूसी का अभी हाल ही में विपथन हुआ जो अनपेक्षित विकास था।

(iv) कच्चे माल की लागत में वृद्धि के बावजूद आयात की न्यून कीमत

घरेलू उद्योग ने प्रस्तुत किया है कि जांच की संपूर्ण अवधि के दौरान कच्चे माल की कीमतों में वृद्धि हुई है। तथापि कच्चे माल की कीमतों में वैश्विक वृद्धि के बावजूद आयात कीमतों में वृद्धि भारत में विचाराधीन उत्पाद को बनाने और उसकी बिक्री करने की लागत में हुई वृद्धि के अनुरुप नहीं थी। चूंकि भारत एक कीमत संवेदी बाजार है इसलिए कम कीमत वाले आयातों का उपभोक्ताओं ने स्वागत किया।

अपने प्रत्युत्तर में हितबद्ध पक्षकारों ने यह तर्क दिया है कि यह एक प्रवृत्ति रही है जिसमें जिंदल एसएडब्ल्यू ने एमएसआई और आईएसएमटी द्वारा उदधृत कीमतों का मुकाबला करने के लिए अपनी कीमतें कम कर दी । इसलिए यह स्पष्ट है कि क्षति स्वयं सृजित की गई। इसके अतिरिक्त भारतीय बाजार में किये गये अतिरिक्त लेन-देन आईसीबी आधारित है जहां विदेशी प्रदायक और घरेलू उत्पादक अपनी कीमतें मुक्त प्रतिस्पर्धा प्रणाली के आधार पर निर्धारित करने के लिए स्व:विवेक का प्रयोग करते है परंतु वह कम कीमतें प्रस्तुत करने के लिए क्रेताओं द्वारा बाध्य किये जाते है। घरेलू उद्योग द्वारा आयातकों द्वारा दर्शायी गई कीमत में कमी विश्व व्यापी कच्चे माल की कीमतों में कमी के अनुरुप है। घरेलू उद्योग ने यह स्पष्ट नहीं किया है कि कच्चे माल की कीमतों और निर्मित उत्पाद के कीमतों के बीच अंतर अप्रत्याशित कैसे है। यह सुझाने के लिए कुछ भी नहीं है विसंगति होते हुए भी इस विसंगति को विनिर्माता द्वारा वाणिज्यिक विकल्प द्वारा स्पष्ट नहीं किया जा सकता है। आयात कीमतों में कमी के आरोप को सिद्ध नहीं किया गया है क्योकि जापान से विचाराधीन उत्पाद की आयात कीमतें वर्ष 2009-10 से लगभग 2012-13 में 84 प्रतिशत बढ़ी है। अगर यह वृद्धि अप्रत्याशित या अनुपेक्षित रही होती तो आयात कीमतों में कमी यह प्रवृत्ति सभी आयातों में प्रदर्शित होती। यह भी तर्क दिया गया कि घरेलू उद्योग द्वारा दिये गये आंकड़े कच्चे माल की कीमतों में वृद्धि को स्पष्ट नहीं करते है। थर्मल कोक और लौह अयस्क की कीमतों में जनवरी, 2010 की तुलना में जून, 2013 में कमी आई है। इसके अतिरिक्त थर्मल कोक, कोकिंग कोल, प्राकृतिक गैस और स्टील कतरन की कीमतों में वर्ष 2012 की औसत कीमतों की तुलना में वर्ष 2013 में गिरावट आयी है उदाहरण के लिए वर्ष 2012 में स्टील कतरन की औसत कीमत 390 अमरीकी डालर प्रति टन थी जो वर्ष 2013 में घटकर 382 अमरीकी डालर प्रति टन हो गयी।

हितबद्ध पक्षकारों ने यह भी तर्क दिया है कि याचिकाकर्ताओं द्वारा प्रदान कराये गये आंकड़ों से यह संकेत मिलता है कि भारतीय बिक्री लागत वर्ष 2012-13 में 5 इंडेक्स बिंदु तक बढ़ी है। जबकि स्क्रैप की कीमत में 13.5 की कमी आई। याचिकाकर्ता द्वारा दिये गये तर्क के विपरीत यह सूचना इन कीमतों के बीच संबंध का अभाव दर्शाती है अत: याचिकाकर्ताओं प्रदान कराये गये इन आंकड़ों से कोई निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता है। याचिकाकर्ता अप्रत्याशित घटनाओं को स्पष्ट नहीं कर सके जिसके कारण वैश्विक कच्चे माल की कीमतों में अप्रत्याशित उतारचढ़ाव आया।

कच्चे माल की कीमतों में अंतर्राष्ट्रीय रुप से वृद्धि के बावजूद आयात के कीमतों में कमी के मुद्दे पर मैं पाता हूं घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत किया गया आंकड़ा कच्चे माल की कीमतों में वैश्विक वृद्धि को निर्णायक रुप से स्पष्ट नहीं कर पायी है।

घरेलू उद्योग ने कच्चे माल/अन्य इनपुट की औसत कीमत निम्नवत प्रस्तुत की है:

	2010-11	**2011-12**	**2012-13**
थर्मल कोयला **($/टन)**	115	125	97
अनुक्रमित	**100**	**108**	**84**
कोकिंग कोयला **($/टन)**	160	189	186
अनुक्रमित	**100**	**118**	**116**
लौह अयस्क **(सी/डीएमटीयू)**	158	158	130
अनुक्रमित	**100**	**100**	**82**
प्राकृतिक गैस**($/000**एम^3**)**	310	410	422
अनुक्रमित	**100**	**132**	**136**
स्टील कतरन**($/टन)**	375	420	386
अनुक्रमित	**100**	**112**	**102**
विद्युत **(सी /केडब्ल्यूएच)**	6.81	6.84	6.7
अनुक्रमित	**100**	**100**	**98**

स्रोत: घरेलू उद्योग द्वारा प्रदान कराये गये आंकड़े

यह पाया गया कि स्टील स्क्रैप की कीमत 2010-11 में 375 डालर थी, बढ़कर 2011-12 में 420 डालर हो गयी, इसमें पुन: कमी होकर 386 डालर हो गयी। अन्य इनपुटों जैसे थर्मल कोयला कोकिंग कोयला लौह अयस्क और विद्युत की कीमतों ने

पिछले 3 वर्षों में मिलीजुली प्रवृत्ति दर्शायी है अभी हाल ही में 2012-13 में स्टील स्क्रैप तथा अन्य इनपुटों जैसे थर्मल कोयला कोकिंग कोयला लौह अयस्क और विद्युत की कीमतों में कमी की प्रवृत्ति प्रदर्शित हुई है। अत: मैंने पाया कि कच्चे माल की कीमतों में वृद्धि के बावजूद आयात कम कीमत संवर्धित इन पुटों के लिए एक कारक है।

घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत अंतिम बिंदु से अंतिम बिंदु आंकड़ों (2009-10 से 2012-13) का अध्ययन यह दर्शाता है कि आयातों की अवसारित कीमत में 4 प्रतिशत बिंदु तक वृद्धि हुई जबकि घरेलू उद्योग की कीमत में 18 प्रतिशत बिंदु तक वृद्धि हुई

विवरण	**2009-10**	**2010-11**	**2011-12**	**2012-13**
अवसारित कीमत	100	90	99	104
बिक्री लागत	100	107	117	123
आवेदक की बिक्री कीमत	100	106	114	118
रुपये/एमटी में लाभ (अनुक्रमित)	100	86	64	43

यह दर्शाता है कि घरेलू उद्योग की बिक्री लागत बढ़ रही है जिससे उन्हें अपनी बिक्री कीमत बढ़ाने के लिए मजबूर होना पड़ा परंतु वे उसे लाभप्रद स्तर तक नहीं बढ़ा सके। कीमत निग्रहण ने उनकी लाभप्रदायकता को प्रभावित किया जिससे घरेलू उद्योग को गंभीर क्षति हुई।

उपर्युक्त आंकड़ों का अध्ययन करने से मैं घरेलू उद्योग के इस तर्क से सहमत हूं कि चीन और यूरोपियन यूनियन के उत्पादक भारतीय बाजार को लक्ष्य बना रहे है बड़े निर्यातक देशों में बेशी क्षमता मौजूद है और इस तथ्य के बावजूद भी इस विचाराधीन उत्पाद की भारतीय मांग/खपत में गिरावट आयी है फिर भी आयातों में संगत रुप से वृद्धि हुई है। अत: यह देखा जाता है कि घरेलू उद्योग द्वारा दावाकृत अनपेक्षित यूरोपिय बाजार में व्यापार उपचारी उपाय और खपत में कमी इस मामले में अनपेक्षित विकास है।

36. जनहित

महानिदेशक रक्षोपाय का ऐसा कोई दायित्व नहीं होता है कि वे जनहित का विश्लेषण करें। तथापि रक्षोपाय संबंधी करार के अनुच्छेद 3 में इसका उल्लेख निम्नवत है:

कोई सदस्य रक्षोपाय साधन का प्रयोग उस सदस्य के सक्षम प्राधिकारियों द्वारा जांच के अनुकरण में जो कि गाट 1994 के अनुच्छेद 10 के अनुरुप हो, किया जा सकता है। इस जांच में सभी हितबद्ध पक्षकारों को सार्वजनिक नोटिस और सार्वजनिक सुनवाई या अन्य कोई साधन होता है जिसमें आयातक निर्यातक तथा अन्य हितबद्ध पक्षकार अपने साक्ष्य और अपने विचार प्रस्तुत कर सकें जिसमें उनके प्रस्तुतिकरणों का अन्य पक्षकारों को प्रत्युत्तर देने का अवसर मिले और वे अन्य बातों के साथ-साथ यह स्पष्ट कर सके कि रक्षोपाय शुल्क का अनुप्रयोग जनहित में होगा या नहीं। सक्षम प्राधिकारी सभी संगत तथ्यों और विधि के अनुसार अपने निष्कर्ष और जांच परिणाम की रिपोर्ट प्रकाशित करेंगे।

जनहित के संबंध में अपने प्रस्तुतिकरणों में घरेलू उद्योग ने उल्लेख किया है कि उन्होंने घरेलू प्रयोक्ता सेक्टर को सहयोग करने की क्षमता विकसित कर ली है और यह तकनीकी उन्नयन और मानव संसाधन विकास में भारी निवेश से संभव हुआ है। घरेलू उद्योग विद्युत और तेल अन्वेषण के क्षेत्र में एक बहुत बड़ा उद्योग है और यह स्वदेशी रुप से इसकी मांग को पूरा करता है। घरेलू उद्योग ने तर्क दिया है कि कम कीमतों वाले आयात से घरेलू उद्योग को (1) रोजगार में क्षति (2) करों के कारण सरकारी राजस्व में घाटा (3) बहुमूल्य विदेशी मुद्रा का संवर्धित आउटफ्लो के रुप में क्षति हुई है जिसके कारण रक्षोपाय शुल्क का अधिरोपण करना जनहित में होगा। घरेलू उद्योग ने प्रस्तुत किया है कि यदि विचाराधीन उत्पाद पर रक्षोपाय शुल्क लगाया जाता है तो इन उद्योगो को विचाराधीन उत्पादों का अधिप्रापण/खपत करने में मदद मिलेगी और इससे इन उद्योगों के प्रचालनों पर प्रभाव पड़ेगा।

हितबद्ध पक्षकार जैसे ओएनजीसी ने उल्लेख किया है कि कई बार घरेलू बोलीदाता ओएनजीसी निविदा की किसी मद या समूह के लिए बोली उदधृत नहीं करते है और वे किसी विशिष्ट मद अथवा समूह के लिए ही बोली लगाते है। ओएनजीसी ने

दावा किया है कि वह अपनी प्रचालनात्मक जरुरतों को पूरा करने के लिए ओएनजीसी सीमलेस पाइप और टयूब की प्राप्ति अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मक बोली प्रक्रिया के जरिए करती है क्योंकि घरेलू रुप से आपूर्ति के सीमित स्रोत उपलब्ध है। इसके अतिरिकत तेल एवं गैस कंपनियां जैसे ओएनजीसी को हाइड्रोकार्बन महानिदेशक द्वारा सीमलेस पाइप और टयूब का आयात करने के लिए विशेष लाइसेंस देते है जिनपर शून्य सीमाशुल्क लगता है। हितबद्ध पक्षकारों द्वारा पुन: यह तर्क दिया गया कि सीमलेस पाइप और टयूब पर रक्षोपाय शुल्क लगाना उनकी निविदाओं में प्रतिस्पर्धात्मकता को प्रभावित करेगा क्योंकि ओएनजीसी की निविदाओं में विदेशी बोलीदाताओं की प्रतिभागिता कम हो जाएगी और कुछ मामलों में ओएनजीसी को घरेलू बोलीदाताओं द्वारा उदधृत कीमतों से तुलना करने के लिए विदेशी बोली दाताओं द्वारा संदर्भ कीमत प्राप्त नहीं होगी। इसके अतिरिक्त सीमलेस पाइप और टयूब पर रक्षोपाय शुल्क का अधिरोपण करने से ओएनजीसी पर अतिरिकृत वित्तीय बोझ पड़ेगा जिससे ओएनजीसी के प्रचालन प्रभावित हो सकते है। एक अन्य पब्लिक सेक्टर कंपनी भेल ने दावा किया है कि विदेशी प्रदायकों को अधिक आर्डर मिल रहे है क्योंकि वे संपूर्ण श्रंखला के लिए बोली लगाते है जबकि भारतीय प्रदायक सीमित रेंज के लिए बोली लगाते है। मैसर्स एनईआई ने प्रस्तुत किया है कि रक्षोपाय शुल्क का प्रभाव 7.5 प्रतिशत से 13.1 प्रतिशत के बीच होता है और बेरिंग ग्रेड टयूब पर रक्षोपाय शुल्क लगाना जनहित में नहीं होगा और बेरिंग की लागत में वृद्धि उनके प्रचालनों को अर्थक्षम नहीं रखेगी जिससे उन्हें गंभीर क्षति होगी। उन्होंने यह भी प्रस्तुत किया है कि अभी तक गुणवत्ता मुद्दे पूरी तरह से हल कर दिये गये है इसलिए अनपयुक्त उत्पाद को संरक्षण प्रदान करने का प्रश्न ही नहीं उठता है।

मेरा विचार है कि जांचाधीन उत्पाद के आयातों पर रक्षोपाय शुल्क लगाने पर जनहित के संबंध में इष्टतम संतुलन बनाना होगा। इसमें ना केवल घरेलू उद्योग बल्कि अन्य प्रयोक्ता उद्योगों के उत्पाद पर भी ध्यान देना होगा जिसे यदि रक्षोपाय शुल्क अधिरोपित करने का निर्णय लिया जाता है तो वह वांछित गुणवत्ता/विनिर्देशन के उत्पादों का कीमत निर्धारण करने में अक्षम रहेंगे। यदि रक्षोपाय शुल्क अधिरोपित किया जाता है तो यह उत्पाद भारतीय अंतिम उपयोगक्ताओं को प्रतिस्पर्धी कीमतों पर उपलब्ध नहीं होंगे और उन्हें भारी आयात कीमतें अदा करनी पड़ेगी।

ओएनजीसी और भेल जो सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम है, हाइड्रोकार्बन का अन्वेषण करने और नये विद्युत संयंत्रों का अवसंरचना विकास करने में लगे है इससे कि ऊर्जा सुरक्षा प्राप्त कर सके। सीमलेस पाइप और टयूब पर अधिरोपित रक्षोपाय शुल्क निश्चित ही इन कंपनियों पर वित्तीय बोझ बढ़ायेगा जिससे इसके प्रचालनों पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा खासकर तब जबकि घरेलू बोलीदाता मदों की संपूर्ण श्रृंखला के लिए बोली नहीं लगाते है। तथापि सुदृढ़ घरेलू उद्योग भी आवश्यक है जो घरेलू बाजार की जरुरत को पूरा कर सके और विदेशी प्रदायकों के साथ प्रतिस्पर्धा कर सके। यह नोटिस किया गया कि घरेलू उद्योग इस पीयूसी के ग्रेडों के सभी प्रकार की आपूर्ति करने में सक्षम है और यह निर्यात भी कर सकता है। उन्होंने बिक्री बीजकों के रुप में मूर्त साक्ष्य प्रदर्शित किये है कि उनके पास पीयूसी की संपूर्ण श्रृंखला का विनिर्माण करने की पूरी क्षमता और विशेषज्ञता है। यह घरेलू उद्योग ने अपने प्रस्तुतिकरण करते समय यह तर्क भी दिया है कि वे कम कीमतों वाले आयात के कारण ओएनजीसी की निविदाएं प्राप्त नहीं कर पाते है। इस पहलू का परीक्षण इस जांच में नहीं किया जा सकता है क्योकि यह जांच सीमाशुल्क प्रशुलक अधिनियम 1975 की धारा 8ख के प्रावधानों के अंतर्गत आयोजित की गई है।

यह भी नोटिस किया जाता है कि घरेलू उद्योग ने यह प्रदर्शित किया है कि रक्षोपाय शुल्क के अधिरोपण का प्रमुख उपयोगकर्ता उद्योगों/सेक्टरों पर 1.94 प्रतिशत से 2.73 प्रतिशत के बीच मामूली सा प्रभाव पड़ेगा। मैसर्स एनईआई ने तर्क दिया है कि घरेलू उद्योग की कीमतों की सूचना का स्रोत नहीं बताया गया है और इसलिए उनके लिए उस पर चर्चा करना संभव नहीं है। मैसर्स एनईआई ने अपनी कीमतों के समर्थन में बीजक प्रस्तुत किये है और कहा है कि रक्षोपाय शुल्क का प्रभाव केवल 7.5 प्रतिशत से 13.1 प्रतिशत के बीच होगा। तथापि मैं पाता हूं कि एनईआई के अलावा बेरिंग के किसी भी अन्य उत्पादक या निर्यातक ने हितबद्ध पक्षकार के रुप में प्रतिभागिता नहीं की है और न ही रक्षोपाय शुल्क के न्यूनतम प्रभाव के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत किये गये साक्ष्य के विरुद्ध सार्वजनिक सुनवाई के दौरान कोई आंकड़े प्रस्तुत नहीं किये है। इस तथ्य पर विचार करते हुए कि सीमलेस पाइप और टयूब की कुल मांग की तुलना में मैसर्स एनईआई द्वारा सीमलेस पाइप और टयूब के प्रयोग का अनुपात बहुत कम है और यह तथ्य कि मैसर्स एनईआई फायदे में है और इसलिए रक्षोपाय शुल्क का बोझ उठा सकता है, मैं महसूस करता हूं कि विचाराधीन उत्पाद पर रक्षोपाय शुल्क का अधिरोपण करना जनहित में होगा।

37. निष्कर्ष

उत्पादन की तुलना में आयात में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है। जांच की कालावधि के दौरान शुरू से अंत तक देखा जाए तो, आयात में काफी अच्छी मात्रा में पूर्ण रूप से वृद्धि हुई है। आयात में हुई इस वृद्धि से उत्पादन, बिक्री, निर्यात, उत्पादकता, क्षमता उपयोग एवं लाभप्रदता में कमी आई है और सामान के स्टॉक में बढ़ोतरी हुई है। इस स्थिति के फलस्वरूप घरेलू उद्योग को गंभीर क्षति हुई है तथापी गंभीर क्षति का कोई गंभीर खतरा नहीं है। जांच की कालावधि के दौरान पाया गया कि आयात में

बढ़ोतरी और गंभीर क्षति के मध्य कारणात्मक संबंध है। घरेलू उद्योगों द्वारा एक व्यवहार्य समन्वय योजना प्रदान कि गई जिसके द्वारा उन्होने यह प्रदर्शित किया है कि वह कुछ सकारात्मक समायोजन कर रहे हैं जिससे वह वर्धित आयातों के लिए प्रतिस्पर्धी रहें और विचाराधींन उत्पाद पर लगे रक्षोपाय शुल्क से उस उत्पाद के छोर प्रयोक्ताओं पर न्यूनतम प्रभाव पड़े और वह सार्वजनिक हित में हो । मुझे लगता है कि घरेलू उद्योग कि रक्षोपाय शुल्क की माँग सभी आंतरिक एवं अंतराष्ट्रीय कानूनों कि जरूरतों को पूर्ण करता है।

अतः इस स्तर पर घरेलू उद्योग को रक्षोपाय शुल्क के आपातकालीन मापदंड के अभिग्रहण द्वारा वर्धित आयात के प्रकोप से बचाना आवश्यक है।

38 सिफ़ारिश :

